(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो रेलवे द्वारा इस मुद्दे के समाधान हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) पिछड़े, जनजाती, पहाड़ी क्षेत्रों के आधार पर परियोजनाओं का कोई वर्गीकरण नहीं किया जाता है। बहरहाल, 156 चालू नई लाइन रेल परियोजनाओं में से 133 परियोजनाओं के प्रतिफल की दर 14% की सीमारेखा से भी कम है और उन्हें पहाड़ी, जनजातीय, पिछड़े क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर विचार करते हुए शुरू किया गया है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण

***106. श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तपोषण प्रतिमान सति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उद्देश्य और मार्गदर्शी सिद्धांत क्या हैं;

(ख) क्या देश में बिहार सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क के निर्माण पर किलोमीटर व्यय को विनियमित करने हेतु कोई मानदंड निर्धारित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रयोजनार्थ प्रति किलोमीटर क्या दर निर्धारित की गई है;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त दर में वृद्धि करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार को बिहार सहित विभिन्न राज्यों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण में अनियमितताओं संबंधी कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी हेतु क्या तंत्र बनाया गया है?

ग्रामीण विकास मंत्री (श्री जयराम रमेश) : (क) "प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना" का उद्देश्य और मार्गदर्शक सिद्धांत मैदानी क्षेत्रों में 500 व्यक्तियों (2001 की जनगणना के अनुसार) और उससे अधीक की आबादी वाली सड़क संपर्कविहीन पात्र बसावटों को बारहमासी सड़कों (आवश्यक पुलियों और आर-पार निवासी संरचनाओं के साथ जो कि वर्ष भर चालू रहे) से जोड़ना है। 'विशेष श्रेणी वाले राज्यों', मरूभूमि क्षेत्रों, जनजातीय (अनुसूची-V) क्षेत्रों और गृह मंत्रालय/योजना आयोग द्वारा निर्धारित किए गए चुनिंदा जनजातीय एवं पिछड़े जिलों के संबंध में इसका उद्देश्य 250 व्यक्तियों और उससे अधिक की आबादी वाली (2001 की जनगणना के अनुसार) सड़क संपर्कविहीन पात्र बसावटों को सड़कों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में एकल बारहमासी सड़क संपर्क मुहैया कराने की परिकल्पना की गई है। खेतों से बाजार तक सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए इसमें मौजूदा थ्रू-रूटों और प्रमुख ग्रामीण संपर्क सड़कों का निर्धारित मानकों तक उन्नयन किए जाने की भी परिकल्पना की गई है, यद्यपि कार्यक्रम में इसे प्रमुखता नहीं दी गई है। पीएमजीएसवाई एक शत-प्रतिशत केंद्रीय प्रायोजित योजना है। हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) से प्राप्त उपकर, बजटीय सहायता, एडीबी ऋण, विश्व बैंक से लिया गया ऋण और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से लिया गया ऋण का कार्यक्रम के लिए निधियों के स्रोत रहे हैं।

(ख) और (ग) बारहमासी सड़क संपर्क मुहैया कराने के लिए इंडियन रोड कांग्रेस ने ग्रामीण सड़कों के ज्यामितिक मानकों, डिजाइन, निर्माण और रख-रखाव के संबंध में 'ग्रामीण सड़क नियमावली आईआरसी एसपी:20' नामक एक नियमावली तैयार की है। राज्यों को मौजूदा राज्य दरों के आधार पर सड़क कार्यों की मदों के लिए दरों की मानक सूची (एसओआर) तैयार करना होता है और प्रत्येक वर्ष इस सूची को संशोधित भी करना होता है। तद्नुसार, ग्रामीण सड़क नियमावली आईआरसी एसपी:20, राज्य विशिष्ट एसओआर तथा पीएमजीएसवाई दिशा-निर्देशों के आधार पर राज्य ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करते हैं। इस प्रकार प्रति किलोमीटर लागत और हुए खर्च सहित ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की लागत उपर्युक्त कारकों के अनुसार है।

(घ) और (ङ) पीएमजीएसवाई कार्यक्रम दिशा-निर्देशों के अुनसार, सड़क कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन करने वाली राज्य सरकारों की होती है। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत एक तीन-स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र बनाया गया है। निगरानी का पहला स्तर परियोजना कार्यान्वयन इकाई का स्तर होता है और दूसरे स्तर में राज्य स्तर पर स्वतंत्र गुणवत्ता निगरानी की जाती है। गुणवत्ता नियंत्रण संरचना के पहले दो स्तरों की जिम्मेवारी कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने वाले राज्यों की होती है। तीसरे स्तर की परिकल्पना केन्द्रीय स्तर पर स्वतंत्र निगरानी तंत्र के रूप में की गई है। इस स्तर के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी यादृच्छिक आधार पर चुनी गई सड़कों की जांच के लिए स्वतंत्र राष्ट्र-स्तरीय गुणवत्ता निगरानीकर्त्ताओं को तैनाती करती है।

पीएमसीएसवाई के अंतर्गत सड़कों के निर्माण में विभिन्न अनियमितताओं के संबंध में बिहार सहित विभिन्न राज्यों से समय-समय पर शिकायतें प्राप्त होती हैं। कार्यक्रम दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रामीण विकास मंत्रालय/एनआरआरडीए के माध्यम से प्राप्त शिकायतें आम तौर पर संबंधित राज्यों के राज्य गुणवत्ता समन्वयकों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाती है क्योंकि सड़क कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने वाली राज्य सरकारों की होती है।

यदि तयशुदा सयम-सीमा में पर्याप्त उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो एनआरआरडीए एनक्यूएम को तैनात करती है और एनक्यूएम की रिपोर्टों के आधार पर आगे की अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

वर्ष 2012-13 और 2013-14 (अक्तूबर, 2013 तक) के दौरान बिहार सहित सभी राज्यों के संबंध में एनआरआरडीए को इस प्रकार की 63 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 2 शिकायतें राज्य को भेज दी गई थीं और शेष 61 शिकायतों के मामले में जांच के लिए एनक्यूएम की तैनाती की गई थी। इनमें से 17 मामलों में अनियमितताएं मिली थीं और इनकी रिपोर्टें राज्यों को सुधार और उपयुक्त कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं। वर्ष 2012-13 और 2013-14 (अक्तूबर, 2013 तक) के दौरान प्राप्त शिकायतों के राज्य-वार ब्यौरों को संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

मंत्रालय में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य	वर्ष 2012-13 के दौरान						वर्ष 2013-14 के दौरान					
		प्राप्त शिकायतें	जांच और कार्रवाई के लिए राज्य को भेजी गई	निगरानीकर्त्ताओं के जरिए जांचे गए मामले				प्राप्त शिकायतें	जांच और कार्रवाई के लिए राज्य को भेजी गई	निगरानीकर्त्ताओं के जरिए जांचे गए मामले			
				जांच के लिए एनक्यूएम तैनात किए गए	मामले की जांच चल रही है	संतोषप्रद पाया गया	असंतोषप्रद पाया गया			जांच के लिए एनक्यूएम तैनात किए गए	मामले की जांच चल रही है	संतोषप्रद पाया गया	असंतोषप्रद पाया गया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आंध्र प्रदेश	1		1			1						
2.	अरुणाचल प्रदेश	1		1	1			1		1	1		
3.	असम	1		1			1	2		2	1		1
4.	बिहार (आरईओ)	6		6	1	2	3	8		8	6		2
5.	बिहार (एनईए)	1	1	0				4	1	3	3		
6.	छत्तीसगढ़	1		1	1			1		1	1		
7.	गुजरात							1		1	1		
8.	हरियाणा												
9.	हिमाचल प्रदेश	1		1		1							
10.	जम्मू और कश्मीर	1		1		1							
11.	झारखंड	2		2			2	4		4	4		
12.	कर्नाटक												

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
13.	केरल												
14.	मध्य प्रदेश	2		2		1	1	1		1		1	
15.	महाराष्ट्र	2		2	1	1		4		4	4		
16.	मणिपुर												
17.	मेघालय												
18.	मिजोरम												
19.	नागालैंड												
20.	ओडिशा	1		1			1	1		1	1		
21.	पंजाब	2		2		1	1						
22.	राजस्थान	1		1		1							
23.	सिक्किम	1		1		1							
24.	तमिलनाडु												
25.	त्रिपुरा	1		1			1						
26.	उत्तर प्रदेश	5		5		2	3	5		5	4	1	
27.	उत्तराखंड	1		1		1							
28.	पश्चिम बंगाल												
	कुल	31	1	30	4	12	14	32	1	31	26	2	3

[अनुवाद]

रेलवे के अंतर्गत उत्पादन एकक

***107. श्री महेन्द्र कुमार राय :**
श्री पी.टी. थॉमस :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रेलवे के अंतर्गत उत्पादन एककों की क्षमता उपयोग और उत्पादन का एकक और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में नए उत्पादन एकक स्थापित करने के संबंध में की गई प्रगति की पालक्कड़ सहित स्थान-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या रेलवे का विचार पश्चिम बंगाल में रेल एक्सल फैक्ट्री और उत्तर प्रदेश में फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री स्थापित करने सहित देश में विभिन्न ऐसे नए एकक स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान इसके लिए आवंटित और इस पर खर्च की गई धनराशि का एकक-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त एकक कब तक स्थापित किए जाने और चालू किए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) रेलवे निर्माण इकाइयां, उनके स्थान और पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्पादन आउटपुट निम्नानुसार है:—

क्र. सं.	उत्पादन इकाइयों का नाम और स्थान	उत्पाद	उत्पादन आउटपुट			
			2010-11	2011-12	2012-13	2013-14 (नवम्बर, 13 तक)
1.	डीजल रेल इंजन कारखाना (डीरेका), वाराणसी, उत्तर प्रदेश	डीजल इंजन	267	259	294	203
2.	चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका), चित्तरंजन, पश्चिम बंगाल	बिजली इंजन	230	246	270	183
3.	सवारी डिब्बा कारखाना (सडिका), पेरांबूर, चेन्नई, तमिलनाडु	सवारी डिब्बे	1503	1511	1592	932
4.	रेल डिब्बा कारखाना (रेडिका), कपूरथला, पंजाब	सवारी डिब्बे	1576	1421	1635	974
5.	डीजल इंजन आधुनिकीकरण कारखाना, (डीआका), पटियाला, पंजाब	डीजल इंजन निर्माण एवं पुनर्निर्माण	110	111	133	97
6.	रेल पहिया कारखाना (रेपका), बेंगलूरु, कर्नाटक	पहिए, धुरे	180810 83339	201135 99570	191501 100001	122467 60902

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन उत्पादन इकाइयों की क्षमता उपयोगिता को नीचे दिया गया है:—

क्र.सं.	उत्पादन इकाई	क्षमता उपयोगिता			
		2010-11	2011-12	2012-13	2013-14 (नवंबर, 13 तक) (अनुपातिक आधार पर)
1	2	3	4	5	6
1.	डीरेका	133.5%	129%	147%	152%

1	2	3	4	5	6
2.	चिरेका	115%	123%	135%	137%
3.	सडिका	100.2%	100.7%	106.1%	93%
4.	रेडिका	105%	94.7%	109%	97%
5.	डीआका	151%	154%	184%	202%
6.	रेपका	95%	105%	100.8%	97%

(ख) और (ग) जी, हां। देश में नई उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने की वर्तमान स्थिति, स्थान-वार निम्नानुसार है:—

स्थान	विवरण	स्थिति
1	2	3
छपरा	पहिया विनिर्माण संयंत्र	निर्माण कार्य समाप्त और मशीनें चालू हो गई हैं। चालू करने के पूर्व परीक्षणों में 3500 पहियों को तैयार किया गया।
मरहोरा	डीजल इंजन विनिर्माण फैक्ट्री	अर्हता के लिए अनुरोधों का मूल्यांकन किया जा रहा है।
रायबरेली	रेल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	चरण-I समाप्त और चरण-II प्रगति पर है।
रायबरेली	आरआईएनएल द्वारा फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री	भारतीय रेल एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के बीच समझौता और सुनिश्चित खरीद अनुबंध किया गया।
माधेपुरा	विद्युत इंजन विनिर्माण फैक्ट्री	अर्हता के लिए अनुरोधों का मूल्यांकन किया जा रहा है।
दानकुनी	डीजल इंजन पुर्जा फैक्ट्री	अंडर-फ्रेम शॉप का निर्माण कार्य समाप्त हो गया है। 2012-13 में 20 अंडर प्रेम विनिर्मित किए गए। चरण-II परियोजना का कार्य प्रगति पर है।
दानकुनी	विद्युत इंजन उपकरण फैक्ट्री	रेल विकास निगम लिमिटेड को निर्माण कार्य सौंपा गया है।
कांचरापाड़ा	रेल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	वित्तीय बोली चरण में प्रतिभागिता के लिए पूर्व-अर्हता के बाद बोलीदाताओं को चुना गया है।
न्यू जलपाईगुड़ी	रेल धुरा विनिर्माण फैक्ट्री	आरआईएनएल द्वारा 100 प्रतिशत इक्विटी के लिए भारतीय रेल एवं आरआईएनएल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
गुवाहाटी	माल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	जारी करने से पूर्व आरएफक्यू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
न्यू कूचबिहार	विद्युत सिगनल उत्पादन इकाई	रेल भूमि की पहचान की गई है। आरएफक्यू को अधिसूचित किया गया।
बुनियादपुर	मालडिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	जारी करने से पूर्व आरएफक्यू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
हल्दिया	डीजल मल्टीपल यूनिट विनिर्माण इकाई	चरण-I, सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य समाप्त। डीएमयू के पहले रेक को अंतिम रूप देना देने का कोई समाप्त।

1	2	3
काजीपेट	मालडिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	जारी करने से पूर्व आरएफक्यू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
सीतापल्ली	मालडिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	जारी करने से पूर्व आरएफक्यू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
पलक्कड़	रेल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	रेल मंत्रालय से राज्य सरकार से भूमि खरीद ली गई है। फैक्ट्री स्थापित करने के लिए अर्हता के अनुरोध को दिसम्बर, 2013 को खोल दिया गया है।
विदिशा	ट्रेक्शन अल्टरनेटर विनिर्माण एवं उच्च अश्व शक्ति वाले इंजनों के एसी कर्षण मोटरों की मरम्मत की फैक्ट्री	मैसर्स राइट्स को फैक्ट्री स्थापित करने के लिए परामर्श के लिए सलाहकार नियुक्त किया गया।
चंडीगढ़	आधुनिक सिगनल उपकरण फैक्ट्री	पीपीपी द्वारा निश्चित खरीद पर 2013-14 में कार्य स्वीकृत।
भीलवाड़ा	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लि. द्वारा मेन लाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल इकाई	भारतीय रेल और भेल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।

(घ) और (ङ) इनके कार्य को समाप्त होने सहित पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आवंटित और व्यय किया गए धन के विवरण निम्नानुसार है:—

(करोड़ रुपए में)

स्थान	विवरण	किया गया बजट आवंटन				व्यय	कार्य समाप्त करने का समय
		2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2010-11 से अक्तूबर, 2013 तक	
1	2	3	4	5	6	7	8
छपरा	पहिया विनिर्माण संयंत्र	303	315	177	50	576	2014-15
मरहोरा	डीजल इंजन विनिर्माण फैक्ट्री	15	3	1	3.85	7	वित्तीय बोली को अंतिम रूप देने के तीन वर्ष बाद
रायबरेली	रेल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	100	320	125	650	1021	2015-16
रायबरेली	आरआईएनएल द्वारा फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री	आरआईएनएल द्वारा 100 प्रतिशत इक्विटी वाले संयुक्त उपक्रम के रूप में निष्पादित किया जा रहा है।					2017-18
माधेपुरा	विद्युत इंजन विनिर्माण फैक्ट्री	15	3	1	4	6.5	वित्तीय बोली को अंतिम रूप देने के तीन वर्ष बाद
दानकुनी	डीजल इंजन निर्माण फैक्ट्री	25	25	22	19	188	2014-15

1	2	3	4	5	6	7	8
दानकुनी	विद्युत इंजन उपकरण फैक्ट्री	50	4	10	10	52.5	2014-15
कांचरापाड़ा	रेल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	20	1	10	2	23.5	वित्तीय बोली को अंतिम रूप देने के तीन वर्ष बाद
न्यू जलपाईगुड़ी	रेल धुरा विनिर्माण फैक्ट्री	आरआईएनएल द्वारा 100 प्रतिशत इक्विटी वाले संयुक्त उद्यम के रूप में निष्पादित किया जा रहा है।					वित्तीय बोली को अंतिम रूप देने के तीन वर्ष बाद
गुवाहाटी	माल डिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत निष्पादित किया जा रहा है।					वित्तीय बोली को अंतिम रूप देने के तीन वर्ष बाद
न्यू कूचबिहार	विद्युत सिगनल उत्पादन इकाई	0.01	0.03	2	1	0.17	
बुनियादपुर	मालडिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत निष्पादित किया जा रहा है।					
हल्दिया	डीजल मल्टीपल यूनिट विनिर्माण इकाई	0.01	30	25	10	55	2014-15
काजीपेट	मालडिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत निष्पादित किया जा रहा है।					वित्तीय बोली को अंतिम रूप देने के तीन वर्ष बाद
सीतापल्ली	मालडिब्बा विनिर्माण फैक्ट्री	सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत निष्पादित किया जा रहा है।					
पलक्कड़	रेल कोच विनिर्माण फैक्ट्री	भूमि की खरीद के लिए 35 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। परियोजना को सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत कार्यान्वित किया जा रहा है।				35	
विदिशा	ट्रेक्शन अल्टरनेटर विनिर्माण एवं उच्च अश्व शक्ति वाले इंजनों के एसी कर्षण मोटरों की मरम्मत की फैक्ट्री	सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत निष्पादित किया जा रहा है।					
चंडीगढ़	आधुनिक सिगनल उपकरण फैक्ट्री	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	2	कुछ नहीं	
भीलवाड़ा	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लि. द्वारा मेन लाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल इकाई	सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत निष्पादित किया जा रहा है।					निर्माण होने के तीन वर्ष बाद

बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना

***108. श्री ए.के.एस. विजयन :**
श्रीमती रमा देवी :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न भागों में राज्य-वार कितने बांधों का निर्माण किया गया और उनका निर्माण किस वर्ष में किया गया;

(ख) क्या बड़ी संख्या में बांध जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा इन बांधों की मरम्मत/पुररुद्धार हेतु क्या कदम उठाए गए हैं तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ राज्य/परियोजना-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई/कितनी उपयोग में लाई गई;

(ग) क्या राज्यों से बांधों की मरम्मत/पुनरुद्धार हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन पर क्या कार्रवाई की गई;

(घ) क्या सरकार ने विश्व बैंक से प्राप्त वित्तीय सहायता से बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना भी शुरू की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस परियोजना के अंतर्गत राज्य-वार कितने बांध शामिल किए गए हैं और उनकी अनुमानित लागत कितनी है; और

(ङ) गत तीन वर्षों में और चालू वर्ष के दौरान इस परियोजना के अंतर्गत कितनी धनराशि आबंटित औ खर्च की गई तथा इसके परिणामस्वरूप राज्य-वार क्या सफलता प्राप्त की गई?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) केन्द्रीय जल आयोग द्वारा संकलित बड़े बांधों के राष्ट्रीय रजिस्टर, 2013 के अनुसार भारत में 5189 बड़े बांध हैं जिनमें से 4842 पूरे कर लिए गए हैं और 347 निर्माणाधीन हैं। राष्ट्रीय रजिस्टर में किए गए उल्लेख और संलग्न विवरण में तालिका में दिए गए ब्यौरे के अनुसार से बांध भिन्न-भिन्न समय पर बनाए गए हैं।

(ख) से (ङ) राज्यों द्वारा केन्द्रीय जल आयोग को उपलब्ध कराई गई सचूना के अनुसार कोई बांध जीर्ण-शीर्ण अवस्था में सूचित नहीं किया गया है। तथापि, कुछ ऐसे बांध हैं जिनमें संरचनात्मक एवं प्रचालनात्मक सुरक्षा की दृष्टि से मरम्मत, पुनरुद्धार एवं सामान्य सुधार की आवश्यकता है। बांधों का अनुरक्षण संबंधित बांध स्वामी द्वारा किया जाता है जो अधिकतर राज्य सरकारें होती हैं और उनके अनुरक्षण, मरम्मत एवं पुनरुद्धार के लिए कार्रवाई केवल संबंधित बांध स्वामी द्वारा की जानी होती है। तथापि, केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों में बांध सुरक्षा संबंधी क्रियाकलाप के संबंध में तकनीकी सलाह देने और इस संदर्भ में सुधारों का सुझाव देने के लिए केन्द्रीय जल आयोग में राष्ट्रीय बांध सुरक्षा समिति और केन्द्रीय बांध सुरक्षा संगठन का गठन किया है।

वर्ष 2008 में वर्तमान बांधों के पुनरुद्धार के लिए विश्व बैंक की सहायता से शुरू की गई "बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (डीआरआईपी)" में भाग लेने के लिए 13 राज्यों (नामत: बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु) से प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। तदुपरांत संस्थागत तैयारी, प्रतिबद्धता आदि के आधार पर केन्द्रीय जल आयोग में डीआरआईपी को चार राज्यों नामत: मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु में कार्यान्वयन हेतु विश्व बैंक द्वारा अंतिम रूप दिया गया था।

डीआरआईपी के अंतर्गत लगभग 223 बड़े बांधों का पुनरुद्धार किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 2100 करोड़ रुपये है। कुल परियोजना लागत में से 80 प्रतिशत का वित्तपोषण विश्व बैंक द्वारा किया जाएगा और शेष लागत का वित्तपोषण संबंधित राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा। डीआरआईपी 18 अप्रैल, 2012 से प्रभावी हो गई है और यह छह वर्ष की अवधि में कार्यान्वित की जाएगी। डीआरआईपी के अंतर्गत शामिल किए गए बांधों की राज्य-वार संख्या और परियोजना लागत का ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:—

राज्य	डीआरआईपी के अंतर्गत बांधों की संख्या	कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में)
केरल	31	279.89
ओडिशा	38	147.74
मध्य प्रदेश	50	314.54
तमिलनाडु	104	745.49
केन्द्रीय जल आयोग		132.00
अनावंटित संसाधन*		480.24
कुल	223	2100.00

*(जिन राज्यों को परियोजना को अंतिम रूप दिए जाने के चरण में शामिल नहीं किया जा सका, उनके लिए आरक्षित निधि)

डीआरआईपी का कार्यान्वयन इसके शुरुआती चरणों में है। परियोजना के अंतर्गत पिछली और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार निधि का आवंटन और निधि का उपयोग नीचे दिया गया है।

(लाख रुपये में)

कार्यान्वयन अभिकरण	प्रथम वर्ष (2012-13)		चालू वर्ष (2013-14)		सितम्बर, 2013 तक कुल उपयोग
	आवंटन	उपयोग	आवंटन	सितम्बर, 2013 तक उपयोग	
मध्य प्रदेश	350	207.82	3000	292.98	500.8
ओडिशा	400	32.14	1050	10.71	42.85
तमिलनाडु	120.65	55.89	39487	101.01	156.9
केरल	6125	5.69	8012	231.01	236.7
केन्द्रीय जल आयोग	230	42.41	3600	29.89	72.3
कुल	7225.65	743.95	55149	665.6	1009.55

विवरण

बड़े बांधों के निर्माण का वर्ष और राज्य-वार अलग-अलग ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य	पूरा होने का वर्ष											
		1990 तक	1901 से 1950	1951 से 1960	1961 से 1970	1971 स 1980	1981 से 1990	1991 से 2000	2001 और बाद में	निर्माण का वर्ष उपलब्ध नहीं	कुल पूर्ण बांध	निर्माणा-धीन	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह					1			1		2		2
2.	आंध्र प्रदेश	7	35	16	22	31	26	15	13	126	291	44	335
3.	अरुणाचल प्रदेश								1		1		1
4.	असम						2		1		3	2	5
5.	बिहार	1		1	8	5	6	1	2		24	4	28
6.	छत्तीसगढ़		11	1	18	51	98	37	26	1	243	14	257
7.	गोवा					3	2				5		5
8.	गुजरात	6	59	57	86	154	151	56	46	6	621	45	666
9.	हिमाचल प्रदेश				1	2	2	1	5	2	13	6	19

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
10.	हरियाणा								1		1		1
11.	जम्मू और कश्मीर					2	2	1	4	3	12	2	14
12.	झारखंड			9	5	11	21			3	49	28	77
13.	कर्नाटक	6	24	11	39	49	54	17	14	16	230	1	231
14.	केरल	1	1	9	15	10	10	9	3	0	58	1	59
15.	मध्य प्रदेश	3	86	35	67	220	301	93	66	28	899	7	906
16.	महाराष्ट्र	20	40	23	152	622	416	304	113	3	1693	152	1845
17.	मणिपुर					1		1	1		3	2	5
18.	मेघालय			1	1	1		1	1		5	1	6
19.	मिजोरम										0		0
20.	नागालैंड							1			1		1
21.	ओडिशा	2	2	4	8	55	77	33	13	4	198	6	204
22.	पंजाब			1			4	6	3		14	1	15
23.	राजस्थान	31	8	33	23	29	36	26	15	0	201	10	211
24.	सिक्किम							1	1		2		2
25.	तमिलनाडु	0	10	10	26	26	17	8	19		116	0	116
26.	त्रिपुरा					1					1		1
27.	उत्तर प्रदेश	4	24	21	22	16	14	11	3		115	15	130
28.	उत्तराखंड				5	4	2		2		13	6	19
29.	पश्चिम बंगाल			1	1	4	16	2	4		28		28
	सकल योग	81	300	233	499	1295	1258	626	358	192	4842	347	5189

**संघ शासित क्षेत्र (यूटी)*

टिप्पणी: उपर्युक्त सूचना, राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार संकलित की गई है और जैसे एवं जब आगे सूचना प्राप्त होगी, इसे अद्यतन किया जाएगा।

[हिन्दी]

समुद्र के जल स्तर में वृद्धि

***109. श्री विलास मुत्तेमवार :** क्या **पृथ्वी विज्ञान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भूमण्डलीय तापन के कारण समुद्र के जल स्तर में वृद्धि हो रही है, जिससे देश के तटीय गांवों को खतरा पैदा हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या तटीय क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास और इसके

परिणामस्वरूप हरित पट्टी के घटने, अनियंत्रित पर्यटन और तटीय संरक्षण विधियों के प्रति उदासीन दृष्टिकोण के कारण तटीय क्षेत्रों में गंभीर पर्यावरणीय खतरा पैदा हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम रहे हैं; और

(ङ) इस समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) जी, हां।

(ख) समुद्र स्तर में वृद्धि एक बड़ी धीमी परिघटना है और यह वैश्विक रूप से समुद्र स्तर वृद्धि/गिरावट प्रवृत्तियों की भूसंचायिकों के साथ प्रकट होती है। जलवायु परिवर्तन पर बने अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई पांचवीं आकलन रिपोर्ट (एआर5) यह बताती है कि 1901-2010 की अवधि तक वैश्विक मध्य समुद्र स्तर 0.19 मी. तक बढ़ा है।

इसके अतिरिक्त, आईपीसीसी-एआर5 के अनुसार 1901 और 2010 के बीच वैश्विक औसत समुद्र स्तर वृद्धि की औसत दर 1.71 मिमी प्रतिवर्ष थी जिसमें 1993 और 2010 के बीच 3.2 मिमी प्रतिवर्ष की त्वरित दर नोटिस की गई। 1920 और 1920 के बीच, निम्न ग्लोबल वार्मिंग की अवधि के दौरान, रिपोर्ट की गई सामान्तर उच्च दर की व्यापकता, यह संकेत करती है कि कई अन्य भौतिक कारणों जैसे कि सुनामी, तूफान महोर्मि और ज्वारीय परिवर्तनीयता, महातरंग, सामान्य डेल्टिक अवतलन, तटीय कटाव और तटीय रेखा के साथ-साथ नदी चैनलों में गाद भरने के कारण भी समुद्र स्तर में वृद्धि होती है।

तथापि, हमारे वैज्ञानिकों ने पिछले 40-50 वर्षों के दौरान भारतीय तटों के पास समुद्र स्तर में वृद्धि की प्रवृत्तियों का अनुमान 1.3 मिमी प्रतिवर्ष लगाया है। तथापि, तेजी से बढ़ते हुए समुद्र स्तर के संकेत को ग्रहण करने के लिए उत्तरी हिंद महासागर (बंगाल की खाड़ी, अरब सागर आदि) के लिए दीर्घ अवधि समुद्र स्तर डेटा की आवश्यकता है। भारतीय तट के कुछ भागों में तटीय कटाव देखा जा सकता है और नदी मुहाने पर डेल्टिक अवतलन का अनुभव किया जा सकता है। तथापि, यह अभी तक स्थापित नहीं किया जा सका है कि यह प्रकटीकरण समुद्र स्तर में वृद्धि के कारण हो रहे हैं। तटीय कटाव के कारण उत्पन्न हुए उचित सुरक्षा उपायों का संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय जल आयोग की तटीय सुरक्षा और विकास सलाहकार समिति (सीडीपीएसी) द्वारा संयुक्त रूप से ध्यान दिया जाता है।

(ग) जी, हां।

(घ) और (ङ) विगत तीन तटीय रेखा परिवर्तन के आकलन, तटीय वनस्पति, जैव शील्ड, समुद्री घास, कुछ केसों में लैगून का खुलना और छोटे द्वीपसमूह आदि सहित संपूर्ण तटीय वैटलैंड के सीमांकन और मानचित्रण के लिए सुदूर संवेदन तकनीकों का प्रयोग करते हुए विभिन्न अध्ययन किए गए है जिनमें उनका पुनर्जीवन और संरक्षण शामिल है। पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन – पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के एकीकृत तटीय एवं समुद्री क्षेत्र प्रबंधन निदेशालय (ईएसएसओ-इकमाम) ने गुजरात, कर्नाटक, तमिलाडु, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में बहु-संकट तटीय संवेदनशीलता का मानचित्र और सीमांकन करने का काम शुरू किया है। भारत सरकार ने भारतीय तट रेखा के पास समुद्र स्तर परिवर्तनों के पैटर्न को लगातार मॉनीटर करने के लिए 26 ज्वार मापी स्थापित किए हैं। यह सभी ज्वार मापी स्टेशन, वास्तविक समय में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के अधीन भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (इंकॉइस), हैदराबाद को डेटा का प्रसारण कर रहे हैं।

प्रो. एम.एस. स्वामीनाथन की विशेषज्ञ समिति रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के आधारपर, पर्यावरण और वन मंत्रालय (एमओईएफ) समान तटीय नियामक क्षेत्र (सीआरजेड) ढांचे की अपेक्षा भारत के लिए एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन (आईसीजेडएम) को कार्यान्वित करने का प्रयास कर रहा है। तद्नुसार, केंद्र सरकार ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले अन्य स्थानीय समुदायों और मछुआरे समुदायों को तटीय सीमाओं, इसके अनोखे पर्यावरण और इसके समुद्री क्षेत्र को संरक्षित और सुरक्षित करने करने तथा तटीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं के खतरे को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक सिद्धान्तों के आधार पर धारणीय तरीके से विकास को बढ़ावा देते हुए, ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र स्तर में वृद्धि से जीवन यापन सुरक्षा सुनिश्चित कराने की दृष्टि से सीआरजेड-2011 अधिसूचना जारी की जिसमें, एततद्वारा, देश के तटीय सीमाओं और इसके प्रादेशिक जल सीमा तक इस जलक्षेत्र, जिसमें अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप शामिल नहीं है और इनकी प्रादेशिक सीमा तक इन द्वीपसमूह के आस-पास के तटीय क्षेत्र को सीआरजेड के रूप में घोषित किया जाता है तथा उपरोक्त सीआरजेड में किसी उद्योग, प्रचालनों अथवा प्रक्रियाओं की स्थापना और विस्तार अथवा खतरनाक पदार्थों के तौर पर निर्दिष्ट किए गए खतरनाक पदार्थों के उत्पादन अथवा कौशल अथवा भंडार अथवा निपटान को प्रतिबंधित किया जाता है।

पर्यावरण और वन मंत्रालय ने एकीकृत तटीय प्रबंधन सोसाइटी (सीकॉम) को स्थापित करते हुए एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन परियोजना प्रारंभ की है। इस परियोजना में, सीकॉम चार घटकों नामतः (i) राष्ट्रीय

तटीय प्रबंधन कार्यक्रम; (ii) आईसीजेडएम-पश्चिम बंगाल; (iii) आईसीजेडएम-ओडिशा; (iv) आईसीजेडएम-गुजरात को कार्यान्वित करेगा। राष्ट्रीय घटक में शामिल हैं; (क) देश की मुख्य भूमि की संपूर्ण तटीय रेखा के मानचित्र के लिए आपदा सीमा का निर्धारण करना (ख) अन्ना विश्वविद्यालय, चैन्ने के कैंपस के भीतर धारणीय तटीय प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की गई है जिसके क्षेत्रीय केन्द्र प्रत्येक तटीय राज्यों/संघशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए ताकि तटीय समुदायों के मुद्दों पर ध्यान देने के साथ ही तटीय प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दिया जाए।

समुद्र स्तर में वृद्धि का तटीय रेखा के पास दीर्घ अवधि प्रभाव पड़ने की संभावना होती है। सामान्य रूप से, यह अनुमान लगाया गया है कि भारत का पूर्वी तट अपने निम्न क्षेत्र के कारण पश्चिमी तट की अपेक्षा ज्यादा संवेदनशील है और इसलिए अगर समुद्र स्तर में महत्त्वपूर्ण रूप से वृद्धि होती है तो तटीय बाढ़ की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। भूकंप, चक्रवातों, बाढ़, तूफान महोर्मि और सुनामी आदि से उत्पन्न हुई साकल्यावादी तटीय संवेदनशीलता के लिए बहु-आपदा को तटीय संरचना के निर्माण अर्थात् मकानों, भवनों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड), पत्तनों, निचले इलाकों जैसे सुन्दरबन, बे द्वीपसमूह आदि में रहने वालों को बाहर निकालने, औद्योगिक और ढांचागत कॉरिडॉरों के लिए आपदा रोधी डिजाइन पद्धति को विकसित किया जाता है।

समुद्र स्तर के भविष्य के पूर्वानुमानों में अनिश्चितताएं शामिल हैं जिससे भरोसे के पर्याप्त स्तर के साथ प्रभावों का पूर्वानुमान देना मुश्किल हो सकता। प्रेक्षणों और संख्यात्मक मॉडलों का उपयोग करने के माध्यम से, विवर्तनिकी गतिविधियों के कारण बेसिन ज्यमिति परिवर्तन और स्वच्छ जली संतुलन के प्रभावों का मात्रीकरण उत्तरी हिंद महासागर में होने वाले सूक्ष्म समुद्र स्तर परिवर्तनों को समझने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

भारत की जलवायु परिवर्तन पर बनी राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) एक पद्धति को रेखांकित करती है जिसका लक्ष्य देश को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल और हमारे विकास पथ के लिए पारिस्थितिकी धारणीयता को बढ़ाने में समर्थ बनाना है। यह भारत के बहुसंख्यक लोगों को बढ़ते जीवन स्तर के लिए उच्च विकास दर को बनाए रखने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर उनकी संवेदनशीलता को कम करने पर बल देता है।

[अनुवाद]

भूजल संसाधनों में गिरवट

***110. श्री राम सुन्दर दास :**
श्री पोन्नम प्रभाकर :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में कृषि क्रियाकलापों के परिणामस्वरूप भूजल संसाधनों में गिरावट आ रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान इन राज्यों में भूजल की उपलब्धता की तुलना में भूजल की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) से (ख) जी, हां। यह सच है कि कृषि कार्यों में प्रयोग बढ़ाने के कारण देश के कुछ हिस्सों में भू-जल स्तर गिर रहा है। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) संबंधित राज्य सरकारों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से पुनर्भरणीय भूमि जल संसाधनों का आवधिक आकलन करता है। भूमि जल संसाधनों के पिछले दो आकलन वर्ष 2004 और 2009 में किए गए थे। पिछले कई सालों से उत्तर प्रदेश और बिहार में सिंचाई के लिए भूमि जल स्तर बढ़ा है, जबकि वर्ष 2004 और 2009 के बीच आंध्र प्रदेश राज्य में इसमें कमी आई है। वर्ष 2004 और 2009 में किए गए दोनों आकलनों के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि आंध्र प्रदेश में सिंचाई के लिए वार्षिक भूमि जल आहरण 13.88 बिलियन घन मीटर (बीसीएम) से घटकर 12.61 बीसीएम हो गया है, बिहार एवं उत्तर प्रदेश में यह जल आहरण क्रमश: 9.39 बीसीएम से बढ़कर 9.79 बीसीएम और 45.36 बीसीएम से बढ़कर 45.99 बीसीएम हो गया है। निवल वार्षिक भूमि जल उपलब्धता आंध्र प्रदेश में 32.99 बीसीएम से घटकर 30.76 बीसीएम, बिहार में 27.42 बीसीएम से घटकर 26.21 बीसीएम और उत्तर प्रदेश में 70.18 बीसीएम से घटकर 68.57 बीसीएम हो गई है।

(ग) भारत सरकार विभिन्न स्कीमों के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता द्वारा जल संसाधनों के संवर्धन, संरक्षण और कुशल प्रबंधन के लिए राज्य सरकारों के प्रयासों में सहयोग देकर देश में जल संरक्षण उपायों को बढ़ावा देती है।

[हिन्दी]

मीडिया में विषय-वस्तु संबंधी विनियमन

***111. डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रसारण क्षेत्र में प्रसारण विषय-वस्तु शिकायत परिषद् नामक एक स्वत: विनियामक निकाय विद्यमान है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परिषद् की संरचना क्या है तथा इस निकाय द्वारा किन-किन शक्तियों का प्रयोग किया जाता है;

(ग) उक्त परिषद् इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में अश्लील विषय-वस्तु को किस प्रकार नियंत्रित करती है;

(घ) क्या सरकार का विचार प्रिंट मीडिया में वैसी ही आपत्तिजनक विषय-वस्तु दर्शाए जाने के मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय प्रेस परिषद् को अतिरिक्त शक्तियां प्रदान करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) प्रसारण विषय-वस्तु शिकायत परिषद् (बीसीसीसी) की स्थापना भारतीय प्रसारण प्रतिष्ठान (आईबीएफ) द्वारा जून, 2011 में गैर-समाचार सामान्य मनोरंजन चैनलों के लिए स्व-विनियामक तंत्र के रूप में की गई थी।

(ख) और (ग) बीसीसीसी एक 13 सदस्यों वाला निकाय है। इसके मुखिया उच्च न्यायालय या भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं। परिषद् के गठन का स्वरूप निम्नलिखित रूप में है:—

(i) जीवन के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लिए गए चार (4) प्रतिष्ठित सदस्य।

(ii) राष्ट्रीय स्तर के सांवधिक आयोगों जैसे राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी), राष्ट्रीय बल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम), राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी), आदि से चार (4) प्रतिनिधि।

(iii) भिन्न-भिन्न प्रसारण संगठनों/चैनलों से चार (4) प्रसारण सदस्य।

बीसीसीसी ने विभिन्न पणधारकों से व्यापक परामर्श के उपरांत विस्तृत स्व-विनियमन दिशानिर्देश तैयार किए हैं। परिषद् के दिशानिर्देशों के अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें उनके समक्ष रखी जाती हैं। बीसीसीसी द्वारा लिए गए निर्णयों को आवश्यक अनुपालन हेतु चैनलों को संसूचित कर दिया जाता है।

बीसीसीसी सदस्य चैनलों द्वारा अपने दिशा-निर्देशों का अतिक्रमण किए जाने की स्थिति में निम्नलिखित कार्रवाई कर सकता है:—

(i) अगले अड़तालीस घंटे के भीतर निदेश का अनुपालन किए जाने की चेतावनी जारी करना।

(ii) ऐसे तरीके से जैसे निर्णय लिया जाए खेद का प्रसारण किया जाना।

(iii) आईबीएफ (भारतीय प्रसारण प्रतिष्ठान) को यह निदेश जारी करना कि चैनल के बकाया मामलों पर कार्रवाई किए जाने पर तब तक विचारन किया जाए जब तक मामले का समाधान नहीं हो जाता।

(iv) आईबीएफ को निदेश जारी करना कि संबंधित सदस्य को बहिष्कृत किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

(v) किसी टेलीविजन चैनल द्वारा बीसीसीसी के निर्देशों का अनुपालन न किए जाने के अपवादिक मामले में परिषद् उस चैनल के विरुद्ध कानून के अनुसार समुचित कार्रवाई के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सिफारिश भेज सकता है।

(vi) बीसीसीसी द्वारा आईबीएफ को जारी किया गया कोई भी निदेश बाध्यकारी होगा और उसका तत्काल कार्यान्वयन किया जाना अनिवार्य है।

(vii) कतिपय अपवादिक मामलों में जिनमें आईबीएफ के स्वविनियामक दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन किया गया हो, उक्त चैनल पर वित्तीय दंड लगाया जा सकता है जो तीस लाख रुपये (30,000,000/- रुपए) तक हो सकता है।

(घ) और (ङ) भारतीय प्रैस परिषद् को अतिरिक्त शक्तियां प्रदान करने हेतु प्रैस परिषद् अधिनियम, 1978 में प्रस्तावित संशोधन जांच की अवस्था में हैं और यदि आवश्यक समझा गया तो प्रेस परिषद् अधिनियम का संशोधन प्रारूप पणधारकों के साथ विस्तृत परामर्श और मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर आमराय बनाकर सावधानीपूर्वक प्रारुपित किया जाएगा।

भारत निर्माण योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण

***112. श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी :** क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा भारत निर्माण योजना के अंतर्गत राज्यों को सड़कों के निर्माण हेतु दी जा रही संस्थागत वित्तीय सहातया का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा इसके लिए प्रदान की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार भारत निर्माण योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़क लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से उधार ली गई धनराशि का उचित उपयोग किए जाने की निगरानी करती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा उक्त योजना/संस्थाओं को इष्टतम परिणामोन्मुखी बनाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

ग्रामीण विकास मंत्री (श्री जयराम रमेश) : (क) "प्रधानमंत्री ग्रामी सड़क योजना" को दिसंबर, 2000 में एक केंद्रीय प्रायोजित कार्यक्रम तथा ग्रामीण सड़कों के एकबारगी विशेष पहल के रूप में शुरू किया गया था और इसका उद्देश्य मैदानी क्षेत्रों में 500 व्यक्तियों (2001 की जनगणना के अनुसार) और उससे अधिक की आबादी वाली सड़क संपर्कविहीन पात्र बसावटों को बारहमासी सड़क (आवश्यक पुलियों और आर-पार निकासी संरचनाओं के साथ जो कि वर्ष भर चालू रहे) संपर्क मुहैया कराना है 'विशेष श्रेणी वाले राज्यों', मरूभूमि क्षेत्रों, जनजातीय (अनुसूची-V) क्षेत्रों और गृह मंत्रालय/योजना आयोग द्वारा निर्धारित किए गए चुनिंदा जनजातीय एवं पिछड़े जिलों के संबंध में इसका उद्देश्य 250 व्यक्तियों और उससे अधिक की आबादी वाली (2001 की जनगणना के अनुसार) सड़क संपर्कविहीन पात्र बसावटों को सड़कों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में मौजूदा थ्रू-रूटों और प्रमुख ग्रामीण संपर्क सड़कों का निर्धारित मानकों तक उन्नयन किए जाने की भी परिकल्पना की गई है, यद्यपि कार्यक्रम में इसे प्रमुखता नहीं दी गई है। ग्रामीण सड़क को भारत निर्माण के 6 घटकों में से एक घटक के रूप में स्वीकार किया गया है और 1000 व्यक्तियों (2001 की जनगणना के अनुसार) और उससे अधिक की आबादी वाली (पर्वतीय और जनजातीय क्षेत्रों के मामले में 500 व्यक्तियों और उसेस अधिक की आबादी वाली) बसावटों को वर्ष 2012 के अंत तक बारहमासी सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) से प्राप्त उपकर, बजटीय सहायता, एडीबी ऋण, विश्व बैंक से लिया गया ऋण और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से लिया गया ऋण इस कार्यक्रम के लिए निधियों के स्रोत रहे हैं।

(ख) 'भारत निर्माण' के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों के लिए वित्तपोषण को बढ़ाने की दृष्टि से वर्ष 2006-07 के दौरान नाबार्ड में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के अंतर्गत एक अलग विंडो बनाया गया है। नाबार्ड से वर्ष-वार लिया गया ऋण इस प्रकार है:—

वर्ष	नाबार्ड से लिया गया ऋण (करोड़ रुपए में)
2007-08	4,500
2008-09	7,500
2009-10	6,500
2010-11	शून्य
2011-12	शून्य
2012-13	शून्य
2013-14 (अब तक)	शून्य

(ग) से (ङ) पीएमजीएसवाई के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का निर्माण, रख-रखाव और स्वामित्व संबंधित राज्य सरकारें करती हैं। इसलिए इन सड़कों का समय पर निर्माण करने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी राज्य सरकारों की होती है। तथापि, निष्पादन समीक्षा समिति (पीआरसी) की बैठकों, क्षेत्रीय समीक्षाओं और राज्य विशिष्ट समीक्षाओं सहित आवधिक समीक्षाओं में कार्यों को समय पर पूरा किए जाने के मामले पर राज्य सरकारों के साथ चर्चा की जाती है। इसके अलावा पूरे किए गए और चल रहे कार्यों की गुणवत्ता की यादृच्छिक आधार पर जांच करने के लिए राष्ट्र-स्तरीय गुणवत्ता निगरानीकर्त्ता (एनक्यूएम) भी तैनात किए जाते हैं।

राज्यों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत निर्माण के ग्रामीण सड़क घटक के अंतर्गत राज्यों ने 63940 बसावटों को सड़कों से जोड़ने के लक्ष्य की तुलना में 50261 सड़क संपर्कविहीन पात्र बसावटों को सड़कों से जोड़ दिया है। राज्य-वार लक्ष्य और उसकी वर्ष-वार उपलब्धि संलग्न विवरण में दी गई है।

विवरण

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत भारत निर्माण (ग्रामीण सड़क घटक) की प्रगति नई सड़कों से जुड़ी बसावटें

आंकड़े अक्तूबर, 2013 तक

क्र. सं.	राज्य	लक्ष्य (2005-12)	उपलब्धि									संचयी उपलब्धि	प्रतिशत संचयी उपलब्धि
			2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आंध्र प्रदेश	236	11	4	0	0	59	115	26	6	0	221	94%
2.	अरुणाचल प्रदेश	103	0	3	19	19	12	15	15	10	1	94	91%
3.	असम	5940	346	804	656	1210	705	584	444	343	140	5232	88%
4.	बिहार	16578	0	11.83	174	842	746	1075	2029	2320	695	9064	55%
5.	छत्तीसगढ़	3831	397	604	648	523	627	128	127	102	39	3195	83%
6.	गोवा	2	2	0	0	0	0	0	0	0	0	2	100%
7.	गुजरात	1332	212	264	249	222	144	119	19	28	6	1263	95%
8.	हरियाणा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0%
9.	हिमाचल प्रदेश	922	98	145	168	172	5	44	18	0	0	650	70%
10.	जम्मू और कश्मीर	1468	3	16	41	187	297	81	160	145	57	987	67%
11.	झारखंड	2991	101	108	97	363	305	327	247	347	74	1969	66%
12.	कर्नाटक	17	1	4	2	10	0	0	0	0	0	17	100%
13.	केरल	73	6	19	12	13	15	5	0	0	0	70	96%
14.	मध्य प्रदेश	6790	929	1345	1916	1795		487	184	73	34	6763	100%
15.	महाराष्ट्र	295	46	135	10	60	25	0	13	1	0	290	98%

16.	मणिपुर	391	37	0	0	41	15	27	51	31	17	219	56%
17.	मेघालय	128	5	4	6	7	5	8	3	7	3	48	38%
18.	मिजोरम	130	7	1	11	6	14	63	4	4	14	124	95%
19.	नागालैंड	37	7	0	5	3	9	4	6	2	0	36	97%
20.	ओडिशा	5672	361	322	321	2205	644	652	374	205	21	5105	90%
21.	पंजाब	50	7	43	0	0	0	0	0	0	0	50	100%
22.	राजस्थान	4084	753	1222	889	90	12	5	3	596	271	3841	94%
23.	सिक्किम	154	35	18	7	16	17	13	11	8	4	129	84%
24.	तमिलनाडु	83	46	0	3	30	0	2	1	0	0	82	99%
25.	त्रिपुरा	810	12	53	52	164	164	106	82	46	4	683	84%
26.	उत्तर प्रदेश	4097	944	979	1023	787	257	67	23	0	0	4080	100%
27.	उत्तराखंड	772	16	15	46	115	104	77	54	13	2	442	57%
28.	पश्चिम बंगाल	6954	720	960	685	1314	557	623	243	403	100	5605	81%
	कुल	63940	5102	8251	7040	10760	4172	4627	4137	4690	1482	50261	79%

रीयल टाइम ट्रेन इन्फॉरमेशन सिस्टम

***113. श्री नरेनभाई काछादिया :**
श्री आनंद प्रकाश परांजपे :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे द्वारा 'सेटेलाइट इमेजिंग फॉर रेल नेवीगेशन' संबंधी 'रीयल टाइम ट्रेन इन्फॉरमेशन सिस्टम' शुरू किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ खर्च की गई धनराशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने चालक और ग्राउंड स्टाफ के बीच निर्बाध सम्पर्क बनाये रखने हेतु मौजूदा वॉकी-टॉकी सिस्टम के स्थान पर अत्याधुनिक सम्प्रेषण प्रणाली लगाने का निर्णय लिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्याहै और इसमें कितना व्यय अंतर्ग्रस्त है; और

(ङ) रेलवे द्वारा भारतीय रेल के तेजी से आधुनिकीकरण हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, नहीं। पहले अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (अअमांस)/लखनऊ तथा भारतीय तकनीकी संस्थान (आईआईटी)/कानपुर द्वारा संयुक्त रूप से ग्लोबल पाजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) आधारित सेटेलाइट इमेजिंग फॉर रेल नेवीगेशन नाम की एक पायलट परियोजना शुरू की गई थी। चूंकि पायलट परियोजना में ऑटो कंट्रोली चार्टिंग तथा लोकोमोटिव परफार्मेंस चैकिंग जैसी सुविधाएं नहीं थी, भारतीय रेलों द्वारा सेटेलाइट इमेंजिंग तथा कम्यूनिकेशन आधारित 'रीयल टाइम ट्रेन इंफॉरमेशन सिस्टम' (आईटीआईएस) की एक नई परियोजना शुरू की गई है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑरगेनाइजेशन (इसरो) द्वारा इनसेट 3सी के बदले जांच किए जाने वाले प्रस्तावित नये सैटेलाइट से बैंड बिथ आवंटित कर दिए जाने पर इस प्रणाली को शुरू किए जाने का प्रस्ताव है।

(ख) सिमरन की पायलट परियोजना में 3.51 करोड़ रुपए के क्रम में खर्च वहन किया गया था जिसमें से 2.11 करोड़ रुपए मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) तथा 1.4 करोड़ रुपए रेल मंत्रालय, द्वारा मुहैया कराया गया था। 'रीयल टाइम ट्रेन इन्फॉरमेंशन सिस्टम' पर कोई खर्च वहन नहीं किया गया है, क्योंकि परियोजना शुरू नहीं की गई है।

(ग) जी, हां। उच्च स्तरीय संरक्षा समीक्षा समिति (एचएसआरसी) की सिफारिशों के अनुसार, रेलों की भारतीय रेल नेटवर्क के सभी 'ए', 'बी' एवं 'सी' मार्गों (लगभग 19000 मार्ग किमी.) में ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्यूनिकेशन रेलवे (जीएसएम-आर टेक्नोलॉजी) आधारित मोबाइल ट्रेन रेडिया कम्यूनिकेशन (एमआरटीसी) सिस्टम शुरू करने की योजना है। यह ड्राइवर, गार्ड, ग्राउंड स्टाफ/नियंत्रण कार्यालय के बीच सेव अवर सोल (एसओएस) सुविधा के साथ बाधा रहित संचार का एक सुरिक्षत उपाय है ताकि कोई भी असामान्य घटना तुरंत संसूचित की जा सके तथा सुधारक कार्रवाई की जा सके। इसमें वाइज लागिंग तथा शार्ट मैसेज सर्विस (एमएमएस) के लिए भी सुविधा है। जिसका चेतावनी आर्डर निजी नंबरों के विनियम के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भारतीय रेल नेटवर्क पर जीएसएमआर की शुरुआत से वॉकी-टाकी सेट फालतू हो गये हैं।

(घ) मोबाइल ट्रेन रेडियो क्यूनिकेशन (एमटीआरसी) सिस्टम 2074 मार्ग किमी. में चालू कर दिया गया है तथा 2426 मार्ग किमी. में कार्य प्रगति पर है। बकाया 14500 मार्ग किमी. (लगभग) में कार्य पूरा करने के लिए, लगभग 1100 करोड़ रुपए के क्रम में धनराशि अपेक्षित होगी।

(ङ) रेलों पर आधुनिकीकरण तथा तकनीकी अपग्रेडेशन एक सतत प्रक्रिया है रेलवे ने समपार हटाने, चल स्टॉक, रेलपथ तथा सिगनलिंग एवं दूरसंचार प्रणालियों के आधुनिकीकरण की कार्रवाई पहले ही शुरू कर दी है।

[हिन्दी]

विद्युत परियोजनाओं हेतु उपस्कर

***114. श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण :**
श्री अर्जुन राय :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत कुछ वर्षों के दौरान स्वदेश में विनिर्मित उपस्कर के उपयोग की तुलना में चीनी विद्युत उत्पादन उपस्कर का उपयोग बढ़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा स्वदेश में उत्पादित उपस्करों की तुलना में चीनी विद्युत उत्पादन उपस्कर के निष्पादन के संबंध में कोई मूल्यांकन किया गया था और यदि हां, तो इस संबंध में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा क्या निष्कर्ष निकाले गए;

(घ) क्या सरकार का विचार देश में विद्युत संबंधी उपस्कर हेतु आयात नीति में ढांचागत परिवर्तन करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा अल्ट्रा मेगा पॉवर प्रोजेक्ट्स के लिए आवश्यक उपस्कर की लागत कम रखने

तथा देश में आयातित विद्युत उपस्कर पर निर्भरता कम करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) 11वीं और 12वीं योजना में (नवंबर, 2013 तक) कुल 75222.7 मेगावाट ताप क्षमता अभिवृद्धि में से 28492 मेगावाट के लिए मुख्य संयंत्र उपस्कर की आपूर्ति चीनी विनिर्माताओं द्वारा की गई और वह भी अधिकांशत: निजी क्षेत्र के विकासकर्त्ताओं को की गई।

(ग) 11वीं योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरान सब-क्रिटिकल प्रौद्योगिकी पर आधारित और ताप विद्युत स्टेशनों में संस्थापित भारतीय उपस्करों की तुला में चीनी उपस्करों का विश्लेषण केन्द्रीय प्राधिकरण द्वारा किया गया था। अध्ययन के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं:—

- 330 मेगावाट की चीनी यूनिटों को छोड़कर चीनी और भेल दोनों की यूनिटों में अधिकतम सतत् रेटिंग में पर्याप्त प्रवाह मार्जिन है।
- स्वदेशी कोयले पर आधारित चीनी स्टेशनों का प्रचालनात्मक भार कारक भेज यूनिटों की तुलना में कम है। तथापि, चीनी स्वदेशी कोयला आधारित यूनिटों की प्रचालनात्मक ताप दर भेज यूनिटों की तुलना में अधिक है।
- भेल यूनिटें, स्वदेशी कोयला पर आधारित चीनी यूनिटों की तुलना में दूसरे दर्जे की ईंधन तेल खपत के संबंध में उल्लेखनीय बेहतर कार्यनिष्पादन दर्शाती हैं।
- आयातित कोयले पर आधारित चीनी यूनिटों का प्रचालनात्मक भार कारक, प्रचालनात्मक ताप दर और दूसरे दर्जे की ईंधन तेल खपत, घरेलू कोयले पर आधारित भेल यूनिटों से बेहतर है।

(घ) और (ङ) आयातित विद्युत उपस्करों पर निर्भरता कम करने और अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजनाओं (यूएमपीपी) के लिए उपस्करों की लागत को प्रतिस्पर्धी बनने के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

(i) सरकार ने निर्णय लिया है कि भारत में विनिर्मित मुख्य संयंत्र उपस्करों के अनिवार्य उपयोग के लिए, मानक बोली दिशा-निर्देशों में, विशेष रूप से यूएमपीपी में, प्रावधान शामिल किया जाए।

(ii) दक्ष उपस्कर और ईंधन खपत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, ईंधन प्रभार के प्रयोजन हेतु नॉर्मेटिव स्टेशन ताप दर (एसएचआर) निर्धारित की गई है।

(iii) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा सभी केंद्रीय और राज्य ताप विद्युत उत्पादक कंपनियों को एक सलाह जारी की गई थी जिसमें सरकार द्वारा अनुमोदित थोक आदेशों के अनुरूप, अक्तूबर, 2015 तक, चरणबद्ध रूप से सुपर क्रिटिकल परियोजनाओं के बॉयलरों और टरबाइन जेनरेटरों के लिए आमंत्रित की जाने वाली बोलियों में आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा चरणबद्ध रूप से स्वदेशी विनिर्माण की शर्त शामिल करने की सलाह दी गई थी।

(iv) देश में भेल की 20,000 मेगावाट की क्षमता के अलावा सुपर क्रिटिकल बॉयलर (16,000 मेगावाट प्रतिवर्ष) और टरबाइन (15,000 मेगावाट प्रतिवर्ष) के विनिर्माण के लिए कई संयुक्त उद्यम (उद्यमों) की स्थापना की गई है। इस प्रतिस्पर्धा के फलस्वरूप विद्युत संयंत्र उपस्करों की कीमतें प्रतिस्पर्धी होंगी।

[अनुवाद]

जनशक्ति की कमी

***115. श्री समीर भुजबल :** क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे में स्वीकृत और नियुक्त गैंगमेन, गेटमेन, ट्रालीमेन और की-मेन की पश्चिम और मध्य जोनों सहित जोन-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त पदों हेतु वर्ष और जोन-वार कुल कितने कर्मियों की भर्ती की गई;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त श्रेणियों के पदों पर बड़ी संख्या में रिक्तियों के कारण पश्चिम और मध्य जोनों सहित वर्ष और जोन-वार कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान रेल दुर्घटनाओं में उक्त श्रेणियों के पदों पर तैनात पश्चिम और मध्य जोनों सहित वर्ष और जोन-वार कितने कार्मिक मारे गए अथवा घायल हुए; और

(ङ) रेलवे द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) क्षेत्रीय रेलों में गैंगमेन, गेटमेन, ट्रालीमेन और कीमेन की स्वीकृत और ऑन-रोल की कुल संख्या संलग्न विवरण-I पर है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त पदों के लिए

भर्ती किए कर्मचारियों की जोन-वार कुल संख्या संलग्न विवरण-II पर है।

(ग) रिक्त पदों की रेल दुर्घटनाओं का कारण नहीं बताया जा सकता क्योंकि दुर्घटना होना और रिक्त पदों के होने में कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

(घ) उक्त अवधि के दौरान रेल दुर्घटनाओं में मृत अथवा घायलों की उपरोक्त कैटेगरी में कर्मचारियों की संख्या वर्ष-वार और जोन-वार संलग्न विवरण-III पर है।

(ङ) 2013-14 के दौरान रिक्त पदों को भरने के संबंध में उपरोक्त वणित कैटेगरियों सहित पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी' कैटेगरियों में रिक्त 49,000 पदों, ग्रुप 'सी' कैटेगरियों में 25,300 पदों और एक्स सर्विसमेन कोटा के नए निर्धारित 11779 पदों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

विवरण-I

(क) क्षेत्रीय रेलों में गैंगमेन, गेटमेन, ट्रालीमेन और कीमेन के कुल स्वीकृत पदों की संख्या और मौजूदा संख्या:

रेलवे	कैटेगरी	स्वीकृत संख्या	मौजूदा संख्या
1	2	3	4
मध्य	गैंगमेन	15727	13638
	गेटमेन	2428	2093
	ट्रालीमेन	990	844
	कीमेन	1000	824
पूर्व	गैंगमेन	13873	7861
	गेटमेन	2839	2373
	ट्रालीमेन	968	708
	कीमेन	759	497
पूर्व मध्य	गैंगमेन	16869	12396
	गेटमेन	2831	2386
	ट्रालीमेन	918	688
	कीमेन	1030	660

1	2	3	4
पूर्व तट	गैंगमेन	9384	6792
	गेटमेन	1764	1182
	ट्रालमेन	509	262
	कीमेन	623	496
उत्तर	गैंगमेन	19979	13957
	गेटमेन	6485	5483
	ट्रालीमेन	1627	1597
	कीमेन	1528	1353
उत्तर मध्य	गैंगमेन	11627	9416
	गेटमेन	2274	2143
	ट्रालीमेन	1068	935
	कीमेन	893	719
पूर्वोत्तर सीमा	गैंगमेन	13463	12415
	गेटमेन	2805	2625
	ट्रालीमेन	1096	824
	कीमेन	838	613
पूर्वोत्तर	गैंगमेन	8535	7360
	गेटमेन	2880	2553
	ट्रालीमेन	861	771
	कीमेन	717	656
उत्तर पश्चिम	गैंगमेन	9638	6480
	गेटमेन	2540	2249
	ट्रालीमेन	892	779
	कीमेन	877	773
दक्षिण	गैंगमेन	12395	9294
	गेटमेन	3503	3373

1	2	3	4
	ट्रालीमेन	842	678
	कीमेन	1222	971
दक्षिण मध्य	गैंगमेन	21443	14728
	गेटमेन	745	598
	ट्रालीमेन	1286	1089
	कीमेन	1259	1085
दक्षिण पूर्व मध्य	गैंगमेन	9466	5326
	गेटमेन	1333	1099
	ट्रालीमेन	646	532
	कीमेन	632	496
दक्षिण पूर्व	गैंगमेन	13373	8687
	गेटमेन	1579	1402
	ट्रालीमेन	856	710
	कीमेन	810	723
दक्षिण पश्चिम	गैंगमेन	5800	5181
	गेटमेन	1265	1142
	ट्रालीमेन	590	446
	कीमेन	592	452
पश्चिम	गैंगमेन	16910	11355
	गेटमेन	3576	3181
	ट्रालीमेन	1389	1251
	कीमेन	1300	1049
पश्चिम मध्य	गैंगमेन	11975	9676
	गेटमेन	1657	1413
	ट्रालीमेन	943	845
	कीमेन	769	630

विवरण-II

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बताए गए पदों हेतु भर्ती कर्मचारियों की संख्या:

रेलवे	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
मध्य	0	91	453	3212
पूर्व	0	80	612	1571
पूर्व मध्य	0	231	596	3524
पूर्व तट	0	0	3570	453
उत्तर	218	535	1465	3062
उत्तर मध्य	0	39	303	1845
पूर्वोत्तर सीमा	0	290	617	1711
पूर्वोत्तर	280	243	237	2148
उत्तर पश्चिम	0	110	210	697
दक्षिण	0	121	1203	2978
दक्षिण मध्य	603	1734	1403	2771
दक्षिण पूर्व मध्य	64	321	326	975
दक्षिण पूर्व	0	0	0	0
दक्षिण पश्चिम	20	49	252	2751
पश्चिम	55	0	631	0
पश्चिम मध्य	48	237	480	3702

विवरण-III

(ग) वर्णित अवधि के दौरान रेल दुर्घटनाओं में बताए गए पदों के मृत अथवा घायल कर्मचारियों की संख्या

रेलवे	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
1	2	3	4	5
मध्य	0	0	0	0
पूर्व	0	0	1	0
पूर्व मध्य	0	0	0	0

1	2	3	4	5
पूर्व तट	7	5	8	6
उत्तर	0	1	1	1
उत्तर मध्य	0	0	0	0
पूर्वोत्तर सीमा	0	0	0	0
पूर्वोत्तर	0	0	0	0
उत्तर पश्चिम	0	0	0	0
दक्षिण	0	0	0	0
दक्षिण मध्य	0	0	0	0
दक्षिण पूर्व मध्य	0	0	0	0
दक्षिण पूर्व	0	0	0	0
दक्षिण पश्चिम	0	0	0	1
पश्चिम	0	0	0	0
पश्चिम मध्य	0	0	0	0

[हिन्दी]

अनप्रयुक्त अधिशेष पूंजी

***116. डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में 117 बड़ी सरकारी और निजी कंपनियों के पास अधिशेष पूंजी अनप्रयुक्त पड़ी हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उपर्युक्त में से श्रेणी-वार सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियां कितनी-कितनी हैं;

(ग) मार्च, 2013 तक इन दोनों क्षेत्रों की कंपनियों के पास कुल कितनी अधिशेष पूंजी अनप्रयुक्त पड़ी हुई है; और

(घ) सरकार द्वारा भविष्य में उक्त पूंजी के निवेश के संबंध में क्या निर्देश जारी किए गए हैं?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) से (घ) "अधिशेष पूंजी" को न तो कंपनी अधिनियम, 2013 (या कंपनी अधिनियम, 1956) और न ही कंपनी अधिनियम के अनुसरण में विहित लेखांकन मानकों में परिभाषित किया गया है। कंपनियों के तुलन-पत्र अथवा अन्य वित्तीय विवरण भी "अधिशेष पूंजी" को नहीं दर्शाते हैं। इसलिए इस शीर्ष के संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

[अनुवाद]

नए जोनों और मंडलों का पुनर्गठन और सृजन

***117. श्री हरिन पाठक :**
श्री अदगुरू एच. विश्वनाथ :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों से रेलवे में जोनों और मंडलों के सृजन और पुनर्गठन और कोंकण रेलवे का भारतीय रेल के साथ विलय के लिए प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस प्रयोजनार्थ गठित समिति ने गुजरात और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया है और उनकी जांच की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और रेलवे द्वारा इस प्रयोजनार्थ गठित समिति की सिफारिश के संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(घ) समिति की सिफारिशों के समय पर कार्यान्वयन हेतु अन्य कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) विभिन्न राज्यों में मुख्यालयों वाले नए जोनों एवं मंडलों के सृजन के लिए प्रस्तावों, जिनकी समिति द्वारा जांच की गई है, की संख्या निम्नलिखित सारणी में दी गई है:–

राज्य का नाम	राज्य में मुख्यालय वाले नए जोनों के लिए प्रस्तावों की संख्या	राज्य में मुख्यालय वाले नए मंडलों के लिए प्रस्तावों की संख्या
1	2	3
आंध्र प्रदेश	1	4
असम	1	1
बिहार	–	2
छत्तीसगढ़	–	1
गुजरात	4	4

1	2	3
जम्मू और कश्मीर	—	1
झारखंड	3	1
कर्नाटक	—	2
केरल	10	4
मध्य प्रदेश	—	7
महाराष्ट्र	9	1
ओडिशा	—	7
तमिलनाडु	—	1
त्रिपुरा	—	3
उत्तर प्रदेश	1	2
उत्तराखंड	—	3
पश्चिम बंगाल	3	1

उपर्युक्त कुछ प्रस्तावों में प्रस्तावित नए जोनों/मंडलों में कोंकण रेल निगम लि. (केआरसीएल) के कुछ हिस्सों को शामिल करने के भी अनुरोध हैं।

(ग) और (घ) समिति के निष्कर्षों/सिफारिशों को रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और इस समय उन पर रेल मंत्रालय में विचार किया जा रहा है।

सीधी अंतर्राष्ट्रीय सेवाएं

***118. श्री अनंत कुमार :** क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न विमानपत्तनों से अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए विमानपत्तन-वार कितनी सीधी सेवाएं हैं;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बेंगलुरु से एयर इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए कितनी सीधी सेवाएं शुरू की गईं और कितनी वापस ली गईं;

(ग) इन सेवाओं को वापस लिए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) सभी विमान कंपनियों द्वारा बेंगलुरु से सीधे अंतर्राष्ट्रीय गंतव्य के लिए संचालित उड़ानों की संख्या, बारम्बारता का ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्री (श्री अजित सिंह) : (क) भारतीय नामित वाहक भारत में विभिन्न हवाईअड्डों से अन्य अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों तक प्रति सप्ताह 1054 सेवाएं प्रचालित कर रहे हैं। इनका हवाईअड्डा-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर संलग्न है।

(ख) और (ग) इस समय एयर इंडिया बेंगलुरु से तीन अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों (दुबई, मस्कट तथा माले) के लिए प्रति सप्ताह 21 उड़ानें प्रचालित कर रही है। कंपनी ने शीत 2012 अनुसूची से माले के लिए उड़ानों की बारम्बारता को प्रति सप्ताह 7 उड़ानों से बढ़ाकर प्रति सप्ताह 14 उड़ानें कर दिया है। एक उड़ान बेंगलुरु-माले तथा वापसी मार्ग पर प्रचालित हो रही है और दूसरी उड़ान चेन्नई-बेंगलुरु-तिरुवनंतपुरम-माले तथा वापसी मार्ग पर प्रचालित हो रही है।

एयर इंडिया ने नकद घाटों के कारण 14 नवम्बर, 2010 से केवल अपने बेंगलुरु-सिंगापुर तथा वापसी मार्ग के प्रचालन को बंद किया है।

(घ) एयर इंडिया बेंगलुरु से 03 अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों (दुबई, मस्कट तथा माले) के लिए प्रति सप्ताह 21 उड़ानें तथा स्पाइस जेट बेंगलुरु से एक अंतर्राष्ट्रीय गंतव्य (बैंकॉक) के लिए प्रति सप्ताह 04 उड़ानें प्रचालित कर रही है। इनका ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर संलग्न है।

विवरण-I

विभिन्न हवाईअड्डों से अन्य अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए भारतीय नामित वाहकों का प्रचालन (हवाईअड्डा-वार)

एयर इंडिया

क्र. सं.	हवाईअड्डे/मार्ग	आवृत्ति
1	2	3
1.	**अहमदाबाद/मुंबई**	
	अहमदाबाद-मुंबई-नेवार्क	7
	अहमदाबाद-मुंबई-लंदन	7
	अहमदाबाद-मुंबई-मस्कट-मुंबई	7
2.	**अमृतसर/दिल्ली**	
	अमृतसर-दिल्ली-बर्मिंघम	4
	अमृतसर-दिल्ली-लंदन	7
	अमृतसर-दिल्ली-लंदन-दिल्ली	7

1	2	3
3.	**बेंगलुरु/गोवा**	
	बेंगलुरु-गोवा-दुबई	4
4.	**बेंगलुरु/हैदराबाद**	
	बेंगलुरु-हैदराबाद-मस्कट	3
5.	**बेंगलुरु**	
	बेंगलुरु-माले	7
6.	**मुम्बई**	
	मुम्बई-अबू धाबी	4
	मुम्बई-जेद्दा	3
	मुम्बई-रियाद	7
	मुम्बई-दुबई-मुम्बई-गोवा	7
7.	**मुम्बई/दिल्ली**	
	मुम्बई-दिल्ली-हांगकांग-सियोल	4
	मुम्बई-दिल्ली-हांगकांग-ओसाका	3
	मुम्बई-दिल्ली-न्यूयॉर्क	7
	मुम्बई-दिल्ली-शंघाई	4
8.	**मुम्बई/हैदराबाद**	
	मुम्बई-हैदराबाद	2
9.	**मुम्बई/चेन्नई**	
	मुम्बई-चेन्नई-सिंगापुर	7
10.	**कोझीकोड**	
	कोझीकोड-दुबई	7
	कोझीकोड-जेद्दा	3
	कोझीकोड-रियाद	3
	कोझीकोड-शारजाह	7
11.	**कोलकाता**	
	कोलकाता-ढाका	7
	कोलकाता-काठमांडू	4
	कोलकाता-यांगून-गया-कोलकाता	2

1	2	3
12.	**कोलकाता-गया**	
	कोलकाता-गया-यांगून-कोलकाता	1
13.	**कोच्चि**	
	कोच्चि-कोझीकोड-जेद्दा	2
	कोच्चि-शारजाह	7
14.	**दिल्ली**	
	दिल्ली-बैंकॉक	7
	दिल्ली-ढाका	7
	दिल्ली-दम्मम	7
	दिल्ली-दुबई	7
	दिल्ली-जेद्दा	7
	दिल्ली-नारिता	7
	दिल्ली-रियाद	7
	दिल्ली-सिंगापुर	7
	दिल्ली-बहरीन-अबू धाबी-दिल्ली	7
	दिल्ली-फ्रैंकफर्ट	7
	दिल्ली-काबुल	6
	दिल्ली-काठमांडू	14
	दिल्ली-मस्कट	7
	दिल्ली-मेलबोर्न-सिडनी-दिल्ली	3
	दिल्ली-सिडनी-मेलबोर्न-दिल्ली	4
15.	**गोवा/मुम्बई**	
	गोवा-मुम्बई-बैंकाक-मुंबई	7
16.	**हैदराबाद/दिल्ली**	
	हैदराबाद-दिल्ली-शिकागो	7
17.	**चेन्नई/दिल्ली**	
	चेन्नई-दिल्ली-पेरिस	7
18.	**चेन्नई/बेंगलुरु/त्रिवेंद्रम**	
	चेन्नई-बेंगलुरु-तिरुवनंतपुरम-माले	7

1	2	3
19.	**चेन्नई**	
	चेन्नई-कोलंबो	6
	चेन्नई-दुबई	7
	चेन्नई-मस्कट	7
	चेन्नई-सिंगापुर	7
20.	**चेन्नई/गोवा**	
	चेन्नई-गोवा-कुवैत	4
21.	**चेन्नई/हैदराबाद/अहमदाबाद**	
	चेन्नई-हैदराबाद-अहमदाबाद-कुवैत	3
22.	**चेन्नई/त्रिवेंद्रम**	
	चेन्नई-त्रिवेंद्रम-शारजाह	7
23.	**त्रिवेंद्रम**	
	त्रिवेंद्रम-रियाद	2
24.	**वाराणसी**	
	वाराणसी-काठमांडू	4
25.	**विशाखापट्टनम/हैदराबाद**	
	विशाखापट्टनम-हैदराबाद-दुबई	7
	कुल (प्रति सप्ताह)	322

एयर इंडिया एक्सप्रेस

क्र.सं.	हवाईअड्डे/मार्ग	आवृत्ति
1	2	3
1.	**कोझीकोड**	
	कोझीकोड-दुबई	7
	कोझीकोड-शारजाह	7
	कोझीकोड-मस्कट	7
	कोझीकोड-अबू धाबी	7
	कोझीकोड-अल ऐन (यूएई)	1
	कोझीकोड-सलालाह	1
	कोझीकोड-कुवैत	3
	कोझीकोड-दोहा	1
	कोझीकोड-दम्माम	2
2.	**कोझीकोड/मंगलौर**	
	कोझीकोड-मंगलौर-दम्माम	2
3.	**कोच्चि**	
	कोच्चि-दुबई	7
	कोच्चि-अबू धाबी	7
	कोच्चि-शारजाह	4
	कोच्चि-मस्कट	3
4.	**कोच्चि/कोझीकोड**	
	कोच्चि-कोझीकोड-बहरीन-दोहा	7
5.	**कोच्चि/मंगलौर**	
	कोच्चि-मंगलौर-कुवैत	3
6.	**तिरुवनंतपुरम**	
	तिरुवनंतपुरम-दुबई	5
	तिरुवनंतपुरम-शारजाह	3
	तिरुवनंतपुरम-अबू धाबी	7
	तिरुवनंतपुरम-मस्कट	3
	तिरुवनंतपुरम-सलालाह	1
7.	**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि**	
	तिरुवनंतपुरम-कोच्चि-सलालाह	1
8.	**मंगलौर**	
	मंगलौर-दुबई	14
	मंगलौर-अबू धाबी-मस्कट	3
	मंगलौर-बहरीन	2
	मंगलौर-दोहा	2

1	2	3
9.	**चेन्नई**	
	चेन्नै-कल	5
	चेन्नै-कोलंबो	7
10.	**चेन्नई/तिरुचिरापल्ली**	
	चेन्नै-तिरुचिरापल्ली-सिंगापुर	7
11.	**तिरुचिरापल्ली**	
	तिरुचिरापल्ली-दुबई	7
12.	**मुम्बई**	
	मुम्बइ-दोहा	3
13.	**पुणे**	
	पुणे-दुबई	3
14.	**जयपुर**	
	जयपुर-दुबई	4
15.	**लखनऊ**	
	लखनऊ-दुबई	7
16.	**अमृतसर**	
	अमृतसर-दुबई	7
	कुल (प्रति सप्ताह)	160

इंडिगो

हवाईअड्डे	गंतव्य	सेवाएं/सप्ताह
1	2	3
दिल्ली	थाइलैंड	14
	संयुक्त अरब अमीरात	14
	नेपाल	07
मुम्बई	संयुक्त अरब अमीरात	14
	ओमान	07
कोचीन	संयुक्त अरब अमीरात	07
हैदराबाद	संयुक्त अरब अमीरात	07
चेन्नई	संयुक्त अरब अमीरात	07
	सिंगापुर	07
त्रिवेंद्रम	संयुक्त अरब अमीरात	07
कोलकाता	थाईलैंड	07
कुल (प्रति सप्ताह)		98

स्पाइस जेट

हवाईअड्डे	गंतव्य	सेवाएं/सप्ताह
1	2	3
अहमदाबाद	दुबई	07
	मस्कट	03
बेंगलुरु	बैंकाक	04
चेन्नई	कोलोंबो	07
दिल्ली	दुबई	07
	गुआंगज़ौ	04
	काबुल	03
	काठमांडु	14
	रियाद	07
कोच्चि	दुबई	07
	माले	07
लखनऊ	शारजाह	03
मदुरै	कोलोंबो	07
	दुबई	07
मुम्बई	दुबई	07
पुणे	बैंकाक	04
	शारजाह	04
वाराणसी	शारजाह	14
कुल (प्रति सप्ताह)		106

जेट एयरवेज

हवाईअड्डे	गंतव्य	सेवाएं/सप्ताह
1	2	3
मुम्बई	अबु धाबी	11
	बहरीन	07
	बैंकाक	14
	ब्रसेल्स/नेवार्क	07
	कोलोंबो	07
	ढाका	07
	दम्माम	07
	दोहा	07
	दुबई	28
	हांगकांग	07
	इस्ताम्बुल	07
	जेद्दा	07
	काठमांडु	07
	कुवैत	14
	लंदन	14
	मस्कट	07
	रियाद	07
	सिंगापुर	14
कोलकाता	बैंकाक	14
	ढाका	07
कोच्चि	अबू धाबी/कुवैत	07
	दोहा	07
	मस्कट	07
	शारजाह	07
दिल्ली	अबु धाबी	07
	बैंकाक	07
	ब्रसेल्स/टोरंटो	07
	ढाका	07
	दम्माम	07
	दोहा	07
	दुबई	14
	हांगकांग	07
	काठमांडु	14
	लंदन	07
	सिंगापुर	14
मंगलौर	दुबई	07
चेन्नई	कोलम्बो	07
	सिंगापुर	14
त्रिवेंद्रम	दम्माम	07
	मस्कट	07
कुल (प्रति सप्ताह)		368

विवरण-II

बेंगलुरु से अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी सेवाएं

एयर इंडिया

क्र.सं.	हवाईअड्डे/मार्ग	आवृत्ति
1	2	3
1.	**बेंगलुरु/गोवा**	
	बेंगलुरु-गोवा-दुबई	04
2.	**बेंगलुरु/हैदराबाद**	
	बेंगलुरु-हैदराबाद-मस्कट	03
3.	**बेंगलुरु**	
	बेंगलुरु-माले	07

1	2	3
4.	**चेन्नई/बेंगलुरु/त्रिवेंद्रम**	
	चेन्नई-बेंगलुरु-तिरुवनंतपुरम-माले	07
	कुल (प्रति सप्ताह)	21

स्पाइस जेट

क्र.सं.	गंतव्य	आवृत्ति
1.	बैंकॉक	04
	कुल (प्रति सप्ताह)	04

बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम

***119. श्री पी. करुणाकरन :** क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में अल्पसंख्यक बहुल जिलों के विकास हेतु बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम कार्यान्वित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में ऐसे जिलों की पहचान करने हेतु क्या मानदंड हैं;

(ग) क्या सरकार ने पर्याप्त अल्पसंख्यक जनसंख्या वाले और अधिक खंडों/कस्बों को इसमें शामिल करने की दृष्टि से बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम का पुनर्गठन किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस कार्यक्रम के अंतर्गत कौन-कौन सी अवसंरचनात्मक सुविधाओं का सृजन किया गया है तथा गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि जारी की गई/कितनी उपयोग में लाई गई?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री के. रहमान खान) : (क) और (ख) वर्ष 2008-09 से वर्ष 2012-13 तक देश के 90 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) में बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया गया है। इन जिलों की पहचान वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार अल्पसंख्यक बहुत आबादी तथा पिछड़ेपन के मानकों के आधार पर की गई थी। अल्पसंख्यक बहुल जिलों की पहचान के लिए अपनाए गए मानदंड नीचे दिए गए हैं:—

1. **अल्पसख्यंक बहुत जनसंख्या मानदंड:**

(i) कुल जनसंख्या का न्यूनतम 25% 'अल्पसंख्यक बहुल जनसंख्या' वाले जिले।

(ii) 5 लाख से अधिक अल्पसंख्यक आबादी वाले तथा 20% से अधिक और 25% से कम अल्पसंख्यक आबादी की प्रतिशतता वाले जिले।

(iii) जिन 6 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अल्पसंख्यक समुदाय बहुलता में हैं, उन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अल्पसंख्यक बहुत आबादी वाले जिलों को छोड़कर 15% से कम अल्पसंख्यक आबादी वाले जिले।

2. **पिछड़ेपन के मानक:**

(i) जिला स्तरीय धर्म-विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक संकेतक—

- साक्षरता दर;
- महिला साक्षरता दर;
- कार्य में भागीदारी दर; और
- महिलाओं द्वारा कार्य में भागीदारी दर; तथा

(ii) जिला स्तरीय आधारभूत सुविधा संकेतक—

- पक्की दीवार वाले मकानों की प्रतिशतता;
- स्वच्छ पेय जल की सुविधा वाले मकानों की प्रतिशतता;
- विद्युत सुविधा वाले मकानों की प्रतिशतता; और
- शौचालयों की सुविधा वाले मकानों की प्रतिशतता।

(ग) और (घ) एमएसडीपी की पुनर्संरचना अन्य पात्र क्षेत्रों तक इसकी सीमा बढ़ाने और इसको लक्षित अल्पसंख्यकों पर और अधिक केंद्रित करने तथा प्रभावी बनाने के लिए की गई है। पुनर्संरचित एमएसडीपी में अल्पसंख्यक बहुत क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए योजना की इकाई को जिले से बदलकर ब्लॉक/नगर कर दिया गया है। कार्यक्रम ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन हेतु अब 710 ब्लॉकों और 16 नगरों को अभिज्ञात किया है। इसके अतिरिक्त, अल्पसंख्यक बहुल गांवों (न्यूनतम 50% अल्पसंख्यक बहुत जनसंख्या वाले) को भी कार्यक्रम के अंतर्गत कवर किया जा सकता है। एमएसडीपी के अंतर्गत इसके आरंभ से 30.11.2013 तक निर्माण की गई अवसंरचना सुविधाओं के राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। पिछले तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तथा वर्ष-वार जारी की गई/उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-II दिया गया है।

विवरण-I

बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के अंतर्गत 30.11.2013 तक निर्माण की गई राज्य-वार अवसंरचना सुविधाएं

क्र. सं.	राज्य		इंदिरा आवास योजना के मकान	स्वास्थ्य केन्द्र	आंगनवाड़ी केन्द्र	हैंड पम्प	पेयजल सुविधाएं	अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	स्कुल भवन	शिक्षण सहायक	प्रयोगशाला उपकरण	स्कूलों में कम्प्यूटर	आई-टीआई भवन	पोलीटेक्नीक	स्कूलों शौचालय एवं पेयजल	छात्रावास
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1.	उत्तर प्रदेश	लक्ष्य	85054	1041	11187	21054	79	1087	203	272	16		53	24	1929	28
		उपलब्धि	73907	623	6971	9262		431	13	0	0		6	0	788	2
		कार्य प्रगति पर	3305	62	1808	1021		185	46	0	0		22	18	38	7
2.	पश्चिम बंगाल	लक्ष्य	55222	946	11013	12486	4557	9484	111	50	60		24	9	794	176
		उपलब्धि	35382	687	6202	6994		5526	34	40	60		1	0	10	14
		कार्य प्रगति पर	2269	56	934	517		1037	7	0	0		6	3	134	45
3.	असम	लक्ष्य	89836	133	2077	12096		3566	0	16	50		15	1	294	40
		उपलब्धि	39598	69	469	3402		438	0	0	0		0	0	37	0
		कार्य प्रगति पर	13944	12	493	330		958	0	0	0		0	0	99	0
4.	बिहार	लक्ष्य	41287	409	4835	2533		2970	94	0	53		3	3	1386	52
		उपलब्धि	15480	76	1310	1190		1071	52	0	37		0	0	404	9
		कार्य प्रगति पर	16403	90	1772	1196		640	7	0	7		2	0	74	19
5.	मणिपुर	लक्ष्य	5940	154	75	679		25	375	0	0		1	0	0	35
		उपलब्धि	5940	70	60	422		0	188	0	0		0	0	0	1
		कार्य प्रगति पर	0	82	15	224		0	183	0	0		1	0	0	11
6.	हरियाणा	लक्ष्य	2000	6	142	0		183	8	0	0		1	0	0	0
		उपलब्धि	1956	0	71	0		63	6	0	0		0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	6	0	19		32	8	0	1		0	0	0	0

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
7.	झारखंड	लक्ष्य	9215	256	1564	7		222	1	1	0		11	3	0	22
		उपलब्धि	8565	158	985	0		1	0	0	0		0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	472	57	238	0		3	0	1	0		1	0	0	2
8.	उत्तराखंड	लक्ष्य	0	24	455	914		69	2	0	0		1	2	17	0
		उपलब्धि	0	0	100	0		0	0	0	0		0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	0	124	0		0	0	0	0		0	0	0	0
9.	महाराष्ट्र	लक्ष्य	11670	0	626	0		0	0	0	0		0	0	0	14
		उपलब्धि	10471	0	405	0		0	0	0	0		0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	1028	0	148	0		0	0	0	0		0	0	0	4
10.	कर्नाटक	लक्ष्य	5900	38	366	0		50	1	1	0		0	0	50	30
		उपलब्धि	3211	20	254	0		44	0	0	0		0	0	0	10
		कार्य प्रगति पर	942	9	101	0		4	0	0	0		0	0	0	20
11.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	लक्ष्य	0	0	35	0		0	0	25	0		1	0	0	0
		उपलब्धि	0	0	11	0		0	0	12	0		0	0	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	0	15	0		0	0	13	0		0	0	0	0
12.	ओडिशा	लक्ष्य	10037	36	293	0	2	193	0	0	10	30	2	0	64	4
		उपलब्धि	4960	4	144	0		11	0	0	0		0	0	42	0
		कार्य प्रगति पर	780	11	7	0		0	0	0	0		0	0	22	0
13.	मेघालय	लक्ष्य	5649	19	1022	1864		78	1	0	0		0	0	400	11
14.	केरल	उपलब्धि	0	29	0	3	1	195	0	0	0		0	1	0	0
		कार्य प्रगति पर	0	10	0	1		38	0	0	0		0	0	0	0
		लक्ष्य	0	0	0	2		0	0	0	0		0	1	0	0
15.	मिजोरम	लक्ष्य	2758	23	224	24		54	17	0	0		2	0	0	9
		उपलब्धि	2236	16	158	0		31	17	0	0		0	0	0	5

	कार्य प्रगति पर	0	1	3	14		23	0	0	0		1	0	0	0
16. जम्मू और कश्मीर	लक्ष्य	0	0	100	132		22	0	0	0		1	1	0	8
	उपलब्धि	0	0	2	21		10	0	0	0		0	0	0	0
	कार्य प्रगति पर	0	0	35	61		5	0	0	0		0	0	0	0
17. दिल्ली	लक्ष्य	0	5	0	1		100	2	0	4		1	0	19	0
	उपलब्धि	0	0	0	0		0	0	0	0		0	0	10	0
	कार्य प्रगति पर	0	0	0	1		80	0	0	0		0	0	0	0
18. मध्य प्रदेश	लक्ष्य	1000	0	224	0		0	2	0	0		0	0	0	4
	उपलब्धि	0	0	0	0		0	0	0	0		0	0	0	0
	कार्य प्रगति पर	750	0	95	0		0	0	0	0		0	0	0	1
19. सिक्किम	लक्ष्य	250	1	56	4		22	12	0	0		0	0	0	0
	उपलब्धि	0	0	30	0		0	0	0	0		0	0	0	0
	कार्य प्रगति पर	250	0	10	0		11	0	0	0		0	0	0	0
20. अरुणाचल प्रदेश	लक्ष्य	7435	50	651	0	258	447	64	10	14		0	0	44	167
	उपलब्धि	4359	15	452	0		195	35	5	9		0	0	2	23
	कार्य प्रगति पर	1384	18	105	0		43	14	5	1		0	0	0	82
21. आंध्र प्रदेश	लक्ष्य	0	11	70	0	0	349	7	27	0	340	0	0	5	1
	उपलब्धि														
	कार्य प्रगति पर														
22. त्रिपुरा	लक्ष्य		11				6								2
	उपलब्धि														
	कार्य प्रगति पर														
23. पंजाब	लक्ष्य	23	10	198			73		4						
	उपलब्धि														
	कार्य प्रगति पर														

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
24.	राजस्थान	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
25.	गुजरात	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
26.	छत्तीसगढ़	लक्ष्य														
		उपलब्धि														
		कार्य प्रगति पर														
	योग	लक्ष्य	333276	3202	35213	52056	5086	19195	900	405	207	480	116	44	5002	603
		उपलब्धि	210565	1748	17672	22562	0	7911	345	57	103	0	7	0	1293	67
		कार्य प्रगति पर	41527	404	5936	3416	0	3023	266	19	9	0	35	22	367	193

विवरण-II

एमएसडीपी के अंतर्गत जारी की गई और उपयोग की गई निधियां

क्र. सं.	राज्य	2010-11		2011-12		2012-13*		2013-14*	
		जारी	प्रस्तुत रिपोर्टों के अनुसार उपयोग (लाख रुपए में)	जारी	प्रस्तुत रिपोर्टों के अनुसार उपयोग (लाख रुपए में)	जारी	प्रस्तुत रिपोर्टों के अनुसार उपयोग (लाख रुपए में)	जारी	प्रस्तुत रिपोर्टों के अनुसार उपयोग (लाख रुपए में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	उत्तर प्रदेश	21106.29	16648.87	16027.59	7789.33	23040.62	1922.21	22813.478	
2.	पश्चिम बंगाल	23105.55	23100.55	10208.23	8866.79	20055.76	1699.07	30572.571	
3.	असम	9611.71	9588.32	17859.10		491.17		2944.61	
4.	बिहार	12250.15	9961.46	16152.29	7421.81	8054.41	1814.97	364.8725	

5.	मणिपुर	371.25	169.01	2655.72	711.82	0.00		2198.59	उपयोग प्रमाण-पत्र 31 मार्च, 2015 तक देय है।
6.	हरियाणा	1186.17	874.26	1140.04	184.35	0.00		651.92	
7.	झारखंड	5533.46	4657.89	3981.41	1057.60	2255.23		1623.975	
8.	उत्तराखंड	2229.65	61.92	194.34		202.88		861.15	
9.	महाराष्ट्र	2953.59	2670.09	490.99	148.39	1085.00		322.24	
10.	कर्नाटक	2129.39	1850.52	1089.58	715.89	1028.84		0	
11.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	15.94	15.94	51.27	51.27	25.30	25.30	515.98	
12.	ओडिशा	1517.24	1147.9	3.73		783.34		1509.44	
13.	मेघालय	1519.83	1519.8	441.00	441.00	762.33		2	
14.	केरल	641.63	631.24	744.81	707.75	412.07		1001.27	
15.	मिजोरम	1456.78	1459.63	865.09	750.35	721.62	155.51	657.98	
16.	जम्मू और कश्मीर	0		750.03		0.00		323.363	
17.	दिल्ली	48.75	48.75	895.98	356.35	203.75		0	
18.	मध्य प्रदेश	752.7	278.04			0.00		346.54	
19.	सिक्किम	568.879	419.18	526.98		202.38		2	
20.	अरुणाचल प्रदेश	4319.499	4319.499	3912.65	2205.476	4801.64	1522.33	3041.045	
21.	आंध्र प्रदेश							1656.01	
22.	त्रिपुरा							1710.785	
23.	पंजाब							1059.8	
24.	राजस्थान							0	
25.	गुजरात							0	
26.	छत्तीसगढ़							0	
	सकल योग	91318.46	79422.87	77990.82	31408.18	34126.34	7140.09	74179.619	

*वर्ष 2012-13 के दौरान जारी निधियों हेतु उपयोग प्रमाण-पत्र 31 मार्च, 2014 तक देय तथा 2013-14 के दौरान जारी निधियों के लिए 31 मार्च, 2015 तक देय है।

राष्ट्रीय परियोजनाएं

***120. श्री हसन खान :**
श्रीमती प्रतिभा सिंह :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे द्वारा रेल परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजनाएं घोषित करने हेतु क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं और ऐसी परियोजनाओं हेतु वित्तपोषण के प्रतिमान क्या हैं;

(ख) उन रेल परियोजनाओं के नाम क्या हैं, जिन्हें विगत में राष्ट्रीय परियोजनाएं घोषित किया गया है;

(ग) बिलासपुर-लेह, श्रीनगर-कारगिल, भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी, बद्दी-कालका, घनौली-बद्दी और चंडीगढ़-बद्दी खंडों पर नई रेल लाइन परियोजनाओं का ब्यौरा और कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) उक्त परियोजनाओं हेतु बनाए गए वित्तपोषण संबंधी प्रतिमानों और संबंधित राज्यों के साथ इसमें लागत भागीदारी का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ने चंडीगढ़-बद्दी मार्ग पर एक वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु अनुरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा रेलवे द्वारा इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई नीति के अनुसार जम्मू और कश्मीर एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण परियोजनाओं अथवा विकासात्मक परियोजनाओं, जो इन क्षेत्रों में बृहद एकीकरण का परिणाम है, को 'राष्ट्रीय परियोजनाओं' की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह अवधारणा देश के अन्य क्षेत्रों के लिए लागू नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार उन सभी परियोजनाओं के लिए एकसमान वित्तपोषण संबंधी स्वरूप को अपनाना होता है।

ऐसी 12 रेल परियोजनाएं हैं जो राष्ट्रीय परियोजनाओं के रूप में घोषित की गई हैं, जिनमें 1 परियोजना जम्मू और कश्मीर राज्य में है और पूर्वोत्तर क्षेत्र की 11 परियोजनाएं सीमावर्ती क्षेत्रों में हैं और इन्हें सामरिक महत्ता की दृष्टि से सीमावर्ती क्षेत्रों में रेल परियोजनाओं के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें से 1 परियोजना यथा कुमारघाट-अगरतला नई लाइन को मीटर आमान खंड के रूप में पहले ही पूरा किया जा चुका है। शेष चालू 11 राष्ट्रीय परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। ये परियोजनाएं संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार निष्पादित की जा रही हैं।

(ग) और (घ) **बिलासपुर-मनाली-लेहह लाइनः** इस परियोजना को अभी स्वीकृत नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा पूर्णतया वित्तपोषित की जाने वाली इस परियोजना को स्वीकृत करने हेतु अंतर-मंत्रालय परामर्श के लिए आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति को एक नोट भेजा गया था। परन्तु इस प्रस्ताव का वित्त मंत्रालय और योजना आयोग द्वारा समर्थन नहीं किया गया था।

श्रीनगर-कारगिल नई लाइनः उपर्युक्त नई लाइन परियोजना का सर्वेक्षण स्वीकृत कर दिया गया है और सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है।

भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी नई लाइन : 63 कि॰मी॰ लंबी नई लाइन परियोजना 2008-09 में स्वीकृत की गई थी और प्रारंभिक 4 कि॰मी॰ में भूमि अधिग्रहण और मिट्टी संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है। आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति के अनुमोदन के अनुसार इस परियोजना की 25 प्रतिशत लागत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वहन की जानी है और 70 करोड़ रुपए के आरंभिक प्रावधान से अधिक भूमि की लागत में होने वाली बढ़ोतरी मुहैया कराई जाएगी। हिमाचल प्रदेश सरकार अनुमोदन के अनुसार लागत वहन करने के लिए सहमत नहीं है और राज्य सरकार के साथ इसके वित्त पोषण के मुद्दे को उठाया गया है।

बद्दी-कालका नई लाइन (19.9 कि.मी.) इस परियोजना का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार इस परियोजना की अनुमानित लागत 384.45 करोड़ रुपए और इसके प्रतिफल की दर (-) 3.68 प्रतिशत है।

घनौली-बद्दी नई लाइन (26.30 कि.मी.) इस परियोजना का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार इस परियोजना की अनुमानित लागत 541.27 करोड़ रुपए है और इसके प्रतिफल की दर (-) 3.44 प्रतिशत है।

चंडीगढ़-बद्दी नई लाइनः इस कार्य को 2007-08 में स्वीकृत किया गया था। प्रारंभ में यह परियोजना शुरू नहीं की जा सकी थी क्योंकि इसका संरेखण वन बहुल क्षेत्रों से गुजर रहा था और अपेक्षित भूमि उपलब्ध नहीं थी। वैकल्पिक संरेखण की जांच का कार्य शुरू कर दिया गया है।

(ङ) जब चंडीगढ़-बद्दी नई लाइन परियोजना अटक गई थी तो हिमाचल प्रदेश सरकार से घनौली-बद्दी और कालका-बद्दी नई लाइन सर्वेक्षणों के लिए अनुरोध किया गया था। योजना आयोग से इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है।

विवरण

चालू राष्ट्रीय परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है

(करोड़ रुपयों में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	लागत	मार्च, 2013 तक प्रत्याशित व्यय	परिव्यय 2013-14	% प्रगति
1.	शाखा लाइनों और एमएम सहित लमडिंग-सिल्चर (482.73 कि.मी.)	1996-97	4255	3413	375	80%
2.	लिंकिंग लाइनों सहित बोगीबील पुल (73 कि.मी.)	1997-98	4500	2760	340	61%
3.	जीरीबाम-इम्फाल (तुपुल) (125 कि.मी.)	2003-04	4478	1229	453.9	27%
4.	अजरा-बर्नीहाट के स्थान पर तेतलिया-बर्नीहाट (21.50 कि.मी.)	2006-07	385	153	50	39%
5.	दीमापुर-कोहिमा (88 कि.मी.)	2006-07	850	9	1	1%
6.	अगरतला-सबरूम (110 कि.मी.)	2008-09	1141	497	140	43%
7.	भैराबी-सारंग (44.39 कि.मी.)	2008-09	2393	101	77	4%
8.	सिवोक-रांगपो (44.39 कि.मी.)	2008-09	3380	1012	102.63	3%
9.	बर्नीटाट-शिलांग (108.40 कि.मी.)	2010-11	4083	2	1	0
10.	रांगिया-मुरकोंगसेलेक और लिंक्ड फिंगर्स (510.33 कि.मी.)	2003-04	2232	1487	425	66%
11.	ऊधम-श्रीनगर-बारामूला (290 कि.मी.)	1994-95	19565	9819	1100	50%

[हिन्दी]

अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

1151. श्री कादिर राणा : क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर और मेरठ में अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई/की जा रही है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) से (ग) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाए जा रहे सभी कार्यक्रम/योजनाएं उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर तथा मेरठ जिले सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समान रूप से लागू हैं। तथापि, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर तथा मेरठ में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ कोई विशिष्ट योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

[अनुवाद]

सरकारी उपक्रमों द्वारा लघु वित्त संस्थाओं में निवेश

1152. श्री शिवकुमार उदासी : क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा निजी लघु वित्तीय संस्थाओं (एमएमआई) में निवेश कराने का सरकार का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : (क) से (ग) वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग ने 100 करोड़ रुपए की आरंभिक संग्रह निधि से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ इंडिया माइक्रो फाइनैंस इक्विटी फंड का सृजन किया जिसमें मुख्यत: देश के अलाभान्वित तथा कम लाभान्वित हिस्सों में गरीबी उन्मूलन तथा किए जा रहे कार्यों के दीर्घकालिक स्थायित्व का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से लघु समाजोन्मुख माइक्रो फाइनैंस संस्थानों (एमएफआई) पर ध्यान दिया जाएगा। इस निधि का उपयोग स्तर-II (50,000 से 2,50,000 के बीच ऋण लेने वाले) तथा स्तर-III (50,000 से कम का ऋण लेने वाले) माइक्रो फाइनैंस संस्थानों को इक्विटी, क्वासी इक्विटी या गौण ऋण प्रदान करने के लिए किया जाता है। सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ बजट 2013-14 में आईएमई निधि को 100 करोड़ रुपए के आवंटन तथा निधि में 100 करोड़ रुपए की राशि और देने की घोषणा की जिससे संग्रह निधि बढ़ कर 300 करोड़ रुपए हो गई। आज की तारीख तक सिडबी ने 104.25 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं और 79.25 करोड़ रुपए संवितरित किए हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2013-14 के लिए सिडबी को 100 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया है।

विद्युत की मांग

1153. श्री राजय्या सिरिसिल्ला : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय पन बिजली नीति के अनुसार कोयला भंडार वाले राज्य स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों से 12 प्रतिशत नि:शुल्क विद्युत की मांग कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई/की जा रही है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) संसाधन सम्पन्न कुछ राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश और झारखंड का मानना है कि कोयला धारित राज्यों को उनके पर्यावरण और अवसंरचना पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव के लिए पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए क्योंकि उनके अनुसार कोयले पर रायल्टी से राजस्व की प्राप्ति जलविद्युत परियोजनाओं के मेजबान राज्यों को की जाने वाली 12 प्रतिशत नि:शुल्क विद्युत की तुलना में कम है।

उपर्युक्त अनुरोध पर सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

मनरेगा के अंतर्गत लेखा-परीक्षा

1154. श्री पी. विश्वनाथन : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत धनराशि की लेखा-परीक्षा के संबंध में निर्धारित प्रावधानों का ब्यौरा क्या है और इसमें नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की भूमिका का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का ग्राम पंचायतों को जारी किये गए धनराशि की लेखा-परीक्षा स्वतंत्र एजेंसी से कराने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 16(5) के प्रावधानों को संशोधित करने का विचार है ताकि योजना के अंतर्गत लागत के संदर्भ में और ज्यादा कार्य की प्रतिशतता उपलब्ध कराया जा सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) केंद्र सरकार ने मनरेगा अधिनियम, 2005 की धारा 24 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 30 जून, 2011 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की लेखा परीक्षा नियमावली, 2011 की अधिसूचना जारी की है। उसमें उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार इस अधिनियम के तहत प्रत्येक जिले की योजना और राज्य रोजगार गारंटी निधि के प्रत्येक वर्ष के खातों की लेखा परीक्षा निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा या समकक्ष प्राधिकारी या चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा कराई जाएगी। जैसा भी मामला हो, प्राधिकारी को योजना के खातों और इन खातों की लेखा परीक्षा रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजनी होती है। प्रत्येक राज्य सरकार की योजना के यथाप्रमाणित खाते और इनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक या उनके द्वारा इस कार्य के लिए तैनात किए गए किसी भी व्यक्ति के पास अपनी सुविधा के पास अपनी सुविधा के हिसाब से नियमित अंतरालों पर योजनाओं के खातों की लेखा परीक्षा कराने का अधिकार होगा।

(ख) और (ग) मनरेगा योजना की लेखा परीक्षा नियमावली, 2011 में राज्य सरकारों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'विशेष लेखा परीक्षा इकाई' नामक एक स्वतंत्र संगठन के माध्यम से 6 माह में कम-से-कम एक बार अधिनियम के अंतर्गत किए गए कार्यों की सामाजिक लेखा परीक्षा कराने का कार्य सौंपा गया है। सामाजिक लेखा परीक्षा इकाई अन्य बातों के साथ-साथ मनरेगा के सभी प्रमुख स्टेक-होल्डरों के अभिलेखों की जांच करती है और ग्राम सभा की बैठक बुलाकर लेखा परीक्षा में मदद करती है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत सहायता

1155. श्री पी.आर. नटराजन : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कार्यान्वयन करने वाले राज्यों द्वारा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य-वार शुरू किए गए नए कार्यों और अब तक पूरा किए जा चुके कार्यों का ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : भारत सरकार ने अक्तूबर, 2013 में XIIवीं योजना के लिए बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम को जारी रखने हेतु अनुमोदन दे दिया है। XIIवीं योजना के दौरान, अब तक बाढ़ प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसी भी नये कार्य को अनुमोदित नहीं किया गया है।

[हिन्दी]

बाढ़ प्रबंधन

1156. श्री अनुराग सिंह ठाकुर : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विकसित हो रही नई कॉलोनियां और इससे बाधित जल निकासी, सड़क और रेल लाइन बनाते समय जल निकासी की समुचित व्यवस्था न करना तथा मानसून आने से पहले नाले की सफाई नहीं किया जाना बाढ़ के प्रमुख कारण हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि हां, तो बाढ़ के दुष्परिणाम को कम करने के उद्देश्य से देश में जल निकासी प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाने का प्रस्ताव है और इस प्रयोजन के लिए राज्य-वार क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) जल की निकासी में अवरोध कॉलोनियों में बाढ़ आने का एक प्रमुख कारण है। शहरों में आने वाले बाढ़ सहित बाढ़ प्रबंधन का विषय राज्यों के कार्य क्षेत्र में आता है। तद्नुसार बाढ़ नियंत्रण के लिए उपाय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निरूपित एवं कार्यान्वित किये जाते हैं। शहरी बाढ़ से संबंधित मामलों का समन्वय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा किया जाता है जिसने सूचित किया है कि भारत सरकार ने सुधारोन्मुखी कार्यसूची के साथ देश में तूफानी जल की निकासी सहित शहरी अवसंरचना सुविधाएं सृजित करने के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता देने की दृष्टि से वर्ष 2005 में जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीनीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) शुरू किया था। जेएनएनयूआरएम के दो घटक नामत: शहरी अवसंरचना एवं प्रशासन (यूआईजी) और छोटे एवं मध्यम शहरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास स्कीम (यूआईडीएसएसएमटी) हैं। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा अब तक यूआईजी घटक के अंतर्गत 860.12 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 76 तूफानी जल की निकासी संबंधी परियोजनायें और यूआईडीएसएसएमटी के अंतर्गत 811.47 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 68 तूफानी जल की निकासी संबंधी परियोजनायें अनुमोदित की गई हैं।

[अनुवाद]

एमएसडीपी का कार्यान्वयन

1157. श्री सी.आर. पाटिल :
श्री असादूद्दीन ओवेसी :
श्री बद्रीराम जाखड़ :
श्री आर. थामराईसेलवन :

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न राज्यों ने अल्पसंख्यक बहुल जिलों हेतु बहु-क्षेत्रक विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के संबंध में अल्पसंख्यक बहुल योजनाओं का प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एमएसडीपी के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान नियत लक्ष्यों और प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अवसंरचना विकास हेतु आवंटित धनराशि और निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है तथा कितने शहरों को इसके अंतर्गत शामिल किये जाने की संभावना है;

(घ) क्या केन्द्र सरकार ने उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों को धनराशि के उपयोग में तीव्रता लाने के लिए कहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए एमएसडीपी के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी संस्थानों का स्तरोन्यन करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो राजस्थान सहित देश में ऐसे संस्थानों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) और (ख) बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) को 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश के 20 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 90 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुत जिलों (एमसीडी) में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया था। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, एमएसडीपी हेतु कुल आवंटन 3780 करोड़ रुपए में से 3733.90 (आवंटन का 99%) की योजनाओं/परियोजनाओं को अनुमोदन दिया गया है। तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 31.03.2012 तक 2935.87 करोड़ रुपए की निर्मुक्ति की गई थी और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 2278.76 करोड़ रुपए की राशि उपयोग की गई है। तथापि, कुछ राज्यों में कार्यान्वयन की प्रगति राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से योजना प्रस्तावों की प्राप्ति में देरी, कार्यान्वयन एजेंसियों को राज्य द्वारा निधियों की निर्मुक्ति में देरी, निर्माण परियोजनाओं के लिए भूमि की अनुपलब्धता और राज्य सरकार द्वारा कार्यकारी एजेंसियों के निर्धारण में देरी के कारण धीमी है।

(ग) 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, एमएसडीपी के कार्यान्वयन हेतु 5775 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, एमएसडीपी के कार्यान्वयन हेतु 66 नगरों/शहरों को चिन्हित किया गया है।

(घ) एमएसडीपी के अंतर्गत, निर्मुक्त निधि के उपयोग में तेजी लाने के लिए मामले को पत्रों और विचार-विमर्श के जरिए विभिन्न स्तर पर उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। इस मंत्रालय के अधिकारी भी एमएसडीपी के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति जांचने और समीक्षा करने के लिए राज्यों का दौरा करते हैं।

(ङ) एमएसडीपी के अंतर्गत, तकनीकी संस्थानों जैसे पोलीटेक्नीकों और आईटीआई के उन्नयन के साथ-साथ नयों को स्थापित करने के प्रस्ताव अनुमोदित किए गए हैं।

(च) दिनांक 30.11.2013 तक, एमएसडीपी के अंतर्गत 116 आईटीआई और 44 पोलीटेक्नीक अनुमोदित किए गए हैं। राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

एमएसडीपी के अंतर्गत इसकी शुरुआत से संस्वीकृत तकनीकी संस्थान

क्र.सं.	राज्य	आईटीआई भवन	पोलीटेक्नीक
1.	उत्तर प्रदेश	53	24
2.	पश्चिम बंगाल	24	9
3.	असम	15	1
4.	बिहार	3	3
5.	मणिपुर	1	0
6.	हरियाणा	1	0
7.	झारखंड	11	3
8.	उत्तराखंड	1	2
9.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1	0
10.	ओडिशा	2	0
11.	केरल	0	1
12.	मिजोरम	2	0
13.	जम्मू और कश्मीर	1	0
14.	दिल्ली	1	0
	योग	116	44

[हिन्दी]

भारत निर्माण योजना के अंतर्गत सिंचाई

1158. श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत निर्माण योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में अब तक सिंचित क्षेत्र के अंतर्गत लाए गए भू-भाग का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्रयोजन के लिए अब तक कितनी राशि आवंटित की गई है; और

(ग) निकट भविष्य में योजना के अंतर्गत कितनी भूमि को लाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2005-06 से 2011-12 तक की अवधि के दौरान महाराष्ट्र राज्य में भारत निर्माण योजना के तहत कुल 9.22 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की गई थी और लगभग 41576 करोड़ रुपए की राशि व्यय की गई थी। सृजित सिंचाई क्षमता का क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) योजना आयोग द्वारा भारत निर्माण के तहत महाराष्ट्र राज्य के संबंध में वर्ष 2005-06 से 2008-09 तक की अवधि के लिए 821.81 हजार हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता सृजित करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। इसके बाद, योजना आयोग द्वारा राज्यों के लिए सिंचाई क्षमता सृजित करने के कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए थे।

विवरण

वर्ष 2005-06 से 2011-12 तक के लिए भारत निर्माण के तहत महाराष्ट्र राज्य में एरिया/क्षेत्र-वार सृजित सिंचाई क्षमता

क्र. सं.	एरिया/क्षेत्र	सृजित सिंचाई क्षमता (हजार हेक्टेयर में)
1.	कोंकण	23.51
2.	नासिक	326.03
3.	पुणे	89.30
4.	औरंगाबाद	224.41
5.	अमरावती	104.43
6.	नागपुर	154.62
	कुल	922.30

स्रोत: महाराष्ट्र सरकार।

[अनुवाद]

विद्युत आवंटन

1159. श्री रामसिंह राठवा : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने पश्चिमी जोन की केन्द्रीय विद्युत यूनिट से आवंटित विद्युत के हिस्से से राज्यों को मिलने वाली विद्युत की मात्रा को कम कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इसके परिणामस्वरूप उन राज्यों को राज्य-वार कितनी बिजली कम मिल रही है; और

(ग) सरकार का बिजली की इस कमी को किस प्रकार दूर करने का विचार है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) वर्तमान वर्ष के दौरान, पश्चिमी क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय क्षेत्र के उत्पादन स्टेशनों (सीजीएस) से पश्चिमी क्षेत्र के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच विद्युत के हिस्से को 15141 मेगावाट के निश्चित हिस्से के आवंटन से घटाया नहीं गया है। पश्चिमी क्षेत्र के सीजीएस के अनावंटित विद्युत से आवंटन को मानक प्रक्रिया के अनुसार देश के अन्य क्षेत्रों/राज्यों में विद्युत की अपेक्षाकृत कमी के आधार पर समय-समय पर संशोधित किया गया था। तद्नुसार अनावंटित कोटे से 180 मेगावाट विद्युत की कटौती की गई है। इस कटौती के परिणामस्वरूप, देश के शेष भागों/अन्य राज्यों/अन्य क्षेत्रों में विद्युत कमी की स्थिति की तुलना में पश्चिमी क्षेत्र में विद्युत की प्रतिकूल कमी नहीं होगी।

रेलगाड़ी मार्ग का विस्तार

1160. श्री जोस के. मणि :
श्री हरिभाऊ जावले :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में कुछ रेलगाड़ियों के मार्ग का विस्तार करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे का विचार कोल्लम-कोट्टायम पैसेंजर ट्रेन का विस्तार एर्णाकुलम तक किए जाने का है और क्या रेलवे ने

एर्णाकुलम-त्रिच्चि एक्सप्रेस (टी-गार्ड) का विस्तार नगूर तक किए जाने की घोषणा की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या ट्रेन संख्या 12110, 12118 और 12102 का मनमाड से भुसावल तक मार्ग विस्तार करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी, हां। रेलवे बजट 2013-14 में, 60 जोड़ी गाड़ियों के विस्तार करने की घोषणा की गई है। इनमें से अब तक 45 जोड़ी गाड़ियों का विस्तार कर दिया गया है। बहरहाल, भारतीय रेलवे में गाड़ियों का विस्तार करना एक सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

(ग) और (घ) इस समय, कोल्लम-कोट्टायम पैसेंजर गाड़ी का एर्णाकुलम तक विस्तार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है जबकि 30.03.2010 से एर्णाकुलम-तिरुचिरापल्ली टी गार्डेन एक्सप्रेस का नागोर तक (16187/16188 नए नं. के साथ) और आगे 17.12.2011 से कैराइकल तक विस्तार कर दिया गया है।

(ङ) और (च) इस समय, 12110 मनमाड-मुंबई सीएसटी पंचवटी एक्सप्रेस और 12118 मनमाड-लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस का भुसावल तक विस्तार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, 12102 लोकमान्य तिलक (टी)-हावड़ा जनेश्वरी एक्सप्रेस पहले ही भुसावल के रास्ते चल रही है।

[हिन्दी]

निर्मल ग्राम पुरस्कार

1161. श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे : क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्य सरकारों और जन प्रतिनिधियों से निर्मल ग्राम पुरस्कार-2009 के लिए एनजीओ के सत्यापन रिपोर्ट के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे एनजीओ और उनके स्थान के नाम क्या हैं जिनके संबंध में विगत तीन वर्ष और चालू वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार को अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : (क) जी, हां। वर्ष 2009-10 के दौरान अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे।

(ख) और (ग) वर्ष 2009-10 के दौरान जो अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे, उनकी जांच की गई थी और यह सूचित करते हुए मामले का निपटान किया गया था कि निर्मल ग्राम पुरस्कार 2009 प्रदान किए जाने हेतु इन मामलों की समीक्षा करना संभव नहीं है।

[अनुवाद]

दीर्घावधिक भविष्यवाणी

1162. श्री एस. पक्कीरप्पा : क्या **पृथ्वी विज्ञान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में समाप्त हुई दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु के दौरान भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा की गई अधिकांश दीर्घावधिक भविष्यवाणियां गलत सिद्ध हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने आईएमडी द्वारा की जाने वाली गलत भविष्यवाणियों के कारणों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन कराया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आईएमडी कार्यकरण में सुधार करने और उनके कार्य की खामियों को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गये हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) और (ख) मानसून वर्षा के दीर्घावधि पूर्वानुमान में सदैव ही कुछ हद तक त्रुटि रहने की आशंका होती है क्योंकि इसका प्रथम आकलन अप्रैल में तथा अद्यतन आकलन जून में जारी किया जाता है। पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ईएसएसओ)-आईएमडी का सदैव ही यह प्रयत्न रहा है कि सुधार के सतत प्रयासों से इस त्रुटि को कम किया जा सके। परिमाणात्मक रूप से, देश में समग्र रूप से मानसून ऋतु की वर्षा जून में जारी किए गए एलपीए के $98 \pm 4\%$ के सामान्य मानसून वर्षा परिदृश्य आकलन तथा अप्रैल में जारी किए गए $98 \pm 5\%$ के आकलन की तुलना में अपने दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 106% रही हैं।

जहां तक मानसून ने विगत 10 वर्षों के दीर्घावधि पूर्वानुमानों के सत्यापन का संबंध है, ईएसएसओ-आईएमडी के मानसून पूर्वानुमान यथोचित रूप से सही है। पूर्वानुमान त्रुटियों का विवरण नीचे दिया गया है:—

अवधि	उन वर्षों की संख्या जिनमें त्रुटियां+4% के भीतर थीं	उन वर्षों की संख्या जिनमें त्रुटियां+4-8% के भीतर थीं	उन वर्षों की संख्या जिनमें त्रुटियां+8% के भीतर थीं
2004-13	5 (2003; 2005; 2008; 2010; 2012)	3 (2006; 2011; 2013)	2 (2004; 2007; 2009)
1994-04	1 (1995)	4 (1996; 1998; 2000; 2001)	4 (1994; 1997; 1999)

सीमान्त रूप से मानसून-2013 के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने की वजह कुछ हद तक सम्पूर्ण देश में मानसून का जल्दी आना (अन्यथा मध्य जुलाई की तुलना में जून के मध्य में ही) तथा मध्य भारत तथा उत्तरी प्रायद्वीप में मानसून निम्न दबाव प्रणालियों (चक्रवाती परिसंचरणों, अवदाबों) की सामान्य से अधिक आवृत्ति रही है।

(ग) 12वीं योजना के दौरान, राष्ट्रीय मानसून मिशन पहले के अंतर्गत ईएसएसओ के अन्य संस्थानों, भारतीय उष्णदेशीय मौसम-विज्ञान संस्थान (ईएसएसओ-आईआईटीएम), पुणे, भारतीय राष्ट्रीय समुद्री सूचना सेवा केन्द्र (ईएसएसओ-इंकॉइस), हैदराबाद तथा राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ), नोएडा ने (क) विस्तारित अवधि से ऋतुनिष्ठ समय पैमाने (16 दिनों से एक ऋतु) पर मानसून वर्षा के उन्नत पूर्वानुमान तथा (ख) अल्प से मध्यम अवधि समय पैमाने (15 दिनों तक) पर तापमान, वर्षा तथा खराब मौसम की घटनाओं के उन्नत पूर्वानुमान के लिए एक अत्याधुनिक युग्मित महासागर-वायुमण्डलीय जलवायु मॉडल बनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया है ताकि ईएसएसओ-आईएमडी की प्रचालनात्मक सेवाओं के लिए पूर्वानुमान कौशल में और अधिक गुणवत्ता सुधार हो सके। गतिकी मॉडल फ्रेमवर्क के आधार पर इस वर्ष प्रायोगिक पूर्वानुमान 104-108% था जबकि वास्तविक वार्षिक वर्षा 106% थी।

व्यापार वातावरण संबंधी पैनल

1163. श्री एंटो एंटोनी :
श्री पोन्नम प्रभाकर :
श्री रवनीत सिंह :

क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कॉर्पोरेट क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए श्री एम. दामोदरन की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसमें अंतर्विष्ट सिफारिशों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) इन सिफारिशों पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है तथा उनके त्वरित कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गये/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार ने दामोदरन पैनल रिपोर्ट पर टिप्पणियां भी मांगी हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) से (ङ) भारत में व्यावसायिक वातावरण में सुधार के रोडमैप हेतु उपाय सुझाने के लिए श्री एम. दामोदरन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंप दी है, जिससे उन्होंने (क) कानूनी सुधार करके (ख) विनियामक संरचना तैयार करने (ग) विनियामक प्रक्रिया प्रभावी बनाने (घ) सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को समर्थ बनाने तथा (ङ) राज्य स्तरीय मामलों पर ध्यान देने संबंधी सुझाव दिए हैं।

रिपोर्ट को मंत्रालय की वेबसाइट पर भी डाला गया था तथा जो पहलू विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के क्षेत्राधिकार में आते हैं उन्हें उनको भेजा गया था।

कंपनी अधिनियम, 2013 में समिति के अधिकांश सुझावों को ध्यान में रखा गया है।

समाचार और नवीन घटनाक्रम संबंधी कार्यक्रम का प्रसारण

1164. श्री मानिक टैगोर :
श्री कुलदीप बिश्नोई :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निजी रेडियो केन्द्र और सामुदायिक रेडियो केन्द्रों को समाचार और नवीन घटनाक्रम संबंधी कार्यक्रम का प्रसारण करने की अनुमति नहीं है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उन्हें समाचार और नवीन घटनाक्रम संबंधी कार्यक्रम प्रसारित करने की अनुमति देने का सरकार के पास कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) और (ख) जी, नहीं। प्राइवेट एजेंसियों के जरिए एफएम रेडियो प्रसारण सेवाओं का विस्तार (चरण-II) संबंधी नीतिगत दिशा-निर्देशों के अनुसार, अनुमतिधारक को प्रसार भारती के साथ पारस्परिक रूप से यथा तय किए जाने वाले निबंधन एवं शर्तों पर आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों को ठीक उसी फॉर्मेट (अपरिवर्तित) में प्रसारित करने की अनुमति दी जाएगी।

सामुदायिक रेडियो पर नीतिगत दिशा-निर्देशों के खंड 5(vi) में उल्लेख है कि "अनुमतिधारक किन्हीं ऐसे कार्यक्रमों का प्रसारण नहीं करेगा जो समाचारों व समसामयिक विषयों से संबंधित हों और अन्यथा राजनीतिक स्वरूप के हों"।

(ग) और (घ) सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

भूमि अंतरण नीति

1165. श्रीमती श्रुति चौधरी :
श्री पोन्नम प्रभाकर :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा देश की भूमि अंतरण नीति में कोई परिवर्तन किया गया है/किए जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में हरियाणा सहित प्रत्येक राज्य के क्या विचार हैं तथा उसके क्या कारण हैं;

(ग) इससे लोगों के किस प्रकार लाभान्वित होने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार का विचार भूमि संबंधी कानूनों का कार्यान्वयन नहीं करने वाले राज्यों को दंडित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) से (ग) जी, हां। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2011 और 21 नवम्बर, 2011 के प्रत्येक अर्धशासकीय पत्रों द्वारा परिचालित निर्देशों में सरकार द्वारा निम्नलिखित छूट स्वीकृत की गई हैं:—

(i) मंत्रालय से सांविधिक प्राधिकरणों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को भूमि हस्तांतरण के सभी मामलों की अनुमति दी जाए, बशर्ते कि वे भारत सरकार (कार्य संव्यवहार) नियम की अपेक्षाओं के अनुरूप हों;

(ii) किसी ग्राही को पट्टे अथवा किराए अथवा लाइसेंस व भूमि के हस्तांतरण के सभी मामले, जिन्हें पीपीएसी के माध्यम से मूल्यांकिन किया गया है और परियोजना के मूल्य पर निर्भर करते हुए वित्त मंत्री अथवा संबंधित मंत्रियों अथवा मंत्रिमंडल, जैसा भी मामला हो, द्वारा स्वीकृत किया गया है;

(iii) रेलवे की भूमि का रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) द्वारा रेलवे संशोधन अधिनियम, 2005 और उसके तहत बनाए गए नियमों तथा रेल मंत्रालय और सरकार की विद्यमान नीतियों तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार विकास और उपयोग।

दिनांक 21.03.2011 के अ.शा. पत्र में अंतर्विष्ट अनुदेशों, जिनके अनुसार सरकार और सरकार के नियंत्रण के अधीन सांविधिक प्राधिकरणों की भूमि की बिक्री अथवा दीर्घावधि पट्टे के प्रत्येक मामले में, इस संबंध में कोई नीति बनाए जाने तक, मंत्रिमंडल की विशिष्ट स्वीकृति लिया जाना अनिवार्य था, पर स्पष्टीकरण अथवा छूट मांगे जाने के संबंध में मंत्रालयों/विभागों से कई पत्र प्राप्त हुए थे।

(घ) भूमि और इसका प्रबंधन राज्यों के विधायी और प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में आता है जैसाकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-II (राज्य सूची) की प्रविष्टि संख्या 18 में प्रावधान किया गया है। इस संबंध में राज्य सरकारों/संघ राज्यों क्षेत्रों के प्रशासनों के अपने भूमि कानून/अधिनियम/नियम और विनियम हैं। केन्द्रीय सरकार की ऐसे मामलों में सीमित भूमिका है उदाहरणार्थ-परामर्श देना, नीतियां बनाना आदि।

(ङ) उपरोक्त (घ) के उत्तर को देखते हुए, प्रश्न ही नहीं उठता।

रेल उपरिपुल

1166. श्रीमती जयश्रीबेन पटेल :
श्री जगदीश ठाकोर :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात सरकार से पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उपरिपुल और अधोपुल हेतु प्राप्त प्रस्तावों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन प्रस्तावों को कब तक अनुमोदित और कार्यान्वित किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या गुजरात सरकार ने वार्षिक आधार पर लागत बंटवारा योजना के आधार पर 15 रेल उपरिपुलों (आरओबी) का कार्य शुरू करने हेतु रेलवे से प्रस्ताव प्रस्तुत किया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्तावों को कब तक अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान गुजरात राज्य सरकार से व्यापक उपरि सड़क पुल/निचले पुलों की लागत भागीदारी के आधार पर प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत कर दिए गए हैं।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में गुजरात राज्य में लागत भागीदारी के आधार पर स्वीकृत किये गए उपरि सड़क पुल (आरओबी)/निचले सड़क पुल (आरयूबी) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

स्वीकृत किया गया वर्ष	लागत भागीदारी के आधार पर स्वीकृत किए गए आरओबी/आरयूबी की संख्या
2010–11	10
2011–12	3
2012–13	62
2013–14	6
जोड़	81

(ख) रेलवे के पास कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ग) जी, हां, गुजरात सरकार से वार्षिक आधार पर प्राप्त 15 आरओबी का निर्माण करने के प्रस्तावों को रेलवे द्वारा पहले ही अनुमोदित कर दिया गया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

नाफ्था से विद्युत उत्पादन

1167. श्री जी.एम. सिद्देश्वर : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा राज्य-वार नाफ्था ईंधन आधारित कितनी विद्युत परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है;

(ख) देश में नाफ्था आधारित विद्युत परियोजनाओं से कुल कितनी मेगावाट विद्युत उत्पादन होने की अनुमान है;

(ग) उक्त परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत की प्रति यूनिट औसत उत्पादन लागत कितनी है;

(घ) क्या सरकार का उक्त प्रयोजन के लिए नाफ्था का आयात करने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सभी विद्युत परियोजनाओं के चालू होने तक प्रत्येक वर्ष कितनी विदेशी मुद्रा के व्यय होने की संभावना है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुसार, ताप विद्युत संयंत्रों या फीडस्टोक के रूप में नाफ्था का उपयोग करने वाले विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए किसी मंजूरी/स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है।

(ख) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के रिकॉर्ड के अनुसार देश में अक्तूबर, 2013 माह में नाफ्था आधारित परियोजनाओं से विद्युत का कुल उत्पादन शून्य है।

(ग) से (च) उपर्युक्त (ख) के परिप्रेक्षय में प्रश्न नहीं उठता।

भारत निर्माण वेबसाइट

1168. श्री ए. गणेशमूर्ति : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने आकाशवाणी की नई एसएमएस आधारित समाचार सहित भारत निर्माण वेबसाइट की शुरुआत की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त सेवा के संबंध में आम लोगों की क्या प्रतिक्रिया है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) की द्विभाषी (अंग्रेजी और हिन्दी) भारत निर्माण वेबसाइट *(bharat-nirman.in)* और आकाशवाणी (एआईआर) की समाचार एमएसएम सेवा दिनांक 09.09.2013 को शुरू की गई।

(ख) उक्त वेबसाइट *(bharat-nirman.in)* के होम-पेज पर भारत सरकार की महत्त्वपूर्ण पहलों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है।

इसके अतिरिक्त, वेबसाइट में निम्नलिखित खंडों के अंतर्गत सूचना प्रदान की गई है:—

(i) "इनफॉरग्राफ्कि" — आरेख सहित सूचना प्रदान की गई है।

(ii) "एट ए ग्लॉन्स" — पहलों के संबंध में सरसरी तौर पर जानकारी दी गई है।

(iii) प्रेस विज्ञप्ति और मीडिया कवरेज।

(iv) सोशल मीडिया वेबसाइटों के लिंक।

वेबसाइट के अन्य पृष्ठों पर भारत निर्माण और अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत सरकार की विभिन्न विकास और कल्याण पहलों, संबंधित कीर्ति-गाथाओं के बारे में सूचना एवं ई-बुक है एवं वेबसाइट के लाभग्राहियों के लिए फीडबैक देने का प्रावधान है।

आकाशवाणी की नई एसएमएस आधारित अद्यतन समाचार सेवा के अंतर्गत, आकाशवाणी द्वारा एक दिन से तीन बार मुफ्त एसएमएस द्वारा सेवा के ग्राहकों को 3-4 समाचार हेडलाइन भेजी जाती हैं।

(ग) द्विभाषी भारत निर्माण वेबसाइट के इसे शुरू किए जाने से लेकर अब तक लगभग 18,000 लाभग्राही हो चुके हैं और लगभग 90 प्रतिक्रियाएं वेबसाइट के फीडबैक खंड में डीएवीपी को प्राप्त हो चुकी हैं। भारत निर्माण पहलों से संबंधित जिज्ञासाओं के तुरंत उत्तर दिए जाते हैं।

चार लाख से ज्यादा लोग आकाशवाणी की नई एसएमएस आधारित समाचार सेवा के ग्राहक बन चुके हैं।

[हिन्दी]

मध्य प्रदेश में आमान परिवर्तन

1169. श्री गणेश सिंह : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश (एमपी) में विगत तीन वर्षों के दौरान चालू/लंबित तथा वर्ष 2013 तक घोषित आमान परिवर्तन परियोजनाओं का खंड-वार ब्यौरा तथा मौजूदा स्थिति क्या है;

(ख) मध्य प्रदेश में आज की तिथि के अनुसार स्थान-वार मीटर गेज लाइन की संख्या और कुल लंबाई कितनी है;

(ग) उक्त मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तित करने के लिए रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गये/उठाए जा रहे हैं; और

(घ) उक्त कार्यों को कब तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) परियोजनाएं जोन-वार शुरू की जाती हैं न कि राज्य-वार। बहरहाल, पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली आमान परिवर्तन की चालू/लंबित परियोजनाओं, जिसमें 2013 तक घोषित परियोजनाएं भी शामिल है, की मौजूदा स्थिति निम्नलिखित है:—

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (कि.मी.)	लागत 2013-14	मार्च, 2013 तक किया गया व्यय	2013-14 के के लिए परिव्यय	वर्तमान स्थिति सहित लक्ष्य जहां निर्धारित है
1	2	3	4	5	6	7
1.	बालाघाट कटंगी सहित जबलपुर-गोंदिया	285	1038	643.94	30	बालाघाट-कटंगी (46.80 कि.मी.) और (42 कि.मी.) का कार्य पूरा हो गया है और इसे चालू कर दिया गया है। शेष खंड पर मिट्टी संबंधी कार्य और पुलों का कार्य शुरू किया गया है। बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर का कार्य वन विभाग की क्लीयरेंस के कारण रुका पड़ा है कुल प्रगति 66%
2.	छिंदवाडा-नागपुर	149.52	585.93	277.51	200	भूमि अधिग्रहण, मिट्टी संबंधी कार्य, पुल और सुरंग का कार्य कार्यान्वयन के विभिन्न स्तर पर है कुल प्रगति 61% लक्ष्य मार्च, 2016

1	2	3	4	5	6	7
3.	रतलाम-मोहू-खंडवा-अकोला	472.64	1421.25	195.04	119.83	रतलाम-फतेहाबाद (80 कि.मी.): खंड को 2012-13 में पूरा कर लिया गया है। फतेहाबाद-इंदौर (40 कि.मी.): में मिट्टी संबंधी कार्य, छोटे पुलों का कार्य शुरू किया गया है और खंड के मार्च, 2014 तक पूरा होने का लक्ष्य है। अकोला-खंडवा खंड के लिए वन विभाग से क्लीयरेंस की प्रतीक्षा है।
4.	छिंदवाडा-मंडला कोर्ट	182.25	737.72	29.04	10	कुल प्रगति 7% है।
5.	कोटा तक विस्तार सहित ग्वालियर-शिवपुरकलां	284	3712	1.06	2	अंतिम स्थान सर्वेक्षण पूरा हो गया है। कार्य प्रारंभिक चरण में है।

(ख) वर्तमान में मध्य प्रदेश में निम्नलिखित तीन मीटर गेज लाइन खंड मौजूद हैं:—

1. अकोला-खंडवा (69 कि.मी.)
2. रतलाम-खंडवा (258 कि.मी.)
3. फतेहाबाद चंद्रावटी गंज-इंदौर (39 कि.मी.)

(ग) और (घ) मध्य प्रदेश की सभी मौजूदा मीटर गेज लाइनों को ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तन करने के लिए स्वीकृत किया गया है। चालू परियोजनाओं के भारी थ्रोफावर्ड होने के कारण और संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण, इन सभी खंडों के परिवर्तन के लिए लक्ष्य तिथि निर्धारित नहीं की गई है।

वंचित व्यक्ति

1170. **श्री प्रदीप कुमार सिंह :** क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार समाज के सभी तबकों के वंचित व्यक्तियों को समान अवसर आयोग (ईओसी) के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत लाने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) और (ख) न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्ति) राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ वंचित समूहों की शिकायतों पर ध्यान देने के लिए समान अवसर आयोग (ईओसी) की स्थापना की सिफारिश की थी। सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ समान अवसर आयोग की संरचना और कार्यों की जांच और निर्धारण के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया था। विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट, इस उद्देश्य के लिए गठित मंत्रियों के समूह और विभिन्न हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों/इनपुटों के आधार पर, अल्पसंख्यक समुदायों के वंचित समूहों के लिए समान अवसर आयोग की स्थापना हेतु समान अवसर आयोग विधेयक मसौदा सरकार के विचाराधीन है।

[अनुवाद]

इलेक्ट्रॉनिक भू-अभिलेख

1171. **श्री सुरेश कुमार शेटकर :**
श्री राजय्या सिरिसिल्ला :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण संबंधी योजना तैयार की है जिसमें राज्यों के लिए समेकित और इलेक्ट्रॉनिक भू-अभिलेखों की प्रणाली विकसित करने के लिए तीन वर्षीय रूपरेखा प्रावधान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके कार्यान्वयन की राज्य-वार स्थिति क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) और (ख) भारत सरकार ने वर्ष 2008-09 में 'भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण (सीएलआर)' और 'राजस्व प्रशासन का

सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अभिलेखों का अद्यतनीकरण (एसआरएएण्ड यूएलआर)' नामक दो विद्यमान केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं का विलय करके 'राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एनएलआर एमपी)' के रूप में एक नई और संवर्धित केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम कार्यान्वित करने का निर्णय लिया। एनएलआरएमपी का मुख्य उद्देश्य देश में एक आधुनिक, व्यापक और पारदर्शी भूमि अभिलेख प्रबंधन प्रणाली विकसित करना है। इसमें भूमि अभिलेखों और रजिस्ट्रेशन प्रणालियों को कम्प्यूटरीकृत करना और एकीकृत करना प्रस्तावित है ताकि हमें मांग पर तत्काल (रीयल टाइम में) भूमि अभिलेख प्राप्त हो सकें। एनएलआरएमपी के अंतर्गत कार्यान्वयन की इकाई जिला है जहां इस कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकलाप समाहित होंगे। इस कार्यक्रम के तहत देश के सभी जिलों में 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक यह कार्यक्रम लागू किया जाना प्रस्तावित है।

(ग) एनएलआरएमपी के कार्यान्वयन की स्थिति संलग्न विवरण में दी गई है।

विवरण

एनएलआरएमपी के कार्यान्वयन की स्थिति

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शामिल किए गए जिलों की संख्या (30.11.2013 की स्थिति)
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	6
2.	अरुणाचल प्रदेश	1
3.	असम	27
4.	बिहार	38
5.	छत्तीसगढ़	13
6.	गुजरात	22
7.	गोवा	0
8.	हरियाणा	21
9.	हिमाचल प्रदेश	7
10.	जम्मू और कश्मीर	9
11.	झारखंड	20
12.	कर्नाटक	6
13.	केरल	11
14.	मध्य प्रदेश	27
15.	महाराष्ट्र	16
16.	मणिपुर	4
17.	मेघालय	5
18.	मिजोरम	3
19.	नागालैंड	6
20.	ओडिशा	30
21.	पंजाब	5
22.	राजस्थान	4
23.	सिक्किम	4
24.	तमिलनाडु	32
25.	त्रिपुरा	7
26.	उत्तर प्रदेश	26
27.	उत्तराखंड	10
28.	पश्चिम बंगाल	19
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1
30.	चंडीगढ़	0
31.	दादरा और नगर हवेली	1
32.	दिल्ली	3
33.	दमन और दीव	2
34.	लक्षद्वीप	1
35.	पुदुचेरी	2
	योग	379

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर एसीडीएम प्रणाली

1172. श्री सुरेश कलमाडी : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन (आईजीआईए) ने विमान के उतरने और उड़ान भरने में देरी से निपटने तथा उन्हें सटीक और अनुमान्य बनाने के लिए हाल ही में एयरपोर्ट कोलाबोरनेटिव डिसिजन मेकिंग (एसीडीएम) नामक आधुनिक प्रणाली आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर एसीडीएम की शुरुआत के बाद विमानों के उतरने और उड़ाने भरने के समय में कुल मिलाकर आए सुधार को दर्शाने वाला तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अन्य देशों में भी एसीडीएम प्रचलन में है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल): (क) जी, हां।

(ख) एयरपोर्ट कोलाबोरेटिव डिसीजन मेकिंग (ए-सीडीएम) अनुमानों की बजाय लक्षित समय (टारगेट टाइमिंग) पर काम करता है। इससे हवाईअड्डा प्रचालनों की कार्यप्रणाली में पारंपरिक प्रणाली की अपेक्षा बहुत बदलाव आया है। ए-सीडीएम की वजह से बेहतर सुविज्ञ, सुनियोजित और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया के लिए प्रचालनिक आंकड़ों की शेयरिंग सुगम हो जाती है, जिससे और अधिक सटीक समग्र प्रचालनिक प्रक्रियाएं सुनिश्चित होती हैं। इसके परिणामस्वरूप संसाधनों की ईष्टतम उपयोगिता, कुशल टर्न एराउंड प्रक्रिया सुनिश्चित होती है और हर कोई स्थिति से सामान्य रूप से अवगत हो जाता है। ए-सीडीएम एयरलाइनों, हवाईअड्डा प्रचालक, हवाई यातायात नियंत्रक, ग्राउंड हैंडलरों आदि के बीच सटीक और समयबद्ध सूचना की लिंकिंग और शेयरिंग द्वारा अनुमान्यता, समग्र कुशलता और समयपालन में कारगर रूप से वृद्धि होती है। सभी सहभागी पूर्ण सहयोग से काम करते हैं। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ए-सीडीएम का कार्यान्वयन 05.06.2013 से किया गया है। विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ में समग्र सुधार का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

समयबद्ध निष्पादन	ए-सीडीएम से पहले	ए-सीडीएम लगने पर
प्रस्थान	79.4%	86.4%
आगमन	73.0%	79.2%

(ग) और (घ) जी, हां। फिलहाल जर्मनी, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, स्विटजरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया आदि समेत 30 से अधिक देश ए-सीडीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

विद्युत की बिक्री

1173. श्री आनंदराव अडसुल :
श्री अधलराव पाटील शिवाजी :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने आयातित गैस के प्रयोग के लिए वाणिज्यिक विद्युत निर्माताओं की राजसहायता बढ़ाने के बजाय निजी विद्युत संयंत्रों को ईंधन के रूप में उपयोग हेतु उनके उत्पादन के 50 प्रतिशत हिस्से की खुले बाजार में बिक्री किए जाने की अनुमति प्रदान करने संबंधी सुझाव दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में विद्युत मंत्रालय की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) इसकी विद्यमान स्थिति क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) गैस पर आधारित विद्युत संयंत्रों की व्यवहार्यता में सुधार करने के लिए घरेलू गैस के साथ आयानित रीगैसीकृत द्रवीकत प्राकृतिक गैस की पूलिंग और अन्य विकल्पों की संभावना की जांच की जा रही है। उपरोक्त के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

[हिन्दी]

टीएचडीसी में रोजगार

1174. श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टिहरी बांध परियोजना द्वारा विस्थापित हुए परिवारों को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी उत्तराखंड में रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान टीएचडीसी परियोजना में की गई नियुक्तियों का इंजीनियरों सहित पद-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान इन पदों पर कितने स्थानीय लोगों की नियुक्ति की गई?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) टीएचडीसीआईएल ने राज्य सरकार के साथ

हस्ताक्षरित कार्यान्वयन करार के आधार पर परियोजना प्रभावित क्षेत्र से टिहरी बांध परियोजना में 822 व्यक्तियों को नियुक्त किया है।

(ग) और (घ) पिछले 03 वर्षों के दौरान 49 कार्मिकों की भर्ती की गई थी, जिसमें 9 स्थानीय व्यक्ति थे। पद-वार ब्यौरे विवरण नीचे दिए गए हैं:—

क्र. सं.	वर्ष	पद का नाम	कार्मिकों की संख्या
1.	2010	भूवैज्ञानिक	2
2.	2010	परिचर	2
3.	2011	इंजीनियर	1
4.	2011	लेखा अधिकारी	1
5.	2011	कंपनी सचिव (प्रशिक्षु)	1
6.	2011	कनिष्ठ तकनीशियन	1
7.	2012	उप-प्रबंधक (वित्त)	2
8.	2012	इंजीनियर (प्रशिक्षु) तथा प्रबंधन (प्रशिक्षु)	36 03

भारत वैगन और इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड

1175. श्री मंगनी लाल मंडल : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मुजफ्फरपुर और मोकामा स्थित भारत वैगन और इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (बीडब्ल्यूईसीएल) में उत्पादन तथा क्षमता में वृद्धि के लिए आवंटित और खर्च की गई धनराशि का वर्षवार और इकाई-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उत्पादन और क्षमता के उपयोग का वर्षवार तथा इकाई-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त इकाइयों के संबंध में उत्पादन में आवंटित धनराशि के बेहतर उपयोग और आनुपातिक वृद्धि के लिए क्या अन्य कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान आवंटित निधि और खर्च की गई धनराशि निम्नानुसार है:—

वर्ष	आवंटित निधि	खर्च की गई निधि
2010-11	कुछ नहीं	कुछ नहीं
2011-12	कुछ नहीं	कुछ नहीं
2012-13	12 करोड़ रुपए	(वेतन/पीएफ देयताओं के
2013-14	18 करोड़ रुपए	भुगतान और उत्पादन फिर से शुरू करने के लिए सामान सूची के निर्माण में निधि का पूर्ण रूप से उपयोग कर लिया गया है)

(ख) उक्त अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता का उपयोग वर्ष-वार निम्नानुसार है:—

	मुजफ्फरपुर	मोकामा	कुल	क्षमता उपयोग
2010-11	123	75	198	22%
2011-12	110	118	228	26%
2012-13	44	69	113	13%
2013-14 (नवंबर 2013 तक)	156	93	243	42%

(ग) मशीन एवं संयंत्र के अपग्रेडेशन और प्रति माह 50-80 वैगन के लिए सामान सूची को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

[अनुवाद]

टीवी चैनलों के लिए नई सुरक्षा स्वीकृति नीति

1176. श्री असादूद्दीन ओवेसी : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय के निवेदन पर गृह मंत्रालय ने टीवी चैनलों के लिए नई सुरक्षा स्वीकृति नीति बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अग्रणी टेलीविजन प्रसारण कंपनियों के मालिकों और शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों ने हाल ही के नियमों की समीक्षा का आग्रह किया है;

(घ) यदि हां, तो टीवी चैनलों की मुख्य आपत्तियां क्या हैं;

(ङ) क्या सरकार का विचार इन नियमों की समीक्षा करने का है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) और (ख) सूचना और प्रसाण मंत्रालय ने नए टीवी चैनल के अपलिंक/डाउनलिंक की अनुमति मांगने वाली कंपनियों के प्रस्तावों के संदर्भ में गृह मंत्रालय से यह जानकारी दिए जाने के लिए अनुरोध किया था कि क्या सुरक्षा अनुमति ऐसे प्रस्तावों के संबंध में फिर से अपेक्षित होगी चाहे उसी कंपनी को, जिसके निर्देशक वही हैं, पहले ही गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा दृष्टि से अनुमति दी जा चुकी है और यह भी स्पष्ट किए जाने का अनुरोध किया था कि गृह मंत्रालय द्वारा दी गई सुरक्षा अनुमति की वैधता की समय-सीमा क्या होगी। गृह मंत्रालय ने नए टीवी चैनलों को अपलिंक/डाउनलिंक करने की अनुमति चाहने वाली कंपनियों के लिए नए सिरे से सुरक्षा अनुमति की अपेक्षा की पुष्टि की है चाहे उसी कंपनी और उसके निर्देशकों को पहले से सुरक्षा दृष्टि से अनुमति दी गई हो और इस बात को स्पष्ट किया कि कंपनी और उसके निदेशकों की सुरक्षा अनुमति गृह मंत्रालय द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय को इस संबंध में सूचित किए जाने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए वैध होगी।

(ग) और (घ) इस मंत्रालय को नवंबर, 2013 में समाचार प्रसारक संघ (एनबीए) की ओर से एक प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें इस निर्णय पर पुनर्विचार किए जाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने उल्लेख किया है कि यह (गृह मंत्रालय से सुरक्षा अनुमति की वैधता की अवधि का 3 वर्ष तक के लिए सीमित होना) प्रसारण कंपनियों पर अनावश्यक परेशानी डालती है। इसके अतिरिक्त इससे विसंगतिपूर्ण स्थिति उत्पन्न होती है क्योंकि अपलिंकिंग के लिए अनुमति अपलिंकिंग/डाउनलिंकिंग दिशा-निर्देशों के अनुसार 10 वर्षों की अवधि के लिए प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि सुरक्षा अनुमति प्रदान करने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है। यह भी उल्लेख किया गया है कि इस कदम से प्रसारकों का व्यवसाय धीमा हो जाएगा।

(ङ) से (छ) ऐसे सभी प्रतिवेदनों के संबंध में संबंधित मंत्रालय/विभाग के साथ परामर्श करके विद्यमान दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

[हिन्दी]

कृषि भूमि

1177. श्री ए.टी. नाना पाटील :
श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विदेशी कम्पनियां कृषि भूमि का बड़े पैमाने पर अधिग्रहण कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में कृषि भूमि की विदेशी कंपनियों द्वारा खरीद पर रोक लगाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कृषि भूमि को कम होने से रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) से (ङ) भूमि और इसका प्रबंधन राज्यों के विधायी और प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आता है, जैसा कि संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची (सूची-II) की प्रविष्टि संख्या 18 में प्रावधान किया गया है। तद्नुसार, इस संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की अपनी नीतियां/अधिनियम/मैनुअल हैं। तथापि, कृषि भूमि का गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने को रोकने की दृष्टि से, कृषि मंत्रालय ने एक राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 (एनपीएफ-2007) तैयार की है जिसमें यह भी परिकल्पित है कि 'उत्तम कृषि भूमि को, असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, अवश्य रूप से कृषि के लिए संरक्षित किया जाना चाहिए, बशर्ते कि वे एजेंसियां, जिन्हें गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए कृषि भूमि मुहैया कराई जाती है, कहीं और उतने ही क्षेत्रफल की अवक्रमित/बंजर भूमि का सुधार और पूर्ण विकास करके प्रतिपूर्ति करें। गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए, जहां तक संभव हो, कृषि के लिए निम्न जैविक क्षमता वाली भूमि निर्धारित और आवंटित की जानी चाहिए। राज्य सरकारों को कहा गया है कि वे गैर-कृषि विकास कार्यकलापों, जिनमें औद्योगिक और निर्माण कार्यकलाप शामिल हैं, के लिए निम्न जैविक क्षमता वाली भूमि जैसे अकृष्य भूमि, लवणता, अम्लता आदि से प्रभावित भूमि निर्धारित करें'। इसके अलावा, विदेशी कंपनियों द्वारा ली गई कृषि भूमि के संबंध में वर्ष-वार, और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आंकड़े इस मंत्रालय द्वारा नहीं रखे जा रहे हैं।

नई उड़ानें

1178. श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए वायुमार्गों के चयन के मानदंड क्या हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार कुछ नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को अनुमति देने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (ग) भारत सरकार के पास अंतर्राष्ट्रीय सेक्टर के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर प्रचालन कर रहे सभी भारतीय अनुसूचित वाहकों को यातायात अधिकार आवंटित करने के लिए नीति है। भारतीय विमान वाहक अपनी क्षमता, वित्तीय सामर्थ्य और सेक्टर की मांग के आधार पर यातायात अधिकारों के लिए अनुरोध करते हैं। नीति के अनुसार, यातायात अधिकारों का आवंटन संबंधित द्विपक्षीय हवाई सेवा करार के अधीन ऐसे अधिकारों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। अन्य पात्र आवेदकों को यातायात अधिकार आवंटित किए जाने से पहले एयर इंडिया द्वारा प्रस्तुत प्रचालन योजनाओं पर यथोचित विचार किया जाता है। नम्वबर, 2012 से नए अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर प्रचालन के लिए भारतीय अनुसूचित वाहकों को प्रदान किए गए यातायात अधिकार निम्नानुसार हैं:—

दिल्ली-सेम-मैड्रिड/बर्सीलोना (एयर इंडिया), दिल्ली मास्को (एयर इंडिया), दिल्ली-सिडनी/मेलबर्न (एयर इंडिया), मुंबई-नैरोबी (एयर इंडिया), मुंबई-अल नजफ (एयर इंडिया), लखनऊ-अल नजफ (स्पाइसजेट), वाराणसी-अल नजफ (स्पाइसजेट), दिल्ली-हो ची मिन्ह सिटी (स्पाइसजेट), दिल्ली-मकाऊ (स्पाइसजेट), मुंबई-जकार्ता (जेट एयरवेज), मुंबई-ज्यूरिख (जेट एयरवेज), दिल्ली-ताशकंद (जेट एयरवेज), मुंबई-हो ची मिन्ह सिटी (जेट एयरवेज), हैदराबाद-रियाद (स्पाइसजेट), बेंगलुरु-आबू धाबी (जेट एयरवेज), हैदराबाद-अबू धाबी-तेहरान (जेट एयरवेज), चंडीगढ़-दुबई (स्पाइसजेट और इंडीगो), मदुरै-दुबई (स्पाइसजेट), हैदराबाद-दम्माम (स्पाइसजेट), कोलकाता- ग्वांगझ (स्पाइसजेट), मदुरै-क्वालाल्मपुर (स्पाइसजेट), बागडोगरा- काठमांडू (स्पाइसजेट), बेंगलुरु-बैंकाक (स्पाइसजेट)।

[अनुवाद]

जैविक-शौचालय

1179. श्री एस.एस. रामासुब्बू : क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार देश की ग्रामीण पंचायतों में बड़ी संख्या में जैविक-शौचालयों की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना का विस्तार देशभर में करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सभी ग्रामीण पंचायतों को कब तक इस योजना के अंतर्गत कवर किए जाने की संभावना है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी) : (क) से (ङ) पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित बायो-डाईजेस्टर/बायो-टैंक आधारित, पर्यावरण-अनुकूल शौचालयों को ग्राम पंचायतों में कार्यान्वयन के लिए डीआरडीओ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह निर्णय लिया गया है कि इच्छुक राज्य डीआरडीओ से तकनीकी सहायता लेकर परियोजनाओं को अमल में ला सकते हैं। निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के दिशा-निर्देश, वित्तीय सहायता सहित, परियोजना के लिए आधार होंगे, जो कि बायो-डाईजेस्टर शौचालयों हेतु वही होंगे, जैसा कि निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के दिशा-निर्देशों में उल्लेख किया गया है। एनबीए के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत निर्धारित लागत से अधिक अतिरिक्त लागत तथा मनरेगा के अंतर्गत अनुमत लागत का वहन राज्य सरकार द्वारा लिया जाएगा।

[हिन्दी]

आकाशवाणी केन्द्रों और टी.वी. ट्रांसमीटरों की स्थापना

1180. श्री बद्रीराम जाखड़ : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में और अधिक आकाशवाणी केन्द्रों और टी.वी. ट्रांसमीटरों की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में की गई कार्रवाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केन्द्र सरकार को राजस्थान सहित विभिन्न राज्य सरकारों से अत्यधिक कम शक्ति वाले ट्रांसमीटरों/कम शक्ति वाले ट्रांसमीटरों (वीएलपी/एलपीटी) का उच्च्व शक्ति वाले ट्रांसमीटरों (एचपीटी) में उन्नयन किए जाने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(च) यदि हां, तो केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) :

(क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि देश के 88 स्थानों पर 11वीं योजना के अंतर्गत अनुमोदित नए आकाशवाणी केंद्र कार्यान्वयनाधीन हैं। तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

11वीं योजना की सतत् स्कीमों के भाग के रूप में दूरदर्शन की निम्नलिखित ट्रांसमीटर परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं:—

जम्मू और कश्मीर

1. एचपीटी, ग्रीन रिज
2. एचपीटी, हिम्बोटिंगला
3. एचपीटी, नाथा टॉप
4. एचपीटी राजौरी (डीडी 1 एवं डीडी न्यूज)

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

वीएलपीटी, जोगिंदर नगर

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) और (च) विभिन्न राज्य सरकारों से उनके अपने राज्यों में नए ट्रांसमीटरों की स्थापना करने/मौजूदा अल्प शक्ति एवं अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटरों का उन्नयन करने हेतु समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं।

प्रसार भारती ने सूचित किया है कि राज्य सरकारों द्वारा अनुरोधित किसी संस्थान पर किसी नए ट्रांसमीटर की स्थापना करने/मौजूदा ट्रांसमीटर का स्तरोन्नयन करने की कोई स्कीम नहीं है।

विवरण

स्थापित होने वाले आकाशवाणी केन्द्रों की सूची

क्र.सं.	राज्य	केन्द्र	प्रेषित्र की क्षमता
1	2	3	4
1.	अरुणाचल प्रदेश	अनीनी	1 किवा एफ.एम.
2.	अरुणाचल प्रदेश	बारीरीजो	100 वाट एफ.एम.
3.	अरुणाचल प्रदेश	भालूकपोंग	100 वाट एफ.एम.
4.	अरुणाचल प्रदेश	बोलेंग	100 वाट एफ.एम.
5.	अरुणाचल प्रदेश	चांगलैंग	1 किवा एफ.एम.
6.	अरुणाचल प्रदेश	छयंगताजो	100 वाट एफ.एम.
7.	अरुणाचल प्रदेश	डापोरीजो	1 किवा एफ.एम.
8.	अरुणाचल प्रदेश	गेनसी	100 वाट एफ.एम.
9.	अरुणाचल प्रदेश	हेयूलियांग	100 वाट एफ.एम.
10.	अरुणाचल प्रदेश	खोन्सा	1 किवा एफ.एम.
11.	अरुणाचल प्रदेश	कोयू	100 वाट एफ.एम.
12.	अरुणाचल प्रदेश	मारीयांग	100 वाट एफ.एम.
13.	अरुणाचल प्रदेश	मेचूका	100 वाट एफ.एम.
14.	अरुणाचल प्रदेश	नमपोंग	100 वाट एफ.एम.

1	2	3	4
15.	अरुणाचल प्रदेश	पालिन	100 वाट एफ.एम.
16.	अरुणाचल प्रदेश	रागा	100 वाट एफ.एम.
17.	अरुणाचल प्रदेश	रूमगोंग	100 वाट एफ.एम.
18.	अरुणाचल प्रदेश	संग्राम	100 वाट एफ.एम.
19.	अरुणाचल प्रदेश	सागाली	100 वाट एफ.एम.
20.	अरुणाचल प्रदेश	तुर्टींग	100 वाट एफ.एम.
21.	अरुणाचल प्रदेश	याचूली	100 वाट एफ.एम.
22.	अरुणाचल प्रदेश	यिंगकियोंग	100 वाट एफ.एम.
23.	असम	बकुलीघाट	100 वाट एफ.एम.
24.	असम	बारपेटा	100 वाट एफ.एम.
25.	असम	डुडनोई	100 वाट एफ.एम.
26.	असम	गोलपारा	1 किवा एफ.एम.
27.	असम	करीमगंज	1 किवा एफ.एम.
28.	असम	लंका	100 वाट एफ.एम.
29.	असम	लुमडिंग	1 किवा एफ.एम.
30.	असम	सरीहजन	100 वाट एफ.एम.
31.	असम	उडलगुरी	100 वाट एफ.एम.
32.	असम	जूनागढ़	10 किवा एफ.एम.
33.	गुजरात	ग्रीन रीज	10 किवा एफ.एम.
34.	जम्मू और कश्मीर	हिमबोटिंगला	10 किवा एफ.एम.
35.	जम्मू और कश्मीर	नाथाटोप	10 किवा एफ.एम.
36.	जम्मू और कश्मीर	दुमका	100 वाट एफ.एम.
37.	झारखंड	तमेंगलेंग	100 वाट एफ.एम.
38.	मणिपुर	उखरूल	100 वाट एफ.एम.
39.	मेघालय	बाघमारा	100 वाट एफ.एम.
40.	मिजोरम	चम्फई	1 किवा एफ.एम.
41.	मिजोरम	चीहफुरी	100 वाट एफ.एम.

1	2	3	4
42.	मिजोरम	खवबुंग	100 वाट एफ.एम.
43.	मिजोरम	कोलासिब	1 किवा एफ.एम.
44.	मिजोरम	पुकिजंग	100 वाट एफ.एम.
45.	मिजोरम	ट्यूपेंग	1 किवा एफ.एम.
46.	मिजोरम	वानलाइफाई	100 वाट एफ.एम.
47.	मिजोरम	जौरगीन	100 वाट एफ.एम.
48.	नागालैंड	हेनिमा (तेनिंग)	100 वाट एफ.एम.
49.	नागालैंड	मेलूरी	100 वाट एफ.एम.
50.	नागालैंड	फेक	1 किवा.
51.	नागालैंड	वोखा	1 किवा.
52.	नागालैंड	जूनहेबोटो	1 किवा.
53.	पंजाब	अमृतसर	20 किवा एफ.एम.
54.	पंजाब	फाजिल्का	20 किवा एफ.एम.
55.	राजस्थान	चौटन हिल	10 किवा एफ.एम.
56.	सिक्किम	चूंगथांग	100 वाट
57.	सिक्किम	डेनतम	100 वाट
58.	सिक्किम	ग्यालसिंग	100 वाट
59.	सिक्किम	लचेन	100 वाट
60.	सिक्किम	लाचुंग, फोरेस्ट गेस्ट हाउस	100 वाट
61.	सिक्किम	मंगन	100 वाट
62.	सिक्किम	नामथैंग, पोलिस थाना	100 वाट
63.	सिक्किम	सोरंग	100 वाट
64.	सिक्किम	यूकलोम	100 वाट
65.	त्रिपुरा	चोवमानु	100 वाट एफ.एम.
66.	त्रिपुरा	दमछारा	100 वाट एफ.एम.
67.	त्रिपुरा	गंदचारा	100 वाट एफ.एम.
68.	त्रिपुरा	जोलाईबरी	100 वाट एफ.एम.

1	2	3	4
69.	त्रिपुरा	अमवासा	100 वाट एफ.एम.
70.	त्रिपुरा	लौंगथराई	5 किवा एफ.एम.
71.	त्रिपुरा	नूतन बाजार	1 किवा एफ.एम.
72.	त्रिपुरा	साखन	100 वाट एफ.एम.
73.	त्रिपुरा	सिलाचेरी	100 वाट एफ.एम.
74.	त्रिपुरा	उदयपुर	1 किवा एफ.एम.
75.	त्रिपुरा	वंगमुन (भंगमुन)	100 वाट एफ.एम.
76.	दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	दियू	100 वाट
77.	उत्तर प्रदेश	बांदा	10 किवा एफ.एम.
78.	उत्तराखंड	बागेश्वर	5 किवा एफ.एम.
79.	उत्तराखंड	चंपावत	1 किवा
80.	उत्तराखंड	देहरादून	10 किवा एफ.एम.
81.	उत्तराखंड	गेरीसन	1 किवा. एफ.एम.
82.	उत्तराखंड	हल्द्वानी	10 किवा
83.	उत्तराखंड	हरीद्वार	100 वाट एफ.एम.
84.	उत्तराखंड	न्यू टीहरी	1 किवा एफ.एम.
85.	पश्चिम बंगाल	बालारामपुर	100 वाट एफ.एम.
86.	पश्चिम बंगाल	वर्द्धमान	10 किवा एफ.एम.
87.	पश्चिम बंगाल	बसंती	100 वाट एफ.एम.
88.	पश्चिम बंगाल	कूचविहार	10 किवा एफ.एम.

[अनुवाद]

निधियों का विपथन

1181. श्री एम.बी. राजेश : क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल) की पालक्काड़ इकाई से निधियों का विपथन अन्य घाटे में जा रही इकाइयों में करने की स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान पालक्काड इकाई से वर्षवार कितनी धनराशि का अंतरण किया गया है;

(घ) क्या धनराशि के अंतरण से आईएल की पालक्काड़ इकाई की परियोजनाएं प्रभावित हुई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग)	वित्त वर्ष	अंतरित निधियां
	2010-11	15.15 करोड़ रुपए
	2011-12	5.15 करोड़ रुपए
	2012-13	शून्य
	2013-14 (नवंबर तक)	0.40 करोड़ रुपए

(घ) और (ङ) जी, नहीं। इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल), पलक्काड से इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल), कोटा को निधियों का अंतरण इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, पलक्काड द्वारा विपणनकारी इकाइयों तथा कॉर्पोरेट मुख्यालय से ली गई सेवाओं के लिए "अंतर इकाई समायोजन" के कारण किया गया है।

(च) उपर्युक्त (घ) और (ङ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

विद्युतीकरण और दोहरीकरण परियोजनाएं

1182. श्री चंद्रकांत खैरे : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण-मध्य रेलवे के तहत परभनी-मनमाह खंड पर विद्युतीकरण और दोहरीकरण कार्य का ब्यौरा तथा विद्यमान स्थिति क्या है;

(ख) इस पर आवंटित और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(घ) इस संबंध में रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (घ) विद्युतीकरण की आवश्यकता को सुनिश्चित करने के लिए परभनी-मनमाड़ के विद्युतीकरण का सर्वेक्षण मनमाड़-मुदखेड़-धोने खंड का एक भाग है, जिसके लिए सर्वेक्षण पहले ही पूरा हो गया है। किसी खंड के विद्युतीकरण के संबंध में निर्णय परिचालनिक आवश्यकता और प्रस्ताव की वित्तीय व्यवहार्यता पर निर्भर करता है। फिलहाल मनमाड़-मुदखेड़-धोने खंड का विद्युतीकरण (जिसमें परभनी-मुदखेड़ भी शामिल है), को विद्युतीकरण किए जाने के लिए परिचालनिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं पाया गया है। इस समय परभनी-मनमाड़ खंड के दोहरीकरण की कोई परियोजन नहीं है।

रेलवे स्टेशन

1183. श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :
श्रीमती कमला देवी पटले :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 'ए' श्रेणी के घोषित रेलवे स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रेलवे को इस बात की जानकारी है कि उक्त राज्यों में अनेक 'ए' श्रेणी वाले स्टेशनों पर निर्धारित मूलभूत सुविधाएं मौजूद नहीं हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और रेलवे द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या रेलवे का विचार देश में छोटे नगरों/कस्बों के स्टेशनों और यात्री ठहरावों का उन्नयन करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं दक्षिण पूर्व मध्य जोने के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत कोतमी, सुघेनार, कापण, बालपुर, जेठा, सांरागांव सहित उक्त प्रयोजनार्थ किन स्थानों की पहचान की गई है; और

(ङ) इसके कार्यान्वयन हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) 'क' कोटी के तहत मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य में निम्नलिखित स्टेशन हैं:—

मध्य प्रदेश — दामोह, कटनी, मलहर, रीवा, सतना, सगौर, बीना, हबीबगंज, इटारसी, विदिशा, बरहनपुर, खण्डवा, बेतूल, मुरैना, नागदा, रतलाम, इंदौर, होशंगाबाद, पिपरिया, उज्जैन तथा सिंगरौली (21 स्टेशन)

छत्तीसगढ़ — भिलाई पावर हाऊस, चम्पा जंक्शन दुर्ग, रायगढ़ और राजनंदगांव (5 स्टेशन)

(ख) और (ग) नियमानुसार सभी न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाएं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी 'क' कोटि के स्टेशनों पर मुहैया करा दी गई है।

(घ) और (ङ) हाल्ट स्टेशन सहित सभी स्टेशनों के लिए यात्री सुविधाओं का उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और इसे यात्री यातायात की मात्रा, कार्य/सुविधाओं के सापेक्ष महत्त्व तथा धन की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

[अनुवाद]

जलवायु परिवर्तन संबंधी अध्ययन

1184. श्री एन. पीताम्बर कुरूप : क्या **पृथ्वी विज्ञान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसानों को पर्याप्त समय रहते जलवायु परिवर्तन के संबंध में सूचित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो केन्द्र सरकार द्वारा और अधिक समय पूर्व जलवायु परिवर्तन के पूर्वानुमान के लिए कोई अध्ययन/शोध कराया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं तो, इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) किसानों के लाभ के लिए जलवायु परिवर्तन के और अधिक समय पूर्व पूर्वानुमान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) जलवायु परिवर्तन बहुत अधिक लम्बी अवधि के बहु-दशकीय पैमाने पर प्रचालित होते हैं। अत:, अनुमानित जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों के सर्वाधिक प्रतिनिधि वाले आकलन केवल जलवायु परिवर्तन पर अन्तरसरकारी पैनल (आईपीसीसी) द्वारा तैयार किए जाते हैं।

ईएसएसओ-भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी; के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीकेएमएस) कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु परिवर्तनीयता (सामान्य से अधिक/कम वर्षा; उष्ण/शीत लहर इत्यादि) जैसे मुद्दों तथा इनके उपायों के बारे में किसानों को समुचित कृषि-मौसम वैज्ञानिक परामर्शी सेवा (एएएस) प्रदान करके सूचित किया जाता है। इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तनीयता के संभावित प्रभावों (देश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रिया तथा कमजोर अवस्था सहित) के बारे में कृषक समुदाय को अवगत कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जीकेएमएस के तहत देश में विभिन्न स्थानों पर किसान जागरूकता कार्यक्रम, रोविंग संगोष्ठियों, कृषि मेला, कृषि-दृष्टि कार्यशालाओं के माध्यम से कृषक समुदाय के साथ नियमित संवाद किया जाता है।

राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के संस्थानों आदि के सहयोग से ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीकेएम) सप्ताह में दो बार प्रदान की जा रही है। पिछले सप्ताह का वास्तविक मौसम तथा वर्षा, अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, पवन गति, पवन दिशा, सापेक्ष आर्द्रता तथा बादलों के बारे में अगले 5 दिनों के परिमाणात्मक जिला स्तर के मौसम पूर्वानुमान के साथ-साथ साप्ताहिक संचयी वर्षा पूर्वानुमान भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, किसानों की मदद के लिए राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के साथ मिलकर फसल वैशिष्ट्य वाली परामर्शी सूचनाएं जारी की जाती हैं तथा व्यापक रूप से प्रसारित की जाती हैं। पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन-भारत मौसम विज्ञान विभाग की कृषि-मौसम वैज्ञानिक परामर्शी सेवा शॉर्ट मैसेज सर्विस (एमएमएस) तथा इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सर्विस (आईबीआरएस) सहित विभिन्न प्रिंट/दृश्य/रेडियो/सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्यापक प्रसारण माध्यमों से किसानों को खेत के स्तर पर समुचित कार्य में सहूलियत प्रदान करने हेतु जिला/एग्रो-क्लाइमेटिक क्षेत्र स्तर पर सप्ताह में दो बार फसल वैशिष्ट्य वाली परामर्श-सूचनाएं उपलब्ध कराने में सफल रही है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तर के संचार माध्यमों, यथा प्रिंट, टीवी तथा आकाशवाणी, वेब मीडिया चैनलों, एसएमएस तथा आईवीआरएस के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक तथा निजी संगठनों, नामत: इफको किसान संचार (आईकेएसएल) लिमिटेड, रायटर्स मार्केट लाइट (आरएमएल), नोकिया टूल्स, कृषि विभाग, महाराष्ट्र सरकार इत्यादि के साथ समन्वय करके जिला तथा एग्रो-क्लाइमेटिक क्षेत्र पैमाने की परामर्शी सूचनाएं पहले से ही प्रसारित की जा रही हैं। वर्तमान में 18 राज्यों नामत: दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र तथा हिमाचल प्रदेश को इन सेवाओं के तहत कवर किया गया है। वर्तमान में देश में 3.4 मिलियन किसान एसएमएस सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं।

(ख) जी, हां।

(ग) जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केन्द्र (सीसीसीआर) को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन-भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के अंतर्गत वर्ष 2009 में जलवायु परिवर्तन के प्रासंगिक विज्ञान मुद्दों का निस्तारण करने तथा कम से कम अनिश्चितता के साथ सर्वाधिक प्रतिनिधित्व वाले जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों को सृजित करने के अधिदेश के साथ स्थापित किया गया था। वस्तुत: सीसीसीआर ने कृषि आदि सहित सेक्टर वैशिष्ट्य वाले प्रभाव के लिए भारत में विभिन्न संगठनों के साथ सर्वाधिक प्रतिनिधित्व वाले तथा महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय पैमाने के जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों का सृजन तथा साझा करके नेशनल कम्यूनिकेशंस (नेटकॉम) को योगदान दिया है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2012 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क सम्मेलन को पेश की गई भारत की दूसरी नेटकॉम रिपोर्ट में

जीएचजी इंवेंटरी तथा सुभेद्यता आकलन तथा राष्ट्रीय परिस्थितियों, जिनके भीतर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का निस्तारण तथा उनका प्रत्युत्तर दिया गया है, के विहंगावलोकन के अतिरिक्त कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुकूलन को शामिल करते हुए सूचना के तत्त्व समाहित है।

भारत सरकार ने जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए कृषि क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास को उच्च प्राथमिकता दी है। जलवायु परिवर्तन पर प्रधानमंत्री की राष्ट्रीय कार्य योजना में कृषि की आठ राष्ट्रीय मिशनों में से एक के रूप में पहचान की गई है।

वर्तमान में, सीसीसीआर विश्व मौसम-विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम (डब्ल्यूसीआरपी) के तत्वावधान में दक्षिण एशिया के लिए "समन्वित एकीकृत क्षेत्रीय डाउनस्केलिंग प्रयोग (कॉर्डेक्स)" का नेतृत्व कर रहा है। कॉर्डेक्स कार्यक्रम ऐतिहासिक अतीत तथा भावी दशकों दोनों ही के लिए डाउन स्केल किए गए क्षेत्रीय जलवायु अनुरूपणों के एक समन्वित सेट हेतु महत्त्वपूर्ण फ्रेमवर्क उपलब्ध कराता है। दक्षिण एशिया क्षेत्र में अंतिम प्रयोक्ताओं, हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) ईएसएसओ-आईएमडी ने जलवायु में प्राकृतिक परिवर्तनों के प्रभावों तथा कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों पर इसके दुष्प्रभावों की गणना/आकलन करने के लिए डब्ल्यूएमओ की जलवायु सेवाओं पर वैश्विक फ्रेमवर्क (जीएफसीएस) पहल के अंतर्गत समुचित जलवायु सूचना सेवा बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। वर्तमान में, परिवर्तनीयता की प्रकृति का पता लगाने के लिए तापमान की विसंगतियों (उष्ण/शीत लहर); जिला पैमाने की वर्षा (सामान्य से अधिक/कम); मानक वर्षा सूचकांक (एसपीआई) के माध्यम से सूखे की निगरानी इत्यादि के माध्यम से जलवायु परिवर्तनीयता की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। यह आशा है कि कृषि तथा जल संसाधन सेक्टरों के साथ मिलकर चलाए जा रहे ये कार्यकलाप आने वाले समय में हमारी कृषि उत्पादकता की उन्नत जलवायु तन्यकता में योगदान देंगे।

[हिन्दी]

डब्ल्यूएपीसीओएस परियोजनाएं

1185. श्री हरिभाई चौधरी :
श्री लक्ष्मण टुडु :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाटर एंड पावर कंसलटेन्सी सर्विस लिमिटेड (डब्ल्यूएपीसीओएस) ने गुजरात के बनासकांठा, के पालमपुर में आवासीय और गैर-आवासीय भवनों की अभिकल्पना/कनवर्जन/नवीकरण/विकास और सुदृढ़ीकरण के संबंध में कोई परियोजना शुरू की है;

(ख) क्या डब्ल्यूएपीसीओएस ने उप-नहर की आयोजना, अभिकल्पना और मूल्यांकन के साथ-साथ गुजरात में राधनपुर में लघु तथा सूक्ष्म भूमिगत पाइप प्रणाली के साथ परामर्श दिया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं इसके क्या परिणाम निकले;

(ग) क्या डब्ल्यूएपीसीओएस ने ओडिशा के मयूरभंज जिले के जामधिरा में लघु जल विद्युत परियोजना संबंधी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की है और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले;

(घ) क्या इन परिणामों पर कोई अनुवर्ती कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी परिणाम-वार ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, हां। वाप्कोस ने मैसर्स सरदार सरोवर नर्मदा निगम लि., गुजरात को ग्रामीण सेवा क्षेत्र (वीएसए) संबंधी प्रारूप रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसमें उप-लघु, विभिन्न खण्डों सहित भूमिगत पाइप लाइन (यूजीपीएल), पाइप डिजाइन, पूर्ण आपूर्ति स्तर (एफएसएल) आदि को दर्शाया गया है। परियोजना रिपोर्ट को पूरा करने की लक्षित तारीख 24.03.2015 है।

(ग) फील्ड अन्वेषण कार्य पूरे हो चुके हैं। समझौते के अनुसार अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की लक्षित तारीख 24.08.2014 है।

(घ) और (ङ) परियोजनाओं संबंधी निर्माण कार्यों के विभिन्न चरण, योजना अनुसार है।

[अनुवाद]

रसोई यान

1186. श्री सी. राजेन्द्रन : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ एक्सप्रेस रेलगाड़ियों सहित दिन में चलने वाली कई रेलगाड़ियों में रसोई यान नहीं है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ बनाए गए मापदंडों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यात्रियों की सुविधा हेतु सभी रेलगाड़ियों में रसोई यान उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित कदम क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) सभी राजधानी और लंबी दूरी की दुरांतो एक्सप्रेस गाड़ियों में पेंट्री कार की व्यवस्था की गई है। खानपान नीति 2010 में निर्धारित मानदंडों के अनुसार, पेंट्री कारों को लगाने की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाती है जिसमें पहली प्राथमिकता दुरांतो और राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों को दी जाती है; उसके बाद लंबी दूरी की प्रीमियर, सुपर फास्ट गाड़ियों किसी भी दिशा की ओर 24 घंटे से अधिक की यात्रा करने वाली मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों और अंत में शेष उन गाड़ियों जिनमें वेस्टीबुल की व्यवस्था है, को वरीयता दी जाती है।

(ग) यात्रियों की सुविधा के लिए, वे गाड़ियां जिनमें पेंट्री कार की व्यवस्था नहीं होती है, खानपान सेवाएं गाड़ियों में ट्रेन साइड वेंडिंग (टीवीएस) के माध्यम से और/अथवा मार्गवर्ती स्टेशनों पर स्थैतिक खानपान इकाइयों के माध्यम से भोजन की आपूर्ति की जाती है।

जल संसाधन परियोजनाएं

1187. श्री निशिकांत दुबे : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्र सरकार को झारखंड सरकार की ओर से जल संसाधन परियोजनाओं के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उनमें से सरकार के पास लंबित पड़ी परियोजनाओं की संख्या कितनी है और सरकार द्वारा उन्हें स्वीकृत करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) से (ग) जी, हां, "राहरू जलाशय परियोजना" की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन के लिए झारखंड सरकार से केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) में प्राप्त हुई है। इसके अलावा, दो प्रारंभिक परियोजना रिपोर्टें भी केन्द्रीय जल आयोग की "सिद्धांतत: सहमति" के लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई थीं। डीपीआर तथा पीआर का विवरण, उनकी स्थिति और इस संबंध में सीडब्ल्यूसी द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

इसके अलावा, जल संसाधन मंत्रालय की स्कीम के तहत चालू वित्त वर्ष में तकनीकी-जांच और/अथवा केन्द्रीय सहायता जारी करने के लिए झारखंड सरकार के प्रस्तावों संबंधी सूचना निम्नानुसार है:—

I. **त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी वृहद/मध्यम):** जुलाई, 2013 में, झारखंड सरकार ने एक नई स्कीम "राइसा जलाशय स्कीम (मध्यम)" के लिए 22.5 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता को जारी करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। अगस्त, 2013 में सीडब्ल्यूसी द्वारा झारखंड सरकार को इस मामले पर अपनी टिप्पणियां भेजी गई हैं, जिसका उत्तर प्रतीक्षित है।

II. **त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी-लघु):** 171 जारी स्कीमों के लिए, अक्तूबर, 2013 में सीडब्ल्यूसी के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची को 47.30 करोड़ रुपए जारी करने के लिए झारखंड सरकार द्वारा एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। केन्द्रीय जल आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय ने अक्तूबर, 2013 में झारखंड सरकार से अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया है, जिसकी अनुपालना प्रतीक्षित है।

इसके अलावा, झारखंड सरकार ने 86.58 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत और नियोजित सिंचाई क्षमता के 9,947 हेक्टेयर सहित दिसम्बर, 2013 में इस स्कीम के तहत अतिरिक्त 82 चैक बांधों को शामिल करने के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, जिनकी इस समय सीडब्ल्यूसी के क्षेत्रीय कार्यालय रांची में जांच की जा रही है।

III. **बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी):** चालू वित्त वर्ष में, जारी स्कीमों के लिए झारखंड सरकार को 4.27 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता दी गई है। इसके अलावा, जारी स्कीम "बुधवारिया से कन्हाई अस्थान पर गंगा नदी के दाएं किनारे पर ए/ई का कार्य" के लिए 2.0791 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता जारी करने का प्रस्ताव गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग (जीएफसीसी) में सितम्बर, 2013 में प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है।

इसके अलावा, झारखंड सरकार ने इस मंत्रालय के अधीन जीएफसीसी को मार्च, 2013 में एफएमपी के तहत शामिल करने के लिए दो नए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे। जबकि बाद में एक को छोड़ दिया गया। शेष एक नामत: "साहिबागंज जिले में राफतोला से श्रीघाट संख्या 10 तक गंगा नदी के दायें किनारे पर गैर-कटाव कार्य" और "साहिबागंज जिले में लंच घाट, राजमहल (पूर्वी नारायणपुर) के डी/एस पर गंगा नदी के दाएं किनारे पर गैर-कटाव कार्य" के 37.69 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाले एक प्रस्ताव की जीएफसीसी द्वारा जांच की गई थी और अप्रैल, 2013 में झारखंड सरकार को टिप्पणियां भेजी गईं, जिसका उत्तर प्रतीक्षित है।

विवरण

पिछले दो वर्षों में मूल्यांकन के लिए केन्द्रीय जल आयोग में प्रस्तुत की गई झारखंड की परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	बृहत/ मध्यम	नदी/बेसिन	लाभार्थी जिला	प्राप्ति का माह	लाभ (हजार हेक्टेयर में)	अनुमानित लागत रुपये करोड़ में)	स्थिति
विस्तृत परियोजना रिपोर्ट								
1.	रहूरा जलाशय परियोजना	बृहत	रहूरा/ सुबर्णरिखा	रांची	अप्रैल, 2013	सीसीए 10.472	852.09 (पीएल-2010-11)	क. डीपीआर, विशिष्ट निदेशालयों और अन्य केन्द्रीय अभिकरणों को परिचालित की गई है। ख. जून, 2013 से अगस्त, 2013 के दौरान लागत, जलविज्ञान, सीएसएम आरएस और कृषि मंत्रालय के पहलुओं संबंधी टिप्पणियां परियोजना प्राधिकारियों को भेजी गई हैं। ग. राज्य सरकार से सीडीओ प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है।
प्रारंभिक परियोजना रिपोर्टें								
2.	बल्पाहरी बांध परियोजना	बृहत	बाराकर/ दामोदर/ गंगा	गिरीडीह, धनबाद, जमतरा	सितंबर, 2012	18504 (सीसीए)	1575.28 (2011-12)	'सीडब्ल्यूसी की सिद्धांततः सहमति' प्रदान करने के लिए प्रस्ताव पर विचार करने हेतु बैठक की सूचना जारी की गई है।
3.	कन्हर बैराज परियोजना	बृहत	कन्हर/सोन/ गंगा	पमामू, गढ़वा	अक्तूबर, 2013	51024 (सीसीए)	1256.324 (अप्रैल, 2013)	डीपीआर तैयार करने के लिए नवंबर, 2013 में 'सीडब्ल्यूसी की सिद्धांततः सहमति' प्रदान की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशय

1188. श्री आर. ध्रुवनारायण: क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशय निर्मित न किए जाने से अवगत है, जिसके कारण हैदराबाद और उसके आस-पास नहरें और तालाब पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुके हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार की स्थिति के कारण क्या हैं; और

(ग) इस संबंध में चालू वर्ष के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) से (ग) जल, संविधान की 7वीं अनुसूची की सूची-II की प्रविष्टि संख्या पर राज्य सूची में शामिल विषय है। (अनुच्छेद 246)। इसलिए सिंचाई के लिए झीलें विकसित करने का कार्य संबंधित राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है और सिंचाई टैंकों की आयोजना, निष्पादन, प्रचालन एवं अनुरक्षण राज्यों द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों से उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) और बृहत हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी), हैदराबाद उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों में टैंकों एवं नहरों के विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

झीलों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए झील सुरक्षा समिति गठित की गई थी। एचएमडीए के क्षेत्र में कुल 2857 झीलें हैं जिनमें से 168 झीलों जीएचएमसी, हैदराबाद की सीमा में आती हैं। जीएचएमसी, हैदराबाद उनके कार्यक्षेत्र में 128 झीलों की सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर रहा है। वर्ष 2012-13 के दौरान 50 झीलों के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। वर्ष 2012-13 के दौरान एचएमडीए ने हैदराबाद के चारों ओर 40 झीलों के लिए लागत अनुमान स्वीकृत किए हैं जिनमें से 24 झीलों में कार्य शुरू हो गया है। वर्ष 2014-15 के दौरान 27.50 करोड़ रुपये की लागत से 100 झीलों का कार्य शुरू करने की परिकल्पना की गई है।

इसके अतिरिक्त जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार वर्तमान में XIIवीं योजना के दौरान जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण एवं पुनरुद्धार (आरआरआर) नामक एक राज्य क्षेत्र स्कीम कार्यान्वित कर रहा है जिसमें आंध्र प्रदेश सहित राज्य सरकारों को निधि जारी की जाती है। अब तक इस स्कीम के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के जल निकायों के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

[हिन्दी]

स्टेशन मास्टरों द्वारा टिकटों की बिक्री

1189. श्री हरिश्चंद्र चव्हाण : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने छोटे रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन मास्टरों द्वारा टिकटों की बिक्री के प्रावधान को रोक दिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी, नहीं। बहरहाल, टिकटों को खरीदने में यात्रियों को सुविधा देने और गाड़ी परिचालन पर ध्यान केंद्रित करने में स्टेशन मास्टरों को समर्थ बनाने के संबंध में जहां कहीं व्यावहारिक हो, केवल एक वर्ष के लिए पायलट परियोजना के रूप में ई कोटि के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग सेवक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

[अनुवाद]

आकाशवाणी में रिक्तियां

1190. श्री पी.के. बिजू : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी में विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या स्टाफ की कमी से कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं; और

(घ) रिक्त पदों को तेजी से भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी): (क) दिनांक 01.12.2012 तक की स्थिति के अनुसार, आकाशवाणी के विभिन्न श्रेणी के पदों में रिक्तियां निम्नानुसार हैं:—

समूह	आकाशवाणी में रिक्त पदों की संख्या
क	1362
ख	1584
ग	4863
घ	2272
कुल	10081

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) रिक्त पदों को भरने के लिए उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं:—

(1) प्रसार भारती के संबंध में गठित मंत्री-समूह (जीओएम) ने व्यय विभाग के परामर्श से अनिवार्य श्रेणी के 3452 पदों को भरने की अनुशंसा की है। व्यय विभाग ने प्रथम चरण में 1150 पदों को भरे जाने का अनुमोदन किया है।

(2) प्रसार भारती भर्ती पदों का गठन लंबित रहने तक सरकार ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीएंडटी) तथा विधिक कार्य विभाग द्वारा निर्धारित निबंधन एव शर्तों के अध्यधीन एकबारगी विशेष व्यवस्था के रूप में कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के जरिए समूह ख और ग के पदों के लिए भर्ती करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

(3) विभागीय पदोन्नति समिति की समय-समय पर बैठकें आयोजित करके पदोन्नति-कोटा के अंतर्गत आने वाले रिक्तियों को भरा जाता है, जोकि एक सतत प्रक्रिया है।

विमानपत्तनों पर प्रशुल्क

1191. श्री सी. शिवासामी : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण को देश में सभी बड़े विमानपत्तनों पर वैमानिकी एवं गैर-वैमानिकी प्रभारों को निर्धारित करने का कार्य सौंपा गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में ऐसे विमानपत्तन, जो वार्षिक रूप से 1.5 मिलियन या इससे अधिक यात्रियों को संभालता है, को बड़ा विमानपत्तन माना गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या चेन्नई और कोलकाता विमानपत्तनों के लिए प्रस्तावित प्रशुल्क को विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी नहीं। विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) देश के प्रमुख हवाईअड्डों पर मुहैया कराई जाने वाली केवल वैमानिक सेवाओं के उद्देश्य से टैरिफ और अन्य प्रभारों का निर्धारण करने के लिए ऐरा अधिनियम, 2008 के अधीन स्थापित विनियामक है।

(ख) जी, हां। किसी बड़े हवाईअड्डे का आशय उस हवाईअड्डे से होता है, जिसमें पंद्रह लाख से अधिक वार्षिक यात्री आवागमन (थ्रूपुट) होता हो या जिसे इतने आवागमन के लिए नामित किया गया हो, या ऐसा कोई अन्य हवाईअड्डा जिसे केंद्रीय सरकार द्वारा, अधिसूचना के माध्यम से, ऐसे हवाईअड्डे के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो।

(ग) ऐरा ने पहली नियंत्रण अवधि 1.04.2011 से 31.03.2016 के लिए चेन्नै तथा कोलकाता हवाईअड्डों के लिए टैरिफ निर्धारित कर दी है। ब्यौरा संलग्न विवण में दिया गया है।

विवरण

ऐरा द्वारा कोलकाता और चेन्नई हवाईअड्डों के लिए अनुमोदित हवाईअड्डा प्रभार (वित्त वर्ष 2013-14)

	एमएयूडब्ल्यू	कोलकाता संशोधित दर रुपए/एमटी में		चेन्नई संशोधित दर रुपए/एमटी में	
		घरेलू	अंतर्राष्ट्रीय	घरेलू	अंतर्राष्ट्रीय
	1	2	3	4	5
अवतरण प्रभार	न्यूनतम प्रति अवतरण	5000	5000	5000	5000
	100 एमटी तक	294.8	578.9	294.8	578.9
	100 एमटी से अधिक	29480+396.10 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक	57890+777.80 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक	29480+396.10 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक	5789+77.80 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक
हाउसिंग प्रभार (प्रति घंटा प्रति एमटी)	100 एमटी तक	15.7	15.7	15.7	15.7
	100 एमटी से अधिक	1570+21.00 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक	1570+21.00 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक	1570+21.00 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक	1570+21.00 प्रति एमटी, 100 एमटी से अधिक
	रिमोट पार्किंग				
पार्किंग प्रभार (प्रति घंटा प्रति एमटी)	100 एमटी तक	8.00	8.00	8.00	8.00
	100 एमटी से अधिक	800+10.50 प्रति एमटी, प्रति घंटा 100 एमटी के अधिशेष में	800+10.50 प्रति एमटी, प्रति घंटा 100 एमटी के अधिशेष में	800+10.50 प्रति एमटी, प्रति घंटा 100 एमटी के अधिशेष में	800+10.50 प्रति एमटी, प्रति घंटा 100 एमटी के अधिशेष में

	1	2	3	4	5
प्रयोक्ता विकास शुल्क (प्रस्थानकर्त्ता यात्रियों पर)	प्रति प्रस्थानकर्त्ता यात्री शॉर्ट हॉल (घरेलू के लिए 500 किमी./अंत. के लिए 2,000 किमी. तक)	400	1,000	166	667
	मीडियम हॉल (2,000 से 5,000 किमी. तक)				
	लांग हॉल (घरेलू के लिए 500 किमी. से अधिक/ अंतर्राष्ट्रीय के लिए 5,000 किमी. से अधिक)				
प्रयोक्ता विकास शुल्क (आगंतुक यात्रियों पर)	प्रति आगंतुक यात्री शॉर्ट हॉल (घरेलू के लिए 500 किमी./ अंत के लिए 2,000 किमी. तक)	कोई लेवी नहीं	कोई लेवी नहीं	कोई लेवी नहीं	कोई लेवी नहीं
	मीडियम हॉल (2,000 से 5,000 किमी. तक)				
	लांग हॉल (घरेलू के लिए 500 किमी. से अधिक/ अंतर्राष्ट्रीय के लिए 5,000 किमी. से अधिक)				
हवाईअड्डा विकास शुल्क	प्रति प्रस्थानकर्त्ता यात्री	कोई लेवी नहीं	कोई लेवी नहीं	कोई लेवी नहीं	कोई लेवी नहीं
क्यूट काउंट	दर प्रति प्रस्थानकर्त्ता उड़ान/माह	घरेलू	अंतर्राष्ट्रीय	घरेलू	अंतर्राष्ट्रीय
ईंधन थ्रूपुट	प्रभार प्रति किलोलिटर ईंधन	1,341·44	1,341·44	1,609·46	1,609·46

इंटरनेशनल इंडिया फिल्म अकादमी के साथ करार

1192. श्री अमरनाथ प्रधान : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एयर इंडिया ने इंटरनेशनल इंडिया फिल्म अकादमी (आईआईएफए) के साथ कोई करार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वैधता अवधि कितनी है;

(ग) सरकारी खर्च पर किसी घाटा उठाने वाले संगठन के साथ ऐसे करार पर हस्ताक्षर करने के क्या कारण हैं;

(घ) इंटरनेशनल इंडिया फिल्म अकादमी के पदधारियों और उनके परिवारों सहित कितने लोगों को लाया-ले जाया गया और तत्संबंधी कुल लागत कितनी है; और

(ङ) अब तक इसके क्या लाभ हुए हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) एयर इंडिया ने मकाऊ में आइफा 2013 के आयोजक मैसर्स विजक्राफ्ट एंटरटेनमेंट प्रा.लि. के साथ हवाई टिकटों के बदलने एयर इंडिया को पब्लिसिटी माइलेज/विज्ञापन संबंधी लाभों के लिए 8.00 करोड़ रुपये मूल्य की धनराशि के लिए एक समझौता ज्ञापन किया था। यह समारोह मकाऊ में जुलाई, 2013 में आयोजित किया गया था। करार की वैधता 15 जून, 2014 तक है।

(ग) करार पर हस्ताक्षर प्रचार और प्रोत्साहन पाने और इसके द्वारा राजस्व संवर्धन के उद्देश्य से किए गए थे।

(घ) यह विनिमय करार (बार्टर एग्रीमेंट) मैसर्स विजक्राफ्ट के साथ है, जो इवेंट मैनेजर हैं और वे बार्टर की सीमा अर्थात् 15 जून, 2014 तक की करार की अवधि तक 8 करोड़ रुपए तक टिकटों का इस्तेमाल करने के पात्र हैं। इसमें कोई अन्य व्यय निहित नहीं है, क्योंकि आइफा शिष्ट मंडल के आवागमन (मुंबई-हांगकांग-मुंबई) के लिए एयर इंडिया द्वारा ऑफर की गई हवाई परिवहन व्यवस्था पब्लिसिटी माइलेज और एडवरटाइजिंग के फायदों के बदले में है जो एयर इंडिया को प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक मीडिया और ग्राउंड ब्रांडिंग के अवसरों के रूप में प्राप्त हुए।

(ङ) एयर इंडिया को सह-प्रायोजक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में काफी फायदे हुए। एयर इंडिया को प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ ग्राउंड पर ब्रांडिंग के अवसरों के अलावा विज्ञापन और प्रोत्साहन अधिकारों के जरिए पब्लिसिटी माइलेज हासिल हुआ। बी-777 पर बॉलवुड के सितारों की यात्रा का इस्तेमाल प्रदर्शन के लिए और अन्य यात्रियों को एयर इंडिया पर यात्रा करने हेतु आकृष्ट करने के लिए किया गया था।

[हिन्दी]

निधियों का आवंटन

1193. श्री रामकिशुन : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान बाकी बचे गांवों और छोटी बस्तियों के पूर्ण विद्युतीकरण के लिए उत्तर प्रदेश को निधियों का आवंटन किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत किसी भी राज्य को निधियों को अग्रिम (अपफ्रंट) आवंटन नहीं किया गया है। मंजूर परियोजनाओं को निधियां पिछली किस्त (किस्तों) की धनराशि के उपयोग की रिपोर्ट देने तथा अन्य शर्तों को पूरा करने के आधार पर किस्तों में जारी की जाती हैं।

11वीं योजना के फेज-II के दौरान वर्ष 2011 में आरजीजीवीवाई के अंतर्गत 72 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। इनमें से 22 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश राज्य के लिए मंजूर की गई थीं, जिनमें 245 गैर-विद्युतीकृत गांवों, 19,991 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण तथा 9,43,641 गरीबी रेखा से नीचे के (बीपीएल) घरों को मुफ्त विद्युत कनेक्शन जारी किया जाना शामिल था।

सरकार ने उत्तर प्रदेश सहित देश में शेष जनगणना गांवों तथा 100 से अधिक की आबादी वाले सभी वास-स्थलों तथा सभी पात्र बीपीएल घरों का विद्युतीकरण किए जाने हेतु 12वीं योजना में आरजीजीवीवाई को जारी रखे जाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरजीजीवीवाई के अंतर्गत 39 परियोजनाओं (5-मध्य प्रदेश, 6-उत्तर प्रदेश तथा 28-राजस्थान) को मंजूरी दी गई है। इनमें से 6 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के लिए मंजूर की गई हैं, जिनमें 92 गैर-विद्युतीकृत गांवों, 3,179 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण तथा गरीबी रेखा से नीचे के (बीपीएल) 2,54,601 घरों को नि:शुल्क विद्यु के कनेक्शन जारी किया जाना शामिल है।

10वीं और 11वीं योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लिए 86 परियोजनाओं के लिए 4150.50 करोड़ रुपए (सब्सिडी सहित) जारी किए जाते हैं।

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य को जारी की गई निधियां (ऋण और सब्सिडी सहित) निम्नानुसार है:—

(करोड़ रुपए में)

	2010-11	2011-12	2012-13	15.11.2013 की स्थिति के अनुसार जारी की गई संचयी निधियां (वर्ष 2010-11 से पूर्व जारी निधियां शामिल है)
निधियां (ऋण तथा सब्सिडी सहित)	72.44	95.47	103.63	4150.50

[अनुवाद]

निराधार/भड़काने वाले समाचार/रिपोर्ट का प्रकाशन/प्रसारण

1194. श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में सरकार ने प्रिंट और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशित/प्रसारित होने वाली निराधार एवं भड़काने वाली समाचार रिपोर्टों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार का विचार इस प्रकार की समस्या को रोकने के लिए कोई नीति/उपाय तैयार करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कब तक ऐसी नीति को कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) से (ङ) सरकार प्रेस की स्वतंत्रता को कायम रखने की अपनी नीति का अनुसरण करते हुए प्रेस के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करती। तथापि, प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 के अंतर्गत भारतीय प्रेस परिषद् (पीसीआई) की स्थापना देश में समाचारपत्रों और समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने और उनमें सुधार करने और प्रेस में स्वविनियमन के सिद्धांतों का संचार करने के लिए भी एक सांविधिक स्वायत्तशासी निकाय के रूप में की गई है। पीसीआई ने अपने उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए "पत्रकारिता आचरण के मानदंड" बनाए हैं जिनका अनुपालन मीडिया द्वारा समाचार को प्रकाशित किए जाते समय किया जाना होता है। "विशुद्धता और निष्पक्षता" से संबंधित मानदंड-I यह विनिर्धारित करता है कि प्रेस अशुद्ध, निराधार, अशोभनीय, भ्रामक एवं विकृत सामग्री का प्रकाशन करने से परहेज करेगा। पीसीआई ने 1 अप्रैल, 2012 में प्रिंट मीडिया में प्रकाशित की गई निराधार और उद्दीपक समाचार रिपोर्टों के आरोप की 532 शिकायतें दर्ज की हैं।

भारतीय प्रेस परिषद् प्रिंट मीडिया में प्रकाशित ऐसी विषय-वस्तु में जुड़ी शिकायतों का स्वयं अपनी ओर से या शिकायत किए जाने पर संज्ञान लेता है, जो प्रथम दृष्ट्या पत्रकारिता आचरण्या के मानदंडों का उल्लंघन करने वाली होती है। परिषद् समाचारपत्र, समाचार एजेंसी, सम्पादक या पत्रकार को चेतावनी, निंदा या सेंसर कर सकता है या सम्पादक या पत्रकार के आचरण को अनुचित ठहरा सकता है।

जहां तक निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों का संबंध है, ऐसे चैनलों पर प्रसारित की जाने वाली विषय-वस्तु के पूर्व सेंसरशिप का प्रावधान नहीं है। तथापि, टीवी चैनलों पर प्रसारित करने वाले सभी कार्यक्रमों और विज्ञापनों, जो केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से प्रसारित/पुनर्प्रसारित किए जाते हैं, को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत विनिर्धारित कार्यक्रम संहिता और विज्ञापन संहिता का अनुपालन करना होता है। जब कभी किसी विशेष कार्यक्रम के संबंध में उपर्युक्त संहिताओं के किसी उल्लंघन की सूचना सरकार की जानकारी में लाई जाती है, तो चूककर्त्ता चैनल के खिलाफ सरकार द्वारा कार्रवाई की जाती है।

इसके अतिरिक्त, स्वविनियामक शिकायत निवारण तंत्र के हिस्से के रूप में समाचार प्रसारक संघ (एनबीए) — जो समाचार और समसामयिकी चैनलों का एक प्रतिनिधि निकाय है — ने प्रसारकों के संबंध में प्राप्त शिकायतों, जहां तक वे किसी प्रसारण की विषय-वस्तु से संबंधित होती है, पर विचार करने के लिए समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण (एनबीएसए) की स्थापना की है। एनबीएसए के प्रमुख भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होते हैं। उसी तरह भारतीय प्रसारण प्रतिष्ठान (आईबीएफ), जो गैर-समाचार और सामसामयिकी टीवी चैनलों का एक

प्रतिनिधि निकाय है, ने टेलीविजन कार्यक्रमों के बारे में प्राप्त शिकायतों की जांच करने के लिए प्रसारण विषय-वस्तु शिकायत परिषद् (बीसीसीसी) की स्थापना की है। बीसीसीसी के मुखिया दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होते हैं। टेलीविजन कार्यक्रमों के बारे में शिकायतें सीधे बीसीसीसी और एनबीएसए को भेजी जा सकती हैं और उनके संबंध में उनकी ओर से समुचित कार्रवाई की जाती है।

[हिन्दी]

गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की गणना

1195. श्री कपिल मुनि करवारिया : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की अगली गणना के दिशा-निर्देशों को तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह गठित किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त विशेषज्ञ समूह से रिपोर्ट प्राप्त कर ली है;

(ग) यदि हां, तो विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट के अनुसार सभी पात्र गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को कब तक कार्ड जारी किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) से (घ) ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 12वीं पंचवर्षीय योजना में बीपीएल परिवारों के निर्धारण हेतु उपयुक्त कार्य प्रणाली पर सुझाव के लिए डॉ. एन.सी. सक्सेना की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया था। विशेषज्ञ समूह ने अपनी रिपोर्ट 21 अगस्त, 2009 को प्रस्तुत की। सक्सेना समिति की रिपोर्ट प्रायोगिक अध्ययन के निष्कर्षों और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन तथा स्टेकहोल्डरों से परामर्श के आधार पर परिवारों के सामाजिक-आर्थिक संकेतकों संबंधी सूचना एकत्र करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की गई और देश में 29 जून, 2011 को पूर्ण सामाजिक-आर्थिक तथा जाति आधारित जनगणना (एसईसीसी) शुरू की गई। यह जनगणना भारत सरकार की वित्तीय तथा तकनीकी सहायता से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा की जा रही है।

[अनुवाद]

मोबाइल आपरेटरों द्वारा कार्टलाइजेशन

1196. श्री कुलदीप बिश्नोई : क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने हाल ही में एअरवेव की नीलामी के दौरान मोबाइल आपरेटरों के कथित कार्टलाइजेशन की कोई जांच कराई है जिसमें बहुत ही कम दिलचस्पी दिखाई गई थी;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम रहे;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) भविष्य में कार्टलाइजेशन की ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) से (ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

एफएम रेडियो स्टेशनों की स्थापना

1197. श्री एन. धरम सिंह :
श्री सैयद शाहनवाज हुसैन :

क्या **सूचना प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने कर्नाटक एवं बिहार सहित विभिन्न राज्यो में एफ.एम. रेडियो स्टेशनों की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त किए हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इनमें से बीदर, कर्नाटक में एफ.एम. रेडियो स्टेशन की स्थापना सहित कई प्रस्ताव आज तक लंबित हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) लंबित प्रस्तावों को अब तक मंजूरी न दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(च) लंबित प्रस्तावों को केंद्र सरकार की मंजूरी कब तक मिलने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) और (ख) जी, हां। प्रसार भारती ने सूचित किया है कि गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार के 4 स्थानों और कर्नाटक के 5 स्थानों सहित राज्यों के 88 स्थानों पर एफएम स्टेशनों की स्थापना करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन 88 स्थानों में से, 2 स्थानों नामत: बिहार में सीतामढ़ी और झारखंड में धनबाद नामक 2 स्थानों पर आकाशवाणी के एफएम स्टेशन पहले से ही थे तथा 29 स्थानों पर एफएम स्टेशनों की

स्थापना करने संबंधी प्रस्ताव को 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत शुरू किया गया था।

(ग) से (च) निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक में बीदर सहित देश के विभिन्न स्थानों में आकाशवाणी के नए एफएम स्टेशनों की स्थापना करने संबंधी योजनाएं गतिशील एवं सतत प्रक्रिया का भाग हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु मानक और दिशा-निर्देश

1198. श्री हेमानंद बिसवाल : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन के लिए मानकों एवं दिशा-निर्देशों में परिवर्तन लाने का है;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे परिवर्तन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पहले निर्मित की गई सड़कों के रख-रखाव के लिए धनराशि जारी करने की योजना में शामिल करने की लंबे समय से चली आ रही मांग को सम्मिलित करते हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) से (घ) ग्रामीण सड़क राज्य का विषय है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सड़कों के निर्माण के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार का एकबारगी विशेष उपाय है। राज्य स्तर पर राज्य ग्रामीण सड़क विकास एजेंसियों तथा जिला स्तर पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एककों के माध्यम से इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों का रख-रखाव राज्यों की जिम्मेदारी है। मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) के अनुसार पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित सभी सड़कें निर्माण कार्य के ठेके सहित उसी ठेकेदार के साथ किए जाने वाले शुरुआती पंचवर्षीय रख-रखाव ठेके में शामिल होती हैं। इस ठेके की पूर्ति के लिए रख-रखाव निधि प्रदान करने हेतु बजटीय प्रावधान राज्य करते हैं और ये निधियां एसआरआरडी एजेंसियों के पृथक् रख-रखाव खाते में रखी जाती हैं।

सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-II (पीएमजीएसवाई-II) शुरू की है, जिसमें लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए परिवहन सेवा प्रदाता के रूप में मौजूदा ग्रामीण सड़क नेटवर्क की समय कार्यकुशलता में सुधार करने के लिए इस नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण की परिकल्पना की गई है। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा चुनिंदा ग्रामीण सड़कों की आर्थिक संभावनाओं और ग्रामीण विपणन केन्द्रों एवं रूरल हब के विकास में उनकी भूमिका के आधार पर इन सड़कों (थ्रू रूटों और प्रमुख ग्रामीण संपर्क सड़कों) का उन्नयन करना हैं पीएमजीएसवाई-II के तहत कुल 50,000 कि.मी. लंबाई की सड़कों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है तथा सभी राज्यों को राज्य विशिष्ट पात्रता की जानकारी दे दी गई है।

पंजाब में मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार योजना हेतु वित्तीय सहायता

1199. श्री रवनीत सिंह : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पंजाब राज्य सरकार को मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार (आरआरआर) योजना के अंतर्गत जल निकायों के विकास के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो 2012-13 और 2013-14 के दौरान प्रदान की गई वित्तीय सहायता और इस संबंध में प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार ने अपने जल निकासों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) पंजाब सरकार ने जल निकायों की मरम्मत, पुन:निर्माण एवं पुन:स्थापना (आरआरआर) योजना के अंतर्गत सहायता को XIIवीं योजना में जारी रखने के लिए, जल निकायों को वित्तीय सहायता देने के लिए किसी भी प्रस्ताव को अब तक प्रस्तुत नहीं किया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

पीजीसीआईएल द्वारा जुटाई गई धनराशि

1200. डॉ. पी. वेणुगोपाल : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) को करीब 7,500 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने की अनुमति दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पीजीसीआईएल उक्त धनराशि का प्रयोग अपनी नई परियोजनाओं के प्रयोजनार्थ करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) जी, हां। भारत सरकार ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) को, 787,053,309 इक्विटी शेयरों (प्रदत्त पूंजी का 17%) की अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के लिए अनुमति दे दी है, जिसमें 601,864,295 इक्विटी शेयरों (प्रदत्त पूंजी का 13%) के नए इश्यू और भारत सरकार द्वारा पावर ग्रिड में अपनी होल्डिंग में से 185,189,014 इक्विटी शेयरों (प्रदत्त पूंजी का 4%) का विनिवेश शामिल है। अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश से लगभग 6900 करोड़ रुपए प्राप्त होने की संभावना है जिसमें शेयरों के नए इश्यू से लगभग 5300 करोड़ रुपये और शेयरों के विनिवेश के माध्यम से लगभग 1600 करोड़ रुपए शामिल हैं।

(ग) और (घ) जी, हां। इक्विटी शेयरों के नए इश्यू से जुटाई गई धनराशि, चल रही विभिन्न पारेषण परियोजनाओं के पूंजीगत व्यय के लिए पीजीसीआईएल द्वारा इस्तेमाल की जाएगी। परियोजनाओं के ब्यौरे संलग्न विवरण में हैं।

विवरण

एफपीओ प्राप्तियों के उपयोग हेतु परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजनाएं
1	2
1.	एस्सार पावर गुजरात लिमिटेड की कनेक्टिविटी के लिए पारेषण प्रणाली।
2.	रिहंद-III एवं विन्ध्याचल-IV के साथ संबद्ध पारेषण प्रणाली।
3.	ओडिशा (भाग-ग) में फेज-I उत्पादन परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रणाली।
4.	दक्षिणी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण-XIX (एसआरएसएस-XIX)
5.	छत्तीसगढ़-डीपीआर-4 में आईपीपी उत्पादन परियोजनाओं के लिए पश्चिमी क्षेत्र के पश्चिम भाग में टीएस सुदृढ़ीकरण।
6.	कृष्णापट्टनम यूएमपीपी-भाग-ख के लिए पारेषण प्रणाली।
7.	आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम क्षेत्र में आईएसजीएस परियोजनाओं के साथ संबद्ध सामान्य प्रणाली।
8.	तूतीकोरिन क्षेत्र (भाग-ख) में कोस्टल एनर्जेन प्राइवेट लिमिटेड और इण्ड-बराथ पावर (मद्रास) लिमिटेड एलटीओए उत्पादन परियोजनाओं के साथ संबद्ध सामान्य प्रणाली।
9.	छत्तीसगढ़ (डीपीआर-2) में आईपीहपी उत्पादन परियोजनाओं के लिए चम्पा और रायगढ़ (तमनार के पास) में पूलिंग स्टेशनों की स्थापना।
10.	छत्तीसगढ़ (डीपीआर-1) में आईपीहपी उत्पादन परियोजनाओं के लिए रायगढ़ (कोटरा) और रायपुर में पूलिंग स्टेशनों की स्थापना।
11.	दक्षिणी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण-XVIII (एसआरएसएस-XVIII)
12.	ओडिशा-भाग-क में फेज-I उत्पादन परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रणाली।
13.	मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में आईपीपी उत्पादन परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रणाली।
14.	छत्तीसगढ़ (डीपीआर-3) में आईपीपी परियोजनाओं के लिए पश्चिमी क्षेत्र के केंद्रीय भाग के साथ छत्तीसगढ़ में पूलिंग स्टेशनों के एकीकरण।
15.	छत्तीसगढ़ (डीपीआर-7) में आईपीपी परियोजनाओं के लिए वर्धा-औरंगाबाद कॉरीडोर में प्रणाली सुदृढ़ीकरण।
16.	ओडिशा—भाग-ख में फेज-I उत्पादन परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रणाली।
17.	बाढ़-II टीपीएस-उत्पादन—लिंक्ड के साथ संबद्ध तत्काल निकास प्रणाली।
18.	उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण-XXI (एनआरएसएस-XXI)
19.	यूटीडीडी के मगरवाडा में 400/220 केव जीआईएस उप-केंद्र की स्थापना के लिए पारेषण प्रणाली।
20.	उत्तर/क्षेत्र पश्चिम क्षेत्र-भाग-ख से सिक्किम में उत्पादन परियोजनाओं से विद्युत के स्थानांतरण हेतु पारेषण प्रणाली।
21.	झारखंड और पश्चिम बंगाल-भाग ख में फेज-I उत्पादन परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रणाली।

1	2
22.	झारखंड और पश्चिम बंगाल-भाग क-2 में फेज-I उत्पादन परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रणाली।
23.	श्रीकाकुलम क्षेत्र भाग-क में ईस्ट कोस्ट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और एनसीसी, पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड एलटीओए उत्पादन परियोजनाओं के साथ संबद्ध सामान्य प्रणाली।
24.	पल्लाताना गैस आधारित विद्युत परियोजना और बोंगाईगांव ताप विद्युत केंद्र (बोंगाईगांव मर्जड के लिए टीएस) के साथ संबद्ध पारेषण प्रणाली।
25.	मौदा स्टेज-II (2×660 मेगावाट) के साथ संबद्ध पारेषण प्रणाली।
26.	उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण-XXVI (एनआरएसएस-XXVI)
27.	उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण-XXV (एनआरएसएस-XXV)

भू-जल स्तर के संरक्षण के लिए प्रोत्साहन

1201. श्री ई.जी. सुगावनम : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए कोई कठोर उपाय किए हैं और क्या इन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए जो कि भू-जल स्तर को बढ़ाने/संरक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रभावी रूप से वर्षा जल संचयन का कार्यान्वयन कर रहे हैं, समुचित प्रोत्साहन देने की शुरुआत की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) संबंधित नगर पालिका/राज्य विकास प्राधिकरणों के माध्यम से वर्षा जल संचयन का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें कानून/नियम/विनियमन और भवन उप-नियम आदि बनाती हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के अंतर्गत केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) का गठन किया गया है और प्राधिकरण ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और सभी केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को भूमि जल के कृत्रिम पुनर्भरण/वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने/अंगीकार करने संबंधी उपाय करने के लिए निदेश जारी किए हैं। सीजीडब्ल्यूए ने वर्षा जल संचयन और भूमि जल की पुनर्भरण को अंगीकार करने के लिए विभिन्न केन्द्रीय और राज्य सरकारी संगठनों के साथ भी इस मामले को उठाया है। सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को एक मॉडल विधेयक भी परिचालित किया गया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वर्षा जल संचयन के प्रावधान हैं ताकि वे भूमि जल के विनियमन और प्रबंधन हेतु भूमि जल विधान अधिनियमित कर सकें। जल संसाधन मंत्रालय ने वर्ष 2007 में भूमि जल संवर्धन पुरस्कार एवं राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रारंभ किए थे। छह श्रेणियों में 20 भूमि जल संवर्धन पुरस्कार और 1 राष्ट्रीय जल पुरस्कार था। ये पुरस्कार वर्ष 2007, 2008, 2009 और 2010 में दिए गए थे। वर्षा जल संचयन एवं कृत्रिम पुनर्भरण द्वारा भूमि जल के संवर्धन की नई पद्धतियों को अंगीकार करने, जल उपयोग दक्षता को बढ़ावा देने, जल के पुनर्चक्रण और पुन: प्रयोग तथा लोगों सहभागिता द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)/ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों/संस्थाओं/कॉर्पोरेट क्षेत्र और लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए इन पुरस्कारों को अब 5 राष्ट्रीय जल पुरस्कारों और 2 राष्ट्रीय जल उत्कृष्टता पुरस्कारों में तबदील कर दिया गया है।

(ग) उपर्युक्त भाग (क) एवं (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

संभारतंत्र विकास

1202. श्री शिवराम गौडा : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्य विकसित देशों की तुलना में देश में रेलवे के द्वारा संभारतंत्र विकास पिछड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस संबंध में रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या रेलवे का विचार देश में सरकारी निजी भागीदारी मोड के द्वारा मल्टी-मॉडल संभारतंत्र (लॉजिस्टिक) पार्कों की स्थापना करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (ग) भारतीय रेल में संभारतंत्र एवं टर्मिनल अवसंरचना के विकास का कार्य एक सतत प्रक्रिया है जो यातायात की किस्म, यातायात की मात्रा पर निर्भर करता है और आरंभिक-गंतव्य स्थलों के प्रवाह को देखते हुए मौजूदा टर्मिनलों की क्षमता में संवर्धन या नई सेवाओं का विकास किया जाता है। विकसित देशों में संभार तंत्र के संबंध में तुलनात्मक आंकड़ों का ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

(घ) और (ङ) सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) माध्यम से मल्टी मॉडल संभारतंत्र पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना करने का कार्य 12वीं योजना में चिन्हित किए गए क्षेत्रों में से एक है। निजी माल भाड़ा टर्मिनल (पीएफटी) नीति में निजी भूमि पर बहु-उपयोगकर्त्ता सुविधा के रूप में माल भाड़ा टर्मिनलों की स्थापना का विचार किया गया है। एमएमएलपी की तरह से पीएफटी कार्य करते हैं। यह नीति निर्देश 23.04.2012 को जारी किए गए थे। वर्तमान में 18 पीएफटी पहले से ही कार्यरत हैं और 37 और पीएफटी को क्षेत्रीय रेलों द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

[हिन्दी]

रेक प्वाइंट्स

1203. श्री कमला देवी पटले : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उर्वरकों/जिंसों के लिए रेक प्वाइंटस के आवंटन एवं विनिर्माण के लिए रेलवे द्वारा क्या मापदंड अपनाया गया है;

(ख) देश में कार्यरत और गैर-कार्यरत रेक प्वाइंट्स की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) क्या बिलासपुर जोन के अंतर्गत जंजगीर-नैला स्टेशन पर रोक प्वाइंट्स गैर-कार्यरत हो गया है क्योंकि इसे निर्धारित मापदंड पूरा न करने के बावजूद भी विनिर्मित किया गया;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और ऐसे विनिर्माण/आवंटन के पाए गए दोषियों के खिलाफ रेलवे द्वारा क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है; और

(ङ) क्या रेलवे का विचार उक्त रेक प्वाइंट्स को कार्यशील बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) यातायात संभावनाओं, तकनीकी व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के माध्यम से पारिचालनिक आवश्यकता और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर उर्वरकों और अन्य सभी पण्यों के लिए रेक प्वाइंट्स की योजना बनाई जाती है/चिन्हित किया जाता है।

(ख) 1437। आंध्र प्रदेश-221, असम-57, बिहार-71, छत्तीसगढ़-36, दिल्ली-5, गोवा-04, गुजरात-66, हरियाणा-38, जम्मू और कश्मीर-3, झारखंड-39, कर्नाटक-74, केरल-28, मध्य प्रदेश-118, महाराष्ट्र-115, मणिपुर-01, मिजोरम-01, नागालैंड-02, ओडिशा-57, पंजाब-88, राजस्थान-86, तमिलनाडु-62, त्रिपुरा-04, उत्तर प्रदेश-133, उत्तराखंड-14, पश्चिम बंगाल-113, चंडीगढ़ (यूटी)-1।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) जंजगीर-नैला स्टेशन के माल गोदाम में पीओएल और क्रेन परेषण को छोड़कर सभी पण्यों की लदान तथा उतराई संबंधी कार्य हो रहा है, जिसमें उर्वरक भी शामिल है।

विज्ञान केन्द्र

1204. श्री हंसराज गं. अहीर : क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नैनो प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत ने रूस के सहयोग से एक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस केन्द्र के कार्यकरण के लिए कोई विचारार्थ विषय निर्धारित किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) जी, हां। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने रूसी शिक्षा एवं विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से संयुक्त रूप से भारत-रूसी विज्ञान और प्रौद्योगिकी केन्द्र (आईआरएसटीसी) की स्थापना की है जिसके कार्यालय नई दिल्ली एनसीआर क्षेत्र और मास्को में स्थित हैं।

(ख) आईआरएसटीसी के भारतीय कार्यालय में अप्रैल, 2012 में कार्य आरंभ हो गया है जबकि रूसी कार्यालय दिसंबर, 2011 से कार्य कर रहा है। वर्तमान में केन्द्र तीन वर्षों के प्रारंभिक अवधि के लिए एक प्रोजेक्ट मोड पर कार्य कर रहा है।

(ग) और (घ) निम्नलिखित विचारार्थ विषयों के संबंध में आपसी सहमति बनी:—

(i) दोनों पक्षों (भारत और रूस) का अपने-अपने देश में केन्द्र को वित्तीय सहयोग प्रदान करना;

(ii) आईआरएसटीसी भारत तथा रूस दोनों से उद्योग के लिए सिद्ध प्रौद्योगिकी (प्रयोगशाला स्तर अथवा प्रायोगिक स्तर पर) के अंतरण को सुकर बनाने के लिए अधिदेशित है;

(iii) आईआरएसटीसी नैनोप्रौद्योगिकी सहित सभी संभव प्रौद्योगिकियों के खोज के लिए भी अधिदेशित है;

(iv) आईआरएसटीसी सूचना अन्वेषण, बैठकों, संगोष्ठियों और

सम्मेलन के आयोजन, विभिन्न उपलब्ध प्रौद्योगिकियों के प्रस्तुतीकरण, प्रदर्शनियों और विज्ञापन के लिए सेवाएं उपलब्ध कराएगा;

(v) आईआरएसटीसी प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्त्ता तथा प्राप्तकर्त्ता के बीच प्रौद्योगिकी अंतरण करार की तैयारी और निष्पत्ति को सुकर बनाएगा।

रेल उपरि पुल का निर्माण

1205. श्री सुरेन्द्र सिंह नागर :
श्री राजेन्द्र अग्रवाल :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे का विचार बुलन्दशहर जिला, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत खुर्जा-जेवर मार्ग पर स्थित खुर्जा स्टेशन पर क्रासिंग नं. 129वीं के एमएस 1370/5-7 (टुंडला-गाजियाबाद) पर रेल उपरि पुल का निर्माण करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) क्या रेलवे का विचार उत्तर प्रदेश में हापुड के जिला मुख्यालय के मुरादाबाद मार्ग पर हापुड़-खुर्जा रेलवे लाइन पर कोई रेल उपरि पुल बनाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) रेलवे पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) गौतम बुद्ध नगर जिले में टुण्डला-गाजियाबाद खंड में किमी. 1370/5-7 पर समपार संख्या 129बी के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के कार्य को रेल निर्माण कार्य 2010-11 में पहले से ही लागत में भागीदारी के आधार पर स्वीकृत कर दिया गया है।

पुल के रेलवे वाले भाग का निर्माण रेलवे द्वारा किया जा रहा है और इस ऊपरी सड़क पुल के पहुंच मार्ग के निर्माण का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। पुल का रेलवे वाले भाग का कार्य प्रगति पर है और जून, 2014 तक पूरा करने की संभावना है।

(ग) से (ङ) जी, हां। हापुड़ जिले में हापुड़-खुर्जा रेल लाइन पर किमी. 59/11-12 पर समपार संख्या 37 और किमी. 60/1-2 पर समपार संख्या 39ए के स्थान पर दो ऊपरी सड़क पुलों के निर्माण कार्यों को रेल निर्माण कार्य 2013-14 में लागत में भागीदारी के आधार पर स्वीकृत किया गया है।

नए कार्य होने के कारण, ये अभी योजना और अनुमान चरण पर हैं। पुल के रेलवे वाले भाग का निर्माण रेलवे द्वारा किया जा रहा है और इन ऊपरी सड़क पुलों के लिए पहुंच मार्गों के निर्माण का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है, इसलिए इस चरण पर रेलवे स्वयं इन दोनों ऊपरी सड़क पुलों के पूरा होने की लक्ष्य तिथि निर्धारित नहीं कर सकती है।

[अनुवाद]

लक्षद्वीप के लिए समुद्री विमान

1206. श्री हमदुल्लाह सईद : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पवन हंस हेलीकॉप्टर लिमिटेड का विचार अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में परिचालनरत समुद्री विमानों के समान लक्षद्वीप में भी समुद्री विमानों का परिचालन शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (ग) लक्षद्वीप में सी-प्लेन प्रचालनों को आरंभ करने का उत्तरदायित्व लक्षद्वीप प्रशासन का है।

लक्षद्वीप प्रशासन ने सी-प्लेन के प्रचालन तथा एक एमफीबियन सी-प्लेन के वेट लीज के लिए सभी द्वीपों में व्यवहार्यता अध्ययन कराने के लिए दिसम्बर, 2012 में अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है। पवन हंस ने इस अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

भारतीय रेलवे खान-पान और पर्यटन निगम से बुक स्टॉल प्रबंधन को वापस लेना

1207. श्री जगदीश ठाकोर : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने भारतीय रेलवे खान-पान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्मों पर बुक स्टॉलों के प्रबंधन और परिचालन को अपने नियंत्रण में लेने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने का प्रस्ताव है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, हां।

(ख) 28.03.2012 को जारी की गई भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के बुक स्टॉलों के प्रबंधन को क्षेत्रीय रेलों को हस्तांतरण करने से संबंधित नीति अनुदेशों को कार्यान्वित किया गया है।

विमानपत्तनों पर सुविधाएं

1208. श्री हरिभाऊ जावले : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विमानपत्तन पर किसी प्रणाली के खराब होने पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की यह जिम्मेदारी है कि वह यह दर्शाने के लिए सूचना पट्टिका लगाए कि यह प्रणाली कार्य नहीं कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या भारतीय विमानपत्तनों में इसका अनुसरण किया जाता है और यदि हां, तो विमानपत्तन-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि स्कैनर में बैग के साथ कोई समस्या होती है तो क्या यात्री को अपने बैग की निकासी के लिए प्रतीक्षा कराई जाती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस प्रकार के बैगों की तलाशी के लिए किसी डाइलेटेशन फोर्स की नियुक्ति का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) जी, हां। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रबंधित हवाईअड्डों पर यदि भाविप्रा द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कोई सुविधा सुचारु स्थिति में नहीं है तो ऐसा दर्शाने के लिए इश्तहार/पट्टिका लगाई जाती है।

(ग) जी, हां। पंजीकृत बैगेज के मामले में एयरलाइन स्टाफ द्वारा निकासी तथा प्रत्यक्ष जांच की जाती है तथा हैंड बैगेज के मामले में सुरक्षा कार्मिक द्वारा निकासी/प्रत्यक्ष जांच की जाती है।

(घ) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

नई विमानपत्तन परियोजना

1209. श्री अशोक तंवर : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 10वीं और 11वीं पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान नए विमानपत्तनों के निर्माण के लिए शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) 10वीं और 11वीं पंचवर्षीय योजनाओं की समाप्ति तक पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ग) विश्वभर में विमानपत्तनों की तुलना में इन विमानपत्तनों की रैंकिंग का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मौजूदा अवसंरचना और उपलब्ध सुविधाओं की दृष्टि से भारतीय विमानप त्तनों की स्थिति खराब है;

(ङ) यदि हां, तो अन्य विश्वस्तरीय विमानपत्तनों की तुलना में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसका औचित्य क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) 10वीं तथा 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रारंभ की गई नई हवाईअड्डा परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

क. नई हवाईअड्डा परियोजनाएं:

1. मैसूर हवाईअड्डा 2. जलगांव 3. भटिंडा-नया सिविल एन्क्लेव, 4. बीकानेर-नया सिविल एन्क्लेव, 5. जैसलमेर-नया सिविल एन्क्लेव, 6. कडप्पा, 7. पेक्योंग, 8. तेजू, 9. पुदुचेरी

ख. नई ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाएं:

1. हैदराबाद अंतरर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
2. बेंगलुरु अंतरर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा

(ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक उपर्युक्त 11 परियोजनाओं में से कुल 4 परियोजनाओं पूरी हो गई है।

(ग) इन हवाईअड्डों में से प्रतिवर्ष 5-15 मिलियन यात्रियों की व्यवस्था करने वाले हवाईअड्डों पर हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता सर्वेक्षण कराया गया है। दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून), 2013 के दौरान विश्व के हवाईअड्डों में से हैदराबाद तथा बेंगलुरु हवाईअड्डे को क्रमश: दूसरा तथा पच्चीसवां स्थान प्राप्त हुआ है। मैसूर तथा जलगांव हवाईअड्डों को अभी तक कोई स्थान प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि इन हवाईअड्डों पर सीमित एयरलाइनें ही प्रचालन कर रही हैं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) देश में अधिकतर प्रमुख हवाईअड्डों में विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सेवाएं उपलब्ध हैं और इन्हें विश्व के दूसरे स्थान के हवाईअड्डे की रैंकिंग प्राप्त है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

ऑटोमेटेड इंफार्मेशन के लिए प्रायोगिक परियोजना

1210. श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने यात्री डिब्बों, वैगनों और रेल इंजनों में आने वाली समस्याओं के बारे में ऑटोमेटेड इंफार्मेशन के लिए प्रायोगिक परियोजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे स्थानों का ब्यौरा क्या है जहां ऐसे उपकरणों को लगाया गया है और कब तक सभी स्थानों पर ऐसे उपकरणों को लगाए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) पायलट परियोजना के रूप में निम्नलिखित प्रणाली स्थापित की गई है:—

(i) बक्कस/लखनऊ/उत्तर रेलवे पर एक ट्रेन साइड बोगी मॉनिटरिंग प्रणाली स्थापित की गई है ताकि उन बोगियों, जिनके धुरा बियरिंगों के खराब होने की संभावना है, की मॉनिटरिंग तथा उनकी पहचान की जा सके। इस प्रणाली से गुजरने वाली बोगियों के खराब या खराब होने वाली एक्सल बियरिंगों का पता लग जाने पर इस यंत्र में अलार्म बज जाता है।

(ii) भारतीय रेलों पर डीजल इंजनों पर रिमोट मॉनीटरिंग एंड मैनेजमेंट फॉर लोकोमोटिव तथा ट्रेन (आरईएमएमएलओटी) उपकरण जो स्वत: रिमोट सेवा को जीपीएस के जरिए लोकोमोटिव पैरामीटर की ऑन बोर्ड निगरानी तथा इन्हें संप्रेषित करता है, विकसित किया गया है तथा इसकी व्यवस्था की जा रही है। आरईएमएमएलओटी प्रणाली के जरिए रेल इंजनों (जिनमें इसे लगाया गया है) में समस्याओं के बारे में ऑटोमेटिड सूचना इंटरनेट के माध्यम से भी स्थान से मॉनीटर की जा सकती है। आरईएमएमओएलटी प्रणाली 594 डीजल इंजनों में लगाई गई है।

ये उपकरण उन इंजनों के अंदर लगाए गए हैं जिन्हें संपूर्ण भारतीय रेल नेटवर्क में संचलित किया जाता है। रेलवे बोर्ड की स्वीकृति तथा धन की उपलब्धता के अनुसार उत्पादन इकाइयों तथा रेलवे द्वारा उपकरण फिट किए जाते हैं।

(ii) **व्हील इंपेक्ट लोड डिटेक्टर (वाईआईएलडी):** वाइल्ड प्रणाली का उपयोग व्हील की पहचान को लक्षित करने के लिए व्हील पर व्हील इंपेक्ट जिससे पटरी पर उच्च प्रभाव पड़ता है, को मॉनीटर करने के लिए किया जाता है। वाइल्ड प्रणाली लगातार इंजनों और व्हीकल व्हील अच्छी हाल में बनाए रखती है ताकि गाड़ी परिचालन सुरक्षित सुनिश्चित हो सके। महालीमारूप/दक्षिण पूर्व रेलवे, हॉस्पेट/दक्षिण पश्चिम रेलवे, अरक्कोणम/दक्षिण रेलवे, भिलाई/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, हॉस्पेट/दक्षिण पश्चिम रेलवे, अरक्कोणम/दक्षिण रेलवे, भिलाई/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, गुंतकल/दक्षिण मध्य रेलवे, मुगलसराय/पूर्व मध्य रेलवे (2 अदद), आसनसोल/पूर्व रेलवे, विशाखापत्तनम/पूर्वोत्तर रेलवे, अजनी/मध्य रेलवे, बीना/पश्चिम मध्य रेलवे, बरवाडीह/पूर्व मध्य रेलवे, इटारसी/पश्चिम मध्य रेलवे, डोंगरगढ़/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, न्यू कटनी जंक्शन/पश्चिम मध्य रेलवे में कुल 15 वाइल्ड प्रणाली स्थापित की गई हैं।

इस प्रकार की प्रणाली में पर्याप्त विशेषज्ञता प्राप्त करने पर तथा परिणामों का अर्थ लगाने में विश्वास करने के बाद ही तथा धन की उपलब्धता के आधार पर इन प्रणालियों का विस्तार किया जाएगा।

ट्रेनों का रद्द करना

1211. श्री नरहरि महतो : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार और चालू वर्ष की पहली तिमाही में बंद/नाकेबंदी/आंदोलनों के कारण रद्द की गई यात्री और माल दोनों प्रकार की रेलगाड़ियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) ऐसे आंदोलनों के कारण रेलवे द्वारा उठाया गया कुल नुकसान कितना है;

(ग) क्या रेलवे द्वारा यात्रियों को केवल दुर्घटनाओं के लिए ही मुआवजा दिया जाता है ओर रेलगाड़ियों के लिए ही मुआवजा दिया जाता है और रेलगाड़ियों के रद्द किए जाने के कारण हुए समय और धन की हानि के लिए मुआवजा नहीं दिया जाता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या मंत्रालय यात्रियों और व्यापारियों को बंद/नाकेबंदी/आंदोलनों के कारण हुई हानि की भरपाई के लिए मुआवजा देने के लिए कोई योजना बना रहा है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(छ) इन आंदोलनों के विरुद्ध दंडात्मक और उपचारात्मक उपायों के लिए न्यायालयों द्वारा विभिन्न निर्देशों के संदर्भ में रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) बंदों/अवरोधों/आंदोलनों के कारण पिछले तीन वर्षों 2010-11, 2011-12, 2012-13 और 2013-14 (नवंबर तक) के दौरान रद्द हुई यात्री गाड़ियों की वर्ष-वार, क्षेत्र-वार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है।

मालगाड़ियों के रद्द होने की कोई अवधारणा नहीं है।

(ख) यात्री गाड़ियों के रद्द होने से हुए नुकसान की गाड़ी-वार गणना नहीं की जाती है।

(ग) रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 124 के तहत परिभाषित किए गए अनुसार गाड़ी दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु/चोट के लिए यात्रियों को क्षतिपूर्ति दी जाती है।

(घ) जिन यात्रियों को गाड़ी दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है अथवा घायल हो जाते हैं, को रेल दावा अधिकरण (आरसीटी) में मुआवजे दावा दर्ज करने के बाद और दावाकर्त्ता के पक्ष में अधिकरण द्वारा डिक्री दिए जाने और उससे रेलवे के संतुष्ट होने पर ही रेलवे द्वारा क्षतिपूर्ति की जाती है।

(ङ) और (च) भारतीय रेलवे अधिनियम के अनुसार कोई क्षतिपूर्ति स्वीकार्य नहीं है। बहरहाल, गाड़ी के रद्द होने/तीन घंटे से अधिक देरी से चलने पर नियमों के अनुसार किराए की धनवापसी प्रदान की जाती है बशर्ते कि टिकट को निर्धारित अवधि के अंदर जमा कर दिया गया हो।

(छ) रेलवे में पुलिस की व्यवस्था राज्य का विषय है और रेलवे परिसर के साथ-साथ चलती गाड़ियों में अपराधों को रोकना, मामलों को दर्ज करना, उनकी जांच करना और कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखना राज्य पुलिस की संवैधानिक जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन संबंधित राज्य की राजकीय रेलव पुलिस (जीआरपी) माध्यम से किया जाता है। इस प्रकार, अपराध संबंधी मामले राजकीय रेलवे पुलिस को सूचित किए जाते हैं, उन्हीं के द्वारा दर्ज तथा जांच की जाती है।

विभिन्न समूहों/संगठनों द्वारा आयोजित बंदों/धरनाओं/रेलपथ पर बैठने आदि जैसे आंदोलन प्रारंभिक तौर से कानून एवं व्यवस्था की स्थिति है। चूंकि रेलवे परिसरों में कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखना संबंधित राज्य राज्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है, ऐसे आंदोलन प्रारंभिक तौर पर संबंधित राज्य सरकार द्वारा निपटाए जाते हैं। बहरहाल, अतः ऐसी स्थितियों में रेलवे सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस/जीआरपी के प्रयासों में सहयोग करती है।

विवरण

बंदों/अवरोधों/आंदोलनों के कारण पिछले तीन वर्षों 2010-11, 2011-12, 2012-13 और 2013-14 (नवंबर तक) के दौरान रद्द हुई यात्री गाड़ियों की वर्ष-वार, क्षेत्र-वार कुल संख्या

रेलवे	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
1	2	3	4	5
मध्य रेलवे	07	16	08	—
पूर्व तट रेलवे	08	18	25	07
पूर्व मध्य रेलवे	147	04	44	—
पूर्व रेलवे	301	05	01	—
उत्तर मध्य रेलवे	368	—	—	—
पूर्वोत्तर रेलवे	48	—	—	—
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	217	31	71	05
उत्तर रेलवे	711	36	142	11
उत्तर पश्चिम रेलवे	558	104	19	—

1	2	3	4	5
दक्षिण मध्य रेलवे	47	444	18	48
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	—	—	—	—
दक्षिण पूर्व रेलवे	287	12	71	—
दक्षिण रेलवे	04	03	—	—
दक्षिण पश्चिम रेलवे	10	04	45	04
पश्चिम मध्य रेलवे	284	—	—	—
पश्चिम रेलवे	170	109	10	04
जोड़	3167	756	454	79

डिप्लोमैटिक बैगों और पत्रों के साथ छेड़छाड़

1212. श्री पी. कुमार : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि विगत दिनों में भारतीय राजदूतावासों और उच्चायोगों को भेजे गए डिप्लोमैटिक बैगों और पत्रों के साथ छेड़-छाड़ की गई और उन्हें ठीक से नहीं रखा गया;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एयर इंडिया को निश्चित कार्य-प्रणाली का अनुसरण करने का आदेश दिया गया है जिसमें विदेशों में भारतीय अधिकारियों को इन शासकीय कूरियरों को सौंपा जाना शामिल है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, नहीं। एयर इंडिया एयर वेबिल के माध्यम से एयर इंडिया के साथ बुक किए गए राजनयिक बैगों तथा डाक के संबंध में किसी प्रकार की अव्यवस्था या छेड़छाड़ की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, हाल ही में, विदेश मंत्रालय ने भारतीय डाक के साथ सीधे राजनयिक डाक को बुक कराने की प्रणाली को अपनाया है, जो पोस्टल मेल बैगों का प्रयोग करती है और एयर इंडिया को रिपोर्ट नहीं करती।

(ख) उपर्युक्त (क) के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं। "राजनयिक बैगों और डाकों" की हैंडलिंग के लिए एयर इंडिया में इसकी अपनी मानक प्रचालन प्रक्रिया विद्यमान है जिसे एयर इंडिया कार्गो प्रचालन मैनुअल में निर्धारित किया गया है। एयर इंडिया के अधिकारियों द्वारा श्रेणी 'क' राजनयिक डाक सीधे विदेश में दूतावास के प्रतिनिधि को सौंपी जाती है। श्रेणी 'ख' तथा 'ग' की राजनयिक डाक को सामान्य कार्गो जैसा ही समान प्रक्रिया के माध्यम से सौंपा जाता है। तथापि, यह केवल एयर इंडिया के साथ बुक की गई राजनयिक डाक पर ही लागू होता है न कि पोस्टल डाक बैगों में भारतीय पोस्ट द्वारा ले जाई जाने वाली राजनयिक डाक के लिए।

(घ) उपर्युक्त (ग) के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदन-पत्र

1213. डॉ. बलीराम : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मंत्रालय में प्राप्त हुए आवेदन-पत्रों की राज्य और विभाग-वार संख्या कितनी है;

(ख) ऐसे आवेदन-पत्रों की संख्या कितनी है जिनके संबंध में समय पर सूचना दी गई थी;

(ग) ऐसे आवेदन-पत्रों की संख्या कितनी है जिनके संबंध में समय पर सूचना नहीं दी गई और समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराने के क्या कारण हैं;

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) समय पर सूचना उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) इस मंत्रालय के अधीन कोई विभाग नहीं हैं। तथापि, गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सूचना और प्रसारण मंत्रालय में प्राप्त हुई आरटीआई आवेदनों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

वर्ष 2010	975
वर्ष 2011	1061
वर्ष 2012	1053
वर्ष 2013	1439 (31.10.2013 तक)

(ख) उन आरटीआई आवेदनों, जिनके संबंध में समय से सूचना दी गई, की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

वर्ष 2010	875
वर्ष 2011	857
वर्ष 2012	919
वर्ष 2013	1289 (31.10.2013 तक)

(ग) उन आरटीआई आवेदनों, जिनके संबंध में समय से सूचना नहीं दी गई, की संख्या का ब्यौरा निम्नुसार है:—

वर्ष 2010	100
वर्ष 2011	204
वर्ष 2012	134
वर्ष 2013	150 (31.10.2013 तक)

(घ) जैसे ही और जब भी आवेदकों से आवेदन प्राप्त हुए, उनकी मंत्रालय में पदनामित अपीलीय प्राधिकारियों द्वारा जांच की गई। अपीलों का निपटान करने के लिए उपयुक्त आदेश/निदेश पारित किए गए।

(ङ) आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत सूचना को समय से मुहैया कराए जाने के सुनिश्चियन हेतु निर्धारित समय-सीमा के भीतर सूचना प्रदान न किए जाने की स्थिति में लोक सूचना अधिकारी पर शास्ति के अधिरोपण हेतु प्रावधान हैं। सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षण, ऑन-लाइन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम एवं मार्गदर्शिकाओं के प्रकाशन के जरिए सूचना की मांग व पूर्ति के पहलू पर क्षमता का निर्माण करने हेतु कदम उठाए हैं। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, बाह्य मीडिया एवं कार्यशालाओं के जरिए जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त, लोक प्राधिकारियों द्वारा अधिकतम सूचना को अग्रिम रूप से प्रदान किए जाने की बात पर जोर देते हुए स्पष्टीकरण-आदेश भी जारी किए गए थे ताकि नागरिकों को लोक प्राधिकारियों के पास उपलब्ध सूचना को प्राप्त करने के लिए आरटीआई आवेदन न देने पड़ें।

[अनुवाद]

तूतीकोरिन विमानपत्तन पर नाइट लैंडिंग फैसिलिटी की स्थापना

1214. श्री एस.आर. जेयदुरई : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तूतीकोरिन विमानपत्तन पर नाइट लैंडिंग फैसिलिटी/प्रणाली की स्थापना कर दी गई है और क्या सुरक्षा की दृष्टि से विमानपत्तन की जांच की गई है और विमानपत्तन की अवसंरचना के विकास की स्थिति क्या है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने तमिलनाडु के तूतोकोरिन हवाईअड्डे पर रात्रि प्रचालनों के लिए स्थल प्रकाश प्रसुविधा की व्यवस्था कर दी है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दिनांक 28.11.2013 की संरक्षा निरीक्षण किया गया। तूतीकोरिन हवाईअड्डा साफ मौसम स्थितियों में एटीआर-42/72 प्रकार के विमान के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा इस हवाईअड्डे की अवसंरचना का विकास राज्य सरकार द्वारा एएआई को सभी बाधाओं से मुक्त 586 एकड़ माप की अतिरिक्त भूमि निःशुल्क प्रत्यक्षतः सौंपने पर निर्भर करता है।

[हिन्दी]

जल प्रशुल्क

1215. श्री सैयद शाहनवाज हुसैन : क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार सरकारी निजी भागीदारिता (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत पेयजल संयंत्रों/परियोजनाओं को स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने इस विषय पर राज्य सरकारों के साथ चर्चा की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार प्रत्येक राज्य में जल प्रशुल्क निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र निकाय स्थापित करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी) : (क) से (च) जल राज्य का विषय है। पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए राज्यों को उनके प्रयासों में सहायता देने हेतु वित्तीय एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराकर केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) राज्यों के माध्यम से संचालित करता है। एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति योजनाओं को रूप-रेखा बनाने, उनका निष्पादन और कार्यान्वयन करने के लिए राज्य सरकारों को शक्तियां प्रदान की गई हैं। अत: सरकारी निजी भागीदारिता (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के संबंध में निर्णय लेना राज्य सरकारों का निर्भर करता है। ग्रामीण जनता की बढ़ती हुई अपेक्षाओं को पूरा करने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सभी ग्रामीण परिवारों में परिवार स्तर पर सुनिश्चित और स्वच्छ पाइप जल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र को बहुत अधिक निवेशों की आवश्यकता है। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र के संतोषजनक परिचालन और रख-रखाव के लिए परिचालन एवं लागत क्षमता और वित्तीय अनुशासन बरतने, जल प्रशुल्क और संग्रहण संबंधी मामलों और प्रबंधकीय कार्य-कुशलताओं में सुधार की अपेक्षा करता है। इस संदर्भ में मंत्रालय ने सरकारी निजी भागीदारिता के संबंध में प्रारूप मॉडल तैयार किए हैं।

[अनुवाद]

यात्री सेवा शुल्क

1216. डॉ. पी. वेणुगोपाल : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार यात्री सेवा शुल्क में किसी प्रकार की बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) यात्री सेवा शुल्क (सुरक्षा घटक) के संशोधन के मामले में सरकार द्वारा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

टिकटों को रद्द करना

1217. डॉ. निलेश नारायण राणे : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान विमान कंपनियों द्वारा टिकटों को रद्द करने या उनमें परिवर्तन कराने पर अर्थ दंड लगाने और अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ट्रेवल एजेंटों द्वारा मल्टीपल बुकिंग्स की जाती है जिसके परिणामस्वरूप विमान उड़ान के दौरान खाली रहते हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विमान कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या निर्णय लिए गए?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) विमान किराए सरकार द्वारा विनियमित नहीं किए जाते। हवाई यात्रा, यात्री तथा एयरलाइन के बीच संविदात्मक अनुबंध करता है। डीजीसीए ने टिकट के रद्दकरण या परिवर्तन पर कोई मानदंड जारी नहीं किए हैं।

विमान नियमावली, 1937 के नियम 135 के उप-नियम (1) के अनुसार अुसूचित हवाई सेवाओं से संबद्ध प्रत्येक हवाई परिवहन उपक्रम दर सूची स्थापित करते समय प्रचालन की लागत, सेवाओं की विशेषताओं, एयरलाइनें युक्तिसंगत प्रभारों/शुल्क को तय करने के लिए स्वतंत्र है।

तथापि, डीजीसीए ने यात्री सुविधा के लिए "बार्डिंग के लिए मना करने, उड़ानों के रद्दकरण तथा देरी होने के कारण एयरलाइन द्वारा यात्री को दी जाने वाली सुविधाएं" पर नागर विमानन अपेक्षा (सीएआर) धारा 3, वायु परिवहन, श्रृंखला एम· भाग-IV जारी की है।

(ख) मंत्रालय ट्रैवल एजेंटों द्वारा की जाने वाली मल्टीपल बुकिंग का रिकॉर्ड नहीं रखता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

सुरक्षा प्रभार

1218. श्री कौशलेन्द्र कुमार : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे रेल यात्रियों में सुरक्षा प्रभार लेती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अन्य गिरोहों के अलावा हिजड़ों के गिरोह भी रेल यात्रियों, विशेषकर रेलगाड़ियों में परिवार सहित यात्रा करने वालों से पैसों की जबरन वसूली करते हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) सुरक्षा प्रभारों के नाम यात्री किरायों में कोई भी अधिशुल्क नहीं लगाया गया है।

(ग) और (घ) जी, हां। वर्ष 2011 और 2012 के दौरान किन्नरों द्वारा रेल यात्रियों से जबरन वसूली की क्रमशः 34 और 31 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस प्रकार की शिकायतों को कानूनी कार्रवाई करने के लिए संबंधित राज्य के रेल राज्य पुलिस को भेज दिया जाता है।

(ङ) रेलवे में पुलिस की व्यवस्था करना राज्य सरकार का विषय हे और रेलवे परिसरों के साथ-साथ चलती गाड़ियों पर अपराधों की रोकथाम, मामले दर्ज करना, उनकी जांच करना और कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना राज्य पुलिस की संवैधानिक जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन संबंधित राज्य की राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा किया जाता है। रेलवे पर अपराधों के ऐसे मामले में राजकीय रेलवे पुलिस को सूचित किए जाते हैं, उन्हीं के द्वारा मामले दर्ज किए जाते हैं और उनकी जांच की जाती है। बहरहाल, रेलवे सुरक्षा बल प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गाड़ियों का मार्गरक्षण और महत्त्वपूर्ण तथा संवदेनशील स्टेशनों पर एक्सेस कंट्रोल ड्यूटियों के लिए अपने स्टॉफ की तैनाती करके राजकीय रेलवे पुलिस के प्रयासों को पूरा कर रहे हैं।

[अनुवाद]

निजी कंपनियों को ठेके

1219. श्री के. सुगुमार :
श्री आर. थामराईसेलवन :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार राजस्व बांटने के आधार पर निजीकरण के स्थान पर देश में विमानपत्तनों के परिचालन के लिए निजी कंपनियों को दीर्घावधिक प्रबंधन ठेके देने की अनुमति प्रदान करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि पैनल देश में विमानपत्तनों के निजीकरण के विरुद्ध था और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने ऐसे विमानपत्तनों जिनके निजीकरण या उन्हें दीर्घावधिक प्रबंधन ठेकों पर दिए जाने पर विचार किया गया था, के आधुनिकीकरण के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) भारत सरकार (जीओआई) ने बारहवीं योजना अवधि के लिए वित्तीय योजना का कार्य दल की सिफारिशों के अनुसार 'सिद्धांत रूप से' यह निर्णय लिया है कि 20 एयरपोर्टों चेन्नै, कोलकाता, लखनऊ, गुवाहाटी, जयपुर, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, कोयम्बटूर, त्रिची, वाराणसी, इंदौर, अमृतसर, उदयपुर, गया, रायपुर, भोपाल, अगरतला, इम्फाल, मंगलूरु तथा बंडोदरा का प्रचालन, प्रबंधन तथा विकास सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी) रीति से चरणबद्ध रूप में किया जाए।

(ग) परिवहन, पर्यटन तथा संस्कृति पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी 203वीं रिपोर्ट में यह सिफारिश की है कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को घाटे में चल रही एयरपोर्टों सहित इसके सभी एयरपोर्टों का प्रबंधन तथा प्रचालन करने की अनुमति इस संशोधन के साथ दे दी जाए कि प्रावइेट एयरपोर्ट ऑपरेटरों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के समान विश्व स्तर की यात्री सेवाएं समयबद्ध रूप से और अधिक दक्षता तथा पाादर्शी तरीके से प्रदान की जाएं।

(घ) और (ङ) एएआई ने चेन्नै तथा कोलकाता एयरपोर्टों के आधुनिकीकरण तथा विकास के लिए क्रमशः 2015 करोड़ रुपए तथा 2470 करोड़ रुपए की राशि निवेश की है।

[हिन्दी]

पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट्स एक्स, 2004

1220. श्री अर्जुन राम मेघवाल : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महामहिम राष्ट्रपति द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट्स एक्ट, 2004 के संबंध में कोई संदर्भ दाखिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या माननीय उच्चतम न्यायालय ने इस केस को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या केन्द्र सरकार का विचार माननीय उच्चतम न्यायालय से इस संदर्भ पर त्वरित निर्णय लेने के लिए अनुरोध करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) से (ग) जी, हां। राष्ट्रपतीय संदर्भ में पंजाब समझौता समाप्ति अधिनियम, 2004 की वैधता के संबंध में विचार किया जाने हेतु प्रश्न उठाए गए हैं और इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एक रिपोर्ट की मांग की गई है।

यह मामला दिनांक 17.07.2007 को उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखा गया था जब मामले को दिनांक 18.09.2007 को एक संविधान पीठ के समक्ष रखे जाने का आदेश दिया गया था। संविधान पीठ ने नोटिस जारी किया था जो सभी राज्यों को भेजा गया था। इस संदर्भ को 2005 की डब्ल्यूपी (सी) संख्या 455 से टैग किया गया है। मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में पीठ के समक्ष दिनांक 14.07.2009 को रखा गया था जब न्यायालय ने इस मामले को संविधान पीठ के समक्ष रखे जाने के लिए कोई विशिष्ट तारीख निर्धारित नहीं की। राष्ट्रपतीय संदर्भ के संबंध में शीघ्र कोई निर्णय लेने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय से कोई अनुरोध करने का मामला विधि एवं न्याय मंत्रालय से संबंधित है, जिनसे उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

[अनुवाद]

अदावित निवेशक निधियां

1221. श्री के. सुधाकरण : क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 2013 के अंत में सरकार द्वारा अदावित निवेशक निधियों की मात्रा के संबंध में किए गए मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उन कंपनियों की पहचान की है जिनके पास ऐसी अदावित निधियां हैं लेकिन उन्होंने इसके बारे में कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) को नहीं बताया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अदावित निवेशक निधि को अंततः निवेशक शिक्षा और सुरक्षा निधि को स्थानांतरित किया जाता है, लेकिन निवारक अर्थशास्ति खंडों के अभाव में अनेक कंपनियों ऐसी अदावित निधि को अपने तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) में दिखा देती हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) से (ङ) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205ग के तहत कंपनियों के लिए अप्रदत्त लाभांशों, परिपक्व जमा राशियों और डिबेंचरों की उस राशि को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में अंतरित करना अपेक्षित है जिनका दावा अदायगी हेतु देय तिथि से सात वर्षों तक नहीं किया गया है तथा अप्रदत्त पड़ी है। वर्ष 2001-02 से 2012-13 तक की अवधि के लिए 693.37 करोड़ रुपए की राशि आईईपीएफ में जमा की गई है, जो भारत की संचित निधि (सीएफआई) का भाग है। सरकार की जानकारी में अभी ऐसी कोई कंपनी नहीं आई है जिसने अदावित ऐसी राशि को अपने तुलन पत्रों में अंतरित किया हो।

[हिन्दी]

गति सीमा में बढ़ोतरी

1222. श्री अंजनकुमार एम. यादव : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने आंध्र प्रदेश में रेल यात्रा में यात्रा समय में कमी लाने के लिए रेलगाड़ियों की गति सीमा को बढ़ावा है या नई तीव्र गति की रेलगाड़ियां शुरू की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां से ये तीव्र गति की रेलगाड़ियां गुजरती हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (ग) भारतीय रेल राज्य-वार आधार पर गाड़ियां नहीं चलाता/गाड़ी सेवाएं नहीं बढ़ायी जाती हैं क्योंकि रेलवे नेटवर्क राज्यों की सीमाओं से बाहर तक फैला हुआ है। बहरहाल, भारतीय रेल पर गाड़ियों की गति बढ़ाना तक निरंतर प्रयास और एक सतत प्रक्रिया है और यह प्रौद्योगिकी, उच्च शक्ति वाले रेल इंजनों, आधुनिक सवारी डिब्बों, बेहतर रेलपथों आदि के आधुनिकीकरण में रेलवे द्वारा किए गए निवेश के निरंतर ईष्टतमीकरण पर निर्भर करता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के बीच तेज संपर्कता मुहैया कराने का प्रयास करती है, भारतीय रेल ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश को सेवित करने वाली दूरांतों एक्सप्रेस सेवाओं को शुरू किया है जो निम्नानुसार है:—

(i) 14.03.2010 से 12285/12286 निजामुद्दीन-सिकंदराबाद

दुरांतो एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) जो हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से होकर चल रही है।

(ii) 22.02.2011 से 12220/12219 सिकंदराबाद-लोकमान्य तिलक (ट) दूरांतो एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) जो कर्नाटक, महाराष्ट्र से होकर चल रही है।

(iii) 11.07.2012 से 22204/22203 सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम दूरांतो एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) चल रही है।

उपर्युक्त दूरांतो एक्सप्रेस सेवाएं मार्ग में बिना किसी वाणिज्यिक ठहराव के एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करती है।

[अनुवाद]

अनुसंधान संबंधी समिति

1223. श्री आर. थामराईसेलवन : क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संस्थानों, विभागों और निजी अनुसंधानकर्त्ताओं के स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करके अनुसंधान और रैंकिंग के मूल्यांकन हेतु एक ढांचा बनाने के लिए समिति गठित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश के अति प्रतिभावन अनुसंधानकर्त्ताओं और अति प्रभावी अनुसंधान संस्थानों के लिए संवर्धित वित्तपोषण सहायता सुनिश्चित करने हेतु समिति अनुसंधान में उत्कृष्टता हेतु ढांचे का भी विकास करेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जहां तक गुजरात में स्टेशनों के उन्नयन का संबंध है, अहमदाबाद, पोरबंदर और सूरत की उन 50 स्टेशनों के रूप में पहचान की गई है जिन्हें विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए पहचान की गई है। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन शुरू कर दिया गया है।

पेयजल योजनाओं के लिए धनराशि

1246. श्री वरुण गांधी : क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान पेयजल योजनाओं के अंतर्गत आवंटित/जारी राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने धनराशि के उपयोग की जांच की है;

(ग) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान उनमें पायी गयी खामियों/अनियमितताओं को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) विभिन्न राज्यों में जारी पेयजल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उक्त परियोजनाओं को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी): (क) पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों को आवंटित एवं जारी निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर है।

(ख) और (ग) ग्रामीण जल आपूर्ति राज्य का विषय है। भारत सरकार तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर राज्यों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है।

कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का अनुवीक्षण (मॉनीटर) करने के लिए तथा प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राज्य, जिला एवं गांव पंचायत स्तरों पर सतर्कता एवं अनुवीक्षण समितियां हैं। इन समितियों में अन्य के साथ-साथ केन्द्र, राज्य, पंचायत स्तर पर संस्थाओं से चुने गए प्रतिनिधि एवं एनजीओ सम्मिलित हैं।

विभिन्न कार्य-प्रणालियों को लागू किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्यों को उन्हें जारी की गई निधियों का सही उपयोग हो रहा है। राज्य सरकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एनआरडीडब्ल्यूपी के विभिन्न घटकों एवं कार्यकलापों को कार्यान्वित करने के लिए एक वार्षिक कार्य योजना तैयार करें। उन्हें बसावटों को चिन्हित करना है और मंत्रालय की ऑनलाइन समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर आगामी वर्ष में किए जाने कार्यों, योजनाओं एवं गतिविधियों का ब्यौरा उपलब्ध कराना है। कवरेज एवं प्रगति संबंधी आंकड़े भी ऑनलाइन (आईएमआईएस) पर दर्ज किए जाने हैं। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के सभी पहलुओं की मॉनीटरिंग करने के लिए 19 फॉर्मेट तैयार किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी/क्षेत्र अधिकारी/तकनीकी अधिकारी कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए राज्यों का दौरा करते हैं। मंत्रालय, ग्रामीण जल आपूर्ति के प्रभारी सचिवों की बैठकें, क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें, वीडियो कान्फ्रेंसिंग आदि भी करते हैं जिसके जरिए एनआरडीडब्ल्यूपी के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग की जाती है। मंत्रालय, कार्यक्रम के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय

द्वारा पैनल में लिए गए राष्ट्रीय स्तर के मॉनीटरों (एनएलएम) की सेवाओं को भी उपयोग में लाता है। कार्यक्रमों के अंतर्गत किए गए खर्चों की लेखा-परीक्षा भी की जाती है।

(घ) इस मंत्रालय की ऑनलाइन समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, विभिन्न राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत चल रही योजनाएं संलग्न विवरण-II पर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में एकल ग्राम योजनाएं, बहु-ग्राम योजनाएं शामिल हैं। कार्यान्वित की जा रही बहुत-सी योजनाओं में बृहत बहु-ग्राम पाइप जल योजनाएं सम्मिलित हैं जिन्हें पूरा करने के लिए एक वर्ष से अधिक की अवधि की आवश्यकता होगी। मंत्रालय ने राज्यों को ये हिदायतें जारी की हैं कि वे निर्धारित समय में योजनाओं को पूरा करें और साथ ही राज्यों को यह भी हिदायत दी है कि कार्यान्वयन के लिए नई योजनाएं प्रारंभ करने से पूर्व उन योजनाओं को पूरा करने के लिए प्राथमिकता दें जो तीन वर्षों से अधिक अवधि से चल रही हैं। अतः एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत योजनाओं का कार्यान्वयन एक गतिशील प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत राज्य वर्ष के दौरान योजनाओं को प्रारंभ करते हैं तथा उन्हें चरणबद्ध ढंग से पूरा करते हैं।

विवरण-I

पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान प्रारंभिक शेष, आवंटन, अवमुक्त व खर्च

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2010-11		2011-12		2012-13		2013-14* (अक्तूबर, 2013 तक)	
		जारी	व्यय	जारी	व्यय	जारी	व्यय	जारी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	491.02	558.74	546.32	462.47	563.39	485.14	551.19	262.46
2.	बिहार	341.46	170.73	374.98	330.02	484.24	224.3	440.01	113.24
3.	छत्तीसगढ़	130.27	122.01	143.57	139.06	168.89	148.64	141.75	65.4
4.	गोवा	5.34	0.00	5.20	5.01	6.07	0.03	5.94	0
5.	गुजरात	542.67	609.10	478.89	571.05	578.29	717.47	526.96	267.57
6.	हरियाणा	233.69	276.90	210.51	237.74	250.24	313.41	241.80	119.56
7.	हिमाचल प्रदेश	133.71	194.37	131.47	146.03	153.59	129.9	148.69	0
8.	जम्मू और कश्मीर	449.22	468.91	436.21	420.42	510.76	474.5	499.44	234.63
9.	झारखंड	165.93	129.95	162.52	148.17	191.86	243.43	185.23	95.83
10.	कर्नाटक	644.92	703.80	687.11	667.78	922.67	869.24	668.60	327.83
11.	केरल	144.28	159.83	144.43	113.39	193.59	249.04	165.13	77.54
12.	मध्य प्रदेश	399.04	388.33	371.97	292.78	447.33	539.56	428.70	215.66
13.	महाराष्ट्र	733.27	718.42	728.35	718.35	897.96	846.48	766.32	26.8
14.	ओडिशा	204.88	294.76	206.55	171.05	243.91	210.58	233.25	106.69

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
15.	पंजाब	82.21	106.59	88.02	123.44	101.9	144.27	88.29	83.23
16.	राजस्थान	1165.44	1099.48	1083.57	1153.76	1352.54	1411.36	1317.56	1237.92
17.	तमिलनाडु	316.91	393.53	330.04	429.55	394.82	570.17	287.80	181.12
18.	उत्तर प्रदेश	899.12	848.68	843.30	802.32	1060.87	980.06	860.55	410.42
19.	उत्तराखंड	139.39	136.41	136.54	75.57	159.74	74.28	154.82	86.49
20.	पश्चिम बंगाल	418.03	499.19	343.60	342.51	523.53	502.36	453.29	230.05
21.	अरुणाचल प्रदेश	123.35	199.99	120.56	184.83	145.32	223.22	142.18	91.83
22.	असम	449.64	487.48	435.58	522.44	525.71	659.21	506.21	243.28
23.	मणिपुर	54.61	52.77	53.39	47.60	69.99	66.21	63.12	16.27
24.	मेघालय	63.48	84.88	61.67	95.89	73.96	97.61	72.67	37.44
25.	मिजोरम	46.00	61.58	39.67	38.83	48.35	47.92	41.27	14.85
26.	नागालैंड	79.51	77.52	81.68	80.91	110.25	110.2	59.86	35.84
27.	सिक्किम	26.24	23.20	28.10	69.19	36.69	32.36	17.86	17.85
28.	त्रिपुरा	57.17	74.66	56.20	83.86	70.66	100.59	63.68	63.29
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1.01	0.00	0.00	0.00	1.15	0.78	1.12	0.03
30.	चंडीगढ़	0.40		0.00	0.00	0	0	0.00	0
31.	दादरा और नगर हवेली	1.09	0.00	0.00	0.00	0	0	0.00	0
32.	दमन और दीव	0.61	0.00	0.00	0.00	0	0	0.00	0
33.	दिल्ली	4.31	0.00	0.00	0.00	0	0	0.00	0
34.	लक्षद्वीप	0.24	0.00	0.00	0.00	0	0	0.00	0
35.	पुदुचेरी	1.54	0.00	0.00	0.00	1.75	0.88	1.71	0.06
	योग	8550.0	8941.81	8330.10	8474.02	10290.02	10473.2	**9133.00	4663.18

*30.11.2013 की स्थिति के अनुसार राज्यों द्वारा दी गई सूचनानुसार।

**प्रारंभिक आवंटन

विवरण-II

वर्ष 2013-14 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चल रही योजनाएं

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पीडब्ल्यूएस योजनाओं की संख्या		प्रारंभ किए गए हैंडपम्प/ बोरवैलों की संख्या		प्रारंभ की गई अन्य योजनाओं की संख्या		प्रारंभ की गई योजनाओं की संख्या	
		योजनाएं (जारी + नवीन)	उपलब्धि	योजनाएं (जारी + नवीन)	उपलब्धि	योजनाएं (जारी + नवीन)	उपलब्धि	योजनाएं (जारी + नवीन)	उपलब्धि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	12498	4067	0	0	1358	1297	13856	5364
2.	बिहार	79	17	5964	1702	18	14	6061	1733
3.	छत्तीसगढ़	1690	229	19348	2985	11959	1056	32997	4270
4.	गोवा	0	0	0	0	0	0	0	0
5.	गुजरात	5060	1907	0	0	291	10	5351	1917
6.	हरियाणा	2041	1079	4	3	6	2	2051	1084
7.	हिमाचल प्रदेश	583	122	2	2	14	5	599	129
8.	जम्मू और कश्मीर	1806	48	386	36	514	25	2706	109
9.	झारखंड	503	94	12211	954	533	165	13247	1213
10.	कर्नाटक	67581	14327	1774	593	5204	1237	74559	16157
11.	केरल	54	5	0	0	0	0	54	5
12.	मध्य प्रदेश	2545	405	30438	12927	2779	635	35762	13967
13.	महाराष्ट्र	7383	705	282	188	5623	474	13288	1367
14.	ओडिशा	2922	363	27725	8373	875	130	31522	8866
15.	पंजाब	1373	381	87	45	44	4	1504	430
16.	राजस्थान	1910	438	1281	141	1853	620	5044	1199
17.	तमिलनाडु	13998	9917	36	36	1225	912	15259	10865
18.	उत्तर प्रदेश	117	0	82	8	0	0	199	8
19.	उत्तराखंड	461	171	2	1	64	9	527	181
20.	पश्चिम बंगाल	770	85	641	296	42	39	1453	420
21.	अरुणाचल प्रदेश	705	90	9	0	202	0	916	90
22.	असम	1818	495	775	180	6395	1478	8988	2153

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
23.	मणिपुर	414	131	3	0	26	6	443	137
24.	मेघालय	2324	150	311	8	1864	135	4499	293
25.	मिजोरम	69	0	0	0	0	0	69	0
26.	नागालैंड	84	49	0	0	0	0	84	49
27.	सिक्किम	112	39	0	0	241	132	353	171
28.	त्रिपुरा	942	123	718	199	436	132	2096	454
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	3	0	0	0	5	0	8	0
30.	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	0
32.	दमन और दीव	0	0	0	0	0	0	0	0
33.	दिल्ली	0	0	0	0	0	0	0	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0	0
35.	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	0	0	0
	योग	129845	35437	102079	28677	41571	8517	273495	72631

*30.11.2013 की स्थिति के अनुसार राज्यों द्वारा दी गई सूचनानुसार।

बांग्लादेश के साथ रेल संपर्क

1247. श्री खगेन दास : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अगरतला-अखौरा एवं अगरतला-सबरूम खंडों सहित बांग्लादेश के साथ जारी/लंबित रेल संपर्क परियोजनाओं का परियोजना-वार ब्यौरा एवं वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या रेलवे का विचार दोनों देशों के बीच व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ावा देने के क्रम में सबरूम से होकर चित्तगांग एवं फेनी (बांग्लादेश) के साथ रेल संपर्क बनाने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा एवं वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) बांग्लादेश के साथ रेल संपर्क के विकास के लिए रेलवे द्वारा कौन से अन्य कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) अगरतला-अखौरा और अगरतला-सबरूम नई लाइन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है:—

अगरतला (भारत)-अखौरा (बांग्लादेश) 15.061 किमी. नई लाइन: परियोजना को 252 करोड़ रुपए की प्रत्याशित लागत पर बजट 2012-13 में शामिल किया गया था। भारत और बांग्लादेश के बीच समझौता ज्ञापन पर फरवरी, 2013 में हस्ताक्षर हुए थे। बजट 2013-14 के दौरान 10 करोड़ रुपए का परिव्यय मुहैया कराया गया है। कार्य फिलहाल प्रारंभिक चरण में है।

अगरतला-सबरूम (110 किमी.), नई लाइन: परियोजना को रेल बजट 2008-09 में शामिल किया गया था और इसे राष्ट्री परियोजना घोषित किया गया है। परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 1141.75 करोड़ रुपए है और मार्च, 2013 तक 497.8 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। 2013-14 के दौरान 1.40 करोड़ का एक परिव्यय मुहैया कराया गया है। फिलहाल भूमि संबंधी और पुल संबंधी कार्य शुरू हो गया है। समग्र प्रगति 42.35 प्रतिशत है।

(ख) से (घ) अगरतला-सबरूम नई लाइन परियोजना निर्माण और फेनी के अंतर्गत बिलोनिया स्टेशन को संपर्कता मुहैया कराने संबंधी टोही इंजीनियरिंग सह यातायात सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय से अनुरोध किया गया है। कि प्रस्तावित लाइन के लिए वित्तपोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सर्वेक्षण रिपोर्ट के परिणामों के आधार पर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएं

1248. श्री यशवीर सिंह :
श्री नीरज शेखर :

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल में जारी की गयी भारत ग्रामीण विकास रिपोर्ट के अनुसार 20 प्रतिशत ग्रामीण घरों की पेयजल एवं स्वच्छता तक पहुंच नहीं है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान चलायी जा रही ग्रामीण पेयजल तथा स्वच्छता योजना, उनके लिए आवंटित राशि, जारी राशि तथा उपयोग की गयी राशि का योजना, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि में पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य एवं हासिल उपलब्धि क्या है तथा चूक, यदि कोई हो तो, के क्या कारण हैं;

(घ) क्या पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं के वांछित परिणाम हासिल नहीं हो पाए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा योजनाओं को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने के लिए कौन से नए उपाय किए गए हैं?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : (क) ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2013 में जारी की गई भारत ग्रामीण विकास रिपोर्ट के अनुसार, जिन ग्रामीण घरों में परिसर के भीतर पेयजल, घरेलू प्रयोग के लिए बिजली एवं शौचालयों की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं, उनका प्रतिशत संलग्न विवरण-I पर दर्शाया गया है। तथापि, संयुक्त अनुवीक्षण कार्यक्रम ने, जो मिलेनियम विकास लक्ष्यों (एमडीजी) को अनुवीक्षण करता है, पहले ही घोषणा कर दी थी कि भारत ने संशोधित स्रोतों से पेजयल की प्राप्ति के लिए एमडीजी-2015 के लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है।

(ख) ग्रामीण पेयजलापूर्ति स्कीमें, जिनका कार्यान्वयन आरंभ कर दिया गया है तथा वर्ष 2010-11 से 2013-14 की अवधि के दौरान पूरी हुई स्कीमों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर दर्शाया गया है। पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत जारी निधियों एवं व्यय का ब्यौरा संलग्न विवरण-III पर दर्शाया गया है। पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता से संबंधित निर्मल भारत अभियान (एनबीए) को जारी निधि एवं व्यय का ब्यौरा संलग्न विवरण-IV पर दर्शाया गया है।

(ग) से (ङ) ग्रामीण पेयजलापूर्ति से संबद्ध एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान सूचित किए गए निर्धारित लक्ष्यों एवं उपलब्धियों को संलग्न विवरण-V पर दर्शाया गया है। यह देखा जा सकता है कि राज्यों द्वारा लगभग लक्ष्य पूरे किए जाते हैं। जहां तक एनबीए का संबंध है यह एक मांग आधारित कार्यक्रम है, अत: ग्रामीण स्वच्छता से संबंधित उपलब्धियां प्राप्त करने हेतु वर्ष-वार कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। तथापि, मंत्रालय की ऑनलाइन समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) में राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान, उपलब्धियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-VI पर दर्शाया गया है।

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता की कवरेज में सुधार लाने के लिए मंत्रालय ने ग्राम पंचायतों को संपूर्ण रूप से कवर करने/ग्राम पंचायतों में संतृप्तिबोध लाने के साथ ही अब एक संयुक्त दृष्टिकोण को अपनाया है। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति स्कीमों के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने के लिए राज्यों को जल आप्लावित कुओं एवं पुनर्भंडारण ढांचों के लिए सही क्षेत्रों की पहचान करने हेतु हाइड्रो जियो-मार्फोलॉजिकल मानचित्रों के संदर्भ में अनिवार्य तकनीकी सहायता, पेयजल शोधन प्रौद्योगिकियों पर हैण्डबुक, पेयजल गुणवत्ता की मॉनीटरिंग से संबंधित एक-समान प्रोटोकॉल उपलब्ध कराया गया है।

ग्रामीण स्वच्छता कवरेज में सुधार लाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षण, महिला और बाल विकास सहित संबंधित मंत्रालयों द्वारा संचालित की गई स्कीमों के साथ ताल-मेल बिठाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण स्वच्छता में सुधार लाने हेतु किए जा रहे उपायों पर भी जोर दिया गया है, जिसके तहत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के निर्माण के लिए प्रोत्साहनों के प्रावधान को पहचाने गए गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों (एपीएल) (सभी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग, छोटे एवं सुविधाहीन किसान, अधिवासों वाले भूमिहीन मजदूर, शारीरिक रूप से विकलांग एवं महिला-आश्रित परिवार) के लिए बढ़ाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्वच्छता में सुधार लाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (मनरेगा) के साथ तालमेल बिठाकर एक परियोजना मोड दृष्टिकोण के साथ एनबीए के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के घटक को नए रूप से ढालने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

विवरण-I

परिसरों के भीतर पेयजल, घरेलू उपयोग हेतु बिजली एवं शौचालय के बिना ग्रामीण परिवारों का राज्य-वार वितरण

(प्रतिशत)

राज्यों	पेयजल, बिजली एवं शौचालय रहित घरों की प्रतिशतता
1	2
आंध्र प्रदेश	6.10
अरुणाचल प्रदेश	3.10
असम	8.10
बिहार	34.30
छत्तीसगढ़	16.50
दिल्ली	0.90
गोवा	0.10
गुजरात	7.80
हरियाणा	3.10
हिमाचल प्रदेश	1.30
जम्मू और कश्मीर	1.30
झारखंड	50.80
कर्नाटक	4.80
केरल	2.00
मध्य प्रदेश	16.40
महाराष्ट्र	14.00
मणिपुर	0.40
मेघालय	380
मिजोरम	1.20
नागालैंड	0.00
ओडिशा	50.90
पंजाब	1.60
राजस्थान	30.30
सिक्किम	1.10
तमिलनाडु	6.30
त्रिपुरा	1.60
उत्तर प्रदेश	29.80
उत्तराखंड	11.10
पश्चिम बंगाल	25.20
समस्त-भारत	19.50

विवरण-II

वर्ष 2010-11 से 2013-14 के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पूर्ण स्कीमें

संस्वीकृत वर्ष: 2013-14, 2012-13, 2011-12, 2010-11

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पूर्ण पीडब्ल्यूएस स्कीमें	पूर्ण हैण्डपम्प	पूर्ण अन्य स्कीमें	कुल पूर्ण स्कीमें
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	17040	3475	13073	33588
2.	बिहार	953	20275	589	21817
3.	छत्तीसगढ़	3815	70459	18797	93071

1	2	3	4	5	6
4.	गोवा	0	0	2	2
5.	गुजरात	11363	407	692	12462
6.	हरियाणा	3998	60	85	4143
7.	हिमाचल प्रदेश	964	3562	570	5096
8.	जम्मू और कश्मीर	527	799	777	2103
9.	झारखंड	8511	86408	20226	115145
10.	कर्नाटक	90317	7305	22502	120124
11.	केरल	139	0	0	139
12.	मध्य प्रदेश	4634	137101	8007	149742
13.	महाराष्ट्र	16464	7622	26621	50707
14.	ओडिशा	2826	79419	6029	88274
15.	पंजाब	2441	535	834	3810
16.	राजस्थान	10301	22538	26013	58852
17.	तमिलनाडु	35968	581	5363	41912
18.	उत्तर प्रदेश	576	272355	589	273520
19.	उत्तराखंड	3940	226	259	4425
20.	पश्चिम बंगाल	221	8824	204	9249
21.	अरुणाचल प्रदेश	2123	3	613	2739
22.	असम	1832	1530	19100	22462
23.	मणिपुर	276	66	133	475
24.	मेघालय	564	126	979	1669
25.	मिजोरम	199	0	58	257
26.	नागालैंड	1837	1	223	2061
27.	सिक्किम	762	0	301	1063
28.	त्रिपुरा	1182	6003	2918	10103
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	19	0	6	25

1	2	3	4	5	6
30.	चंडीगढ़	0	0	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0
32.	दमन और दीव	0	0	0	0
33.	दिल्ली	0	0	0	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0	0
35.	पुदुचेरी	34	0	0	34
	योग	223826	729680	175563	1129069

*30.11.2013 की स्थिति के अनुसार राज्यों द्वारा दी गई सूचनानुसार।

विवरण-III

पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत आरंभिक अधिशेष, आवंटन रिलीज एवं व्यय

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य	2010-11				2011-12			
		आरंभिक	आवंटन	जारी	व्यय	आरंभिक	आवंटन	जारी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	149.79	491.02	558.74	423.38	285.20	546.32	462.47	446.37
2.	बिहार	578.10	341.46	170.73	425.91	322.92	374.98	330.02	367.30
3.	छत्तीसगढ़	56.36	130.27	122.01	97.77	82.13	143.57	139.06	141.12
4.	गोवा	3.08	5.34	0.00	1.16	1.92	5.20	5.01	1.16
5.	गुजरात	70.10	542.67	609.10	527.29	180.09	478.89	571.05	467.70
6.	हरियाणा	75.62	233.69	276.90	201.57	150.95	210.51	237.74	344.71
7.	हिमाचल प्रदेश	31.60	133.71	194.37	165.59	60.38	131.47	146.03	145.97
8.	जम्मू और कश्मीर	258.66	449.22	468.91	506.52	233.69	436.21	420.42	507.07
9.	झारखंड	89.82	165.93	129.95	128.19	91.63	162.52	148.17	169.84
10.	कर्नाटक	191.39	644.92	703.80	573.93	328.21	687.11	667.78	782.85
11.	केरल	4.15	144.28	159.83	137.97	27.84	144.43	113.39	126.98
12.	मध्य प्रदेश	58.95	399.04	388.33	324.94	122.34	371.97	292.78	379.30

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
13.	महाराष्ट्र	232.44	733.27	718.42	713.79	237.06	728.35	718.35	642.20
14.	ओडिशा	61.62	204.88	294.76	211.11	148.71	206.55	171.05	239.60
15.	पंजाब	4.02	82.21	106.59	108.93	1.68	88.02	123.44	122.32
16.	राजस्थान	348.43	1165.44	1099.48	852.82	595.09	1083.57	1153.76	1429.18
17.	तमिलनाडु	5.93	316.91	393.53	303.41	96.05	330.04	429.55	287.60
18.	उत्तर प्रदेश	189.78	899.12	848.68	933.28	105.18	843.30	802.32	754.20
19.	उत्तराखंड	103.92	139.39	136.41	55.44	184.89	136.54	75.57	118.65
20.	पश्चिम बंगाल	375.75	418.03	499.19	363.31	444.85	343.60	342.51	521.41
21.	अरुणाचल प्रदेश	12.02	123.35	199.99	176.46	36.79	120.56	184.83	214.31
22.	असम	59.32	449.64	487.48	480.55	69.94	435.58	522.44	468.61
23.	मणिपुर	25.22	54.61	52.77	69.27	8.72	53.39	47.60	47.03
24.	मेघालय	11.56	63.48	84.88	70.47	26.11	61.67	95.89	85.44
25.	मिजोरम	21.38	46.00	61.58	58.02	24.94	39.67	38.83	54.03
26.	नागालैंड	5.10	79.51	77.52	80.63	1.99	81.68	80.91	81.82
27.	सिक्किम	0.59	26.24	23.20	19.27	4.78	28.10	69.19	24.49
28.	त्रिपुरा	19.18	57.17	74.66	67.20	27.53	56.20	83.86	108.39
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.00	1.01	0.00		0.00	0.00	0.00	
30.	चंडीगढ़	0.00	0.40	0.00		0.00	0.00	0.00	
31.	दादरा और नगर हवेली	0.00	1.09	0.00		0.00	0.00	0.00	
32.	दमन और दीव	0.00	0.61	0.00		0.00	0.00	0.00	
33.	दिल्ली	0.00	4.31	0.00		0.00	0.00	0.00	
34.	लक्षद्वीप	0.00	0.24	0.00		0.00	0.00	0.00	
35.	पुदुचेरी	0.00	1.54	0.00		0.00	0.00	0.00	
	योग	3043.88	8550.00	8941.81	8078.18	3901.61	8330.00	8474.02	9079.65

—जारी

पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत आरंभिक अधिशेष, आवंटन रिलीज एवं व्यय

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य	2012-13				2013-14*			
		आरंभिक	आवंटन	जारी	व्यय	आरंभिक	आवंटन	जारी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	301.3	563.39	485.14	672.82	113.62	551.19	262.46	300.43
2.	बिहार	285.65	484.24	224.3	293.09	217.82	440.01	113.24	115.91
3.	छत्तीसगढ़	80.82	168.89	148.64	162.85	67.61	141.75	65.4	76.27
4.	गोवा	5.91	6.07	0.03	0	5.95	5.94	0	0
5.	गुजरात	327.59	578.29	717.47	797.93	247.13	526.96	267.57	207.8
6.	हरियाणा	43.98	250.24	313.41	275.54	85.59	241.80	119.56	152.13
7.	हिमाचल प्रदेश	61.94	153.59	129.9	124.06	67.78	148.69	0	23.16
8.	जम्मू और कश्मीर	147.04	510.76	474.5	488.09	141.95	499.44	234.63	184.86
9.	झारखंड	74.31	191.86	243.43	204.87	122.36	185.23	95.83	109.04
10.	कर्नाटक	213.14	922.67	869.24	874.78	256.64	668.60	327.83	250.9
11.	केरल	16.08	193.59	249.04	193.62	93.31	165.13	77.54	98.65
12.	मध्य प्रदेश	35.82	447.33	539.56	426.56	148.82	428.70	215.66	216.57
13.	महाराष्ट्र	320.1	897.96	846.48	614.32	552.26	766.32	26.8	169.45
14.	ओडिशा	84.34	243.91	210.58	249.39	67.61	233.25	106.69	89.56
15.	पंजाब	3	101.9	144.27	121.22	26.04	88.29	83.23	38.96
16.	राजस्थान	319.68	1352.54	1411.36	1314.18	416.86	1317.56	1237.92	674.22
17.	तमिलनाडु	240.27	394.82	570.17	625	185.44	287.80	181.12	257.55
18.	उत्तर प्रदेश	159.9	1060.87	980.06	600.77	539.18	860.55	410.42	434.44
19.	उत्तराखंड	141.74	159.74	74.28	139.62	76.41	154.82	86.49	8.65
20.	पश्चिम बंगाल	265.96	523.53	502.36	574.54	298.68	453.29	230.05	348.07
21.	अरुणाचल प्रदेश	9.21	145.32	223.22	220.98	11.46	142.18	91.83	49.36

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
22.	असम	127.51	525.71	659.21	594.02	199.82	506.21	243.28	368.79
23.	मणिपुर	9.29	69.99	66.21	59.11	16.38	63.12	16.27	4.54
24.	मेघालय	36.83	73.96	97.61	101.44	34.12	72.67	37.44	36.52
25.	मिजोरम	9.74	48.35	47.92	32.87	25.8	41.27	14.85	2.64
26.	नागालैंड	1.1	110.25	110.2	108.56	3.69	59.86	35.84	27.21
27.	सिक्किम	49.71	36.69	32.36	38.89	44.95	17.86	17.85	40.5
28.	त्रिपुरा	4.03	70.66	100.59	99.36	6.27	63.68	63.29	32.39
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	1.15	0.78	0	0.78	1.12	0.03	0
30.	चंडीगढ़	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
32.	दमन और दीव	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
33.	दिल्ली	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
35.	पुदुचेरी	0	1.75	0.88	0	0.88	1.71	0.06	0
	योग	3375.99	10290.02	10473.2	10008.48	4075.21	9135.00	4660.18	4318.57

*30.11.2013 की स्थिति के अनुसार।

विवरण-IV

पिछले तीन वर्षों में प्रतिवर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के अंतर्गत जारी एवं उपयोग किया गया राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केन्द्रीय अंश

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2010-11		2011-12		2012-13		2013-14 (अक्तूबर, 2013 तक)	
		जारी	व्यय	जारी	व्यय	जारी	व्यय	जारी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	138.80	71.78	96.57	91.52	150.23	90.57	0.00	67.65

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.	अरुणाचल प्रदेश	1.19	6.10	2.05	5.11	9.87	2.11	0.00	3.63
3.	असम	94.37	67.12	122.51	122.28	119.43	94.59	0.00	35.18
4.	बिहार	112.60	124.21	172.19	167.61	478.15	220.13	0.00	71.56
5.	छत्तीसगढ़	54.80	25.31	27.02	32.86	57.32	16.78	0.00	15.66
6.	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7.	गोवा	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
8.	गुजरात	46.92	33.33	43.08	35.25	39.49	34.98	26.30	23.21
9.	हरियाणा	23.61	14.10	3.35	15.42	0.00	7.67	125.60	9.67
10.	हिमाचल प्रदेश	29.40	21.30	4.70	12.75	16.67	16.59	24.93	8.78
11.	जम्मू और कश्मीर	27.93	11.02	9.68	24.63	35.11	36.41	33.07	13.01
12.	झारखंड	54.67	36.54	72.65	23.35	41.93	18.87	0.00	15.43
13.	कर्नाटक	44.59	62.41	87.09	41.15	159.51	69.64	0.00	64.50
14.	केरल	22.86	8.09	1.59	9.88	0.00	9.52	13.47	10.76
15.	मध्य प्रदेश	144.03	128.27	150.76	167.00	257.80	182.49	264.01	155.75
16.	महाराष्ट्र	129.12	72.63	58.00	83.91	124.09	62.81	0.00	40.05
17.	मणिपुर	0.80	8.61	10.88	7.01	35.09	17.14	0.00	10.05
18.	मेघालय	31.05	14.37	11.16	32.91	25.40	12.89	36.72	9.91
19.	मिजोरम	6.53	2.73	0.31	6.92	4.97	2.03	0.43	2.95
20.	नागालैंड	12.29	2.65	1.74	13.71	23.03	3.89	0.00	17.01
21.	ओडिशा	68.37	49.28	111.72	46.52	0.00	33.09	0.00	10.50
22.	पुदुचेरी	0.00	0.03	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
23.	पंजाब	11.16	4.21	2.83	1.08	0.00	3.88	0.00	2.50
24.	राजस्थान	56.71	37.58	54.24	31.37	137.71	83.03	0.00	31.78
25.	सिक्किम	1.13	0.00	0.00	0.00	1.59	0.00	2.33	3.90
26.	तमिलनाडु	77.94	52.13	76.62	107.10	128.12	86.95	154.91	123.47

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
27.	त्रिपुरा	9.25	5.74	1.34	7.53	4.30	3.41	12.96	4.60
28.	उत्तर प्रदेश	225.94	227.39	169.21	120.56	256.85	201.44	323.24	166.92
29.	उत्तराखंड	17.08	11.60	8.05	13.13	25.42	13.54	0.00	9.35
30.	पश्चिम बंगाल	83.28	76.55	141.24	115.14	306.38	199.75	4.17	84.40
	कुल योग	1526.42	1175.07	1440.59	1335.73	2438.47	1524.20	1022.15	1012.18

विवरण-V

वर्ष 2010-11 से 2013-14 तक का वास्तविक लक्ष्य एवं कवरेज

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2010-11		2011-12		2012-13		2013-14*	
		लक्ष्य	कवरेज	लक्ष्य	कवरेज	लक्ष्य	कवरेज	लक्ष्य	कवरेज
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	6673	6971	5634	6183	5266	5699	5798	2275
2.	बिहार	18749	14221	15810	11243	15015	10960	13832	3762
3.	छत्तीसगढ़	9948	7847	8409	7977	10562	9111	10700	2508
4.	गोवा	0	0	0		0	0	0	0
5.	गुजरात	1100	1079	1125	1165	1020	1856	1050	1868
6.	हरियाणा	1007	752	862	859	950	895	818	247
7	हिमाचल प्रदेश	5000	5094	2557	2558	2530	2650	2500	1336
8.	जम्मू और कश्मीर	962	903	923	536	1067	1153	955	166
9.	झारखंड	1099	11399	19110	17425	16546	17335	12132	5353
10.	कर्नाटक	8750	6130	9000	8757	8245	13284	10378	3015
11.	केरल	744	405	824	419	696	668	924	89
12	मध्य प्रदेश	13300	13937	16715	15644	16985	17483	13050	5931
13.	महाराष्ट्र	9745	8987	6407	6364	5754	4637	4713	1042
14.	ओडिशा	5494	7525	4725	6782	9116	19484	13500	6689
15.	पंजाब	2023	1658	1630	643	1473	617	1939	237

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
16.	राजस्थान	7764	7254	6073	7885	2569	3943	2990	960
17.	तमिलनाडु	8009	7039	6000	6000	6460	7203	6000	586
18.	उत्तर प्रदेश	2142	1879	23300	23134	24000	23727	25000	321
19.	उत्तराखंड	1565	1324	1341	1102	1075	983	1083	443
20.	पश्चिम बंगाल	6630	5967	6094	4619	2469	4236	4600	690
21.	अरुणाचल प्रदेश	534	601	300	415	292	358	304	46
22.	असम	8157	6467	6073	6601	7230	7110	7175	1128
23.	मणिपुर	330	227	330	234	250	197	250	89
24.	मेघालय	840	380	535	510	580	510	616	22
25.	मिजोरम	124	121	125	122	57	5	45	23
26.	नागालैंड	105	128	85	116	101	178	85	81
27.	सिक्किम	175	100	200	50	270	101	200	26
28.	त्रिपुरा	825	976	982	1024	1052	1323	1178	598
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	8	8			0	0	0	0
30.	चंडीगढ़					0	0	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली					0	0	0	0
32.	दमन और दीव					0	0	0	0
33.	दिल्ली					0	0	0	0
34.	लक्षद्वीप	10	10			0	0	0	0
35.	पुदुचेरी		12			30	0	23	0
	जोड़	121812	119401	145169	138367	141660	155706	141838	39531

'30.11.2013 की स्थिति के अनुसार राज्यों द्वारा की गई सूचनानुसार।

विवरण-VI

गत 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान एनबीए के अंतर्गत निर्मित पारिवारिक शौचालयों, विद्यालयी शौचालयों एवं आंगनवाड़ी शौचालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2010-11			2011-12			2012-13			2013-14 (नवम्बर, 2013 तक)		
		पारिवारिक शौचालय	विद्यालयी शौचालय	आंगनवाड़ी शौचालय	पारिवारिक शौचालय	विद्यालयी शौचालय	आंगनवाड़ी शौचालय	पारिवारिक शौचालय	विद्यालयी शौचालय	आंगनवाड़ी शौचालय	पारिवारिक शौचालय	विद्यालयी शौचालय	आंगनवाड़ी शौचालय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आंध्र प्रदेश	1049704	3961	816	654282	7308	1048	384279	4199	1574	170326	2836	1595
2.	अरुणाचल प्रदेश	19799	335	331	27781	4	76	5760	0	8	7409	30	110
3.	असम	498849	4528	1004	510243	633	120	273240	77	76	69311	321	113
4.	बिहार	717792	8679	309	839927	22575	1521	796699	17009	4822	125655	4152	1182
5.	छत्तीसगढ़	236164	616	262	82496	1918	365	52045	1387	220	29778	0	18
6.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7.	गोवा	800	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
8.	गुजरात	515224	2323	2343	321357	5182	474	171977	4666	451	81809	743	309
9.	हरियाणा	132137	1340	870	103913	657	633	62949	148	315	59687	42	124
10.	हिमाचल प्रदेश	216571	6429	4400	30066	802	132	5183	1215	1066	7218	206	12
11.	जम्मू और कश्मीर	125228	1480	42	70626	2682	97	71900	2011	76	25607	147	0
12.	झारखंड	296678	2158	1451	53479	1228	1067	48500	613	684	36904	242	45

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
13.	कर्नाटक	810104	4719	3025	414782	1062	1046	296429	1758	687	230562	340	434
14.	केरल	20241	29	195	2188	76	60	5674	34	322	8523	111	32
15	मध्य प्रदेश	1166016	16570	4419	900769	43687	1856	558189	1033	804	214963	56	35
16.	महाराष्ट्र	562183	4222	1574	519563	539	579	189306	159	5800	192528	20	307
17.	मणिपुर	49576	1227	779	55306	703	144	43917	0	53	23717	0	0
18.	मेघालय	65417	2833	710	51550	2077	595	14406	1603	130	5778	217	74
19.	मिजोरम	1611	0	0	17237	0	236	4967	106	219	4046	461	28
20.	नागालैंड	18224	578	60	46318	304	168	22149	28	20	19868	508	258
21.	ओडिशा	853303	3418	1459	359171	1984	3320	118318	1138	956	18785	294	26
22.	पुदुचेरी	77	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
23.	पंजाब	118415	1000	1951	32535	5	1197	57421	345	620	3846	0	0
24.	राजस्थान	750948	6323	1734	730385	5297	2015	252800	15511	3421	132065	6145	4010
25.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	3443	166	100
26.	तमिलनाडु	473647	1464	182	410794	5605	1202	324216	3095	2076	118149	350	371
27.	त्रिपुरा	30392	588	645	24761	1035	777	7035	412	2	4997	65	871
28.	उत्तर प्रदेश	2915407	18410	16076	1613384	18	504	134873	30	80	393196	30	17
29.	उत्तराखंड	132913	219	6	125051	192	29	97815	344	19	48962	84	13
30.	पश्चिम बंगाल	466311	12060	6180	800900	16898	9148	559115	19475	12176	327021	5281	3177
	कुल योग़	12243731	105509	50823	8798864	122471	28409	4559162	76396	36677	2364153	22847	13577

[हिन्दी]

भू-जल स्तर का कम होना

1249. श्री राकेश सिंह :
कुमारी सरोज पाण्डेय :
श्री कीर्ति आजाद :
श्री इज्यराज सिंह :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के उन क्षेत्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां भू-जल स्तर गिरावट खतरनाक स्तर पर पहुंच गयी है;

(ख) देश में ऐसी संकटपूर्ण स्थिति वाले क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार ऐसे क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारित करने के बाद समयबद्ध योजना लागू करने का है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) संबंधित राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से पुनर्भरणीय भूजल संसाधन का आवधिक आकलन करता है। आकलन (2009 तक), के अनुसार देश की 6842 आकलन इकाइयों (ब्लॉकों/मंडलों/ तालुकों/जिलों) में से वार्षिक भूजल निकासी, निवल वार्षिक भूजल उपलब्धता और भूजल स्तर के दीर्घावधि रुझान में उल्लेखनीय गिरावट के आधार पर 802 इकाइयों को 'अति-दोहित, के रूप में वगीकृत किया गया है। ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) केन्द्र सरकार, राज्य सरकार को तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग दे कर जल संसाधन के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए उनके प्रयासों में सहयोग करती है। केन्द्र सरकार द्वारा किए गए उपाय निम्नानुसार हैं:—

I. देश में जल संसाधन के संरक्षण के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम: कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन, जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण एवं पुनरुद्धार जैसी स्कीमों के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग देना।

II. देश में भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए सीजीडब्ल्यूबी द्वारा मास्टर योजना तैयार करना।

III. अन्य बातों के साथ-साथ जल संसाधन के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय जल मिशन की स्थापना।

IV. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भूजल के विनियमन, विकास एवं संरक्षण के लिए भूजल विधान अधिनियमित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए जल संसाधन मंत्रालय द्वारा उन्हें मॉडल बिल परिचालित किया जाना।

V. केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) द्वारा 'अति-दोहित, ब्लॉकों वाले राज्यों के मुख्य सचिवों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों को भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण/वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहन देने/अपनाने के लिए उपाय करने के लिए सलाह जारी करना; और

VI. XIIवीं योजना के दौरान कार्यान्वयनाधीन भूजल प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी केन्द्रीय स्कीम में अन्य बातों के साथ-साथ देश में भूजल संसाधन का सतत प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, स्थानीय समुदायों, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य पणधारियों को शामिल करते हुए भूजल के सहभागी प्रबंधन की परिकल्पना की गई है।

विवरण

देश में 'अति-दोहित' राज्य-वार क्षेत्र

(2009 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आकलित इकाइयों की कुल संख्या	अति-दोहित	
			संख्या	%
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	1108	84	8
2.	अरुणाचल प्रदेश	16	0	0
3.	असम	23	0	0
4.	बिहार	533	0	0
5.	छत्तीसगढ़	146	0	0
6.	दिल्ली	27	20	74
7.	गोवा	11	0	0
8.	गुजरात	223	27	12
9.	हरियाणा	116	68	59
10.	हिमाचल प्रदेश	8	1	13

1	2	3	4	5
11.	जम्मू और कश्मीर	14	0	0
12.	झारखंड	208	4	2
13.	कर्नाटक	270	71	26
14.	केरल	152	1	1
15.	मध्य प्रदेश	313	24	8
16.	महाराष्ट्र	353	9	3
17.	मणिपुर	8	0	0
18.	मेघालय	7	0	0
19.	सिक्किम	22	0	0
20.	नागालैंड	8	0	0
21.	ओडिशा	314	0	0
22.	पंजाब	138	110	80
23.	राजस्थान	239	166	69
24.	सिक्किम	4	0	0
25.	तमिलनाडु	386	139	36
26.	त्रिपुरा	39	0	0
27.	उत्तर प्रदेश	820	76	9
28.	उत्तराखंड	17	0	0
29.	पश्चिम बंगाल	269	0	0
	कुल राज्य	5792	800	14
	संघ राज्य क्षेत्र			
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	33	0	0
2.	चंडीगढ़	1	0	0
3.	दादरा और नगर हवेली	1	0	0
4	दमन और दीव	2	1	50
5.	लक्षद्वीप	9	0	0
6.	पुदुचेरी	4	1	25
	कुल संघ राज्य क्षेत्र	50	2	4
	कुल योग	5842	802	14

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए धनराशि

1250. श्री दिनेश चन्द्र यादव :
श्री अनंत कुमार हेगड़े :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के जवीन स्तर को सुधारने के लिए 500 करोड़ रुपयों के साथ एक नए कोष का गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में लाभ दिये जाने के लिए लक्षित परिवारों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) इस योजना के पहले चरण को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ङ) योजना के अंतर्गत लाये जाने वाले परिवारों की कुल संख्या के संबंध में क्या आकलन किया गया है और इसे कब तक प्राप्त किए जाने की संभावना है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) और (ख) भारत सरकार ने 500 करोड़ रुपए की संचित निधि से भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन (बीआरएलएफ) की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

(ग) बीआरएलएफ की स्थापना से प्रथम चरण में कुल 10 लाख परिवारों को लाभ पहुंचने की संभावना है।

(घ) बीआरएलएफ सोसाइटी को चलाये जाने के बाद, पांच वर्षों में पहला चरण पूरा कर लिया जाएगा।

(ङ) बीआरएलएफ शुरू में लगभग 900 खंडों पर ध्यान केंद्रित करेगा जिनमें 9 राज्यों – पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के 170 जिलों की 20 प्रतिशत से अधिक जनजातीय जनसंख्या है।

[अनुवाद]

निजी वितरण कंपनियों द्वारा बिजली की बिक्री

1251. श्री गोरख प्रसाद जायसवाल :
श्री एस. अलागिरी :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निजी विद्युत वितरण कंपनियों के पास अधिशेष विद्युत नहीं रहने पर भी उन्हें सरकार द्वारा विद्युत बिक्री के लिए प्राधिकृत किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं इसके क्या कारण हैं; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान उन निजी विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा बेची गयी विद्युत का ब्यौरा क्या है जिनके पास अधिशेष विद्युत उपलब्ध नहीं थी तथा उनसे लाभान्वितों का ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) जी, हां। वितरण कंपनियों को अधिनियम के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को विद्युत बिक्री के लिए प्राधिकृत किया गया है। विद्युत अधिनियम, 2003 के धारा 14 के अंतिम परंतुक इस प्रकार है:—

"परंतु यह भी कि वितरण लाइसेंसी को विद्युत में ट्रेडिंग शुरू करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी। तद्नुसार, वितरण कंपनियां विद्युत में व्यापार के लिए प्राधिकृत हैं।"

(ग) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) अंतर-राज्यीय ट्रैडिंग लाइसेंसियों के माध्यम से अल्पकालिक द्विपक्षीय लेन-देन संबंधी आंकड़ों का अनुपालना करता है। सीईआरसी द्वारा दिए गए विस्तृत आंकड़ों के ब्यौरे के अनुसार क्रमशः वर्ष 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के वर्षों के लिए निजी विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा बिक्री की गई विद्युत संलग्न विवरण-I, II एवं III में दी गई है।

विवरण-I

व्यापारियों के द्वि-पक्षीय लेन-देन 2010-11 (बैंकिंग को छोड़कर)

वास्तविक शेड्यूल वॉल्यूम (एमयूएस)	विक्रेता का नाम	राज्य	खरीदकर्त्ता का नाम	राज्य
1	2	3	4	5
0.73	बीआरपीएल	दिल्ली	एचपीपीसी	हरियाणा
28.30	बीआरपीएल	दिल्ली	केएसईबी	केरल
0.10	बीआरपीएल	दिल्ली	पीसीकेएल	कर्नाटक
0.70	बीआरपीएल	दिल्ली	एमएसईडीसीएल	महाराष्ट्र
47.04	बीआरपीएल	दिल्ली	आरडीपीपीसी	राजस्थान
134.04	बीआरपीएल	दिल्ली	यूपीसीएल	उत्तराखंड
31.58	बीआरपीएल	दिल्ली	एपीपीसीसी	आंध्र प्रदेश
17.49	बीआरपीएल	दिल्ली	एनपीसीएल	उत्तर प्रदेश
31.03	बीआरपीएल	दिल्ली	यूपीपीसीएल	उत्तर प्रदेश
1.20	बीआरपीएल	दिल्ली	एमएसईडीसीएल	महाराष्ट्र
45.00	बीआरपीएल	दिल्ली	केएसईबी	केरल
99.05	बीआरपीएल	दिल्ली	यूपीसीएल	उत्तराखंड

1	2	3	4	5
47.03	बीआरपीएल	दिल्ली	आरडीपीपीसी	राजस्थान
0.90	एनडीपीएल	दिल्ली	एपीपीसीसी	आंध्र प्रदेश
1.26	एनडीपीएल	दिल्ली	यूपीसीएल	उत्तराखंड
1.99	एनडीपीएल	दिल्ली	यूपीपीसीएल	उत्तर प्रदेश
0.35	टाटा पावर	महाराष्ट्र	एनडीपीएल	दिल्ली
131.12	टाटा पावर मुम्बई	महाराष्ट्र	पीएसपीसीएल	पंजाब
19.50	टीपीसीएल	महाराष्ट्र	टीएनईबी	तमिलनाडु
0.30	टीपीसीएल	महाराष्ट्र	वीएएल	ओडिशा
119.25	टॉरेंट पावर	गुजरात	एपीपीसीसी	आंध्र प्रदेश
211.75	टॉरेंट पावर	गुजरात	टीएमईबी	तमिलनाडु
31.39	टॉरेंट पावर	गुजरात	टेनजेडको	तमिलनाडु
65.42	टॉरेंट पावर	गुजरात	एमएसईडीसीएल	महाराष्ट्र
77.27	टॉरेंट पावर	गुजरात	यूपीपीसीएल	उत्तर प्रदेश
17.99	टॉरेंट पावर	गुजरात	यूटी सीएचडी	चंडीगढ़
270.19	टॉरेंट पावर	गुजरात	पीसीकेएल	कर्नाटक
16.68	टॉरेंट पावर	गुजरात	बेस्कॉम	कर्नाटक
64.22	टॉरेंट पावर	गुजरात	एमपीपीटीसी	मध्य प्रदेश
18.90	टॉरेंट पावर	गुजरात	केआईएसपीएल	अंतर्राज्यीय लाइसेंस
56.09	टॉरेंट पावर	गुजरात	जेवीवीएनएल	राजस्थान
35.63	टॉरेंट पावर	गुजरात	आरडीपीपीसी	राजस्थान

विवरण-II

व्यापारियों के द्वि-पक्षीय लेन-देन 2011-12 (बैंकिंग को छोड़कर)

वास्तविक शेड्यूल वोंल्यूम (एमयूएस)	विक्रेता का नाम	राज्य	खरीदकर्त्ता का नाम	राज्य
1	2	3	4	5
36.31	बीआरपीएल	दिल्ली	एचपीपीसी	आंध्र प्रदेश
0.99	बीआरपीएल	नई दिल्ली	केएसईबी	केरल

1	2	3	4	5
28.08	बीआरपीएल	दिल्ली	एमएचईडीसीएल	महाराष्ट्र
0.17	बीवीईपीएल	दिल्ली	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	पश्चिम बंगाल
0.75	एनडीपीएल	दिल्ली	आरडीपीपीसी	राजस्थान
55.01	एनडीपीएल	दिल्ली	एपीपीसीसी	आंध्र प्रदेश
94.95	एनडीपीएल	दिल्ली	एमपीपीटीसी	मध्य प्रदेश
27.23	एनडीपीएल	दिल्ली	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	पश्चिम बंगाल
12.41	आरआईएल	महाराष्ट्र	एमपीपीटीसी	मध्य प्रदेश
2.95	आर इन्फ्रा	महाराष्ट्र	एपीपीसीसी	आंध्र प्रदेश
28.70	टाटा पावर मुम्बई	महाराष्ट्र	एमपीपीटीसी	मध्य प्रदेश
0.40	टीपीसी (एल)	महाराष्ट्र	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	पश्चिम बंगाल
35.77	टोरेंट	गुजरात	एपीपीसीसी	आंध्र प्रदेश
48.08	टोरेंट	गुजरात	एमपीपीटीसी	मध्य प्रदेश
51.26	टोरेंट पावर	गुजरात	पीसीकेएल	कर्नाटक

विवरण-III

व्यापारियों के द्वि-पक्षीय लेन-देन 2012-13 (बैंकिंग को छोड़कर)

वास्तविक शेड्यूल वॉल्यूम (एमयूएस)	किससे खरीदा गया-विक्रेता का नाम	किस राज्य से खरीदा गया	किसे बेचा गया-खरीदार का नाम	किस राज्य को बेचा गया
1	2	3	4	5
0.30	बीआईपीएल	दिल्ली	ईईएल	महाराष्ट्र
3.52	बीआईपीएल	दिल्ली	यूपीसीएल	उत्तर प्रदेश
2.26	बीआईपीएल	दिल्ली	एमएसईडीसीएल	महाराष्ट्र
7.65	बीआईपीएल	दिल्ली	एमपीपीएमसीएल	मध्य प्रदेश
115.76	बीआईपीएल	दिल्ली	आरडीपीवीसी	राजस्थान
71.77	बीआईपीएल	दिल्ली	वीआईपीएल	महाराष्ट्र
0.50	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	जेएसईबी	झारखंड
0.29	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	वीएआरएमडीएफ	मध्य प्रदेश
0.26	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	वीएआरडीएमएन	मध्य प्रदेश
21.61	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एमपीपीटीसी	मध्य प्रदेश

1	2	3	4	5
12.77	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एमपीपीएमसीएल	मध्य प्रदेश
68.63	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	टोरेंट-डी	गुजरात
3.19	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एनपीसीएल	उत्तर प्रदेश
4.65	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एपीडीसीएल	असम
1.42	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	ईएसआईएल	गुजरात
6.62	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	पीएसपीसीएल	पंजाब
0.44	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एपीएनआरएल	पश्चिम बंगाल
183.43	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	यूपीसीएल	उत्तराखंड
5.13	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	केएसईबी	केरल
0.59	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एसटीएल	महाराष्ट्र
5.70	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	यूपीपीसीएल	उत्तर प्रदेश
8.10	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	यूटी-सी	चंडीगढ़
4.74	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एवीवीएनएल	राजस्थान
6.38	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	जेवीवीएनएल	राजस्थान
5.23	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	जेडीवीवीएनएल	राजस्थान
3.08	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	यूपीपीसीएल	उत्तर प्रदेश
16.86	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	आरडीपीवीसी	राजस्थान
0.76	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एसटीएल	महाराष्ट्र
0.37	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एससीएल	आंध्र प्रदेश
6.74	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एमपीपीएमसीएल	मध्य प्रदेश
10.36	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एसटीएल	महाराष्ट्र
9.48	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	पश्चिम बंगाल
192.55	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एमएसईडीसीएल	महाराष्ट्र
65.11	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	एनपीसीएल	उत्तर प्रदेश
0.71	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	ईईएल	महाराष्ट्र
7.96	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	ईएसआईएल	गुजरात
125.99	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	यूपीसीएल	उत्तराखंड
8.26	एनडीपीएल (टीपीडीडीएल)	दिल्ली	आरआईएल, दहेज	गुजरात

[हिन्दी]

मंगला एक्सप्रेस दुर्घटना

1252. श्रीमती अश्वमेध देवी :
श्री भूदेव चौधरी :
श्री एंटो एंटनी :
श्री जोस के. मणि :
श्री नलिन कुमार कटील :
श्री ई.जी. सुगावनम :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र में नासिक के समीप 15 नवम्बर, 2013 को मंगला एक्सप्रेस पटरी से उतर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी;

(ख) यदि हां, तो जान-माल की हानि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए रेलवे द्वारा कौन से निवारक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या पटरी से उतरने के कारण पता करने के लिए कोई जांच की गयी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त दुर्घटना के पीड़ितों को प्रदत्त मुआवजे का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, हां।

(ख) 15.11.2013 को 06.20 बजे, जब गाड़ी सं. 12618 अप निजामुद्दीन-एर्णाकुलम मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के घोती और इगतपुरी के बीच चल रही थी, तो इसके इंजन और 3 डिब्बे पटरी से उतर गए थे जिनमें से 3 डिब्बे उलट गए थे, इस दुर्घटना में 3 यात्रियों की मृत्यु हुई, 10 यात्रियों को गंभीर चोटें आईं और 13 को मामूली चोटें आई थीं, इस दुर्घटना के कारण रेलवे सम्पत्ति के नुकसान की लागत रेल संरक्षा आयुक्त जांच का एक भाग है।

भारतीय रेलवे द्वारा संरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जाती है और दुर्घटना को रोकने और संरक्षा को बढ़ाने के लिए निरंतर आधार पर सभी संभव कदम उठाए जाते हैं, गाड़ी को पटरी से उतरने से बचाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए कदम नीचे दिए अनुसार हैं:—

(i) प्री स्ट्रैस्ड कंक्रीट (पीएससी) स्लीपरों वाले रेलपथ ढांचे को अपग्रेड करना, उच्च धुरा भार और उच्च घनत्व मार्गों के लिए 52 किग्रा./60 किग्रा. उच्च क्षमता की पटरियां; नए निर्माण और पुन:स्थापना संबंधी कार्य केवल पीएससी स्लीपरों से किया जाता है।

(ii) पटरियों को दरार से बचाने के लिए वैल्ड किए गए जोड़ों की संख्या कम करने के लिए 260 मीटर/130 मीटर लंबाई वाले लम्बे रेल पैनल।

(iii) अलूमिनो थर्मिट वैल्डिंग को अपग्रेड करना और मोबाइल फ्लैश बट्ट वेल्डिंग का उपयोग बढ़ाना।

(iv) त्रुटि का पता लगाने के लिए पटरियों की जांच हेतु अल्ट्रासोनिक रेल फ्लॉ डिटेक्टर जैसे आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों का उपयोग।

(v) पटरियों में पड़ने वाली दरारों के प्रति संरक्षा बढ़ाने के लिए रेल ग्राइंडर मशीनों का उपयोग।

(vi) सुरक्षित और कुशल आउटपुट की व्यवस्था करने के लिए अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग करके रेलपथ अनुरक्षण का उत्तरोत्तर मशीनीकरण।

(vii) रेलपथ पर चपटे पहियों के असुरक्षित संचलन का पता लगाने के लिए रेलपथ के साथ व्हील इम्पेक्ट लोड डिडेक्टर (डब्ल्यूआईएलडी)।

(viii) रात्रि पैट्रोलिंग और शीतकालीन पैट्रोलिंग सहित संवेदनशील स्थानों पर रेलपथ की नियमित पैट्रोलिंग करना।

(ix) नियमित अंतरालों पर विशेष संरक्षा निरीक्षण अभियान चलाना।

(ग) उपर्युक्त दुर्घटना में एक वैधानिक जांच नागर विमानन मंत्रालय के अंतर्गत रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस)/मध्य सर्कल द्वारा की जा रही है।

(घ) रेल दावा अधिकरण (आरसीटी) में मुआवजे का दावा दर्ज करने के बाद और दावाकर्ता के पक्ष में अधिकरण द्वारा डिक्री दिए जाने और रेलवे के संतुष्ट होने पर रेलवे द्वारा गाड़ी दुर्घटनाओं/अप्रिय घटनाओं में मृत्यु/चोट के मुआवजे (जैसाकि रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 124/124-ए के अंतर्गत परिभाषित किया गया है) का भुगतान किया जाता है, रेलवे द्वारा कोई मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है क्योंकि इस दुर्घटना के लिए क्षतिपूर्ति करने के लिए रेलवे को अभी तक कोई भी डिक्री प्राप्त नहीं हुई है, बहरहाल, नियमों के अनुसार अनुग्रह राहत राशि प्रदान की गयी है।

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्माण कार्य

1253. श्री कीर्ति आजाद :
श्री देवजी एम. पटेल :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बिहार एवं राजस्थान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत धीमी गति से जारी निर्माण कार्य की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान निर्धारित समय में पूरा नहीं की गयी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) खासकर बिहार और राजस्थान में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्य की गति तेज करने के लिए केन्द्र सराकर द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया) : (क) और (ख) 'ग्रामीण विकास' राज्य का विषय है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत सड़कों के कार्यान्वयन और रख-रखाव की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। कुछ राज्यों में पीएमजीएसवाई की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। अपर्याप्त संस्थागत क्षमता, सीमित संविदात्मक क्षमता, पर्याप्त शिक्षित तकनीकी कार्मिकों की अनुपलब्धता, सीमित कार्यकारी मौसम, प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियां, भूमि की अनुपलब्धता, वन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली भूमि के संबंध में मंजूरी न मिलना, कानून व्यवस्था की समस्या इत्यादि के कारण उक्त राज्य पीएमजीएसवाई योजनाओं के कार्यान्वयन में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। दिसंबर, 2000 में योजना के प्रारंभ से मंत्रालय ने बिहार के लिए 13,332 सड़क कार्यों और राजस्थान के लिए 14,584 सड़क कार्यों की परियोजनाओं की मंजूरी दी है। बिहार तथा राजस्थान के लिए मंजूर की गई वर्ष-वार परियोजनाओं तथा उनके पूरे होने की स्थिति संलग्न विवरण में दी गई है।

(ग) बिहार में पीएमजीएसवाई के क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु मंत्रालय ने राज्य सरकार तथा 5 केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसयू), नामतः मैसर्स इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, मैसर्स नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मैसर्स नेशनल प्रोजेक्टस् कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड, मैसर्स नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड, सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के साथ वर्ष 2005 में त्रिपक्षीय अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए थे। सड़कों के निर्माण के लिए इन एजेंसियों को वर्ष 2008-09 तक कार्य आवंटित किए गए थे। इस बीच, बिहार राज्य ने अपनी कार्यान्वयन क्षमता बढ़ाई है तथा राज्य द्वारा और अधिक कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। केंद्र सरकार विभिन्न क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों, अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों के माध्यम से पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्यों पर उचित कार्रवाई करने हेतु राज्यों को सलाह देती थी। मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई तथा राज्यों को दी गई सलाह का कतिपय विवरण निम्न प्रकार है:—

(i) कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाइयों (पीआईयू) की संख्या में बढ़ोतरी करना तथा उन्हें सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं के साथ तैनात करना।

(ii) सड़क कार्यों के लिए ठेकेदार बनने हेतु अनुभवी उप-ठेकेदार को प्रोत्साहित करना।

(iii) ठेकेदारों के मुद्दों को निपटने के लिए नियमित रूप से ठेकेदार-आउटरीच सम्मेलन आयोजित करना।

(iv) वर्तमान कीमतों पर कार्यों को मंजूरी देने हेतु राज्य द्वारा दरों की अनुसूची (एसओआर) में नियमित रूप से वृद्धि करना तथा वर्तमान बाजार मूल्यों पर निविदाएं जारी करना।

(v) ठेकेदारों द्वारा पूरे किए गए कार्यों से संबंधित अंतिम बिलों का भुगतान करने हेतु राज्यों को अनुदेश देना।

(vi) बोली दस्तावेजों का मानकीकरण तथा शीघ्र निविदा आमंत्रित करने हेतु ई-टेंडरिंग।

(vii) ठेकेदार के अभियंताओं सहित फील्ड अभियंताओं का क्षमता निर्माण करना।

(viii) राज्यों के साथ वास्तविक एवं वित्तीय प्राचलों की नियमित एवं सुव्यवस्थति रूप से समीक्षा करना।

(ix) राज्य स्तर पर सेकेंड-टायर गुणत्तता नियंत्रण प्रक्रियाविधि को सुदृढ़ बनाना जिसमें प्रक्रिया विधि का संस्थानीकरण भी शामिल है।

(x) मंत्रालय द्वारा राज्यों को समय पर निधियां जारी करना सुनिश्चित करना।

विवरण

बिहार और राजस्थान राज्यों के लिए मंजूर किए गए कार्यों की प्रगति

आवंटन का वर्ष	बिहार (केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को सौंपे गए कार्य सहित)		राजस्थान	
	मंजूर किए गए कार्य	मंजूर किए गए कार्यों में से पूरे किए गए की संख्या	मंजूर किए गए कार्य	मंजूर किए गए कार्यों में से पूरे किए गए कार्यों की संख्या
2000-01	298	281	524	522
2001-02	670	591	662	662
2003-04	—	—	2,115	2,112
2004-05	—	—	577	577
2005-06	332	316	1,132	1,115
2006-07	419	379	3,359	3,300
2007-08	1,237	1,096	2,746	2,739
2008-09	5,704	4,294	337	331
2009-10	—	—	229	212
2010-11	23	3	—	—
2011-12	647	59	1,076	866
2012-13	1,446	14	1,256	46
2013-14	2,556	0	571	0
कुल	13,332	7,033	14,584	12,482

[अनुवाद]

एसटीडी/पीसीओ बूथों का बहुउद्देशीय स्टॉलों में परिवर्तन

1254. श्री बिभु प्रसाद तराई : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे को रेलवे स्टेशनों पर विकलांग व्यक्तियों द्वारा संचालित एसटीडी/पीसीओ बूथों को मानवीय आधारों पर बहुउद्देशीय स्टॉलों में परिवर्तित करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या एसटीडी/पीसीओ बूथ चला रहे विकलांग व्यक्तियों की आजीविका हेतु उनके पुनर्वास के लिए कोई नीति बनाई गयी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी हां, विकलांग व्यक्तियों द्वारा परिचालित एसटीडी/पीसीओ बूथों को बहु-उद्देशीय स्टालों में बदलने के लिए संसद सदस्यों सहित कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

इस समय, एसटीडी/पीसीओ बूथों को बहु-उद्देशीय स्टालों में बदलने की कोई नीति नहीं है।

(ग) और (घ) मौजूदा एसटीडी/पीसीओ बूथों में कतिपय अतिरिक्त लाइसेंस फीस के भुगतान करने पर सिम कार्ड (नए कनैक्शन), मोबाइल, फोन और इससे संबंधित सामान को बेचने के लिए अनुमति प्रदान की गई है, क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों को लाइसेंसधारी के संतोषजनक कार्य निष्पादन आदि के आधार पर एक वर्ष का विस्तार प्रदान करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

[हिन्दी]

बर्थ कंफर्म होने में वीआईपी कोटा

1255. श्री प्रभुनाथ सिंह :
श्री गोरखनाथ पांडेय :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलगाड़ियों में वीआईपी कोटा से बर्थ कंफर्म होने के क्या मानंदड हैं;

(ख) संसद सदस्यों द्वारा सिफारिश किए गए परिवारिक सदस्यों/संबंधियों/मित्रों/अतिथियों की प्रतीक्षा सूची टिकटों के कंफर्म न होने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या संबद्ध संसद सदस्यों को टिकट कंफर्म नहीं होने के बारे में सूचित किया जाता है एवं यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) अब तक आरक्षित सीट कोटा के अंतर्गत कंफर्म नहीं हो पाए रेलवे आरक्षणों के संबंध में संसद सदस्यों से कितनी शिकायतें मिली है; और

(ङ) संसद सदस्यों की सिफारिशें नहीं मानने के लिए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गयी है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) वारंट ऑफ प्रिसीडेंस के अनुसार प्राथमिकता और लंबे समय से अपनाई जा रही एक सुस्थापित प्रक्रिया के अनुसार आपातकालीन कोटे के तहत स्थान जारी किया जाता है। माननीय संसद सदस्यों से उनकी यात्रा के लिए आपातकालीन कोटे में से बर्थ की पुष्टि कराने के लिए प्राप्त अनुरोधों का अनुपालन किया जाता है। स्वयं की यात्रा से इतर उनसे प्राप्त अनुरोधों पर भी उपलब्ध बर्थों की संख्या, अन्य अनुरोधों की संबंधित प्राथमिकता आदि को देखते हुए उचित प्राथमिकता दी जाती है।

(ख) चूंकि आपातकालीन कोटे (ईक्यू) के लिए सीमित स्थान निर्धारित किया गया है, व्यस्त अवधि के दौरान, जब विभिन्न स्रोतों यथा माननीय केंद्रीय मंत्री/ससंद सदस्यों, माननीय सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से आपातकालीन कोटा से प्रतीक्षा सूची टिकट को कंफर्म कराने की मांग बहुत अधिक होती है, तो ऐसी स्थिति में कभी-कभी ऐसे सभी अनुरोधों को स्वीकार करना व्यावहारिक नहीं होता है।

(ग) माननीय संसद सदस्य के स्वयं के यात्रा करने संबंधी मामले में संसद सदस्य (साथ अथवा बिना पति/पत्नी के) के साथ समन्वय करने के लिए और जब कभी बुक की गई श्रेणी से निम्न श्रेणी में संसद सदस्य को बर्थ दिया जाता है, की सूचना संबंधित संसद सदस्य अथवा उसके स्टाफ को देने के लिए पहचान गए महत्त्वपूर्ण स्टेशनों पर एक नोडल अधिकारी नामित करने के लिए सभी क्षेत्रीय रेलों को अनुदेश जारी किए गए हैं।

(घ) और (ङ) माननीय संसद सदस्यों के अनुरोधों पर आपातकालीन कोटे में से गैर-कन्फर्म बर्थ संबंधी प्राप्त शिकायतों का केंद्रीकृत डाटा नहीं रखा जाता है आपातकालीन कोटे में से गैर-कन्फर्म बर्थ के संबंध में माननीय संसद सदस्यों और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों की जांच की जाती है और दोषी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक और अपील नियम के तहत वर्तमान अनुदेशों का पालन न करने पर कार्रवाई की जाती है।

छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में सर्वेक्षण

1256. श्री मधुसूदन यादव :
कुमारी सरोज पांडेय :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

12.	मदिनु ससाकुआफथिल इस्लामिया, स्वलाथ नगर, मेलमुरी, जिला-मलप्पुरम-676514 (केरल)	2013-14	आईटीसी हेतु उपकरणों की खरीद	800000
13.	स्लाहुद्दीन अयूबी एजुकेशनल कॉम्पलेक्स, पराक्कुलम, पोस्ट - कल्लडथुर, जिला पालक्काड़-679552 (केरल)	2013-14	हाई स्कूल भवन का विस्तार	1000000
14.	दारुल हिकम इस्लामिक सेंटर, मार्फत दारुल हिकम रेसिडेंशियल स्कूल, पोस्ट-चेम्मानियोड, पोस्ट- मेलाटूर, जिला-मल्लपुरम-679325 (केरल)	2013-14	30 बिस्तर वाले बालिका छात्रावास भवन का निर्माण	1000000
15.	डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल एजुकेशन ट्रस्ट, मार्फत डॉ. जेड. एच.एम. भारतीय विद्या विहार सीनियर सेकेंड्री स्कूल, पोस्ट: पनच्चिकावू, पेरून्ना वेस्ट, चंगानाचेरी, जिला कोट्टायम (केरल)	2013-14	30 बिस्तर वाले बालिका छात्रावास भवन का निर्माण	1000000
	महाराष्ट्र			
16.	सय्यद शरिफुद्दीन शिक्षण एंड वेलफेयर सोसाइटी, मार्फत उर्दू हाई स्कूल, पोस्ट-विहिगांव, तालुका अंजानगांव सुरजी, जिला अमरावती-444705 (महाराष्ट्र)	2013-14	हाई स्कूल भवन का विस्तार	1000000

1	2	3	4	5
17.	दी सबरंग मल्टीपरपस एजुकेशन सोसाइटी, मार्फत सनशाईन हाई स्कूल, यशवंत कॉलेज के पीछे, लक्ष्मी नगर, जिला वर्धा-442001 (महाराष्ट्र)	2013-14	50 बिस्तर वाले बालिका छात्रावास भवन का निर्माण	1500000
18.	मोहम्मदिया माइनोरिटी एजुकेशन सोसाइटी, मार्फत उर्दू हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, विट्ठलवाड़ी, रेंदल, हाटकाननगेल, जिला-कोल्हापुर-416203 (महाराष्ट्र)	2013-14	स्कूल हेतु कम्प्यूटर/विज्ञान प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद	500000
	उत्तर प्रदेश			
19.	साबिर हुसैन समाज सेवा शिक्षा प्रसार समिति, गांव एवं पोस्ट: शरीफ नगर, तहसील-ठाकुरद्वार, जिला मुरादाबाद-244602	2013-14	100 बिस्तर वाले बालक छात्रावास भवन का निर्माण	3000000
20.	मरियम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, ग्राम - अहमदपुर, पोस्ट चिनि, तहसील-सागरी, जिला-आजमगढ़-276121 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	हाई स्कूल भवन का विस्तार तथा कम्प्यूटर/विज्ञान प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद	1300000
21.	अब्दुल मोहित खान एजुकेशन सोसाइटी, ग्राम-रुपयीपुर, पोस्ट: फरीदपुर, जिला- आजमगढ़-223225 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	मिडल स्कूल भवन का विस्तार	800000
22.	चौधरी शिक्षा प्रचार एवं प्रसार समिति, ग्राम-मनकुआ, मक्सूदपुर, ब्लॉक-दिलारी, जिला-मुरादाबाद- 244001 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	मिडल स्कूल भवन का विस्तार	800000
23.	जनाब हमीद खान पहलवान शिक्षा प्रसार एवं जन कल्याण समिति, मार्फत वाकेशवर पब्लिक स्कूल, आजाद नगर बकेवार, जिला-इटावा-206124 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	मिडल स्कूल भवन का विस्तार	800000
24.	सईद सालार एजुकेशन सोसाइटी, मार्फत सय्यद सालार जूनियर हाई स्कूल, ग्राम एवं पोस्ट-थनवला, तहसील-बिल्लारी, जिला- मुरादाबाद-202411 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	मिडल स्कूल भवन का विस्तार	800000
25.	चौधरी हबीब खान एजुकेशनल चैरिटेबल सोसाइटी, मार्फत एम पब्लिक स्कूल, ग्राम एवं पोस्ट: हर्रा, तहसील-सरधाना, विकास खंड-सरूरपुर, खुर्द, जिला-मेरठ-250344 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	प्राइमरी स्कूल भवन का निर्माण	1000000
26.	बाबा शिक्षा सेवा संस्थान, ग्राम एवं पोस्ट-कुनवाखेड़ा, तहसील: कायमगंज, जिला-फर्रुखाबाद-209502 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	प्राइमरी स्कूल भवन का विस्तार	600000

1	2	3	4	5
27.	सर इकबाल पब्लिक स्कूल, दोमानपुर (वेस्ट), मऊनाथ भंजन, जिला-मऊ-275101 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	मिडल स्कूल भवन का विस्तार तथा कम्प्यूटर प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद	1000000
28.	एम.एन. पब्लिक एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, अहमद कंपाउंड, मुंदरवा रोड, सेमरियावान बाजार, जिला-संत कबीर नगर-272126 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	उच्चतर माध्यमिक स्कूल भवन का विस्तार	1500000
29.	उस्मान बिन अफ्फान एजुकेशनल एंड टेक्नीकल सोसाइटी, पोस्ट बिदपुर, जिला सिद्धार्थ नगर, मार्फत उस्मानिया गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल, गांव लेदवा, पोस्ट बिर्द, जिला-सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश)	2013-14	जूनियर स्कूल भवन का निर्माण	1500000
30.	एम.ए. पब्लिक स्कूल समिति, ग्राम काजीपुरा, तहसील-वाज़िक जिला मुरादाबाद-244001 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	30 बिस्तर वाले बालक छात्रावास भवन का निर्माण	1000000
31.	किसान समाज कल्याण शिक्षा समिति, मार्फत एल.बी. जे. हाई स्कूल, पोस्ट: भगवंत नगर, ग्राम: हकीमगंज, तहसील-स्वर, जिला-रामपुर-244924 (उत्तर प्रदेश)	2013-14	मिडल स्कूल भवन का विस्तार	800000
			योग	38200000

[अनुवाद]

राष्ट्रीय परियोजनाएं

1259. डा. रतन सिंह अजनाला :
श्री गणेश सिंह :
श्री जी.एम. सिद्देश्वर :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न राज्यों विशेषकर पंजाब में सिंचाई एवं जल विद्युत क्षमता के दोहन हेतु राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता प्रदान करने वाली कोई नयी योजना सरकार के पास है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस योजना के अंतर्गत वित्तपोषण हेतु पहचानी गयी परियोजनाओं का राज्य एवं परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत मंजूर एवं व्ययित कुल राशि राज्य एवं परियोजना-वार कितनी है;

(घ) क्या राष्ट्रीय परियोजनाओं की योजना में शामिल करने हेतु सिंचाई परियोजनाओं के प्रस्ताव राज्य सरकारों ने प्रस्तुत किए हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना एवं राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) राज्यों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक परियोजना की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क), (ख), (घ) से (च) वर्ष 2008 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम शुरू की गई थी। ये परियोजनाएं सिंचाई/जल-विद्युत/बाढ़ नियंत्रण के लाभों की परिकल्पना करती हैं। राष्ट्रीय परियोजनाओं के दिशनिर्देशों के अनुसार, ये परियोजनाएं केन्द्रीय सहायता/परियोजना के सिंचाई और पेयजल घटकों की शेष परियोजना लागत (कार्य की लागत) के अनुदान के लिए पात्र हैं। राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम के तहत जल-विद्युत घटक का निधियन नहीं किया जाता है।

अभी तक, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों की 15 परियोजनाओं को संलग्न विवरण-I पर दिए गए विवरण के अनुसार राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम में शामिल किया गया है।

(ग) चिन्हित की गई 15 परियोजनाओं में चार परियोजनाएं निष्पादनाधीन हैं। राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम में उनको शामिल करने के बाद, निष्पादनाधीन परियोजनाओं के संबंध में मार्च, 2013 तक जारी की गई केन्द्रीय सहायता और राज्य के हिस्से सहित वहन किया गया व्यय संलग्न विवरण-II में दिया गया है। शेष 11 परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम के तहत कोई व्यय वहन नहीं किया गया है।

विवरण-I

राष्ट्रीय परियोजनाओं के रूप में घोषित 15 परियोजनाओं की सूची और उनकी स्थिति

क्र. सं.	परियोजना का नाम	राज्य	(1) सिंचाई (हेक्ट.) (2) विद्युत (मेगावाट) (3) भंडारण (एमएएफ)	स्थिति
1	2	3	4	5
1.	गोसीखुर्द	महाराष्ट्र	(1) 2.50 लाख (2) 3 मेगावाट (3) 0.93 एमएएफ	निष्पादन के अधीन
2.	शाहपुर कांडी	पंजाब	(1) 0.37 लाख (2) 168 मेगावाट (3) 0.012 एमएएफ	निष्पादन के अधीन
3.	तीस्ता बैराज	पश्चिम बंगाल	(1) 9.23 लाख (2) 1000 मेगावाट (3) बैराज	निष्पादन के अधीन
4.	सरयू नहर परियोजना	उत्तर प्रदेश	(1) 4.86 लाख (अतिरिक्त) (2) — (3) बैराज	निष्पादन के अधीन
5.	रेणुका	हिमाचल प्रदेश	(1) पीने का पानी (2) 40 मेगावाट (3) 0.44 एमएएफ	डीपीआर तैयार, वन मंजूरी की प्रतीक्षा है।
6.	लखवर व्यासी	उत्तराखंड	(1) 0.3378 लाख (2) 420 मेगावाट (3) 0.325 एमएएफ	टीएसी ने स्वीकार कर लिया। योजना आयोग से निवेश की मंजूरी की प्रतीक्षा है।
7.	किशाऊ	हिमाचल प्रदेश/ उत्तराखंड	(1) 0.97 लाख (2) 600 मेगावाट	डीपीआर तैयार, पर्यावरण एवं वन मंजूरी की प्रतीक्षा है।

1	2	3	4	5
			(3) 1.04 एमएएफ	
8.	कैन बेतवा	मध्य प्रदेश	(1) 6.46 लाख (2) 72 मेगावाट (3) 2.25 एमएएफ	फेज-I का डीपीआर मूल्यांकन के तहत। फेज-II का डीपीआर तैयार हो रहा है।
9.	बरसार	जम्मू और कश्मीर	(1) 1 लाख (अप्रत्यक्ष) (2) 1130 मेगावाट (3) 1 एमएएफ	एनएचपीसी द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।
10.	ग्यास्पा परियोजना	हिमाचल प्रदेश	(1) 0.50 लाख हेक्टे. (2) 240 मेगावाट (3) 0.6 एमएएफ	हिमाचल प्रदेश (एचपीपीसीएल) सरकार द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।
11.	दूसरा रावी व्यास लिंक	हिमाचल प्रदेश	सीमा पर प्रवाहित लगभग 3 एमएएफ जल को काम में लाना	अवधारणा स्तर पर
12.	बहु बहुउद्देशीय परियोजना	जम्मू और कश्मीर	(1) 0.32 लाख (2) 280 मेगावाट (3) 0.66 एमएएफ	सीडब्ल्यूसी द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।
13.	कुल्ली बांध परियोजना	असम	(1) 23,900 हेक्टे. (2) 29 मेगावाट (3) 0.28 एमएएफ	ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।
14.	नोआ-दिहांग बांध परियोजना	अरुणाचल प्रदेश	(1) 8000 हेक्टे. (2) 75 मेगावाट (3) 0.26 एमएएफ	ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।
15.	ऊपरी सिवांग	अरुणाचल प्रदेश	(1) अप्रत्यक्ष (2) 9500 मेगावाट (3) 17.50 एमएएफ बाढ़ नियंत्रण	अवधारणा स्तर पर

विवरण-II

निष्पादनाधीन राष्ट्रीय परियोजनाओं के संबंध में मार्च, 2013 तक जारी केन्द्रीय सहायता और राज्य के हिस्से सहित वहन किया गया व्यय

क्र. सं.	परियोजना का नाम	राज्य	जारी केन्द्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)	राज्य के हिस्से सहित मार्च, 2013 तक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में किया गया व्यय (करोड़ रुपए में)
1.	गोसीखुर्द	महाराष्ट्र	2987.94	3467.00
2.	तीस्ता बैराज	पश्चिम बंगाल	178.20	198.00
3.	शाहपुर कांडी	पंजाब	26.036	75.87
4.	सरयू नहर	उत्तर प्रदेश	67.98	8.39

कर्नाटक में जल भराव क्षेत्र

1260. श्री रमेश विश्वनाथ काट्टी : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा तथा कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ (कर्नाटक) ने कर्नाटक के कृष्णा बेसिन में बेलगाम जिले में जल भराव के अंतर्गत कृषि भूमि का सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त क्षेत्रों में कमांड क्षेत्र एवं गैर-कमांड क्षेत्र के जल भराव कृषि भूमि क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है तथा जल भराव, लवणीय एवं क्षारीय क्षेत्रों को पूर्व स्थिति में लाने हेतु विशेषज्ञों के सुझाव क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार कृष्णा बेसिन में कमांड क्षेत्रों एवं गैर-कमांड क्षेत्रों के जल भराव क्षेत्रों को पूर्व की स्थिति में लाने के लिए कदम उठाने का है; और

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक एवं चालू वर्ष के दौरान जल भराव क्षेत्रों को पूर्व की स्थिति में लाने हेतु राज्य-वार आवंटित राशि और किया गया व्यय कितना है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा और कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ (कर्णाटक) के वैज्ञानिकों वाले एक दल ने दिनांक 11 सितम्बर, 2013 को बेलगांव जिले के लवण प्रभावित जलग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था।

(ख) दल द्वारा विभिन्न स्रोतों से जुटाए गए जल जमाव/लवण प्रभावित क्षेत्र का ब्यौरा इस प्रकार है:—

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने सूचित किया है कि मालप्रभा परियोजना में लगभग 17153 हेक्टेयर भूमि और घाटप्रभा परियोजना में 45527 हेक्टेयर भूमि जल जमाव/मृदा लवणता से प्रभावित है जिसके परिणामस्वरूप फसल उत्पादकता में आंशिक/पूर्णता क्षति हुई है। नहर कमान क्षेत्र के अतिरिक्त, बेलगांव जिले में गैर कमान क्षेत्र में ज्यादातर गन्ने की फसल वाली 38469 हेक्टेयर भूमि भी जल जमाव/मृदा लवणता से प्रभावित है।

विशेषज्ञों के दल द्वारा की गई कुछ महत्त्वपूर्ण सिफारिशें/दिए गए सुझाव इस प्रकार हैं:—

1. बेहतर सतही जल निकास के लिए पहले से बंद/अधिक्रमित सतह/खेत जल निकास मार्गों को साफ किए जाने की आवश्यकता है। सिंचाई प्रणाली स्तर पर व्यापक आयोजन और सतही जल निकास प्रणाली के निष्पादन के साथ-साथ यह आवश्यक है कि लवण भार के निस्तारण हेतु उपसतही जल निकास प्रणाली को इसमें शामिल किया जाए।

2. अधिक सिंचाई के कारण जल की क्षति को कम करने के लिए गन्ने की खेती, विशेषकर लिफ्ट सिंचित गैर कमान क्षेत्रों में टपक सिंचाई प्रणाली की शुरुआत करने की तुरंत आवश्यकता है।

3. मालप्रभा एवं घाटप्रभा परियोजनाओं हेतु सीएडीए नहर कमान क्षेत्र में पुनरुद्धार कार्यक्रम शुरू कर सकता है जबकि कृषि विभाग, कर्नाटक गैर कमान क्षेत्रों में पुनरुद्धार शुरू करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के माध्यम से वित्त पोषण का विकल्प तलाश सकता है।

4. चूंकि कर्नाटक में ज्यादातार सिंचाई परियोजनाएं (मालप्रभा, घाटप्रभा, ऊपरी कृष्णा, भद्रा, तुंगभद्रा) जल जमाव/लवणता की समस्याओं का सामना कर रही हैं, अत: यह सुझाव है कि यहां लवणता/क्षारीयता आदि की समस्याओं के समाधान के लिए पंजाब (वीएलआरडीसी), हरियाणा (एचएल आरडीसी) और उत्तर प्रदेश (यूपीबीएसएन) राज्यों की तरह एक विशेषज्ञ अभिकरण (कर्नाटक भूमि पुनरुद्धार और विकास निगम, केएलआरडीसी कहा जाए) स्थापित किया जाए।

(ग) जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार कमान क्षेत्रों में जल जमाव वाले क्षेत्रों के पुनरुद्धार हेतु सीएडब्ल्यूएम कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता देती है। ऊपरी कृष्णा कमान क्षेत्र विकास परियोजना के लिए वर्ष 2010-11 और 2011-12 में क्रमश: 1402.82 हेक्टेयर भूमि के पुनरुद्धार हेतु 4.42 करोड़ रुपए और 6968.65 हैक्टेयर भूमि के पुनरुद्धार हेतु 31.76 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता मंजूर की गई है।

गैर-कमान क्षेत्रों के संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बेलगांव जिले में 922 हैक्टेयर भूमि में लाभ पहुंचाने के लिए 4.99 करोड़ रुपए की लागत से "उप सतह जल निकास के माध्यम से जलग्रस्त लवणीय भूमि का विकास" नामक प्रायोगिक परियोजना पूरी की गई है।

(घ) जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सहायता के लिए मंजूर सीएडीडब्ल्यूएम कार्यक्रम के अंतर्गत जलग्रस्त क्षेत्रों के पुनरुद्धार हेतु स्कीमों में 9 राज्य भाग ले रह हैं जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। पिछले 3 वर्षों में केवल 2 राज्यों ने केन्द्रीय सहायता का दावा किया है, जो निम्न प्रकार है:—

राज्य का नाम	वर्ष	परियोजनाओं की संख्या सीसीए (हैक्टेयर)		राशि करोड़ रुपए
कर्नाटक	2010-11	148	46951.44	106.11
	2011-12	74	1766.00	1.98
	2012-13	*	—	—
	2013-14	**	—	—
महाराष्ट्र	2010-11	7	536.90	0.37
	2011-12	22	2957.00	10.11
	2012-13	***	—	—
	2013-14	**	—	—

*कोई परियोजना मंजूर नहीं की गई है क्योंकि अंतर मंत्रालयी स्वीकृति समिति के अनुमोदन के बाद राज्य सरकार से अनुपालना प्राप्त नहीं हुई थी।

**हाल ही में 12वीं योजना के लिए अनुमोदित सीएडब्ल्यूएम कार्यक्रम के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुई थी।

***राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुई है।

विवरण

राज्यों में जल भराव क्षेत्रों के पुनरुद्धार संबंधी अनुमोदित परियोजनाओं का सार

क्र. सं.	राज्य	परियोजनाओं की संख्या	पुनरुद्धार किए जाने वाला प्रस्तावित क्षेत्र (हजार हैक्टेयर)	अनुमानित लागत (लाख रुपए)	03/2011 तक क्षेत्र (हजार हैक्टेयर)	2011-12 के के दौरान प्रगति (हजार हैक्टेयर)	03/2012 तक पुनरुद्धारित क्षेत्र (हजार हैक्टेयर)
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	बिहार	81	15.668	409.05	11.85	0.894	12.744
2.	गुजरात	7	1.290	136.70	0.00	0.000	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8
3.	जम्मू और कश्मीर	4	9.684	283.87	4.914	0.000	4.914
4.	कर्नाटक	309	60.403	14040.81	19.660	6.323	25.983
		74	1.766	197.69	0.000	0.884	0.884
5.	केरल	265	20.820	2315.32	16.249	0.000	16.249
6.	मध्य प्रदेश	6	1.437	172.44	0.000	0.000	0.00
7.	महाराष्ट्र	24	1.844	163.82	1.780	0.000	1.780
		22	2.957	1011.31	0.000	1.766	1.766
8.	ओडिशा	19	1.342	162.66	1.100	0.000	1.100
9.	उत्तर प्रदेश	12	5.321	645.23	5.321	0.000	5.321
	कुल योग	823	122.532	19538.90	60.874	9.867	70.741

भूमि सुधार नीति

1261. श्री एम. कृष्णास्वामी :
श्रीमती परमजीत कौर गुलशन :
श्री आर. ध्रुवनारायण :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अनुसूचित जातियों की भू-धरिता का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में अनुसूचित जातियों की भू-धरिता बहुत कम है;

(ग) यदि हां, तो इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार देश के लिए एक नयी भूमि सुधार नीति बनाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) और (ख) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण की रिपोर्ट संख्या 543 के अनुसार, देश में अनुसूचित जातियों द्वारा धारित भूमि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार ब्यौरा संलग्न विवरण में है।

(ग) भूमि और इसका प्रबंधन राज्यों के विधायी और प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में आता है जैसाकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची (सूची-II) की प्रविष्टी संख्या 18 में प्रावधान किया गया है। तथापि, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों से पात्र ग्रामीण गरीबों को निर्धारित सीमा तक सरप्लस भूमि के वितरण सहित भूमि सुधार कार्यक्रमों/स्कीमों के प्रभावी क्रियान्वयन का अनुरोध समय-समय पर किया गया है।

(घ) और (ङ) ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय भूमि सुधार नीति का प्रारूप तैयार किया गया है तथा राज्य सरकारों से और सिविल सोसायटी के सदस्यों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी गई हैं। उपरोक्त नीति का ब्यौरा भूमि संसाधन विभाग की वेबसाइट www.dolr.nic.in पर उपलब्ध है।

विवरण

प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए धारित भूमि के आकार वर्ग द्वारा परिवार का प्रति 1000 वितरण अनुसूचित जाति के परिवार सामाजिक समूह द्वारा धारित भूमि का आकार वर्ग (हैक्टेयर में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	धारित भूमि का आकार वर्ग (हेक्टेयर)						
	0.000	0.000-0.004	0.005-0.40	0.41-1.00	1.01-2.00	2.01-4.00	4.01 और इससे अधिक
1	2	3	4	5	6	7	8
आंध्र प्रदेश	70	236	518	121	37	17	1

1	2	3	4	5	6	7	8
अरुणाचल प्रदेश	269	198	140	43	43	302	5
असम	121	10	439	210	140	71	9
बिहार	204	128	570	70	22	5	0
छत्तीसगढ़	289	152	319	144	60	22	15
दिल्ली	649	327	24	0	0	0	0
गोवा	0	0	1000	0	0	0	0
गुजरात	102	188	510	94	3	76	27
हरियाणा	28	321	609	11	16	12	3
हिमाचल प्रदेश	56	40	634	232	27	10	1
जम्मू और कश्मीर	28	34	582	275	68	13	0
झारखंड	67	37	686	139	7	50	14
कर्नाटक	103	124	523	162	63	4	22
केरल	107	42	793	52	6	0	0
मध्य प्रदेश	134	151	325	157	108	77	48
महाराष्ट्र	92	374	312	94	69	47	11
मणिपुर	340	0	188	300	158	14	0
मेघालय	0	0	893	0	0	0	107
मिज़ोरम	223	0	19	758	0	0	0
नागालैंड	940	0	60	0	0	0	0
ओडिशा	89	178	415	194	98	19	6
पंजाब	51	237	676	18	10	6	0
राजस्थान	36	148	346	166	167	98	39
सिक्किम	13	301	501	185	0	0	0
तमिलनाडु	11	340	560	68	17	1	2
त्रिपुरा	57	35	670	212	18	8	0
उत्तराखंड	31	127	768	57	17	0	0
उत्तर प्रदेश	47	87	639	172	41	13	1

1	2	3	4	5	6	7	8
पश्चिम बंगाल	83	78	737	80	14	8	1
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	—	—	—	—	—	—	—
चंडीगढ़	143	257	600	0	0	0	0
दादरा और नगर हवेली	18	0	812	34	135	0	0
दमन और दीव	0	970	30	0	0	0	0
लक्षद्वीप	—	—	—	—	—	—	—
पुदुचेरी	0	697	283	5	0	15	0
अखिल भारत	86	160	554	121	47	24	8

[हिन्दी]

रेल नीर संयंत्र

1262. श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े :
श्रीमती सारिका देवेन्द्र सिंह बघेल :
श्रीमती सुस्मिता बाउरी :
श्रीमती पुतुल कुमारी :
श्री अरविन्द कुमार चौधरी :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल बजट 2010-11 के दौरान नये रेल नीर संयंत्रों की स्थापना हेतु किसी योजना की घोषणा की गई थी और क्या यह अभी भी लंबित है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या रेल नीर संयंत्रों की स्थापना के लिए स्थान निश्चित कर लिए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रेलवे ने महाराष्ट्र में भी कुछ स्थानों पर नये रेल नीर बॉटलिंग संयंत्रों की स्थापना का प्रस्ताव किया है;

(ङ) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ पहचान किए गए स्थानों और लागत और नियम की गई समयावधि का ब्यौरा क्या है; और

(च) नियम समयावधि में रेल नीर बॉटलिंग संयंत्रों की स्थापना के लिए रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (ग) रेल बजट 2010-11 में माल, नासिक, फरक्का, अमेठी, अंबाला और त्रिवेंद्रम में छह पैकेज्ड पीने के पानी (पीडीडब्ल्यू) का बोटलिंग संयंत्र का कार्य पीपीपी आधार पर स्थापित करने की योजना है जिसे भारतीय रेल खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) द्वारा पहले ही शुरू कर दिया गया है। इन स्थानों में से, अंबाला और अमेठी के लिए डेवलपर-सह-ऑपरेटर की नियुक्ति कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, इन स्थानों अर्थात पारासाला (त्रिवेंद्रम के नजदीक) और नासिक के लिए निविदा मंगाई गई है।

(घ) से (च) महाराष्ट्र राज्य में अंबरनाथ, नागपुर और नासिक में तीन रेल नीर पैकेज्ड पीने के पानी का (पीडीडब्ल्यू) बोटलिंग संयंत्रों को आईआरसीटीसी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। अंबरनाथ में पीडीडब्ल्यू संयंत्र को स्थापित करने की अनुमानित लागत 22 करोड़ रुपए और नागपुर एवं नासिक में प्रत्येक में पीडीडब्ल्यू संयंत्र को स्थापित करने की अनुमानित लागत 8 करोड़ रुपए है। अंबरनाथ के संयंत्र के परिचालन के लिए प्रस्तावित संभावित समय फरवरी, 2014 है और नासिक तथा नागपुर का जून, 2015 है।

[अनुवाद]

विद्युत क्षेत्र में एफडीआई

1263. डॉ. रामचन्द्र डोम : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विद्युत क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दे दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश द्वारा वित्त-पोषित विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके लिए सरकार ने काउंटर गारंटी का आश्वासन दिया है; और

(घ) ऐसी परियोजनाओं में शामिल निवेश की राशि परियोजना-वार कितनी है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) स्वचालित मार्ग के अंतर्गत विद्युत के उत्पादन (नाभिकीय ऊर्जा को छोड़कर) पारेषण, वितरण और व्यापार में 100% तक एफडीआई की अनुमति दी गई है। भारत सरकार ने दिनांक 22.08.2013 को "स्वचालित मार्ग" के माध्यम से 49% (26% एफडीआई + 23% एफआईआई) के रूप में सीईआरसी विनियम, 2010 के अंतर्गत पंजीकृत पावर एक्सचेंजों के लिए एफडीआई कैप हेतु संशोधित स्थिति अधिसूचित की।

(ग) और (घ) देश में कोई भी परियोजना एफडीआई के माध्यम से वित्तपोषित नहीं की गई है जिसके लिए सरकार ने काउंटर गारंटी सुनिश्चित की है।

[हिन्दी]

ट्रेन ठहराव

1264. श्री भूदेव चौधरी :
श्री रतन सिंह :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन (13009), हरिद्वार-हावड़ा पेसेन्जर ट्रेन (12370) का जमुई, बिहार में और ट्रेन सं. 12403/12404 का डीग रेलवे स्टेशन, भरतपुर, राजस्थान में ठहराव दिए जाने का विचार कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह मांग कब तक पूरी किए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) इस समय 13009/13010 हावड़ा-देहरादून रूट जमुई के रास्ते नहीं चलती है। इसके अलावा, 12369/12370 हावड़ा-हरिद्वार कुंभ-एक्सप्रेस को जमुई स्टेशन और 12403/12404 इलाहाबाद-जयपुर एक्सप्रेस को डीग स्टेशन पर ठहराव देने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेलों पर गाड़ियों का ठहराव एक सतत प्रक्रिया है बशर्ते कि परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य आदि हो।

[अनुवाद]

वर्षा जल संचयन

1265. श्री एम.के. राघवन : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले तीन वर्षों में केरल में हुई वर्षा की मात्रा पर कोई अध्ययन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य में वर्षा जल का संचय करने हेतु क्या प्रणाली अपनाई गई है और पिछले तीन वर्षों के दौरान कितना वर्षा जल बचाया गया है; और

(घ) भू-जल स्तर की गिरावट में कमी लाने और राज्य में इसकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), त्रिवेन्द्रम केरल राज्य में स्थित 70 वर्षा मापी केन्द्रों के माध्यम से राज्य में वर्षा संबंधी आंकड़े एकत्र करता है और उनका विश्लेषण करता है। इस विभाग के अध्ययन के अनुसार, केरल में वार्षिक सामान्य वर्षा 2924 मि.मीटर है और पिछले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2010-2011 और 2012 में यहां वर्षा की मात्रा क्रमशः 3137 मि.मीटर, 3046 मि.मीटर और 2187 मि.मीटर थी।

(ग) वर्षा जल संचयन की स्कीमों की आयोजना/कार्यान्वयन संबंधित राज्य अभिकरणों द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार के अलावा सहकारी समूह आवास समितियों, गैर सरकारी संगठनों, उद्योगों, व्यक्तियों आदि द्वारा वर्षा जल संचयन के समवर्ती प्रयास किए जाते हैं। कोई अभिकरण, राज्य में संचित/बचाए जा रहे वर्षा जल की मात्रा संबंधी आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं रखता है।

(घ) केरल राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, भूमि जल निकासी के विनियमन और नियंत्रण के लिए राज्य सरकार ने भूमि जल (नियंत्रण एवं विनियमन) अधिनियम बनाया है। राज्य भूमि जल विभाग राज्य में जल संरक्षण एवं कृत्रिम पुनर्भरण की स्कीम कार्यान्वित कर रहा है, जिसके अंतर्गत भूमि जल की कमी वाले क्षेत्रों में चैक बांधों, उप-सतही डाइकों, डगवेल पुनर्भरण संरचनाओं आदि का निर्माण शामिल है। वर्ष 2012-13 के दौरान, राज्य सरकार ने 44 स्कीमों के कार्यान्वयन हेतु 60 लाख रुपए की मंजूरी दी थी। इसके अतिरिक्त, जल संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) ने राज्य में 11वीं योजना अवधि के दौरान 27 प्रदर्शनात्मक कृत्रिम पुनर्भरण परियोजनाएं कार्यान्वित की थीं। सीजीडब्ल्यूबी, अभिज्ञात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूमि जल के कृत्रिम पुनर्भरण के महत्त्व के विषय में पणधारियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए जन जागरूकता अभियान चला रहा है। भूमि जल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के संबंध में पणधारियों की क्षमता निर्माण हेतु सीजीडब्ल्यूबी, जल प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

शौचालयों का निर्माण

1266. श्री नामा नागेश्वर राव :
श्री जितेन्द्र सिंह :
प्रो. सौगत राय :
श्री ए.टी. नाना पाटील :
श्री भक्त चरण दास :
श्री गणेश सिंह :
श्री पोन्नम प्रभाकर :
श्री आर. ध्रुवनारायण :
श्री हरिभाऊ जावले :
श्री आर. थामराईसेलवन :
श्री पी.आर. नटराजन

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वषो॑ के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान केन्द्रीय सहायता से देश में निर्मित शौचालयों की संख्या कितनी है और इनमें जल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन पर राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार कितना व्यय किया गया है;

(ग) देश में शौचालय सुविधाओं से युक्त परिवारों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या और प्रतिशतता क्या है;

(घ) देश मे महाराष्ट्र सहित ऐसे परिवारों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या और प्रतिशतता क्या है जो खुले में शौच जाते हैं;

(ङ) सरकार द्वारा ऐसे परिवारों के लिए शौच सुविधाएं उपलब्ध कराने और ठोस और तरल अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(च) क्या देश में परिवारों के एक बड़े प्रतिशत के पास उनके शौचालयों में जल निकासी कनेक्टिविटी नहीं है;

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ज) इस संबंध में और देश में स्वच्छता की स्थिति सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : (क) पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान संपूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी)/निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के तहत देश में बनाए गए शौचालयों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या संलग्न विवरण-I पर है। निर्मल भारत अभियान के संशोधित दिशा-निर्देशों के तहत बनाए गए शौचालयों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल आपूर्ति एवं स्वच्छता के प्रति संयुक्त दृष्टिकोण अपनाया गया है।

(ख) पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान संपूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी)/निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के तहत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के निर्माण में किए गए व्यय का राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या संलग्न विवरण-II पर है।

(ग) जनगणना 2011 के अनुसार, देश में शौचालय की सुविधा प्राप्त परिवारों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या एवं प्रतिशतता संलग्न विवरण-III पर है।

(घ) जनगणना 2011 के अनुसार, महाराष्ट्र को शामिल करते हुए देश में खुले में शौच जाने वाले परिवारों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या एवं प्रतिशतता संलग्न विवरण-IV पर है।

(ङ) भारत सरकार, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करने एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के मुख्य उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्मल भारत अभियान (एनबीए) नामक एक व्यापक कार्यक्रम का संचालन करती है। एनबीए के तहत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों का निर्माण करने के लिए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों एवं पहचाने गए गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए प्रोत्साहन का प्रावधान है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, एनबीए के महत्त्वपूर्ण घटकों में से एक है एवं इस घटक के अंतर्गत, गतिविधियों जैसे कि कम्पोस्ट पिटों, वर्मिन कम्पोस्टिंग, सामान्य एवं व्यक्तिगत बायोगैस संयंत्र, निम्न लागत के जल निकासी संयंत्र, सोकेज चैनल/पिट का निर्माण, घरेलू कचरे के एकत्रण, पृथक्करण एवं निपटान के लिए अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग आदि शुरू किए जा सकते हैं। एनबीए के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) परियोजनाएं शुरू की जा सकती हैं और प्रत्येक ग्राम पंचायत मे परिवारों की कुल संख्या के आधार पर कुल सहायता उपलब्ध कराई जाती है जिसके तहत 150 परिवारों वाले ग्राम पंचायत हेतु अधिकतम 7 लाख रुपए, 300 परिवारों वाले ग्राम पंचायत हेतु 12 लाख रुपए, 500 परिवारों वाले ग्राम पंचायत हेतु 15 लाख रुपए, 500 से भी अधिक परिवारों वाले ग्राम पंचायत हेतु 20 लाख रुपए के अध्यधीन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। एनबीए के अंतर्गत एसएलडब्ल्यूएम (ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन) के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 70:30 के अनुपात में वित्तपोषण किया जाता है। लागत संबंधी अन्य अतिरिक्त आवश्यकता को राज्य/ग्राम पंचायत से प्राप्त निधियों से पूरा किया जाता है।

(च) और (छ) जी, हां। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों में सामान्यतया लीच पिट शौचालय बनवाए जाते हैं जिनमें जल निकास प्रणाली से उसे जोड़ने की जरूरत नहीं पड़ती। ग्रामीण क्षेत्रों की मौजूदा जल निकास प्रणाली के तहत शौचालयों से गंदे पानी का निकास नहीं होता। तथापि, जनगणना 2011 के अनुसार, अपशिष्ट जल निकासी के लिए उपयुक्त जल निकासी प्रणाली से रहित ग्रामीण परिवारों के संबंध में सूचना और ऐसे परिवारों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार संख्या और प्रतिशतता संलग्न विवरण-V पर है।

(ज) देश में स्वच्छता स्थिति में सुधार लाने के लिए भारत सरकार ने संपूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी) में एक आमूल-चूल परिवर्तन किया है जिसे अब 12वीं पंचवर्षीय योजना में निर्मल भारत अभियान कहा जाता है। एनबीए का उद्देश्य संपूर्ण समुदाय में चरणबद्ध तरीके से संतृप्तिबोध मोड में स्वच्छता सुविधाओं के प्रावधान के साथ सतत व्यवहारगत परिवर्तन प्राप्त करना है और परिणामों के रूप में "निर्मल ग्रामों" को प्राप्त करना है। एनबीए का उद्देश्य वर्ष 2022 तक सभी ग्रामीण परिवारों को स्वच्छता की शत प्रतिशत सुविधाएं पहुंचाना है।

एनबीए के अंतर्गत निम्नांकित कार्यनीति अपनाई गई:—

- व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण को प्रोत्साहन देने के स्थान पर ग्राम पंचायत में समस्त समुदायों को कवर करते हुए संतृप्ति बोध रीति से शौचालय निर्माण करना ताकि समग्र स्वच्छता परिणाम प्राप्त हो सकें।
- व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय इकाइयों के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान में सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करते हुए सभी एपीएल परिवारों, जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, छोटे तथा सुविधाहीन किसान, अधिवासों वाले भूमिहीन मजदूर, शारीरिक रूप से विकलांग तथा महिला प्रमुख परिवारों, को शामिल करने हेतु विस्तार किया गया है। शौचालयों के निर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहनों में सभी पात्र लाभार्थियों के लिए (बीपीएल तथा पहचान किए गए एपीएल) 3200/- रुपए से 4600/- रुपए तक की बढ़ोतरी की है। इसके अतिरिक्त, महात्मा गांधी नरेगा के अन्तर्गत अन्तर्गत शौचालय के निर्माण के लिए 4500/- रुपए तक तथा 900/- रुपए का एक लाभार्थी अंशदान अनुमत है, जिससे शौचालय की कुल इकाई लागत 10,000/- रुपए (पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों के लिए 10,500/- रुपए) हो जाती है।
- सूचना शिक्षा सम्प्रेषण (आईईसी) कार्यकलापों पर अधिक बल देने हेतु जिला परियोजनाओं के कुल 15% परिव्यय को 7आईईसी के लिए चिन्हित किया गया है। आईईसी के संबंध में एक नवीन दृष्टिकोण अपनाने के उद्देश्य से मंत्रालय ने एक सम्प्रेषण एवं समर्थकारी कार्यनीति (2012-2017) तैयार की है।
- ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के लिए जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के साथ संयुक्त दृष्टिकोण अपनाना। संबंधित मंत्रालयों के साथ, जिनमें स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शामिल हैं, ग्रामीण स्वच्छता के लिए एनबीए का तालमेल बैठाना।

विवरण-I

पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान एनबीए के अंतर्गत निर्मित व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या (एमआईएस पर राज्यों/राज्य संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2010-2011	2011-2012	2012-2013	2013-2014 (30 नवंबर, 2013 तक)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	1049704	654282	384279	163504
2.	अरुणाचल प्रदेश	19799	27781	5760	7409
3.	असम	498849	510243	273240	69306
4.	बिहार	717792	839927	796699	125497

1	2	3	4	5	6
5.	छत्तीसगढ़	236164	82496	52045	28812
6.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0
7.	गोवा	800	0	0	0
8.	गुजरात	515224	321357	171977	80766
9.	हरियाणा	132137	103913	62949	49867
10.	हिमाचल प्रदेश	216573	30066	5183	7218
11.	जम्मू और कश्मीर	125228	70626	71900	25439
12.	झारखंड	296678	53479	48500	36483
13.	कर्नाटक	810104	414782	296429	210035
14.	केरल	20241	2188	5674	8523
15.	मध्य प्रदेश	1166016	900769	558189	204095
16.	महाराष्ट्र	562183	519563	189306	186363
17.	मणिपुर	49576	55306	43917	23022
18.	मेघालय	65417	51550	14406	5741
19.	मिजोरम	1611	17237	4967	4046
20.	नागालैंड	18224	46318	22149	19868
21.	ओडिशा	853303	359171	118318	15454
22.	पुदुचेरी	77	0	0	0
23.	पंजाब	118415	32535	57421	3846
24.	राजस्थान	750948	730385	252800	131065
25.	सिक्किम	0	0	0	2531
26.	तमिलनाडु	473647	410794	324216	118149
27.	त्रिपुरा	30392	24761	7035	4997
28.	उत्तर प्रदेश	2915407	1613384	134873	388859
29.	उत्तराखंड	132913	125051	97815	48962
30.	पश्चिम बंगाल	466311	800900	559115	307624
	योग	12243731	8798864	4559162	2277481

विवरण-II

पिछले 3 वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान टीएससी/एनबीए के अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के निर्माण पर हुए व्यय (केन्द्रीय अंश) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा (एमआईएस पर राज्यों/राज्य संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार)

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2010-2011	2011-2012	2012-2013	2013-2014 (30 नवंबर, 2013 तक)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	53.64	62.82	58.22	52.19
2.	अरुणाचल प्रदेश	3.46	3.38	1.18	3.12
3.	असम	59.57	113.58	91.57	32.47
4.	बिहार	103.58	113.35	164.59	43.84
5.	छत्तीसगढ़	13.72	12.98	9.49	12.20
6.	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00
7.	गोवा	0.00	0.00	0.00	0.00
8.	गुजरात	21.02	12.21	13.34	15.62
9.	हरियाणा	6.20	9.83	4.57	7.09
10.	हिमाचल प्रदेश	3.93	5.41	3.86	3.80
11.	जम्मू और कश्मीर	5.61	14.30	26.28	11.91
12.	झारखंड	31.51	19.72	12.18	9.95
13.	कर्नाटक	55.63	29.89	55.12	56.45
14.	केरल	4.73	4.26	2.69	5.89
15.	मध्य प्रदेश	86.68	82.67	155.98	127.25
16.	महाराष्ट्र	33.06	42.18	36.23	26.34
17.	मणिपुर	3.88	5.73	15.32	8.34
18.	मेघालय	8.42	11.46	7.72	4.27
19.	मिजोरम	0.41	5.58	0.82	0.59
20.	नागालैंड	0.90	8.22	2.93	10.73
21.	ओडिशा	36.11	32.80	18.31	6.96

1	2	3	4	5	6
22.	पुदुचेरी	0.02	0.00	0.00	0.00
23.	पंजाब	0.35	0.15	3.16	1.06
24.	राजस्थान	19.26	16.38	41.53	20.72
25.	सिक्किम	0.00	0.00	0.00	1.35
26.	तमिलनाडु	46.42	75.30	67.91	103.61
27.	त्रिपुरा	2.23	2.32	0.88	2.70
28.	उत्तर प्रदेश	165.26	94.44	170.89	159.79
29.	उत्तराखंड	9.76	10.67	11.70	8.37
30.	पश्चिम बंगाल	39.54	57.66	114.08	58.36
	योग	814.91	847.31	1090.54	794.95

विवरण-III

जनगणना-2011 के अनुसार, शौचालयों की सुविधाप्राप्त ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या एवं प्रतिशतता (एमआईएस पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल परिवार	शौचालयों की सुविधा प्राप्त परिवारों की संख्या	शौचालयों की सुविधा प्राप्त परिवारों प्रतिशतता
1	2	3	4	5
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	59030	36057	61.08
2.	आंध्र प्रदेश	14246309	4968666	34.88
3.	अरुणाचल प्रदेश	195723	109107	55.75
4.	असम	5374553	3307554	61.54
5.	बिहार	16926958	3150018	18.61
6.	चंडीगढ़	6785	6399	94.31
7.	छत्तीसगढ़	4384112	650844	14.85
8.	दादरा और नगर हवेली	35408	10368	29.28
9.	दमन और दीव	12750	8390	65.80
10.	गोवा	124674	90517	72.60

1	2	3	4	5
11.	गुजरात	6765403	2316239	34.24
12.	हरियाणा	2966053	1711850	57.71
13.	हिमाचल प्रदेश	1310538	883972	67.45
14.	जम्मू और कश्मीर	1497920	624828	41.71
15.	झारखंड	4685965	390153	8.33
16.	कर्नाटक	7864196	2507502	31.89
17.	केरल	4095674	3866571	94.41
18.	लक्षद्वीप	2523	2481	98.34
19.	मध्य प्रदेश	11122365	1510127	13.58
20.	महाराष्ट्र	13016652	5754007	44.20
21.	मणिपुर	335752	294544	87.73
22.	मेघालय	422197	240413	56.94
23.	मिजोरम	104874	91343	87.10
24.	नागालैंड	284911	221348	77.69
25.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	79115	68431	86.50
26.	ओडिशा	8144012	1247860	15.32
27.	पुदुचेरी	95133	38448	40.41
28.	पंजाब	3315632	2383764	71.89
29.	राजस्थान	9490363	1910509	20.13
30.	सिक्किम	92370	78640	85.14
31.	तमिलनाडु	9563899	2556501	26.73
32.	त्रिपुरा	607779	514135	84.59
33.	उत्तर प्रदेश	25475071	5825153	22.87
34.	उत्तराखंड	1404845	772135	54.96
35.	पश्चिम बंगाल	13717186	6680357	48.70
	भारत	167826730	54829231	32.67

विवरण-IV

जनगणना-2011 की स्थिति के अनुसार, खुले में मलत्याग करने वाले ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या एवं प्रतिशतता

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल परिवार	शौचालयों की सुविधा से वंचित परिवारों की संख्या	खुले में मलत्याग करने वाले परिवारों की प्रतिशतता
1	2	3	4	5
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	59030	22973	38.92
2.	आंध्र प्रदेश	14246309	9277643	65.12
3.	अरुणाचल प्रदेश	195723	86616	44.25
4.	असम	5374553	2066999	38.46
5.	बिहार	16926958	13776940	81.39
6.	चंडीगढ़	6785	386	5.69
7.	छत्तीसगढ़	4384112	3733268	85.15
8.	दादरा और नगर हवेली	35408	25040	70.42
9.	दमन और दीव	12750	4360	34.20
10.	गोवा	124674	34157	27.40
11.	गुजरात	6765403	4449164	65.76
12.	हरियाणा	2966053	1254203	42.29
13.	हिमाचल प्रदेश	1310538	426566	32.55
14.	जम्मू और कश्मीर	1497920	873092	58.29
15.	झारखंड	4685965	4295818	91.67
16.	कर्नाटक	7864196	5356694	68.11
17.	केरल	4095674	229103	5.59
18.	लक्षद्वीप	2523	42	1.66
19.	मध्य प्रदेश	11122365	9612238	86.42
20.	महाराष्ट्र	13016652	7262645	55.80

1	2	3	4	5
21.	मणिपुर	335752	41208	12.27
22.	मेघालय	422197	181784	43.06
23.	मिजोरम	104874	13531	12.90
24.	नागालैंड	284911	63563	22.31
25.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	79115	10684	13.50
26.	ओडिशा	8144012	6896152	84.68
27.	पुदुचेरी	95133	56686	59.59
28.	पंजाब	3315632	931868	28.11
29.	राजस्थान	9490363	7579854	79.87
30.	सिक्किम	92370	13730	14.86
31.	तमिलनाडु	9563899	7007398	73.27
32.	त्रिपुरा	607779	93644	15.41
33.	उत्तर प्रदेश	25475071	19649918	77.13
34.	उत्तराखंड	1404845	632710	45.04
35.	पश्चिम बंगाल	13717186	7036829	51.30
	भारत	167826730	112997499	67.33

विवरण-V

जनगणना-2011 के अनुसार, जल निकासी से रहित ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या एवं प्रतिशतता

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल परिवार	जल निकासी के बिना परिवारों की संख्या	जल निकासी के बिना परिवारों की प्रतिशतता
1	2	3	4	5
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	59030	40130	67.98
2.	आंध्र प्रदेश	14246309	8264647	58.01
3.	अरुणाचल प्रदेश	195723	152818	78.08
4.	असम	5374553	4634600	86.23
5.	बिहार	16926958	10344653	61.14

1	2	3	4	5
6.	चंडीगढ़	6785	390	5.75
7.	छत्तीसगढ़	4384112	3879341	88.49
8.	दादरा और नगर हवेली	35408	31310	88.43
9.	दमन और दीव	12750	10191	79.93
10.	गोवा	124674	57123	45.82
11.	गुजरात	6765403	5548498	82.01
12.	हरियाणा	2966053	509267	17.17
13.	हिमाचल प्रदेश	1310538	503093	38.39
14.	जम्मू और कश्मीर	1497920	963696	64.64
15.	झारखंड	4685965	3921714	83.69
16.	कर्नाटक	7864196	4518789	57.46
17.	केरल	4095674	2488174	60.75
18.	लक्षद्वीप	2523	2037	80.74
19.	मध्य प्रदेश	11122365	8313832	74.75
20.	महाराष्ट्र	13016652	6793227	52.19
21.	मणिपुर	335752	188425	56.12
22.	मेघालय	422197	325587	77.12
23.	मिजोरम	104874	65431	62.39
24.	नागालैंड	284911	172300	60.48
25.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	79115	9749	11.32
26.	ओडिशा	8144012	7175582	88.11
27.	पुदुचेरी	95133	60238	63.32
28.	पंजाब	3315632	630029	19.00
29.	राजस्थान	9490363	6924077	72.96
30.	सिक्किम	92370	57749	62.52
31.	तमिलनाडु	9563899	6962668	72.80
32.	त्रिपुरा	607779	509545	83.84

1	2	3	4	5
33.	उत्तर प्रदेश	25475071	9731335	38.20
34.	उत्तराखंड	1404845	734377	52.27
35.	पश्चिम बंगाल	13717186	11617838	84.70
	भारत	167826730	106,146,460	63.25

[हिन्दी]

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का निरीक्षण

1267. श्री जगदानंद सिंह : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि विभिन्न स्तर के जन-प्रतिनिधियों को निर्माणाधीन ग्रामीण संपर्क सड़कों का निरीक्षक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करवाना होगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्यों में ऐसे निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अच्छी गुणवत्ता वाली ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो;

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) निरीक्षण कार्यक्रम महज एक औपचारिकता होने के मामले में यह सुनिश्चित करने कि अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण किया जाए, निरीक्षण कार्यक्रम को अनिवार्य बनाए जाने के लिए भविष्य की योजना क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्री (श्री जयराम रमेश) : (क) से (ङ) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाइ) दिशा-निर्देशों में निम्न व्यवस्थाओं के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा पीएमजीएसवाई परियोजनाओं के संयुक्त निरीक्षण का प्रावधान किया गया है ताकि कार्यक्रम के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों के सृजन को सुनिश्चित किया जा सके:—

- संबंधित क्षेत्र/मंडल का अधीक्षक अभियंता क्षेत्र/मंडल का प्रतिनिधित्व करने वाले माननीय सांसद एवं जिला प्रमुख से उनकी सहजता के अनुसार प्रत्येक 6 माह में किसी भी पीएमजीएसवाई परियोजना के संयुक्त निरीक्षण के चयन के लिए अनुरोध करेगा।
- मंडल कार्यपालक अभियंता संबंधित माध्यमिक पंचायत के माननीय विधायक/अध्यक्ष से उनकी सहजता के अनुसार प्रत्येक 3 माह मे किसी भी पीएजीएसवाई परियोजना के संयुक्त निरीक्षण के चयन के लिए अनुरोध करेगा।
- उप-मंडल का सहायक अभियंता संबंधित ग्रामसभा के सरपंच से उसकी सहजता के अनुसार प्रत्येक 2 माह में किसी भी पीएमजीएसवाई परियोजना के संयुक्त निरीक्षण के चयन के लिए अनुरोध करेगा।

पीएमजीएसवाई कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों की गुणवत्ता की सुनिश्चितता की जिम्मेदारी कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने वाले राज्य सरकारों की है। तथापि राज्यों को अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों, क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों, इत्यादि के माध्यम से उपरोक्त प्रक्रियाविधि के अनुपालन के लिए सलाह दी गई है।

रेल प्रशुल्क प्राधिकरण

1268. श्री उदय सिंह : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने अपनी यात्री और मालभाड़ा सेवाओं के लिए एक समेकित और गतिशील मूल्य निर्धारण तंत्र विकसित और लागू करने के लिए रेल प्रशुल्क प्राधिकरण (आरटीए) का गठन किए जाने को स्वीकृति प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो रेल प्रशुल्क प्राधिकरण के विचारार्थ विषयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने यात्री किराये में से सब्सिडी को चरणबद्ध ढंग से समाप्त करने का निर्णय लिया है; और

(घ) यदि हां, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि यात्री किराए में से सब्सिडी समाप्त किए जाने पर आम आदमी अप्रभावित रहे, रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, हां।

(ख) रेल दर सूची प्राधिकरण की कार्य-पद्धतियों को गठित करने से संबंधित मुद्दों पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है।

(ग) और (घ) फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

कटवा तापीय विद्युत परियोजना

1269. श्री अभिजीत मुखर्जी : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम बंगाल में रष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) की कटवा ताप विद्युत परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना हेतु आवंटित की गई धनराशि और उसके उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस परियोजना की स्थापना हेतु अधिग्रहीत की गई भूमि पर्याप्त है अथवा एनटीपीसी द्वारा कुछ और भूमि का अधिग्रहण किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) एनटीपीसी द्वारा क्रियान्वित की जा रही कटवा परियोजना की प्रस्तावित क्षमता 1320 मे.वा. है। एनटीपीसी ने दिनांक 04.03.2011 को परियोजना के लिए कोयला लिकेंज हेतु आवेदन किया है। कुल अपेक्षित भूमि 700 एकड़ है जिसमें से 556 एकड़ भूमि पश्चिम बंगाल पॉवर डेवलेपमेंट कारपोरेशन लिमि. द्वारा अधिग्रहित कर ली गई है। एनटीपीसी ने भागीरथी नदी के छोर पर ऐश पाण्ड, रेलवे कॉरिडोर और वाटर पम्प हाउस बनाने के लिए शेष भूमि के अधिग्रहण हेतु पश्चिम बंगाल सरकार से अनुरोध किया है। अब तक निर्माण पर कोई भी पूंजी व्यय नहीं किया गया है।

अल्पसंख्यकों की स्थिति के बारे में सर्वेक्षण

1270. शेख सैदुल हक : क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच्चर समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई के बावजूद अल्पसंख्यक अभी भी विकास में कमी का सामना कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार देशभर में अल्पसंख्यकों की शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बारे में उनकी स्थिति पर कोई सर्वेक्षण कराने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या 12वीं पंचवर्षीय योजना प्रस्तावों में अल्पसंख्यकों के लिए जीविकोपार्जन अवसरों के मुद्दे का उचित ढंग से समाधान किया गया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) और (ख) सच्चर समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, अल्पसंख्यकों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं में सुधार लाने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। अल्पसंख्यकों की दशाओं में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के समग्र प्रभाव का एक बार जनगणना, 2011 के आंकड़े उपलब्ध हो जाने पर पता लगेगा। योजना आयोग के भारत मानव संसाधान विकास रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिमों के बीच साक्षरता दर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 1999-2000 में 52.1% से 2007-2008 में 63.5% और शहरी क्षेत्रों में 69.8% से 75.1% का महत्त्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय औसत अनुपात के रूप में मुस्लिमों की सारक्षता दर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 1999-2000 में 0.93% से 2007-2008 मूं 0.95% पर पहुंच गई है। शहरी क्षेत्रों के आंकड़े 1999-2000 में 0.87% से 2007-2008 में 0.89% पर पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) की भारत (2009-10) में बड़े धार्मिक समूहों के बीच रोजगार और बेरोजगारी संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, अन्य बातों के साथ-साथ यह टिप्पणी की गई है कि अल्पसंख्यक समुदायों की बेरोजगारी दर में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 2004-2005 की तुलना में 2009-10 में कमी आई है। अल्पसंख्यकों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मुस्लिमों के संबंध में सबसे कम थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर ईसाइयों में सबसे कम थी, उसके बाद मुस्लिम आते हैं।

(ग) और (घ) शिक्षा और रोजगार अवसरों के संबंध में अल्पसंख्यकों की स्थिति का मूल्यांकन जनगणना आंकड़ा और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्टों के माध्यम से किया जाता है जो रोजगार और शिक्षा सहित विविध सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में अखिल भारत प्रतिदर्श सर्वेक्षण कराता है।

(ङ) और (च) शैक्षिक सशक्तिकरण, कौशल विकास, क्षेत्र विकास और आर्थिक सशक्तिकरण जो अल्पसंख्यकों की जीविका अवसरों को प्रभावित करते हैं, उनका 12वीं पंचवर्षीय योजना में पर्याप्त समाधान किया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए योजना आवंटन 11वीं पंचवर्षीय योजना में 7000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 17,323 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

टीवी चैनल

1271. श्री कमलेश पासवान :
श्री एस. पक्कीरप्पा :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में टीवी चैनलों के सिलसिले में लोगों की वास्तविक आवश्यकता से कहीं अधिक टीवी चैनल प्रसारण कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) से देश में चैनलों की संख्या की एक सीमा निश्चित किए जाने के बारे में अध्ययन करने के लिए कहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, इस संबंध में 'ट्राई' द्वारा क्या सिफारिशें की गई हैं और इस पर क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या सरकार का देश में नए समाचार चैनलों की संख्या में लगातार वृद्धि को रोकने के लिए अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग नीति में संशोधन करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रस्ताव को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) से (ग) सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अनुमति दिए जा सकने वाले चैनलों की कुल संख्या नियत किए जाने के संबंध में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को एक संदर्भ भेजा था।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी दिनांक 23.07.2010 की सिफारिशों में यह सिफारिश की है कि "भारत में प्रदर्शन से डाउनलिंक किए जाने या भारत से अपलिंक किए जाने की अनुमति दिए जाने के लिए सैटेलाइट प्रसारण चैनलों की संख्या की सीमा नहीं रखी जा सकती है।"

(घ) और (ङ) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

किंगफिशर एयरलाइन

1272. श्री ताराचंद भगोरा :
श्री संजय दिना पाटील :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सेवा कर विभाग ने किंगफिशर एयरलाइंस द्वारा देय बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण जेट विमानों को अस्थाई रूप से कब्जे में ले लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किंगफिशर एयरलाइंस ने अपने पायलटों और कर्मचारियों को 14 महीनों से अधिक समय से वेतन नहीं दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) इस मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार सेवा कर आयुक्त, मुम्बई के कार्यालय द्वारा सरकारी राजस्व का संरक्षण करने के लिए वित्त अधिनियम, 1994 की धारा 87(ग) के तहत किंगफिशर एयरलाइंस के विमान एमएसएन 739 (वीटी-डीकेएच) को कुर्क कर लिया गया है।

(ग) और (घ) यह पता चला है कि किंगफिशर एयरलाइंस के कुछ कर्मचारियों को उनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया था। बकाया देय राशियों की मात्रा तथा प्रभावित कर्मचारियों की वास्तविक संख्या इस मंत्रालय को ज्ञात नहीं है।

इज्जत मासिक सीजन पास

1273. श्री सुरेश अंगड़ी :
श्री पन्ना लाल पुनिया :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे विभाग से इज्जत मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) प्राप्त करने हेतु यात्रियों के लिए आयकर प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इज्जत एमएसटी जारी करने संबंधी अन्य नियमों में भी संशोधन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या परिवर्तन करते समय पूर्व संसद सदस्यों की राय पर भी विचार किया गया था और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी, हां। इज्जत मासिक सीजन टिकट को जारी करने के लिए स्थानीय सरकारी अधिकारी से अतिरिक्त आय प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया गया है।

(ग) और (घ) इज्जत मासिक सीजन टिकट को जारी करने के लिए फोटो पहचान कार्ड सह आवासीय साक्ष्य को अनिवार्य किया गया है। 1500 रुपए की आय सीमा, सभी अधिप्रभारों सहित 25 रुपए का प्रभार, 150 किमी की दूरी सीमा आदि जैसे अन्य प्रावधानों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

(ङ) प्राप्त फीडबैक के आधार पर नीति संबंधी दिशा-निर्देशों में आशोधन/संशोधन करना एक सतत और निरंतर प्रक्रिया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में रिक्ति

1274. श्रीमती परमजीत कौर गुलशन :
श्रीमती एस.एस. रामासुब्बू :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अध्यक्ष और संचार, विमानन एवं निगरानी (सीएनएस) स्कंध के 840 पद रिक्त पड़े हैं जिससे यात्रियों और केबिन क्रू का जीवन खतरे में पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने सीएनएस के सभी रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) संचार, दिक्चालन तथा निगरानी क्षेत्र में लगभग 800 पद रिक्त हैं। यात्रियों तथा केबिल कर्मीदलों की सुरक्षा का कोई जोखिम नहीं है क्योंकि सभी सुविधाओं तथा उपस्करों का अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन अपेक्षा के अनुसार अनुरक्षण किया जाता है।

(ग) और (घ) जी, हां। समय पर रिक्त पदों को भरने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बोर्ड द्वारा विभागीय कर्मचारियों को अपेक्षित पात्रता में छूट दी गई है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

नवीकरणीय विद्युत परियोजनाएं

1275. श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मी : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रिड से जुड़ी वृहत स्तरीय नवीकरणीय विद्युत परियोजनाओं के लिए विश्वसनीय ग्रिड समेकन, भविष्यवाणी, शेड्यूलिंग और डिस्पैच को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) नीवीकरणीय विद्युत के लिए दीर्घावधि पारेषण योजना हेतु रणनीति का ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) नवीकरणीय विद्युत परियोजनाओं सहित सभी उत्पादन परियोजनाओं की शेड्यूलिंग तथा डिस्पैच, इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड (आईईजीसी) जैसे केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) के संगत विनियमों के प्रावधानों के अनुरूप की जाती है। नवीकरणीय विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के एकीकरण के लिए पारेषण प्रणाली की आयोजना मैनुअल आन ट्रांसमिशन प्लानिंग क्रोइटेरिऑन के प्रावधानों के अनुरूप की जाती है। 12वीं योजना अवधि में आठ(8) नवीकरणीय विद्युत संपन्न राज्यों में लगभग 33 जीडब्ल्यू नवीकरणीय क्षमता अभिवृद्धि किए जाने का विचार है। 12वीं योजना में इस प्रकार की बड़े पैमाने पर नवीकरणीय उत्पादन क्षमता के एकीकरण को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से अंत:राज्यीय एवं अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ करने वाली एक व्यापक पारेषण योजना की पहचान की गई है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ नवीकरणीय विद्युत उत्पादन का पूर्वानुमान जैसी नियंत्रण अवसंरचना, वैसेंसिंग अवसंरचना, नवीकरणीय विद्युत प्रबंधन केन्द्रों (आरईएमसी) की स्थापना आदि शामिल हैं।

सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना

1276. श्री अजय कुमार : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या जनगणना कार्य को पूरा करने में विलंब हो रहा है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या ग्रामीण विकास मंत्रालय इस प्रकार एकत्रित जनगणना के परिणाम को संबंधित राज्य सरकारों को नहीं देगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) देश-भर के परिवारों के संबंध में व्यापक सामाजिक और आर्थिक संकेतन तैयार करने के लिए देश में 29 जून, 2011 को सामाजिक, आर्थिक और

जाति आधारित जनगणना (एसईसीसी-2011) शुरू की गई। यह जनगणना ग्रामीण विकास मंत्रालय के वित्तीय तथा तकनीकी सहयोग से संबंधित सरकारें तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन देश-भर में चरणबद्ध तरीके से करा रहे हैं। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लगभग 99.30 प्रतिशत गणना कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है। अभी तक हरियाणा, नागालैंड, दमन और दीव तथा लक्षद्वीप सूची का प्रारूप प्रकाशित कर चुके हैं।

(ख) और (ग) जी, हां। सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना-2011 विभिन्न कारकों के कारण लक्ष्य के अनुरूप पूरी नहीं की जा सकी है। एसईसीसी-2011 संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा देश-भर में चरणबद्ध तरीके से कराई जा रही है। सभी राज्यों में जनगणना की तैयारी की स्थिति एक जैसी नहीं है। विधान सभा तथा स्थानीय निकाय चुनावों, इत्यादि के कारण कुछ राज्यों में गणना कार्य की शुरुआत में हुई देरी बीपीएल जनगणना/सामाजिक, आर्थिक तथा जाति आधारित जनगणना के पूरे होने में विलंब का एक मुख्य कारण है। इसके अलावा, गणना कार्य के पूरा होने में अनुमान से अधिक समय लगा। आंकड़ों को और अधिक सटीक बनाने के लिए मानक प्रक्रियाविधि के अलावा सत्यापन तथा सुधार का मॉड्यूल प्रक्रिया में शामिल किया गया है जो कि एक अतिरिक्त कार्य है। इसके परिणामस्वरूप भी अधिक समय लगा।

(घ) और (ङ) गणना पूरी हो जाने के बाद, सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणन की सूची को मंत्रालय की वैबसाइट (http://secc.gov.in) पर दर्शाया जाएगा और इसे राज्य सरकारों तथा संघ-राज्य क्षेत्र प्रशासन सहित सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों को उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।

[हिन्दी]

रेलवे में निजी निवेश

1277. डॉ. भोला सिंह :
श्री समीर भुजबल :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने देश में रेलवे अवसंरचना के विकास के लिए निजी निवेश को आकर्षित करने हेतु कतिपय नीतियों को अधिसूचित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) इस पर निजी क्षेत्र की क्या प्रतिक्रिया है और इस पर अभी तक रेलवे द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) 12वीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान उक्त नीतियों के अंतर्गत विकसित की जाने वाली प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी हां, रेल अवसंरचना के विकास के लिए निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए बड़ी संख्या में नीतियों को अधिसूचित कर दिया गया है। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:—

(1) क्षमता संवर्धन के लिए भागीदारी नीति को 10.12.2012 को अधिसूचित किया है जिसमें रेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए पांच मॉडल मुहैया कराए गए हैं। ये मॉडल हैं: (i) गैर-सरकारी निजी लाइन मॉडल (ii) संयुक्त उद्यम मॉडल (iii) निर्माण, परिचालन और हस्तांतरण (बीओटी) मॉडल (iv) ग्राहकों द्वारा निधि मुहैया कराने सहित क्षमता संर्वधन (v) वार्षिक मॉडल के जरिए क्षमता संवर्धन।

(2) निजी माल यातायात टर्मिनल योजना (पीएफटी) का विकास।

(3) स्वचालित माल यातायात गाड़ी परिचालन (एएफटीओ) योजना।

(4) विशेष माल यातायात गाड़ी परिचालन (एसएफटीओ) योजना।

(5) उदारीकरण माल यातायात निवेश योजना (एलडब्ल्यूआईएस) योजना।

(6) मालडिब्बा पट्टा योजना (डब्ल्यूएलएस)

(ग) 10.12.2012 को अधिसूचित भागीदारी नीति को अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। जयगढ़ (महाराष्ट्र), असतरंगा (ओडिशा), रेवास (महाराष्ट्र), दीघी (महाराष्ट्र), हजीरा (गुजरात) और तुना (गुजरात) पोर्ट के पोर्टों के लिए रेल संपर्कता हेतु 'सैद्धांतिक रूप से' मंजूरी दे दी गई है, जबकि धर्मा पोर्ट (ओडिशा) के लिए रेल संपर्कता चालू कर दी गई है। नीति के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में दो कोयला संपर्कता परियोजनाओं को संयुक्त उद्यम के जरिए भी शुरू किया जा रहा है।

निजी माल यातायात टर्मिनल (पीएफटी) नीति और चल स्टॉक की खरीद के लिए निवेशों पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। अभी तक 45 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 18 निजी माल यातायात टर्मिनलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। 23 निजी माल यातायात टर्मिनलों के लिए 'सैद्धांतिक रूप से' अनुमोदन दे दिया गया है।

उदारीकरण मालडिब्बा निवेश योजना (एलडब्ल्यूआईएस) के अंतर्गत 54 रेकों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें से 17 रेकों की खरीद/शामिल कर लिये गए हैं और वह प्रणाली में शामिल है।

मैसर्स जीएटीएक्स और मैसर्स टीओयूएएक्स को मालडिब्बा पट्टा योजना (डब्ल्यूएलएस) के तहत मालडिब्बा पट्टा कंपनी के रूप में रजिस्टर कर लिया गया है।

विशेष माल यातायात गाड़ी परिचालन योजना (एसएफटीओ) के अंतर्गत 3 रेकों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

(घ) 12 पंचवर्षीय योजना में उल्लेख किया गया है कि सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के अंतर्गत शुरू किए गए क्षेत्र हैं: लॉजिस्टिक पार्क, पीएफटी और माल-यातायात योजनाएं, केप्टिव पॉवर, अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण, रेल इंजन और सवारी डिब्बों का विनिर्माण, स्टेशनों का पुनर्विकास, उच्च गति गलियारा (मुंबई-अहमदाबाद), एलिवेटेड गलियारा (चर्चगेट-विरार), समर्पित माल यातायात गलियारा (सोननगर-दनकुनी) और पत्तनों/कोयला क्षेत्रों के लिए पोर्ट संपर्कता।

गंडक नदी पर गाइड डैम

1278. कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का गंडक नदी पर बिहार के क्षेत्र में पड़ने वाले गाइड डैम (बगाह और पनियाहवा के बीच) का एक किलोमीटर तक क्रंकीट डैम के रूप में विस्तार करने और जनहित में बड़े पत्थरों से एक चैक डैम का निर्माण करने का भी विचार है क्योंकि बिहार क्षेत्र में पड़ने वाले कम दूरी के वर्तमान गाइड डैम के कारण भूमि का कटाव हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कब तक उक्त निर्माण कार्य पूरा हो जाएंगे?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग द्वारा ऐसा कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं किया गया है।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

कॉर्पोरेट कंपनियों में अनियमितताएं

1279. प्रो. सौगत राय : क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को "सत्यम कम्प्यूटर्स" जैसी अनियमितताएं किसी अन्य कॉर्पोरेट कंपनी में नजर आई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए सरकार के पास कोई तंत्र है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) और (ख) कॉरपोरेट धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामले की कोई घटना अभी तक सामने नहीं आई है।

(ग) और (घ) निम्नलिखित उपायों के द्वारा अभिकथित अनियामितताओं की जांच की जाती है:—

- कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 234 के तहत कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा कंपनियों के तुलन पत्रों और अन्य दस्तावेजों की तकनीकी छानबीन करके;
- अधिनियम की धारा 209क के तहत कंपनियों की लेखाबहियों और अन्य रिकार्डों का निरीक्षण करके;
- कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 235/237 के तहत कंपनियों के मामलों की जांच करके।

पड़ोसी देशों के साथ सौदे

1280. श्री एम. आनंदन : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे या उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हमारे पड़ोसी देशों को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं और उनके साथ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं भी कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे या उसके किसी भी उपक्रम ने इस संबंध में और ट्रांस एशियन रेलवे नेटवर्क के विकास के लिए भी हमारे पड़ोसी देशों के साथ सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (घ) भारतीय रेल ने अपने सार्वजनिक क्षेत्र ने उपक्रम द्वारा लाइन ऑफ क्रेडिट द्वारा वित्तपोषण सहित भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश सहित पड़ोसी देशों में परियोजनाओं, तकनीकी अध्ययनों, क्षमता निर्माण आदि को शुरू किया है। मैसर्स राइट्स द्वारा पड़ोसी देशों में निम्नलिखित परियोजनाएं शुरू की हैं:—

1. भूटान-5 व्यवहार्यता अध्ययन
2. नेपाल-5 प्रारंभिक इंजीनियर सह यातायात सर्वेक्षण-सर्वेक्षण, एक पुर्वविर्माण सर्वेक्षण और एक व्यवहार्यता अध्ययन

3. म्यांमार-एक व्यवहार्यता अध्ययन

4. श्रीलंका-डीएमयू के अनुरक्षण के लिए शेड और भवनों का निर्माण

5. बांग्लादेश-नई सवारी डिब्बा विनिर्माण इकाई

मैसर्स इरकान द्वारा पड़ोसी राज्यों में सहित शुरू की गई परियोजनाओं में शामिल है:—

(i) **बांग्लादेश** - पहुंच रेल लाइन के साथ दूसरी भैरब रेलवे पुल और अखुरा-अग्रतल रेल लिंक का निर्माण करना

(ii) **नेपाल** - जोगबनी (बिहार में) और विराटनगर (नेपाल में) के बीच रेल लिंक का निर्माण और बारबीडस तक विस्तार सहित जयनगर-बीजलपुर (आमान परिवर्तन) के बीच विस्तार के साथ निर्माण करना

(iii) **श्रीलंका**- मधु रोड से तलाई मनार रेलवे लाइन तक पुनर्निर्माण, ओमनथाल से पलाई रेलवे लाइन तक पुनर्निर्माण, पलाई से कनकेसनथुराई रेलवे लाइन का पुनर्निर्माण और रेलवे लाइन के लिए सिगनल प्रणाली एवं दूरसंचार प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति और संस्थापन शुरू करना। रेलवे लाइन का परीक्षण और सिग्नलिंग एवं टेलिकम्निकेशन प्रणाली शुरू करना।

वर्ष 2007 में ट्रांस एशिया रेलवे के लिए भारत सरकर ने ट्रांस एशिया रेलवे पर अंत: सरकार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते में गुम संपर्को सहित अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की रेल लाइनों को तैयार एवं सूचीबद्ध किया गया है और ट्रांस-एशियन रेलवे नेटवर्क पर बाधारहित यातायात उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी विशेषताओं से संबंधित निदेशन सिद्धांतों को तैयार किया है।

[हिन्दी]

अतिरिक्त प्रकोष्ठ द्वारा स्वतंत्र निगरानी

1281. श्री अशोक अर्गल : क्या **नागर विमानन मंत्री** अतिरिक्त प्रकोष्ठ के अधिकारी के बारे में 29 अगस्त, 2013 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3186 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किस नियम के अंतर्गत अतिरिक्त प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा स्वतंत्र निरीक्षण किया जा रहा है; और

(ख) ऐसी अनियमितताओं को रोकने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) वायुमान नियमावली, 1937 के नियम 156 के प्रावधान के अनुसार निरीक्षण किए जाते हैं। उक्त नियम नागर विमानन महानिदेशक को अधिशेष प्रकोष्ठ के अधिकारी समेत किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में लिखित रूप में सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा विमान प्रचालक तथा संगठन का निरीक्षण करने के लिए प्राधिकृत करने की शक्ति प्रदान करता है।

(ख) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

दुरंतो ट्रेनों को बंद करना

1282. श्री पी. लिंगम :
श्री एस. सेम्मलई :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे दुरंतो ट्रनों को धीरे-धीरे बंद करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सलेम से चेन्नई और चैन्नई से सलेम के लिए एक दुरंतो ट्रेन चलाने पर विचार किया जा रहा है; और

(घ) क्या रेलवे वर्तमान में कोयंबटूर से चेन्नई को जाने वाली दुरंतो ट्रेन का थोड़े समय के लिए सलेम में ठहराव दिए जाने पर विचार करेगी तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी, नहीं। फिलहाल दूरांतो सेवा को बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, कुछ दूरांतो सेवाओं जिनकी लोकप्रियता कम थी, अधिभोगिता में सुधार लाने के दृष्टिकोण से रास्ते में अतिरिक्त ठहराव देकर पुन:कोटिकृत किया गया है:—

(i) 12241/12242 चंडीगढ़-अमृतसर दूरांतो एक्सप्रेस (सुपर फास्ट एक्सप्रेस में बदल दिया गया है)

(ii) 12278/12277 हावड़ा-पुरी दूरांतो एक्सप्रेस (शताब्दी एक्सप्रेस में बदल दिया गया है)

(iii) 22211/22212 अजमेर-निजामुद्दीन दूरांतो एक्सप्रेस (नई संख्या 12065/12066 के साथ जनशताब्दी एक्सप्रेस में बदल दिया गया है)

(iv) 22207/22208 चेन्नई-तिरुवनंतपुरम दूरांतो एक्सप्रेस (सुपर एसी एक्सप्रेस में बदल दिया गया है)

(v) 12243/12244 चेन्नई-कोयम्बतूर दूरांतो एक्सप्रेस (शताब्दी एक्सप्रेस में बदल दिया गया है)

(ग) इस समय सलेम और चेन्नई के बीच एक दूरांतो एक्सप्रेस गाड़ी शुरू करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) 12244 चेन्नई-कोयम्बतूर दूरांतो एक्सप्रेस को 22.11.2013 से सलेम में ठहराव देकर शताब्दी एक्सप्रेस में बदल दिया गया है।

[हिन्दी]

एचएमटी का भेल के साथ विलय

1283. श्री सज्जन वर्मा : क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का हिन्दुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) का भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में विलय करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

[अनुवाद]

स्वच्छता अनुसंधान केन्द्र

1284. श्रीमती दर्शना जरदोश : क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार गुजरात में एक राष्ट्रीय स्तर का स्वच्छता अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में गुजरात राज्य सरकार से संपर्क किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, उक्त केंद्र का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : (क) और (ख) केन्द्र सरकार ने, देश में राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी संस्थान की स्थापना की संभावना पर एक व्यवहार्यता अध्ययन प्रारंभ किया है। इस संस्थान का मूलभूत लक्ष्य, उन स्वच्छता संबंधी समाधानों का विकास करना होगा, जो समुदायों की स्थानीय पर्यावरण स्थितियों, उपलब्ध संसाधनों एवं सांस्कृतिक संवेदनशीलता के अनुकूल हों। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के अनुरोध पर यह संस्थान, स्वच्छता संबंधी मामलों के संबंध में साक्ष्य आधारित नीतिगत सुझावों को भी उपलब्ध कराएगा।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

विद्युत संयंत्र की स्थापना

1285. श्री यशवंत लागुरी :
श्री लक्ष्मण टुडु :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में उच्च जिम्मेदार पदाधिकारियों की अक्षमता एवं लापरवाही के कारण विद्युत संयंत्रों के कार्यकरण/निर्माण में विलंब हुआ है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी विद्युत परियोजनाओं में विलंब का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा विद्युत संयंत्रों के निर्माण में लगे उच्च पदाधिकारियों की अक्षमता और लापरवाही को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) परियोजना के लिए विभिन्न इनपुट/स्वीकृति मिलने में विलंब, उपस्करों/सामग्रियों की आपूर्ति में विलंब, जनशक्ति की कमी, संविदात्मक विवाद, कानून और व्यवस्था आदि की समस्याओं आदि जैसे विभिन्न कारणों की वजह से देश में विद्युत संयंत्रों के निष्पादन/निर्माण में विलंब होता है। इसके अतिरिक्त, जल विद्युत संयंत्रों में भी डिजाइन में परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं, भूवैज्ञानिक अप्रत्याशित घटनाओं, कठिन क्षेत्र, दुर्गम पहुंच और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की समस्याओं के कारण विलंब होता है।

विलंब से बचने के लिए सरकार निर्माणधीन परियोजनाओं की गहन निगरानी करती है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) विद्युत अधिनियम, 2003 के 73(एफ) के अनुसारण में विद्युत परियोजनाओं की निगरानी का कार्य करती है। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय ने जल विद्युत/ताप परियोजनाओं की प्रगति की स्वतंत्र रूप से देख-रेख एवं निगरानी के लिए विद्युत परियोजना निगरानी पैनल (पीपीएमपी) का गठन किया है और विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विद्युत सचिव द्वारा इसकी नियमित रूप से समीक्षा की जाती है।

निर्धारित समय से विलंब से चल रही ताप एवं जल विद्युत परियोजनाओं की सूची विलंब के लिए कारण सहित क्रमशः संलग्न विवरण-I और II पर दी गई है।

विवरण-I

कारण सहित उन थर्मल पावर परियोजनाओं का ब्यौरा जो अपने शुरू होने के निर्धारित समय से पीछे हैं

राज्य	परियोजना का नाम	कार्यान्वयन एजेंसी	इकाई संख्या	क्षमता (मेगावाट)	चालू होने का वास्तविक कार्यक्रम	विलंब के कारण
1	2	3	4	5	6	7
	केन्द्रीय क्षेत्र					
असम	बोगांईगांव टीपीपी	एनटीपीसी	यू-1	250	जनवरी-11	निरंतर बंद, भारी वर्षा और धीमे सिविल कार्य, वर्ष 2011-12 के दौरान हिंसा तथा स्थल से श्रमिकों के पलायन के कारण रुक गया।
			यू-2	250	मई-11	
			यू-3	250	सितंबर-11	
बिहार	बाढ़ एसटीपीपी-I	एनटीपीसी	यू-1	660	अक्टूबर-13	पावर मशीन और टेक्नोप्रोमेक्सपोर्ट, रूस के साथ एनटीपीसी के विवाद के कारण विलंब, तथापि, इसका समाधान कर दिया गया है। मैसर्स टीपीई और मैसर्स पीएम द्वारा बायलर और टरबाइन सामग्री की आपूर्ति में विलंब और कार्यों की धीमी प्रगति के कारण विलंब। मैसर्स टीपीई द्वारा बीओआई का आदेश देने में विलंब। वास्तविक समय 2009-10 और 2010-11 में था। विवादों के निपटाने के पश्चात मैसर्स टीपीई और पावर मशीन रूस के साथ संशोधित समय के लिए बातचीत की गई।
			यू-2	660	अप्रैल-14	
			यू-3	660	अक्टूबर-14	
बिहार	बाढ़ एसटीपीपी-II	एनटीपीसी	यू-5	660	अक्टूबर-13	बायलर और टीजी पैकेजों के लिए भेल द्वारा सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
बिहार	मुजफ्फरपुर टीपीएस एक्सपैं. (कांटी टीपीपी चरण-II)	एनटीपीसी	यू-3	195	अक्टूबर-12	मुख्य संयंत्र सिविल कार्य सौंपने में विलंब। सिविल और ढांचागत कार्यों को पूरा करने में विलंब।
			यू-4	195	जनवरी-13	

1	2	3	4	5	6	7
बिहार	नवीनगर टीपीपी	एनटीपीसी	यू-1	250	मई-13	भूमि अधिग्रहण में विलंब। मुख्य संयत्र सिविल एजेंसी ईआरए द्वारा कमजोर गतिशीलता जिससे भेल द्वारा निर्माण एजेंसियों को सिविल कार्य सौंपने में विलंब हुआ। उपस्करों की आपूर्ति।
			यू-2	250	सितंबर-13	
			यू-3	250	जनवरी-14	
			यू-4	250	मई-14	
झारखंड	बोकारो टीपीएस "क" एक्स.	डीवीसी	यू-1	500	दिसंबर-11	स्विचयार्ड (प्रभारित) के हस्तांतरण में विलंब। वर्तमान भूमिगत सुविधाओं को हटाने में विलंब। भेल द्वारा सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
मध्य प्रदेश	विंध्याचल टीपीपी-IV	एनटीपीसी	यू-13	500	अगस्त-15	बीओपी आदेश में विलंब तथा बायलर ढांचागत निर्माण की धीमी प्रगति।
तमिलनाडु	नेवेली टीपीएस-II एक्सपैं.	एनएलसी	यू-2	250	जून-09	रिफ्रेक्टरी कार्य को पूरा करने में विलंब।
तमिलनाडु	तूतीकोरीन जेवी टीपीपी	एनएलसी	यू-1	500	मार्च-12	सिविल कार्यों की धीमी प्रगति और मुख्य संयंत्र उपस्करों की नींव के प्रारूप में परिवर्तन। जनशक्ति की कमी।
			यू-2	500	अगस्त-12	
तमिलनाडु	वल्लुर टीपीपी फेज-II	एनटीईसीएल	यू-3	500	दिसंबर-12	सिविल एजेंसी द्वारा कमजोर गतिशीलता जिससे सिविल कार्यों को सौंपने में विलंब हुआ। बायरल सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
त्रिपुरा	मोनार्चक सीसीपीपी	नीपको	जीटी+एसटी	101	जुलाई-13	सिविल कार्य ठेका सौंपने में विलंब और भेल द्वारा सामग्री की आपूर्ति में विलंब। भारी मानसून। गैस पाइन लाइन बिछाने में विलंब।
त्रिपुरा	त्रिपुरा गैस	ओएनजीसी	मॉडयूल-2	363.3	मार्च-12	भेल द्वारा लॉजिस्टिक सौंपने में विलंब। सिविल कार्य की धीमी प्रगति। भारी वर्षा। सामग्री की आपूर्ति में विलंब। गैस में अशुद्धताओं के कारण एयर बूस्टर कम्प्रेसर को क्षति।

पश्चिम बंगाल	रघुनाथपुर टीपीपी, फेज-I	डीवीसी	यू-1	600	फरवरी-11	जल और रेल कॉरीडोर के लिए भूमि अधिग्रहण में विलंब। मुख्य संयंत्र उपस्करों के निर्माण में विलंब। बायलर इन्सुलेशन कार्य के पूरा होने में विलंब। सीएचपी की धीमी प्रगति। कानून एवं व्यवस्था समस्या।
			यू-2	600	मई-11	
	कुल केन्द्रीय क्षेत्र			9194.3		
	राज्य क्षेत्र					
आंध्र प्रदेश	दामोदरम संजीवैय्या टीपीपी	एपीपीडीसीएल	यू-1	800	जुलाई-12	सिविल कार्यों के शुरू होने तथा आपूर्तियों में विलंब के कारण विलंब। बाहरी सीएचपी, आरडब्ल्यूपीएच और सीटी का निर्माण।
			यू-2	800	जनवरी-13	
आंध्र प्रदेश	काकातिया टीपीपी एक्सटें.	एपीजैंको	यू-1	600	जुलाई-12	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब।
आंध्र प्रदेश	रायलसीमा स्टे-III	एपीजैंको	यू-6	600	जुलाई-14	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब।
असम	नामरूप सीसीजीटी	एपीजीसीएल	जीटी	70	सितंबर-11	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब और सिविल एजेंसी के खराब निष्पादन के कारण विलंब। भूमि की खराब स्थिति और भारी वर्षा।
			एसटी	30	जनवरी-12	भेल द्वारा सामग्री की आपूर्ति में विलंब और दक्ष जनशक्ति की कमी।
छत्तीसगढ़	मारवा टीपीपी	सीएसपीजीसीएल	यू-1	500	मई-12	आरंभिक विलंब चिमनी अवार्ड किए जाने में परिवर्तन के कारण हुआ था। बीओपी (सीएचपी, एएचपी और 400 केवी स्विचयार्ड आदि) की तैयारी में विलंब और कानून एवं व्यवस्था समस्याएं, सामग्री की प्राथमिकता आदि।
			यू-2	500	जुलाई-12	
दिल्ली	प्रगति सीसीजीटी-III	पीपीसीएल	यू-2	250	नवंबर-10	सिविल कार्यों को पूरा होने में विलंब कर्मचारियों द्वारा की जान वाली निरंतर हड़ताल के कारण मशीन के निर्माण के पूरा होने में विलंब।
गुजरात	पीपावाव सीसीपीपी	जीएसईसीएल	ब्लॉक-1	351	सितंबर-10	सिविल कार्यों में विलंब और आपूर्ति में विलंब। क्षतिग्रस्त जीटी काम्प्रेसर रोटर की आपूर्ति के

1	2	3	4	5	6	7
						कारण परियोजना प्राधिकारी और भेल के बीच कार्य रुका रहा। इसका निपटारा कर दिया गया है। जीआरपी पाइप लाइन और आईबीएच हेडर के संशोधन में विलंब।
गुजरात	सिक्का टीपीपी एक्सटें.	जीएसईसीएल	यू-3	250	अक्टूबर-13	सिविल कार्य की तैयारी में विलंब और बीओपी आदेश देने में विलंब। बीओपी की धीमी प्रगति।
			यू-4	250	जनवरी-14	बायलर और टीजी के निर्माण की धीमी प्रगति।
गुजरात	भावनगर सीएफबीसी टीपीपी	भावनगर एनर्जी	यू-1	250	अक्टूबर-13	सिविल कार्यों में विलंब और भेल द्वारा गैर-क्रमबद्ध आपूर्ति। बीओपी की धीमी प्रगति।
			यू-2	250	दिसंबर-13	
महाराष्ट्र	चंद्रपुर टीपीएस	एमएसपीजीसीएल	यू-8	500	जून-12	बीओपी आदेश देने में विलंब और मुख्य संयंत्र उपस्कर आपूर्ति में विलंब। भेल द्वारा गैर क्रमबद्ध
			यू-9	500	सितंबर-12	आपूर्ति। बीओपी में धीमी प्रगति। भारी मानसून।
महाराष्ट्र	कोराडी टीपीपी एक्सपें.	एमएसपीजीसीएल	यू-8	660	दिसंबर-13	सिविल कार्यों में विलंब। भारी वर्षा के कारण कार्य की प्रगति में विलंब हुआ।
			यू-9	660	जून-14	
			यू-10	660	दिसंबर-14	
महाराष्ट्र	पार्ली टीपीपी एक्सपें.	एमएसपीजीसीएल	यू-8	250	जनवरी-12	बीटीजी आपूर्ति में विलंब। चित्रों के अनुमोदन में विलंब। धीमा निर्माण कार्य। बीओपी में धमी प्रगति।
मध्य प्रदेश	मालवा टीपीपी (श्री सिंगाजी टीपीपी)	एमपीजीईएनसीओ	यू-2	600	अक्टूबर-12	जनशक्ति की कमी। बायलर प्रेशर पार्ट आपूर्ति/निर्माण में विलंब। ईएसपी में विलंब और आईडी एवं एफडी फैन की तैयारी।
मध्य प्रदेश	सतपुरा टीपीपी एक्सटें	एमएसपीजीसीएल	यू-11	250	अप्रैल-12	ईएसपी नियंत्रण कक्ष की तैयारी। मिलिंग प्रणाली और पीए एवं एफडी फैन की तैयारी में विलंब।
राजस्थान	छाबरा टीपीपी एक्सटें	आरआरवीयूएनएल	यू-4	250	जुलाई-11	टीजी डेस्क के आस-पास कन्डेनसर की नींव

						एवं तैयारी में विलंब। यू-3 और 4 के बीच संबंध वाले प्लेटफार्म की तैयारी में विलंब।
राजस्थान	कालीसिंध टीपीएस	आरआरवीयूएनएल	यू-1	600	अगस्त-11	जनरेटर ट्रांसफार्मर की आपूर्ति में विलंब और बंकर और मिलों के निर्माण में विलंब। पारेषण लाइन की तैयारी में विलंब।
			यू-2	600	मार्च-12	बंकर एवं कोयला मिलों के ढांचागत निर्माण में विलंब।
राजस्थान	रामगढ़ सीसीपीपी एक्सटें.-III	आरआरवीयूएनएल	एसटी	50	अक्टूबर-11	एसटी कास्टिंग की तैयारी में विलंब और एसटी डैक तलों सहित एसटी हाल की तैयारी। टीजी निर्माण के शुरू होने में विलंब।
उत्तर प्रदेश	अनपरा डी	यूपीआरवीयूएनएल	यू-6	500	मार्च-11	सिविल कार्यों में विलंब। चिमनी और कुलिंग टावर आदि का धीमी प्रगति। बायलर सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
			यू-7	500	जून-11	
पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर टीपीएस एक्सटें.	डीपीएल	यू-8	250	दिसंबर-13	बीटीजी की आपूर्ति में विलंब। जनरेटर ट्रांसफार्मर की मरम्मत में विलंब। एएचपी की धीमी प्रगति।
पश्चिम बंगाल	सागरदिघी टीपीएस एक्सटें.	डब्ल्यूबीपीडीसीसी	यू-3	500	जुलाई-14	बायलर और टीजी सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
			यू-4	500	अक्टूबर-14	
	राज्य क्षेत्र कुल			13331	नवंबर-09	
	निजी क्षेत्र					
आंध्र प्रदेश	भवनपाडु टीपीपी	ईस्ट कोस्ट एनर्जी लि.	यू-1	660	अक्टूबर-13	कार्य पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के आदेश के कारण लंबे समय तक रुका रहा। कानून एवं न्याय समस्या
			यू-2	660	मार्च-14	
आंध्र प्रदेश	एनसीसी टीपीपी	एनसीसी पावर प्रोजेक्ट लि.	यू-1	660	मार्च-15	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब। मुख्य संयंत्र पैकेज की आपूर्ति में विलंब।
			यू-2	660	जून-15	
आंध्र प्रदेश	पेनमपुरम टीपीपी	थर्मल पावर टेक. कॉर्पोरेट लि.	यू-1	660	अप्रैल-14	सिविल कार्यों के शुरू होने तथा पूरा होने में विलंब।
			यू-2	660	अगस्त-14	

1	2	3	4	5	6	7
आंध्र प्रदेश	सिम्हापुरी एनर्जी प्रा.लि. फेज-II	मधुकन प्रोजेक्ट लि.	यू-3	150	दिसंबर-11	परियोजना के चरण-I के शुरू होने में विलंब और ॲजी, सीएचपी तथा रीफ्रेक्टरी सामग्री की आपूर्ति में विलंब
			यू-4	150	फरवरी-12	
आंध्र प्रदेश	थामिनापटनम टीपीपी-II	मीनाक्षी एनर्जी लि.	यू-3	350	मई-12	सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। बैंकरों के साथ भुगतान की समस्या। बीटीजी ठेकेदार के वैध लाइसेंस के उपलब्ध न होने के कारण कार्य रुका रहा।
			यू-4	350	अगस्त-12	
आंध्र प्रदेश	वाईजैंग टीपीपी	हिन्दुजा नेशनल पावर कारपो. लि.	यू-1	520	जून-13	सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। जल प्रणाली, सीएचपी और बिजली शुरू करने के लिए पारेषण लाइनें।
			यू-2	520	सितंबर-13	
छत्तीसगढ़	अकलतारा टीपीपी (नैयारा)	केएसके महानदी पावर कं.लि.	यू-2	600	अगस्त-12	जनशक्ति की कमी और ग्रामीणों द्वारा आन्दोलन।
			यू-3	600	दिसंबर-12	
			यू-4	600	अप्रैल-13	
छत्तीसगढ़	अवंथा भंडार टीपीएस	कोरबा वेस्ट पावर कं. लि.	यू-1	600	जुलाई-12	सिविल कार्यों में विलंब तथा चिमनी की तैयारी। सीएचपी और एएचपी की तैयारी में विलंब।
छत्तीसगढ़	बराधरा टीपीपी (डीबी पावर टीपीपी)	डीबी पावर कं.लि.	यू-1	600	मार्च-13	सिविल कार्यों का देरी से शुरू होना। सीएचपी, एएचपी और मिलों की तैयारी में विलंब।
			यू-2	600	जुलाई-13	
छत्तीसगढ़	बालको टीपीपी	भारत एल्युमीनियम कं. लि.	यू-1	300	फरवरी-11	चिमनी का टूटना। राज्य सरकार से संयंत्र के प्रचालन हेतु स्वीकृति प्राप्त न होना।
			यू-2	300	नवंबर-10	
छत्तीसगढ़	बांडाखार टीपीपी	मै. मारुति क्लीन कोल एंड पावर लि.	यू-1	300	दिसंबर-12	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब।
छत्तीसगढ़	बिजकोट टीपीपी	मै. एसकेएस पावर जेनरेशन लि. (छत्तीसगढ़)	यू-1	300	जनवरी-14	सिविल कार्यों का देरी से शुरू होना। बायलर ड्रम की आपूर्ति में देरी।
			यू-2	300	अप्रैल-14	सिविल कार्यों का देरी से शुरू होना। बायलर ड्रम की आपूर्ति में देरी।

			यू-3	300	जुलाई-14	*स्थल पर कार्य अभी होना है।
			यू-4	300	अक्टूबर-14	
छत्तीसगढ़	लैंको अमरकंटक टीपीएस-II	लेप प्रा.लि.	यू-3	660	जनवरी-13	जल प्रणाली और बीओपी के लिए भूमि के अधिग्रहण में विलंब। वित्तीय अवरोध, बीटीजी सामग्री की आपूर्ति आदि में विलंब।
			यू-4	660	मार्च-13	
छत्तीसगढ़	रायखेड़ा टीपीपी	जीएमआर	यू-1	685	सितंबर-13	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब।
			यू-2	685	जनवरी-14	
छत्तीसगढ़	सिंघीतराय टीपीपी	ऐथना छत्तीसगढ़ पावर लि.	यू-1	600	जून-14	भूमि अधिग्रहण में विलंब।
			यू-2	600	सितंबर-14	
छत्तीसगढ़	स्वास्तिक टीपीपी	मैसर्स एसीबी	यू-1	25	जून-12	बीओपी की तैयारी में विलंब। सीएचपी विक्रेताओं के साथ व्यावसायिक विवाद के कारण विलंब। रीफ्रेक्टरी कार्य में विलंब और सुपर हीटर क्वायल में देरी।
छत्तीसगढ़	तामनार टीपीपी (रायगढ़)	ओ.पी. जिन्दल	यू-1	600	जनवरी-14	
			यू-2	600	अप्रैल-14	
			यू-3	600	सितंबर-14	बायलर निर्माण के शुरू होने में विलंब।
			यू-4	600	नवंबर-14	मुख्य संयंत्र सिविल कार्यों की तैयारी में विलंब।
छत्तीसगढ़	टीआरएन एनर्जी टीपीपी	टीआरएन एनर्जी प्रा. लि.	यू-1	300	दिसंबर-13	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब।
			यू-2	300	अप्रैल-14	
छत्तीसगढ़	उंचपींडा टीपीपी	आरकेएम पावरजेन प्रा.लि.	यू-1	360	मई-12	ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे आन्दोलन के कारण विलंब हुआ। स्थल पर कार्यों की धीमी प्रगति के कारण विलंब हुआ।
			यू-2	360	नवंबर-12	
			यू-3	360	फरवरी-13	
			यू-4	360	जुलाई-13	

1	2	3	4	5	6	7
छत्तीसगढ़	वंदना विद्युत टीपीपी	मैसर्स वंदना विद्युत	यू-1	135	जून-13	परियोजना स्थल पर ग्रामीण द्वारा आन्दोलन और बीओपी की तैयार। बायलर सामग्री, सीएचपी सामग्री की आपूर्ति और विद्युत शुरू करने में विलंब। आरंभ से पूर्व की विभिन्न समस्याएं।
			यू-2	135	सितंबर-11	
छत्तीसगढ़	चकाबुरा टीपीपी	एसीबी लि.	यू-1	30	सितंबर-11	सीटी की तैयारी में विलंब।
छत्तीसगढ़	रायगढ़ टीपीपी (वीजा टीपीपी)	वीजा पावर	यू-1	600	अगस्त-13	
झारखंड	मैत्रीशी उषा टीपीपी फेज-I	कारॅपोरेट पावर लि.	यू-1	270	मई-12	कानून एवं न्याय समस्या। बीटीजी उपस्कर की आपूर्ति में विलंब। वन स्वीकृति के कारण पारेषण लाइन की तैयारी में विलंब। कार्य भेल को बकाया भुगतान न करने के कारण रुका हुआ है। *चालू किए जाने के समय को कार्य के पुन: शुरू होने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।
			यू-2	270	जून-12	
छत्तीसगढ़	मैत्रीशी उषा टीपीपी फेज-II	कारॅपोरेट पावर लि.	यू-3	270	फरवरी-13	कानून एवं न्याय समस्या और बीटीजी सामग्री की आपूर्ति में विलंब। कार्य भेल को बकाया भुगतान न करने के कारण रुका हुआ है।
			यू-4	270	मार्च-13	
छत्तीसगढ़	तोरी टीपीपी	एस्सार पावर	यू-1	600	जून-13	कानून एवं न्याय समस्या। कार्य के शुरू होने में विलंब।
महाराष्ट्र	अमरावती टीपीपी फेज-I	इंडिया बुल्स	यू-2	270	दिसंबर-11	बीटीजी सामग्री की गैर क्रमबद्ध आपूर्ति। सिविल मोर्चे की तैयारी में विलंब। भेल के पास व्यावसायिक मामला। इन्सुलेशन के लागू होने में विलंब। एचएफओ, सीएचपी और एएचपी की तैयारी में विलंब।
			यू-3	270	जनवरी-12	भेल के साथ व्यावसायिक मामले। बायलर और टीजी निर्माण की धीमी प्रगति।
			यू-4	270	फरवरी-12	
			यू-5	270	मार्च-12	

महाराष्ट्र	अमरावती टीपीपी फेज-II	इंडिया बुल्स	यू-1	270	जुलाई-14	स्थल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।
			यू-2	270	सितंबर-14	
			यू-3	270	नवंबर-14	
			यू-4	270	जनवरी-15	
			यू-5	270	मार्च-15	
महाराष्ट्र	धारीवाल इंफ्रास्ट्रक्चर टीपीपी	धारीवाल इंफ्रास्ट्रक्चर (प्रा.) लि.	यू-2	300	मई-12	यूनिट-I के चालू होने में विलंब। भारी वर्षा।
महाराष्ट्र	लैंको विदर्भ टीपीपी	लैंको विदर्भ	यू-1	660	जनवरी-14	प्रेशर पार्ट की आपूर्ति एवं निर्माण में विलंब। कार्य वित्तीय समस्याओं के कारण रुका हुआ है।
			यू-2	660	मई-14	
महाराष्ट्र	नासिक टीपीपी फेज-I	इंडिया बुल्स	यू-1	270	फरवरी-12	बीटीजी सामग्री की ओर क्रमबद्ध आपूर्ति। और सिविल मोर्चे की तैयारी। भेल के साथ भुगताल मामला। डक्टिंग इन्सुलेशन। मिलों, एचएफओ, सीएचपी और एएचपी की तैयारी।
			यू-2	270	अप्रैल-12	
			यू-3	270	जून-12	रेलवे साइडिंग की भूमि के अधिग्रहण में विलंब। परियोजना प्राधिकारियों द्वारा बीटीजी सामग्री को स्वीकार न किया जाना।
			यू-4	270	अगस्त-12	
			यू-5	270	अक्टूबर-12	
महाराष्ट्र	नासिक टीपीपी फेज-II	इंडिया बुल्स लि.	यू-1	270	अप्रैल-13	स्थल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।
			यू-2	270	जून-13	
			यू-3	270	अगस्त-13	
			यू-4	270	अक्टूबर-13	
			यू-5	270	दिसंबर-13	
महाराष्ट्र	तिरौरा टीपीपी फेज-II	अदानी पावर लि.	यू-2	660	जुलाई-12	भारी वर्षा, सीएचपी और विद्युत निकासी एवं डक्टिंग के कारण विलंब।
			यू-3	660	अक्टूबर-12	भारी वर्षा, सीएचपी और विद्युत निकासी के कारण विलंब।

1	2	3	4	5	6	7
मध्य प्रदेश	अनुपुर टीपीपी फेज-I	एमबी पावर	यू-1	600	अप्रैल-13	सिविल कार्यों के देर से शुरू होने और धीमी प्रगति के कारण विलंब। बायलर सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
			यू-2	600	अगस्त-13	
मध्य प्रदेश	गोरगी टीपीपी (डीबी पावर)	डीबी पावर	यू-1	660	जून-13	स्थल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।
मध्य प्रदेश	महान टीपीपी	एस्सार पावर एमपी लि.	यू-2	600	सितंबर-11	कोयला ब्लॉक के विकास में विलंब।
मध्य प्रदेश	नीगरी टीपीपी	जयप्रकाश पावर वेंचर्स लि.	यू-1	660	जून-13	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब। एसीडब्ल्यू प्रणाली की तैयारी में विलंब। बीटीजी आपूर्तियों में विलंब।
			यू-2	660	दिसंबर-13	
मध्य प्रदेश	सिनी टीपीपी फेज-I	झाबुआ पावर लि.	यू-1	600	मार्च-13	सिविल मार्चों की तैयारी में विलंब। एएचपी और चिमनी की तैयारी में विलंब।
ओडिशा	देरांग टीपीपी	जेआईटीपीएल	यू-1	600	मार्च-12	कानून एवं व्यवस्था समस्या। भूमि अधिग्रहण में विलंब। स्टार्ट अप पावर के लिए पारेषण लाइन की तैयारी में विलंब।
			यू-2	600	जून-12	
ओडिशा	इंड भारत टीपीपी (ओडिशा)	इंड. भारत	यू-1	350	सितंबर-11	भारी वर्षा के कारण विलंब। स्टार्ट अप पावर की तैयारी में विलंब।
			यू-2	350	दिसंबर-11	
ओडिशा	कमलंगा	जीएमआर	यू-3	350	फरवरी-12	विदेशी कार्मिकों के लिए बीजा की समस्या। भूमि अधिग्रहण में विलंब। भारी वर्षा निकटतम उद्योग में श्रमिक असंतोष के कारण श्रम की कमी।
ओडिशा	केवीके नीलांचल	केवीके नीलांचल	यू-1	350	दिसंबर-11	चिमनी की स्वीकृति एवं कानून एवं व्यवस्था समस्या के कारण आरंभ में विलंब हुआ। कार्य माननीय ओडिशा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन आदेश के कारण रुका हुआ है।
			यू-2	350	जनवरी-12	
			यू-3	350	मार्च-12	
ओडिशा	लैंको बबंध पावर लि.	लैंको बबंध पावर लि.	यू-1	660	अप्रैल-13	भूमि अधिग्रहण में विलंब। बायलर निर्माण में धीमी प्रगति। कार्य वित्तीय समस्याओं के कारण रुका हुआ है।
			यू-2	660	अगस्त-13	

ओडिशा	मलीब्रह्मानी टीपीपी (मोनेट इस्पात)	एमपीसीएल	यू-1	525	दिसंबर-12	भूमि अधिग्रहण में विलंब। टीजी हाल ढांचागत सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
			यू-2	525	फरवरी-13	
पंजाब	तलवंडी साबो टीपीपी	मैसर्स स्टेरलाईट	यू-1	660	अक्तूबर-12	सिविल फ्रंट की तैयारी में विलंब।
			यू-2	660	जनवरी-13	
			यू-3	660	मई-13	
पंजाब	गोइंदवाल साहिब टीपीपी	मैसर्स जीवीके पावर	यू-1	270	अप्रैल-13	रेलवे साइडिंग के लिए भूमि के अधिग्रहण में विलंब और सीएचपी और एएचपी के पूरा होने में विलंब।
			यू-2	270	अक्तूबर-13	
राजस्थान	कवाई टीपीपी	अदानी पावर लि.	यू-2	660	मार्च-13	यूनिट-1 के चालू होने में विलंब।
तमिलनाडु	मेलामरूथुर टीपीपी	कोस्टल एनर्जेन	यू-1	600	फरवरी-12	मुख्य संयंत्र उपस्कर की आपूर्ति में विलंब। जनशक्ति की कमी के कारण विलंब और स्विचयार्ड और डीएम संयंत्र की तैयारी। रेत की आपूर्ति एवं भूमिगत जल का उपयोग की नीति में परिवर्तन। बैंकरों द्वारा अतिरिक्त ऋण का वितरण।
			यू-2	600	मार्च-12	
तमिलनाडु	तूतीकोरी टीपीपी (इंड-बराथ टीपीपी)	आईबीपीआईएल	यू-1	660	मई-12	सिविल कार्यों की धीमी प्रगति के कारण विलंब।
उत्तर प्रदेश	ललितपुर टीपीपी	ललितपुर पावर जेनरेशन कं.	यू-1	660	अक्तूबर-14	भारी वर्षा के कारण विलंब।
			यू-2	660	फरवरी-15	
			यू-3	660	जून-15	
उत्तर प्रदेश	प्रयागराज टीपीपी	प्रयाग राज पावर जेनरेशन कंपनी लिमि.	यू-1	660	फरवरी-14	बीटीजी आपूर्ति में विलंब और निर्माण की धीमी प्रगति।
			यू-2	660	जुलाई-14	
			यू-3	660	दिसंबर-14	
	कुल निजी क्षेत्र				49755	
	सकल योग				72280.3	

विवरण-II

देश में प्रारंभ होने की निर्धारित समय-सीमा से पीछे चल रही निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं का क्षेत्र सहित ब्यौरा

(एमएनआरई के अंतर्गत अपारंरिक और 25 मेगावाट तक की क्षमता को छोड़कर)

क्र. सं.	परियोजना का नाम क्षमता/एजेंसी/राज्य स्वीकृति की तारीख	चालू किए जाने का कार्यक्रम		समय और लागत बढ़ने के कारण
		मूल माह/ वर्ष	नवीनतम माह/ वर्ष	
1	2	3	4	5
केन्द्रीय क्षेत्र				
1.	कोल डैम (4×200 मेगावाट) एनटीपीसी एच.पी. 28.10.2002	अप्रैल-09 (2008-010)	2014-15	• बांध की मिट्टी भराई, बांध गैलरियों की ग्राउटिंग, स्पिलवे की कंक्रीटिंग की धीमी प्रगति। • संविदा संबंधी मामले। • इस्पात के प्रापण में विलंब। • कमजोर भूविज्ञान, क्लेकोर की नींव में सीलन के कारण राइट बैंक का विफल होना।
2.	तपोवन विष्णुगाड (4x130 मेगावाट) एनटीपीसी उत्तराखंड 11/2006	मार्च 2013 (2012-13)	2016-17	• सिविल ठेकेदारों द्वारा सुरंग बोरिंग मशीन के प्रापण/तैनाती में विलंब। • खराब पत्थर स्ट्राटा के कारण पावर हाउस में धीमी प्रगति। • एचआरटी में खराब भूविज्ञान और टीबीएम पर पत्थर गिरने के कारण अत्यधिक जल का प्रवेश। • जून, 2013 में बादल का फटना।
3.	पारे (2x55 मेगावाट) अरुणाचल प्रदेश 04.12.2008	अगस्त-13 2013-14	2015-16	• कानून-व्यवस्था की समस्या। • ठेकेदार के पास संसाधनों की कमी। • कमजोर भूविज्ञान। • सितंबर, 2012 में बादल का फटना। • खराब पहुंच सड़क।
4.	तुरियल (2x30 मेगावाट) नीपको मिजोरम 16.07.1988	जुलाई-06 2006-07	2016-17	• जून, 2004 में स्थानीय अशांति के कारण समय से पहले कार्यों का निलंबन। • 14.11.2011 को कार्य पुन: प्रारंभ। • खराब पहुंच सड़क। • ठेकेदार द्वारा अपर्याप्त एकत्रीकरण। • पावर हाउस में स्लोप का असफल होना।

1	2	3	4	5
5.	कामेंग (4x150 मेगावाट) नीपको अरुणाचल प्रदेश 02.12.2004	दिसंबर 09 (2009-10)	2016-17	• बांध पैरामीटरों में परिवर्तन। • खराब भूविज्ञान, अत्यधिक सीलन अपर्याप्त मशीनरी के कारण बांध एवं एचआरटी में धीमी प्रगति। • अक्तूबर, 2008 और सितंबर, 2012 में बादल का फटना। • एचआरटी में जल का प्रवेश। • खराब पहुंच सड़क। • संविदात्मक मामले।
6.	टिहरी पीएसएस (4x250 मेगावाट) टीएचडीसी 18.07.2006 (मूल)	जुलाई 2010 2010-11 (मूल अनुमोदन के अनुसार)	2017-18	• ई एंड एम कार्यों की विशेषज्ञता वाली प्रकृति। • एल-1 कीमत बोली के रूप में आरसीई का अनुमोदन अनुमानित लागत से अधिक था। • आरसीई अक्टूबर, 2010 में अनुमोदित किया गया। • मुकदमा, एकल ईपीसी ठेका मैसर्स एल्सटोम हाइड्रो फ्रांस और मैसर्स एचसीसी को 23.6.2011 को अवार्ड किया गया।
	नवंबर, 2011 (आरसीई)	फरवरी-16 (2015-16) (आरसीई के अनुसार)		• खराब भूविज्ञान। • असेना क्वारी एवं मक निपटान क्षेत्र में स्थानीय विरोध। • ठेकेदारों की खराब तैयारी। • खराब भूविज्ञान के कारण मशीन हॉल की योजना का संशोधन।
7.	रामपुर (6x68.67 मेगावाट) एसजेवीएनएल एचपी 25.01.2007	जनवरी-12 2010-11	2013-15	• एचआरटी में खराब भूविज्ञान। • पावर हाउस क्षेत्र में स्लोप विफलता। • स्थानीय लोगों द्वारा रुक-रुक कर किया गया अवरोध।
8.	पार्बती-III (4x130 मेगावाट) एनएचपीसी एचपी 09.11.2005	नवंबर-10 (2010-11)	2013-15	• एचआरटी में खराब भूविज्ञान। • ई एंड एम कार्यों की समाप्ति में विलंब। • 16 अगस्त, 2011 को बादल का फटना। • भेल द्वारा यूनिटों की सामग्री और निर्माण की आपूर्ति में विलंब। • स्थानीय लोगों द्वारा कार्य बंदी। • जून, 2012 में प्राप्त पारेषण लाइन के लिए वन स्वीकृति। • एक्सएलपीई केबल को हटाना।

1	2	3	4	5
9.	तीस्ता लो डैम-IV (4x40 मेगावाट) एनएचपीसी डब्ल्यूबी 30.09.2005	सितंबर-09 2009-10	2015-16	• वन स्वीकृति में विलंब। • जुलाई, 2007, मई, 2009 और जुलाई, 2010 में बादलों का फटना। • गोरखा जन मुक्ति आंदोलन/बंद। • सिविल संविदाकार (मैसस एचसीसी) की धन संबंधी समस्या, दिनांक 20.03.2013 से कार्य पूरी तरह से रुका हुआ।
10.	पारबती-II (4x200 मेगावाट) एनएचपीसी एच.पी. 11.09.2002	सितंबर-09 2009-10	2016-17	• माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश ने स्टोन क्रशर प्रचालन पर रोक लगाई। • संशोधित वन स्वीकृति में विलंब। • नवंबर, 2006 में टीबीएम फेस में पानी और गाद के भारी मात्रा में प्रवेश करने के कारण टीबीएम को अत्यधिक क्षति हुई। • फरवरी, 07 में पावर हाउस क्षेत्र में स्लाइड। • अगस्त, 2011 में बादलों का फटना। • केविटी ट्रीटमेंट के कारण जीवा नाला कार्य प्रभावित हुआ। • पीबी-2 क्षेत्र में संविदागत मामले, मैसर्स एचजेवी के साथ मार्च, 12 में संविदा समाप्त हुई। • पीबी-2 क्षेत्र के शेष कार्यों के लिए पुनः संविदा प्रदान करना (13.08.2013 को एचआरटी के टीबीएम भाग को पुनः अवार्ड किया गया)।
11.	सुबानसिरी लोअर (2x250 मेगावाट) एनएचपीसी अरुणाचल प्रदेश/असम 01.09.2003	सितंबर-10 2010-11	2016-18	• आंध्र प्रदेश क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों में बाधा। • जनवरी, 2008 में पावर हाउस में स्लोप विफलता। • रंगानदी नदी पर पुल को क्षति। • सर्ज शॉफ्ट्स से सर्ज टनल्स के डिजाइन में परिवर्तन। • परियोजना के निर्माण के विरोध में बांध विरोधी कार्यकर्ताओं द्वारा घोषित आंदोलन के कारण कार्यबंदी। दिनांक 16.12.2011 से कार्य रुक गया। • डी/एस प्रभाव अध्ययनों का मामला।
12.	उरी-II (4x60 मेगावाट) एनएचपीसी जम्मू और कश्मीर 01.09.2005	नवंबर-09 2009-10	2013-14	• संसाधनों का अभाव एचसीसी की धन प्रवाह संबंधी समस्या। • भारी बारिश के कारण मई, 10 और अप्रैल, 11 में कॉफर बांध का टूटना/ऊपर से पानी बहना। • जून, 2010 से घाटी में अशांति। • सर्ज शॉफ्ट गेट के निर्माण के दौरान समस्याओं का सामना किया गया।

1	2	3	4	5
				• डाईवर्जन प्लगिंग कार्यों में विलंब। • स्थानीय लोगों द्वारा एनएचपीसी में रोजगार की मांग करते हुए मार्च, 2012 से जून, 2012 तक कार्य रोक दिए गए। • धन संबंधी समस्या के कारण मैसर्स एचसीसी द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति।
	शुरू की गई यूनिटें यूनिट # 1: 25.09.2013 यूनिट # 3: 27.09.2013 यूनिट # 2: 16.11.2013			• सितंबर, 2012 में बादलों का फटना। • स्थानीय लोगों द्वारा एनएचपीसी में रोजगार की मांग करते हुए यू/एस जल संचालक को भरने में बाधा। • जल संचालक प्रणाली को भरने के बाद झेलम नदी में तीव्र बाढ़ जिससे बांध के बाएं किनारे का कटाव शुरू हो गया और बांध के बाएं किनारे पर हिल स्लोप डाउन स्ट्रीम के पास कुछ दरारें भी पाई गईं।
13.	किशनगंगा (3x110 मेगावाट) एनएचपीसी जम्मू एवं कश्मीर 20.07.2007	जुलाई-14 (2014-15) (मूल अनुमोदन के अनुसार)	2016-17	• परियोजना के टर्नकी निष्पादन के लिए न्यूनतम बोलीकर्ता द्वारा लगाई जाने वाली बोली की कीमत अधिक होने को ध्यान में रखते हुए संशोधित सीसीईए को 14.01.2009 को अनुमोदित दिया गया। • मार्च, 2011 में भारी बारिश। • एचआरटी-टीबीएम भाग में केविटी। • एक्सेस टनल में खराब भूविज्ञान। • स्थानीय लोगों द्वारा एनएचपीसी में रोजगार की मांग करते हुए 29.08.2012 से 17.10.2012 तक कार्य रोक दिया गया।
	14.01.2009 (आरसीई)	जन-16 (2015-16) (संशोधित अनुमोदन के अनुसार)		• अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय में मध्स्थता प्रक्रियाओं के कारण बांध कार्य प्रभावित हुए।
राज्य क्षेत्र				
जम्मू और कश्मीर				
14.	बगलीहार-II (3x150 मेगावाट) जेकेपीडीसी 29.12.2010	2014-15	2016-17	• संविदा की लागत को अंतिम रूप देने में विलंब। ईएंडएम कार्य।

1	2	3	4	5
हिमाचल प्रदेश				
15.	काशांग-I (1x65 मेगावाट) एचपीपीसीएल 31.07.08 (एचपीएसईबी द्वारा टीईसी) 31.07.08	2013-14	2016-17	• सिविल और ईएंडएम कार्यों की धीमी प्रगति। • जून, 2013 में बादलों का फटना।
16.	काशांग-I, III (1x65 + 1x65 मेगावाट) एचपीपीसीएल 10.09.2009	2013-14	2014-15	• स्थानीय मामले। लीपा ग्रामीणों के लगातार आंदोलन के कारण कार्य शुरू नहीं हो सके। मामले को उच्च स्तर पर रखा जा रहा है। • जून, 2013 में बादलों का फटना।
17.	यूएचएल-III (3x33.33 मेगावाट) बीवीपीसीएल (एचपीएसईबी) 19.09.2002	मार्च-07 2006-07	2015-16	• कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • संविदाकार के कार्य न करने और धीमी प्रगति के कारण एचआरटी के निर्माण के लिए संविदा दो बार अर्थात् मई, 2008 और जुलाई, 2010 के दौरान रद्द की गई। • एचआरटी में खराब भूविज्ञान।
18.	सावरा कुड्डु (3x37 मेगावाट) एचपीपीसीएल, 10.11.2004	दिसंबर-10 2010-11	2015-16	• एमओईएफ स्वीकृति में विलंब। • सिविल एवं ईएंडएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • एचआरटी में खराब भूविज्ञान। • एचआरटी लाइनिंग की धीमी प्रगति।
19.	सैंज (100 मेगावाट) एचपीपीसीएल 29.12.2010	2014-15	2015-16	• एचआरटी और बैराज कार्यों की धीमी प्रगति।
आंध्र प्रदेश				
20.	लोअर जुराला (6x40 मेगावाट) एपीजेनको 2007	2011-13	2013-15	• ईएंडएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • सिविल कार्यों में धीमी प्रगति। भूमि अधिग्रहण अधिनियम समस्या। • 2009, 2010, 2012 और 2013 में अप्रत्याशित बाढ़। • तेलंगाना राज्य के लिए टीजेएसी द्वारा बार-बार बंद। • स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आंदोलन।

1	2	3	4	5
				• 23.04.2011 से 30.11.2012 तक ग्रामीणों द्वारा बांध के दाएं किनारे की कंक्रीटिंग। • एचएम कार्यों की धीमी प्रगति।
21.	पुलीचिनताला (4x30 मेगावाट) एपीजेनको 25.07.2007	2009-11	2015-17	• ईएंडएम कार्य • अक्तूबर, 2009 और सितंबर, 2011 में अप्रत्याशित बाढ़। • संविदादात्मक मामले। • पावर हाउस कार्यों की धीमी प्रगति। • संविदात्मक मामलों के कारण 16.09.2011 से 29.06.2012 तक और नवंबर, 12 से मई, 13 तक सिविल कार्य निरस्त कर दिए गए। • संविदाकार द्वारा अधिक कीमत की मांग के कारण अगस्त, 2013 में ईएंडएम निर्माण कार्य संविदा समाप्त कर दी गई।
22.	नागार्जुन सागर टेल पूल डैम (2x25 मेगावाट) 17.01.2005	नवंबर-08 2008-09	2014-15	• 2009, 2010, 2012 और 2013 के दौरान बार-बार बाढ़ आने के कारण धीमी प्रगति। • एचएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • बांध कार्यों में संविदात्मक मामले।
केरल				
23.	पल्लीवसल (2x30 मेगावाट) केएसईबी 31.01.2007	मार्च-11 2010-11	2015-16	• सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। • भूमि अधिग्रहण में विलंब। • एचआरटी से एडिट के संरेखण में परिवर्तन। • एचआरटी में खराब भूविज्ञान भूस्तर। • भारी मानसून।
24.	थोट्टीयार (1x30+1x10 मेगावाट) केएसईबी 05.06.2008	2012-13	2015-16	• भूमि अधिग्रहण मामला। • स्थानीय लोगों द्वारा 2010 से 2012 तक वायर और एप्रोच चैनल के कार्य रोक दिए गए। • न्यायालय द्वारा 12.12.2012 से अप्रैल-2013 तक कार्य रोक दिया गया।
मेघालय				
25.	न्यू उमतरु (2x20 मेगावाट) एमईईसीएल 12/06	2011-12	2014-15	• कार्यों के अवार्ड करने में विलंब। • सिविल कार्यों की धीमी प्रगति।

1	2	3	4	5
निजी क्षेत्र				
हिमाचल प्रदेश				
26.	तिदोंग-I (4250 मेगावाट) एमएसएल तिदोंग 09.02.2006	2013-14	2016-17	• परियोजना प्रभावित पंचायतों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र में विलंब, सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए कार्यों का निरस्तीकरण।
27.	टंगनू रोमाई-I (2x22 मेगावाट) टीआरपीजीपीएल 28.10.2010	2014-15	2015-16	• सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। • खराब भूविज्ञान। • मुश्किल क्षेत्र। • मौसम परिस्थितियां और पहुंच।
28.	सोरंग (2x50 मेगावाट) एचएसपीपीएल 23.09.2004	2012-13	2013-14	• खराब भूविज्ञान। • मुश्किल क्षेत्र। • मौसम परिस्थितियां और पहुंच।
उत्तराखंड				
29.	श्रीनगर (4x82.5 मेगावाट) अलकनंदा हाइड्रो पावर कं. लिमिटेड 14.6.2000 (टीईसी)	2005-06	2014-15	• वित्तीय बंदी। • बांध कार्यों की धीमी प्रगति। • एमओईएम ने 30.05.2011 से कार्य रोकने का नोटिस जारी किया। • स्थानीय मुद्दे। • जून, 2013 में बादलों का फटना।
30.	सिंगोली भट्वारी (3x33 मेगावाट) एल एंड टी 11.07.2008	2014-15	2015-16	• एचआरटी में खराब भूविज्ञान। • स्थानीय लोगों द्वारा आंदोलन। • जून, 2013 में बादलों का फटना।
मध्य प्रदेश				
31.	महेश्वर (10x40 मेगावाट) एसएमएचपीसीएल 30.12.1996	2001-02	2014-16	• आरएंडआर मामले। • विकासकर्ता के साथ नगद प्रवाह संबंधी समस्या।

1	2	3	4	5
सिक्किम				
32.	तीस्ता स्टेज-III (6x200 मेगावाट) टीस्ता ऊर्जा लिमिटेड 12.05.2006 (टीईसी)	अक्तूबर-11	2014-16	• वन स्वीकृति में विलंब। • सितंबर, 2011 में भूकम्प के कारण कार्य प्रभावित हुए।
33.	तीस्ता स्टेज-VI (4x125 मेगावाट) लेंको एनर्जी प्रा.लि. 27.12.2006	2012-13	2015-16	• खराब भूविज्ञान। • भूमि अधिग्रहण।
34.	रंगीत-IV एचई प्रोजेक्ट (3x40 मेगावाट) जेपीसीएल 09.12.2005	2012-13	2016-17	• खराब भूविज्ञान के कारण एचआरटी और सर्ज शॉफ्ट कार्यों की धीमी प्रगति। • सितंबर, 2011 में भूकम्प के कारण कार्य बाधित हुए।
35.	जोरेनथांग लूप (2x28 मेगावाट) डीएएन-एनर्जी प्रा.लि.	दिसंबर 12 2012-13	2014-15	• खराब भूविज्ञान। • पारेषण लाइन के लिए वन स्वीकृति।
36.	भास्मे (2x25.5 मेगावाट) गति इन्फ्रास्ट्रक्चर 12/2008	2012-13	2015-16	• वन स्वीकृति।

[अनुवाद]

टक्कर रोधी तंत्र

1286. श्रीमती जे. हेलन डेविडसन : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे के पास दुर्घटना से बचने के लिए देश में विभिन्न ट्रेनों विशेष रूप से तेज चलने वाली ट्रेनों में टक्कर रोधी मशीन लगाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसी ट्रेनों की संख्या कितनी है तथा उनके गंतव्य क्या हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, हां।

(ख) (i) पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के कटिहार-कुमेदपुर-न्यू जलपाईगुडी-गुवाहाटी-लम्डिंग-तिनसुकिया-डिब्रूगढ़-लीडो और कुमेदपुर-मालदा खंडों पर 1736 मार्ग किलोमीटर और 548 इंजनों पर पायलट परियोजना के रूप में टक्कर रोधी उपकरण की व्यवस्था की गई है और यह 2006 से सेवा परीक्षणों में है।

(ii) ऑन बोर्ड गाड़ी सुरक्षा एवं चेतावनी प्रणाली (टीपीडब्ल्यूएस) जो खतरे और/या अधिक गति पर सिगनल पास करने के कारण मानवीय गलती के कारण टक्कर/दुघर्टनाओं को रोकती हैं। दक्षिण रेलवे के उपनगरीय खंड अर्थात् चेन्नई सेंट्रल एवं गुम्मिडिपुंडी (50 मार्ग किमी) के बीच

पायलट परियोजना को चालू कर दिया गया है और इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिटों के 82 मोटर सवारी डिब्बों पर चालू है तथा उत्तर मध्य रेलवे के दिल्ली-आगरा खंड (200 मार्ग किमी.) पर गैर-उपनगरीय खंड पर टीपीडब्ल्यूएस की एक अन्य पायलट परियोजना चालू कर दी गई है और 35 इंजनों सहित सेवा परीक्षण प्रगति पर है। कोलकाता मेट्रो के 25 मार्ग किमी पर भी टीपीडब्ल्यूएस के परिचालनिक परीक्षण भी चालू कर दिए गए हैं।

(iii) अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन द्वारा गाड़ी टक्कर रोधी प्रणाली को स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। यह टक्कर रोकने के साथ-साथ लोको पायलट द्वारा डेंजर पर सिगनल से गुजरने पर भी सुरक्षा देता है। टीसीएएस की विशिष्टताओं को आरडीएसओ द्वारा तैयार किया गया है और अक्तूबर/नवंबर, 2012 के दौरान प्रूफ ऑफ कनसेप्ट परीक्षण किए गए थे। दक्षिण मध्य रेलवे पर 250 किमी पर विस्तारित परीक्षण किए जाने की योजना है जिसके लिए आरडीएसओ द्वारा निविदाओं को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। विस्तृत परीक्षणों की सफलता के आधार पर भारतीय रेल पर तैनात किए जाने पर विचार किया जाना है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

प्रसार भारती द्वारा परामर्शदाताओं की नियुक्ति

1287. श्री सुखदेव सिंह : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रसार भारती (ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा 2010 के बाद से अपने विभिन्न स्कंधों में नियुक्त किए गए परामर्शदाताओं के श्रेणी-वार नाम क्या हैं और उनकी संख्या कितनी है;

(ख) इनमें से प्रत्येक परामर्शदाता को श्रेणी-वार कितना पारिश्रमिक दिया गया और उन्हें क्या सुविधाएं दी गई हैं;

(ग) ऐसे नियुक्त परामर्शदाताओं की निबंधन और शर्तों के साथ उन्हें विशेष लक्ष्यों के साथ क्या कर्तव्य और जिम्मेदारियां दी गई हैं;

(घ) इन परामर्शकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए किए गए अनुभवजन्य अध्ययन का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इन परामर्शकों को नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले एजेन्सियों से गोपनीय रिपोर्टें एवं सत्यापन प्राप्त किया गया है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) इन परामर्शदाताओं की नियुक्ति के बाद प्रसार भारती को प्रभाग-वार क्या वित्तीय लाभ तथा लक्ष्य प्राप्त हुए हैं; और

(ज) इन परामर्शदाताओं की नियुक्ति से पहले और बाद में विभिन्न स्तरों पर संपूर्ण तुलनात्मक कार्यनिष्पादन एवं संगठन की उपलब्धि क्या रही?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) प्रसार भारती सचिवालय द्वारा संविदा आधार पर 2010 के बाद नियुक्त किए गए और वर्तमान में कार्यरत 42 परामर्शियों की सूची संलग्न विवरण-I पर संलग्न है। 2010 के बाद नियुक्त किए गए, किंतु, बाद में जिन्हें कार्यमुक्त किया गया, 8 परामर्शियों की सूची संलग्न विवरण-II पर संलग्न है।

2010 के बाद दूरदर्शन महानिदेशालय द्वारा संविदा आधार पर नियुक्त किए गए 23 परामर्शियों और दूरदर्शन महानिदेशालय के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा नियुक्त किए गए 06 परामर्शियों की सूची क्रमशः संग्लन विवरण-III और IV पर दी गई है।

2010 के बाद संविदा आधार पर आकाशवाणी में नियुक्त किए गए 216 सेवानिवृत्त व्यक्तियों और समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) द्वारा परामर्शियों के रूप में नियुक्त किए गए 08 सेवानिवृत्त समाचार वाचक-सह अनुवादकों (एनआरटी) की सूची क्रमशः संग्लन विवरण V और VI पर दी गई है।

(ख) और (ग) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि उन्होंने संविदा नियुक्ति के लिए समन्वित एकसदृश नीति (जिसे प्रसार भारती बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है) जारी किया है जिसमें नियोजन की निबंधन और शर्तों भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक, दी जाने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताया गया है। इसकी एक प्रति संग्लन विवरण-VII के रूप में दी गई है।

(घ) परामर्शियों के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन के लिए प्रसार भारती द्वारा कोई अध्ययन नहीं कराया गया है।

(ङ) और (च) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि निजी क्षेत्र/खुले बाजार से नियुक्त किए गए परामर्शियों के मामले में पूरे विवेक का प्रयोग करते हैं।

(छ) और (ज) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि परामर्शियों को नियोजित किए जाने के कारण वित्तीय और वास्तविक उपलब्धियों के अर्थ में भिन्नता का मूल्यांकन करने के लिए उनके द्वारा कोई अध्ययन नहीं कराया गया है।

विवरण-I

प्रसार भारती सचिवालय में वर्तमान में लगाए गए सलाहकार/परामर्शदाता/एसोसिएशट्स/समन्वयक

क्र. सं.	परामर्शदाता का नाम	लगाए जाने की तारीख	संक्षिप्त विवरण	लगाने की आवश्यकता/विशेष कारण
1	2	3	4	5
1.	श्री रघु मेनन, सलाहकार (संग्रहालय)	20.12.2012	रुपए 75,000/-	मुद्रीकरण सहित संग्रहालय से संबंधित सभी मामले
2.	श्री अशोक कुमार अरोड़ा, सलाहकार (एच.आर.)	04.09.2012	रुपए 1,00,000/- दोनों सचिव स्तर से सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं दोनों के अनुभव और विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए मानदेय तय किया गया है।	अध्यक्ष, उच्चाधिकारी प्राप्त समिति मानव संसाधन कार्यों की प्रणाली और संरचना की समीक्षा, नीतियों की समीक्षा, प्रवेश प्रशिक्षण मॉड्यूल की तैयारी सहित, स्टॉफ के प्रशिक्षण की प्रक्रिया और प्रणाली तथा उससे संबंधित मामले
3.	श्री राकेश कुमार जैन, सलाहकार (तकनीकी)	14.01.2013	रुपए 60,000/- ये अपर सचिव के समतुल्य वेतनमान में आकाशवाणी से प्रभारी के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं।	प्रसार भारती के तकनीकी स्कन्द से संबंधित कार्यों की निगरानी और इन मामलों में प्रसार भारती बोर्ड के सदस्यों और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सलाह देना
4.	श्री ओम प्रकाश, विशेष कार्य अधिकारी (ए.आर)	13.08.2013	रुपए 50,000/-* एक सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव	कार्मिक नीतियों से संबंधित सभी मामले तथा विधि संसद सूचना के अधिकार तथा भारत निर्माण अभियान का समन्वयन
5.	श्री एस.एस. बिन्द्रा, परामर्शदाता (प्रशिक्षण)	27.12.2012	रुपए 50,000/-*	कर्मचारी प्रशिक्षण संस्थान दिल्ली में तकनीकी प्रशिक्षण संबंधी कार्य
6.	श्री धीरंजन मालवे, विशेष कार्य अधिकारी (प्रसार भारती बोर्ड)	01.04.2012	रुपए 40,000/-* एक-से सेवानिवृत्त अधिकारी	कार्यक्रम प्रबंधन से संबंधित मामले
7.	श्री जतिन्द्र कुमार, परामर्शदाता	07.05.2012	रुपए 45,253/-* संघ लोक सेवा आयोग से सेवानिवृत्त एक संयुक्त सचिव	सूचना और प्रसारण मंत्रालय को भेजने से पहले पदोन्नति के मामले सहित सभी प्रस्तावों की जांच और दल के सदस्य, स्टॉफ की भर्ती से संबंधित मामलों की जांच, विभिन्न कॉडरों की पुनर्रचना, प्रसार भर्ती बोर्ड से संबंधित मामले

1	2	3	4	5
8.	श्री ए.के. गोस्वामी, परामर्शदाता	03.12.2012	रुपए 44,000/-* भारतीय विदेश सेवा के निदेशक पद से सेवानिवृत्त	अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित मामले
9.	श्री एम.एम. थमन, परामर्शदाता	23.05.2012	रुपए 45,984/-* भारतीय प्रसारण (ई) सेवा से जे.एस.जी. सेवानिवृत्त अधिकारी	सूचना के अधिकार तथा संसदीय मामलों में सहयोग
10.	श्री प्रेमपाल परामर्शदाता	13.08.2012	रुपए 44,000/-* सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से सेवानिवृत्त लोक सेवा अधिकारी	आशुलिपिक सहयोग
11.	श्री अशोक कुमार, परामर्शदाता (मानव संसाधन)	09.03.2012	रुपए 40,000/-* सूचना और प्रसारण मंत्रालय से उपसचिव पद से सेवानिवृत्त	स्थापना मामले, पदों का सृजन, संगठन तथा बोर्ड के संबंधित मामले तथा विभिन्न पदों के लिए प्रसार भारती विनियमों की तैयारी करना
12.	श्री एन.पी.एस. रावत, परामर्शदाता	01.06.2012	रुपए 39,000/-* संघ लोक सेवा आयोग से उप सचिव के रूप में सेवानिवृत्त	विभागीय पदोन्नति समितियों और स्टॉफ की भर्ती, प्रतिनियुक्ति, प्रसार भर्ती विनियम संबंधी मामले कोर दल के सदस्य
13.	श्री एस.सी. शर्मा, परामर्शदाता	05.12.2011	रुपए 39,000/- आईसीएमआर से उप-सचिव के पद से सेवानिवृत्त	भर्ती नियमों, काडर समीक्षा संबंधी मामले सदस्य कोर दल
14.	श्री एन.डी. कटारिया, परामर्शदाता	17.10.2012	रुपए 39,000/-* गृह मंत्रालय के उप-सचिव के पद से सेवानिवृत्त	विधि कक्ष के समन्वय कार्य का संचालन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, व्यय विभाग, न्याय मंत्रालय और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित मामलों की देखरेख
15.	श्री आर.डी. गुप्ता, परामर्शदाता	17.12.2012	रुपए 39,000/-* रक्षा मंत्रालय (वित्त) से उप-सचिव के पद से सेवानिवृत्त	प्रसार भारतीय कर्मियों की सेवा शर्तों का प्रारूपण और अन्य संबंधित वैयक्तिक मामलों की देख-रेख
16.	श्री आर.के. आहलुवालिया, परामर्शदाता	11.12.2012	रुपए 39,000/-* श्रम मंत्रालय से उप-सचिव के पद से सेवानिवृत्त	नई पेंशन योजना के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य
17.	श्री के. श्रीकुमारन, परामर्शदाता	01.09.2012	रुपए 35,000/-* नेशनल टेक्सटाइल निगम से सेवानिवृत्त, निजी सचिव	मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यालय

18.	श्री रमन कुमार भाटिया, परामर्शदाता	1.8.2012	रुपए 33,000/-* दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम, दिल्ली सरकार से सेवानिवृत्त, मंडल लेखाअधिकारी	सभी वित्त प्रस्तावों की जांच
19.	श्री बी.एन.डे, समन्वयक	1.9.2012	रुपए 33,000/-* दूरदर्शन से सेवानिवृत्त, प्रधान निजी सचिव	आशुलिपिक सहायता
20.	श्री डी.पी. बैनर्जी, एसोशिएट	8.8.2012	रुपए 29,137/-*	सभी कार्यक्रमों से संबंधित मामले
21.	श्री प्रताप सिंह, एसोशिएट	20.4.2012	रुपए 28,000/-*	विभागीय पदोन्नति समिति मामले और प्रतिनियुक्ति पर कर्मियों को भर्ती और प्रसार भारती बोर्ड की कोर टीम का सदस्य
22.	श्री जयपाल जैन, एसोशिएट	24.4.2012	रुपए 28,000/-*	सूचना अधिकार विशिष्ट संदर्भ और संसदीय मामले
23.	श्री ओ.पी. तिवारी, एसोशिएट	11.7.2012	रुपए 28,000/-*	आशुलिपिक सहायता
24.	श्री टी.एस. पांडियन, एसोशिएट	29.8.2012	रुपए 28,000/-*	आशुलिपिक सहायता
25.	श्री सत्यपाल सिंह, एसोशिएट	1.8.2012	रुपए 22,000/-*	डायरी/डिस्पैच कार्य
26.	श्री वी.के. महिन्दरु, एसोशिएट	26.5.2012	रुपए 28,000/-*	लेखा जांच संबंधी सभी मामले
27.	श्री जगत सिंह, एसोशिएट	1.6.2010	28,000/-*	कर संबंधीत सभी मामले
28.	श्रीमती मोनिवा सेन, एसोशिएट	1.6.2012	28,000/-*	योजना एवं गैर योजना के तहत बजट तैयार करना।
29.	श्री आर.पी. लूथरा, एसोशिएट	30.11.2012	28,000/-*	अपर महानिदेशक (प्रचालन) के कार्यालय में कार्य तथा सहयोग
वर्तमान में, सीसीसीआर विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के विश्व जनवायु अनुसंधान कार्यक्रम (डब्ल्यूसीआरपी) के तत्वावधान में दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए "समन्वित प्रादेशिक डानस्केलिंग प्रयोग (कोरडेक्स)" का नेतृत्व कर रहा है। कोरडेक्स कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से भूत और भविष्य दशकों दोनों के लिए डाउनस्केल प्रादेशिक जलवायु अनुरूपण के समन्वित सेट के लिए एक महत्त्वपूर्ण ढांचा उपलब्ध करवाता है। दक्षिण एशियाई क्षेत्र के प्रयोक्ताओं, पर्णधारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

(ii) जलवायु परिवर्तन पर बनी राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत, एक स्थायी संस्थागत क्रियाविधि स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया है जो कि विकास और समन्वय भूमिका निभाएगी।

(iii) 30 जून, 2008 को प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन पर बनी राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जारी की।

(iv) राष्ट्रीय कार्य योजना में सौर ऊर्जा, ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, धारणीय पर्यावास, जल, हिमालयी पारिप्रणाली की धारणीयता, हरित भारत, धारणीय कृषि और जलवायु परिवर्तन के लिए सामरिक ज्ञान के विशिष्ट क्षेत्रों में आठों मिशनों को रेखांकित किया गया है। यह आठों राष्ट्रीय मिशन राष्ट्रीय कार्य योजना के केन्द्र बिन्दु हैं जो कि जलवायु परिवर्तन के संबंध में प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने वाली बहु प्रवण, दीर्घ अवधि और एकीकृत नीतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

[अनुवाद]

मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार

1290. डॉ. संजीव गणेश नाईक :

श्रीमती सुप्रिया सुले :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार (एमटीआरसी) का कवरेज देने पर विचार कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) एमटीआरसी द्वारा पहले से किए गए कुल कवरेज/अनुमानित कवरेज का ब्यौरा क्या है तथा इसके पूरा होने की अवधि क्या है;

(ग) अभी तक एमटीआरसी पर किया गया कुल व्यय कितना है तथा एमटीआरसी के और विस्तार के लिए कितनी निधि की आवश्यकता है; और

(घ) रेलवे और यात्रियों की संरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, हां। विजन 2020 की कार्य योजना और उच्च स्तरीय संरक्षा समिति की सिफारिश के अनुसार भारतीय रेल नेटवर्क के 65000 मार्ग किलोमीटर में से कुल 20,000 मार्ग किलोमीटर भारतीय रेल के सभी 'ए', 'बी' एवं 'सी' मार्गों पर मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार उपलब्ध कराया जाना है।

(ख) 31.03.2013 को 2074 मार्ग किलोमीटर मोबाइल गाड़ी रेडियो संचार प्रणाली उपलब्ध कराई गई है और 2426 मार्ग किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है जो धन की उपलब्धता के अध्ययधीन है तथा कुछ वर्षों में पूरा होने की आशा है।

(ग) मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार परियोजनाओं पर अभी तक 205.94 करोड़ रुपए का कुल व्यय किया गया है और शेष 'ए', 'बी' एवं 'सी' मार्गों के लिए 11000 करोड़ रुपए (लगभग) की आवश्यकता है।

(घ) भारतीय रेलों द्वारा संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा संरक्षा में वृद्धि किए जाने के सतत आधार पर हरसंभव कदम उठाए जाते हैं, इनमें गतायु परिसंपत्तियों का समय पर बदलाव, रेलपथ, चल स्टॉक, सिगनल एवं इंटरलॉकिंग प्रणालियों के अपग्रेडेशन, संरक्षा अभियान तथा संरक्षा पद्धतियों का अनुपालन करने के लिए कर्मचारियों पर निगरानी तथा शिक्षित करने के लिए नियमित अंतरालों पर निरीक्षण करना शामिल है, दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए की जा रही अन्य उपकरणों/प्रणालियों में ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर (बीपीएसी), आनुषंगिक चेतावनी प्रणाली (एडब्ल्यूएस), सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी), गाड़ी सुरक्षा चेतावनी प्रणाली (टीपीडब्ल्यूएस), ट्रेन कॉलिजन एवैडेन्स सिस्टम/टक्कर रोधी उपकरण (एसीडी) आदि शामिल हैं।

[हिन्दी]

योजनाओं का क्रियान्वयन

1291. श्री पन्ना लाल पुनिया : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार और अनियमितताएं व्याप्त हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उक्त की रोकथाम हेतु समवर्ती मूल्यांकन कार्यालय के नामक निगरानी तंत्र की स्थापना का है;

(ग) यदि हां, तो उक्त के लिए तैयार किए गए फ्रेमवर्क का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) ग्रामीण विकास मंत्रालय ने निधियों के दुर्विनियोजन/निधियों का अन्यत्र उपयोग, परियोजनाओं के पूरे होने में देरी तथा कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के गैर अनुपालन के संबंध में देश के विभिन्न भागों से शिकायतें प्राप्त की हैं। चूंकि योजनाओं/कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों की है, सभी प्राप्त की गई शिकायतों को संबंधित राज्य सरकारों को नियमों के अनुसार जांच करने सहित उचित कार्रवाई के लिए भेजा जाता है।

(ख) से (घ) ग्रामीण विकास मंत्रालय ने समवर्ती मूल्यांकन नेटवर्क (सीईएनईटी) नामक संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का मूल्यांकन अध्ययन करने हेतु एक संकल्प के माध्यम से समवर्ती मूल्यांकन कार्यालय को अधिसूचित किया है। समवर्ती मूलयांकन नेटवर्क (सीईएनईटी) में एक ऐसा पैनल सम्मिलित है जिसे पारदर्शी एवं सुदृढ़ चयन प्रक्रिया अपनाते हुए, जाने-माने स्वतंत्र अनुसंधान/अन्य संस्थाओं का चयन कर बनाया गया है।

[अनुवाद]

जैन समिति

1292. श्री किसनभाई वी. पटेल :
श्री प्रदीप माझी :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने न्यायाधीश जैन समिति और कृष्णामूर्ति समिति की सिफारिशों की जांच करने के लिए कोई समिति गठित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त समिति के विचारार्थ विषय क्या है;

(घ) क्या उक्त समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है; और

(ङ) यदि हां, तो सिफारिशों का ब्यौरा क्या है और अब तक ऐसी सिफारिशों पर क्या कार्यवाही की गई है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, हां।

(ख) पूर्ववर्ती राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एनएए) तथा भारत अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण (आईएएआई) के कर्मचारियों की परस्पर वरिष्ठता (इंटर से सीनियोरिटी) का निर्धारण और नियत करने के लिए भारत सरकार द्वारा तीन सदस्यीय समिति बनाई गई थी।

(ग) उक्त समिति की निबंधन एवं संदर्भ इस प्रकार हैं: "परस्पर वरिष्ठता के निर्धारण के विभिन्न सिद्धांतों एवं मानदंडों की स्थापना के पश्चात् समिति विभिन्न संवर्गों के सभी कर्मचारियों की परस्पर वरिष्ठता का निर्धारण करेगी तथा 15 दिनों की अवधि के भीतर वरिष्ठता क्रम में कर्मचारियों की संवर्गवार एकल तथा एकीकृत अनंतिम वरिष्ठता सूची तैयार करेगी। इसके पश्चात, संवर्गवार यह वरिष्ठता सूची नोटिस बोर्ड/वेबसाइट पर प्रर्दर्शित/प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें कर्मचारियों को उनकी वैयक्तिक आपत्तियां, यदि कोई हों, समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा और समिति अगले 15 दिनों के भीतर इन आपत्तियों को दूर करेगी तथा संवर्गवार वरिष्ठता की अंतिम सूची प्रकाशित करेगी।"

(घ) जी, हां।

(ङ) उक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और वरिष्ठता के विलय के लिए सिद्धांत प्रस्तावित किए हैं और दिनांक 01.08.2009 से विलय की सिफारिश की है। तथापि, भारत सरकार ने कृष्णामूर्ति समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा भारत अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कर्मचारियों से संबंधित वरिष्ठता दिनांक 01.02.2005 से विलयित करने का निर्णय लिया है, अर्थात उस तिथि से जिस तिथि को सामान्य भर्ती एवं पदोन्नति नियम कार्यान्वित किए गए थे। तदनुसार, सामान्य संवर्ग के कर्मचारियों की वरिष्ठता 01.02.2005 से विलयित की गई है।

[हिन्दी]

मौसम पूर्वानुमान

1293. श्री सतपाल महाराज : क्या **पृथ्वी विज्ञान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश में मानसून, चक्रवात तथा भूंकप और बाढ़ के संबंध में मौसम का सटीक पूर्वानुमान उपलब्ध करने हेतु कोई योजना तैयार करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं तो, इसके क्या कारण हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) जी, हां।

(ख) सरकार ने (क) विस्तारित अवधि से ऋतुनिष्ठ समय पैमाने (16 दिनों से एक ऋतु) पर मानसून वर्षा के उन्नत पूर्वानुमान तथा (ख) अल्प से मध्यम अवधि समय पैमाने (15 दिनों तक) पर तापमान, वर्षा तथा खराब मौसम की घटनाओं के उन्नत पूर्वानुमान के लिए एक अत्याधुनिक युग्मित महासागर-वायुमंडलीय जलवायु मॉडल बनाने के लिए राष्ट्रीय मानसून मिशन प्रारंभ किया है। इन प्रयासों से, भारतीय क्षेत्र पर सभी स्थानिक और समय पैमानों पर मानसून वर्षा के और अधिक परिशुद्ध पूर्वानुमान के लिए एक समुचित गतिकीय पूर्वानुमान प्रणाली को कार्यान्वित किया जाएगा। इस उन्नत प्रणाली से हमें अधिक परिशुद्ध लघु अवधि पूर्वानुमान (3 दिनों तक) तथा मानसून ऋतु के दौरान अग्रिम ही विषम मौसमी घटनाओं जैसे भारी वर्षा की घटनाओं, सक्रिय (भारी) और विराम (कमजोर) दौर के लिए चेतावनियां तथा संपूर्ण-भारत मानसून वर्षा के लिए और अधिक परिशुद्ध ऋतुकालिक पूर्वानुमान जारी करने में मदद मिलेगी।

पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ईएसएसओ)-भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आधुनिकीकरण के तहत उच्च कार्य-निष्पादन कम्प्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली को चालू करने के पश्चात मॉडनों के उन्नत पूर्वानुमान सूइट के प्रचालनात्मक कार्यान्वयन ने वैश्विक रूप से 22 किमी. तथा भारतीय/क्षेत्रीय/महानगरीय क्षेत्रों पर 9 किमी./3किमी. ग्रिड पर पूर्वानुमानों उत्पादों के उत्पादन के लिए उपलब्ध समस्त वैश्विक उपग्रह रेडियंस डेटा के सम्मिश्रण के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान क्षमताओं को बढ़ा दिया है। जहां तक उष्णदेशीय चक्रवात के पथ तथा तट से टकराने के पूर्वानुमानों का संबंध है, विगत 5-7 वर्षों की अवधि के अद्यतन वैश्विक/मेसो-स्केल पूर्वानुमान प्रणालियों के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन ने पूर्वानुमान कौशल में परिमाणात्मक रूप से लगभग 18% की बढ़ोतरी दर्शाई है।

जैसे ही चक्रवात तंत्र डॉप्लर मौसम रेडार की निगरानी के 500 किमी. के दायरे में आता है, उसी समय क्रोड़ चक्रवात क्षेत्र के भीतर सशक्त पवन क्षेत्रों तथा भारी वर्षा के पॉकेटों की पहचान की जाती है तथा उनके तीव्र परिवर्तनों को नियमित आधार पर मॉनीटर किया जाता है। आईएमडी बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर के मौसम की सतत निगरानी के लिए स्वचालित मौसम स्टेशनों (एडब्ल्यूएस) तथा स्वाचालित वर्षोमापियों (एआरजी) के एक नेटवर्क के साथ-साथ पूर्वी तट पर चेन्नै, मछलीपट्टनम, विशाखापट्टनम, कोलकाता, श्रीहरिकोटा में 5 डॉपलर मौसम रेडार प्रचालित करता है।

भूकंपों के पूर्वानुमान/पूर्व चेतावनी हेतु विश्व में कहीं भी कोई साबित वैज्ञानिक तकनीक नहीं है। फिर भी, महत्त्वपूर्ण भूकंपीटक्टोनिक क्षेत्रों में विभिन्न भूकंपीय पूर्वसंकेत परिघटनाओं को मॉनीटर तथा अध्ययन करने के लिए भारत सहित विश्व भर में नियमित रूप से प्रयास किए जा रहे हैं जो कि न केवल भूकंप सृजन की प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ाने में सहायक होंगे बल्कि इससे संभावित भूकंप के पूर्व संकेतकों की पहचान का मार्ग प्रशस्त होगा, जो कि भविष्य में संभावित पूर्वानुमानकर्त्ता के रूप में काम आ सकते हैं। इसके एक भाग के रूप में, देश में व्यापक तौर पर एक महत्त्वपूर्ण सीस्मोटेक्टोनिक पर्यावरणों में बहुत सारी भूकंप पूर्व संकेतक परिघटनाओं के सृजन, सम्मिश्रण तथा विश्लेषण के एकीकृत दृष्टिकोण को अपनाने के लिए एक बहु-संस्थागत तथा बहु-अनुशासनात्मक क्रियाविधि के माध्यम से भूकंप के पूर्व संकेतकों पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीईपी) प्रारंभ किया गया है। ईएसएसओ के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) ने चालू भूकंप सृजन प्रक्रियाओं का गहराई से अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र के भूकंपीय दृष्टि से सक्रिय कोयना-वरना क्षेत्र में गहरे बोरहोल के वेधन पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रारंभ किया है। भूकंपीय रूप से सक्रिय कोयना क्षेत्र में जारी वैज्ञानिक गहरे बोरछिद्र अन्वेषणों से भ्रंशन की प्रक्रिया, भूकंप जनित जलाशयों की भौतिकी को बेहतर तरीके से समझने के लिए एक अद्धितीय अवसर प्राप्त होगा तथा ज्यादा वांछित डेटा उपलब्ध कराने तथा भूकंप जोखिम मूल्यांकन तथा भविष्य में भूकंप पूर्वानुमान हेतु मॉडल विकसित करने में मदद मिलेगी।

जल संसाधन मंत्रालय का केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) भारत में बाढ़ पूर्वानुमान जारी करने हेतु नोडल एजेन्सी है। तथापि, ईएसएसओ-आईएमडी द्वारा अपने 10 समर्पित बाढ़ मौसम कार्यालयों के माध्यम से महत्त्वपूर्ण मौसम-वैज्ञानिक इनपुट उपलब्ध कराए जाते हैं। आईएमडी केन्द्रीय जल आयोग को नियमित रूप से वास्तविक-समय मौसम स्थिति, उप-जलग्रहवार वर्षा का स्थानिक तथा तीव्रता वितरण, परिमाणात्मक वर्षा पूर्वानुमान (क्यूपीएफ), भारी वर्षा की चेतावनी, स्टेशनवार महत्त्वपूर्ण वर्षा की मात्रा इत्यादि सहित इनपुट उपलब्ध कराता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

एनटीपीसी और एनएचपीसी विद्युत संयंत्र

1294. श्री तूफानी सरोज : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) और नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) की विद्युत उत्पादन इकाइयों का ब्यौरा है तथा इनकी इकाई और राज्य-वार अधिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी है;

(ख) क्या ये इकाइयां गत कुछ वर्षों के दौरान अपनी अधिष्ठापित क्षमता के अनुसार विद्युत का उत्पादन कर रही हैं; और

(ग) यदि हां, तो 2012-13 के दौरान इन इकाइयों द्वारा उत्पादित विद्युत का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) तथा नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) की विद्युत उत्पादन यूनिटों का यूनिट तथा राज्य-वार विवरण उनकी संस्थापित उत्पादन क्षमता सहित संलग्न विवरण में दिया गया है।

संस्थापित क्षमता की तुलना में, किसी विद्युत संयंत्र से विद्युत उत्पादन कई कारकों के साथ-साथ नियोजित शट-डाउन, ईंधन की गुणवत्ता तथा पर्याप्त मात्रा आदि पर निर्भर होती है। वर्ष 2012-13 के दौरान एनटीपीसी तथा एनएचपीसी की यूनिटों से उत्पादित विद्युत का विवरण अनुबंध की सारणी के कालम 5 में दिया गया है।

विवरण

वर्ष 2012-13 के लिए एनटीपीसी और एनपीचीसी के स्टेशनों की यूनिट और राज्य-वार संस्थापित क्षमता एवं उत्पादन

स्टेशन	यूनिट संख्या	मेगावाट (क्षमता)	राज्य	उत्पादन (मिलियन यूनिट)
1	2	3	4	5
एनटीपीसी को दिए गए प्रोजेक्ट्स				
बदरपुर टीपीएस	1	95	दिल्ली	530.84
	2	95		572.33
	3	95		504.55
	4	210		1514.3
	5	210		1433.62
फरीदाबाद सीसीपीपी	1	137.76	हरियाणा	787.87
	2	137.76		769.66
	3	156.07		845.32
अंता सीसीपीपी	1	88.71	राजस्थान	410.59
	2	88.71		550.12
	3	88.71		411.14
	4	153.2		804.6
सिंगरौली एसटीपीएस	1	200	उत्तर प्रदेश	1650.35
	2	200		1775.82
	3	200		1774.2

1	2	3	4	5
	4	200		1752.13
	5	200		1822.23
	6	500		3724.75
	7	500		3694.52
रिहंद एसटीपीएस	1	500		3269.99
	2	500		3680.13
	3	500		4238.93
	4	500		4272.96
	5	500		955.71
	6	500		0
ऊंचाहार टीपीएस	1	210		1751.45
	2	210		1658.11
	3	210		1636.43
	4	210		1767.65
	5	210		1714.04
दादरी (एनसीटीपीपी)	1	210		1560'.29
	2	210		1527.52
	3	210		1639.36
	4	210		1636.23
	5	490		3298.81
	6	490		3431.52
टांडा टीपीएस	1	110		951.21
	2	110		748.36
	3	110		837.3
	4	110		685.95
औरेया सीसीपीपी	1	111.19	उत्तर प्रदेश	328.23
	2	111.19		473.95

1	2	3	4	5
	3	111.19		388.77
	4	111.19		526.38
	5	109.3		539.95
	6	109.3		517.54
दादरी सीसीपीपी	1	130.19		768.83
	2	130.19		734.73
	3	130.19		841.53
	4	130.19		687.41
	5	154.51		641.12
	6	154.51		743.96
कवास सीसीपीपी	1	106	गुजरात	284.39
	2	106		407.91
	3	106		392.73
	4	106		561.92
	5	116.1		586.83
	6	116.1		667.21
गांधार सीसीपीपी	1	144.3		545.72
	2	144.3		886.36
	3	144.3		839.94
	4	224.49		1206.58
कोरबा एसटीपीएस	1	200	छत्तीसगढ़	1749.82
	2	200		1707.76
	3	200		1582.3
	4	500		3978.2
	5	500		3677.18
	6	500		3745.77
	7	500		4081.96

1	2	3	4	5
सिंपत एसटीपीएस	1	660		4191.31
	2	660		4468.26
	3	660		2922.59
	4	500		3458.92
	5	500		3449.34
विंध्याचल एसटीपीएस	1	210	मध्य प्रदेश	1746.66
	2	210		1650.06
	3	210		1582.93
	4	210		1671.28
	5	210		1691.14
	6	210		1658.97
	7	500		4053.27
	8	500		3801.81
	9	500		3920.89
	10	500		4228.05
	11	500		128.48
	12	500		0.36
मौदा टीपीएस	1	500	महाराष्ट्र	12.33
	2	500		1.02
रामागुंडम एसटीपीएस	1	200	आंध्र प्रदेश	1682.56
	2	200		1711.64
	3	200		1464.96
	4	500		4297.36
	5	500		3799.96
	6	500		4025.99
	7	500		3802.83
सिम्हाद्री एसटीपीएस	1	500		3589.47
	2	500		4117.03

1	2	3	4	5
	3	500		3323.15
	4	500		1661.51
आर. गांधी सीसीपीपी (लिक्वि.)	1	115.2	केरल	454.74
	2	115.2		531.79
	3	129.18		562.12
कहलगांव टीपीएस	1	210	बिहार	1478.58
	2	210		1413.68
	3	210		1412.32
	4	210		1499.17
	5	500		2884.73
	6	500		3302.56
	7	500		2716.41
तालचेर (ओल्ड) टीपीएस	1	62.5	ओडिशा	523.47
	2	62.5		525.64
	3	62.5		505.87
	4	62.5		526.05
	5	110		906.28
	6	110		892.01
तालचेर एसटीपीएस	1	500		3712.89
	2	500		3406.87
	3	500		3827.3
	4	500		3665.81
	5	500		3493.19
	6	500		3340.17
फरक्का एसटीपीएस	1	200	पश्चिम बंगाल	1216.45
	2	200		1305.77
	3	200		1145.98

1	2	3	4	5
	4	500		3013.62
	5	500		2345.98
	6	500		2605.35
एनएचपीसी को दी गई				
बैरा सिउल एचपीएस	1	66	हिमाचल प्रदेश	242.23
	2	66		251.75
	3	66		227.36
चमेरा-I एचपीएस	1	180	हिमाचल प्रदेश	833.45
	2	180		711.1
	3	180		897.82
चमेरा-II एचपीएस	1	100		447.6
	2	100		507.99
	3	100		477.7
चमेरा-III एचपीएस	1	77		199.04
	2	77		254.46
	3	77		262.79
सलल एचपीएस	1	115	जम्मू और कश्मीर	460.36
	2	115		595.16
	3	115		687.57
	4	115		444.15
	5	115		436.37
	6	115		653
उरी-I एचपीएस	1	120		830.29
	2	120		824.7
	3	120		630.36
	4	120		681.59

1	2	3	4	5
दुलहस्ती एचपीएस	1	130		660.49
	2	130		694.19
	3	130		688.75
सेवा-I एचपीएस	1	40		76.78
	2	40		205.09
	3	40		202.4
चूटक एचपीएस	1	11		0.96
	2	11		7.94
	3	11		4.85
	4	11		0.81
टनकपुर एचपीएस	1	31.4	उत्तराखंड	175.73
	2	31.4		175.73
	3	31.4		129.37
धौलीगंगा एचपीएस	1	70		276.06
	2	70		268.17
	3	70		324.06
	4	70		268.36
तीस्ता-V एचपीएस	1	170	सिक्किम	815.3
	2	170		809.76
	3	170		643.34
रंगित एचपीएस	1	20		103.84
	2	20		115.67
	3	20		108.59
लोकटक एचपीएस	1	35	मणिपुर	196.02
	2	35		179.88
	3	35		204.51

प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम से छूट

1295. श्री धर्मेन्द्र यादव :
श्री अधलराव पाटील शिवाजी :
श्री आनंदराव अडसुल :
श्री गजानन ध. बाबर :

क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा शुरू की गई घाटे में चलने वाले बैंकों के बलात विलय हेतु प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम से पूर्णरूपेण छूट के लिए उक्त बैंक के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या केन्द्रीय बैंक ने प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम की धारा 5 से 6 के अंतर्गत छूट मांगी थी जिसमें विलय से पहले सरकार की पूर्वानुमति आवश्यक होती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या आरबीआई ने ग्लोबल ट्रस्ट बैंक का ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स एवं अन्य बैंकों से बलात विलय हेतु इस धारा को लागू किया था; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) से (घ) सरकार ने दिनांक 08.01.2013 की अधिसूचना द्वारा पहले ही प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 की धारा 5 और 6 के प्रावधानों से एक बैंकिंग कंपनी को छूट प्रदान की है, जिसके संबंध में अन्य बैंकिंग संस्थानों के साथ इसके समामेलन के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 45 के तहत एक अधिसूचना जारी की गई है। ये प्रावधान अधिग्रहण, समामेलन और विलय को विनियमित करने के लिए प्रतिस्पर्द्धा आयोग के क्षेत्राधिकार से संबंधित हैं।

(ङ) और (च) ग्लोबल ट्रस्ट बैंक का ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के साथ समामेलन 14 अगस्त, 2004 से हुआ है जब अधिग्रहण, समामेलन और विलयों से संबंधित प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम की धारा 5 और 6 लागू नहीं थीं। ये धाराएं 01 जून, 2011 से ही लागू हुई हैं।

[अनुवाद]

पानी का विवेकपूर्ण उपयोग

1296. श्री नलिन कुमार कटील : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में किसानों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए राज्य सरकारों को कोई वित्तीय सहायता प्रदान करती है; और

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार कर्नाटक सहित सभी राज्यों को आवंटित और जारी निधियां कितनी हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) जी, हां। जल संसाधन मंत्रालय, राज्य सरकारों द्वारा निष्पादित विभिन्न कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं के माध्यम से कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन कार्यक्रम (सीएडीडब्ल्यूएम) के तहत किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शन और अनुकूली परीक्षण हेतु केन्द्रीय सहायता मुहैया करता है।

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान सीएडीडब्ल्यूएम कार्यक्रम, जो कि प्रशिक्षण घटक को भी शामिल करता है, के तहत जल संसाधन मंत्रालय द्वारा जारी निधि का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

वर्ष 2010-11 से 2013-14 तक कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (सीएडी एवं डब्ल्यूएम) कार्यक्रम के तहत जारी राज्य-वार केन्द्रीय सहायता

क्र. सं.	राज्य का नाम	2010-11 (लाख रुपए में)	2011-12 (लाख रुपए में)	2012-13 (लाख रुपए में)	2013-14 (लाख रुपए में)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	3	0.00	0.00	0.00

1	2	3	4	5	6
2.	अरुणाचल प्रदेश	0.00	56.39	168.84	0.00
3.	असम	40.98	0.00	269.48	0.00
4.	बिहार	226.00	2943.86	3000.00	0.00
5.	छत्तीसगढ़	8285.09	1392.17	2000.00	0.00
6.	गोवा	80.56	6.42	178.85	0.00
7.	गुजरात	893.86	682.00	1791.50	0.00
8.	हरियाणा	4767.24	5800.62	5515.26	0.00
9.	हिमाचल प्रदेश	0.00	0.00	0.00	0.00
10.	जम्मू और कश्मीर	2250.19	2005.52	3156.69	0.00
11.	झारखंड	0.00	0.00	0.00	0.00
12.	कर्नाटक	5341.51	5308.00	3952.92	0.00
13.	केरल	106.25	418.08	28.00	0.00
14.	मध्य प्रदेश	1000.00	5510.11	2257.71	0.00
15.	महाराष्ट्र	0.00	2148.27	409.25	0.00
16.	मणिपुर	1200.00	927.02	775.42	0.00
17.	मेघालय	25.52	0.00	0.00	0.00
18.	मिज़ोरम	0.00	13.00	0.00	0.00
19.	नागालैंड	0.00	15.00	0.00	0.00
20.	ओडिशा	3563.07	3102.85	2341.79	0.00
21.	पंजाब	6000.00	3000.00	0.00	8131.17
22.	राजस्थान	0.00	2244.07	1744.41	0.00
23.	सिक्किम	0.00	0.00	0.00	0.00
24.	तमिलनाडु	1500.00	2999.82	1030.82	0.00
25.	त्रिपुरा	0.00	0.00	0.00	0.00
26.	उत्तर प्रदेश	7000.00	10000.00	7597.79	0.00
27.	उत्तराखंड	0.00	0.00	0.00	0.00
28.	पश्चिम बंगाल	690.95	0.00	0.00	0.00
	कुल	45640.31	48573.20	36518.73	8131.17

[हिन्दी]

मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी

1297. श्री पी.सी. मोहन :
श्री अरविन्द कुमार चौधरी :
श्रीमती सारिका देवेन्द्र सिंह बघेल :
श्रीमती सीमा उपाध्याय :
श्रीमती सुस्मिता बाउरी :
श्री महेश्वर हजारी :
श्रीमती पुतुल कुमारी :
श्री हर्ष वर्धन :
श्री एम. कृष्णास्वामी :
श्री के. सुधाकरण :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाने का है;

(ख) क्या सरकार का विचार योजना के अंतर्गत बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने के लिए निधि को सीधे पंचायत को देने की जगह सरकार की कुछ एजेन्सियों के माध्यम से देने का है, तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गत तीन वर्षों के दौरान मनरेगा के अंतर्गत भुगतान की गई मजदूरी और मुद्रास्फीति की दर के बीच कोई मूल्यांकन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) योजना के अंतर्गत आज तक कितनी बार मजदूरी में वृद्धि की गई है;

(च) क्या सरकार का विचार मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी दिवस को भी बढ़ाने का है;

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ज) क्या सरकार ने राष्ट्रीय सांख्यिकी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित पैनल को समाप्त कर दिया है और मनरेगा के कामगारों के लिए नया मजदूरी सूचकांक तैयार करने हेतु उनके स्थान पर नई समिति गठित की है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(झ) क्या नई समिति से यह कहा गया है कि वह मुद्रास्फीति संघटक के संबद्ध मजदूरी सूचकांक कारकों की समीक्षा करें तथा 2014 और उसके बाद प्रत्येक पांच वर्षों में आधार सूचकांक के निर्धारण के तरीके विकसित करें तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) से (ङ) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत मजदूरी दरों को अधिनियम की धारा 6 (1) के अधीन अधिसूचित किया जाता है। मनरेगा कामगारों की मजदूरी को महंगाई के विपरीत संरक्षित करने हेतु केन्द्र सरकार कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआईएएल) में कीमतों की बढ़ोतरी के आधार पर मनरेगा मजदूरी दरों में वार्षिक रूप से वृद्धि करती है। योजना के प्रारंभ से, मनरेगा मजदूरी दरों में 5 मुख्य अधिसूचनाओं तथा तत्संबंधी में संशोधनों के माध्यम से वृद्धि की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार मनरेगा कामगारों को मजदूरी बैंक/डाकघर खातों के माध्यम से दी जानी सुनिश्चित की गई है। मंत्रालय ने ग्राम पंचायत स्तर पर बायोमैट्रिक सुविधा का प्रयोग करते हुए मजदूरी के संवितरण के मामले को बैंकों/डाक विभाग के साथ उठाया गया है।

(च) और (छ) जी नहीं, महोदया। राज्य की आवश्यकताओं और वित्तीय उपलब्धता के आधार पर विशेष परिस्थितियों, जैसे प्राकृतिक आपदाओं और सूखा की स्थितियों के मामलों में मनरेगा के अंतर्गत श्रम दिवस बढ़ाने हेतु विचार किया जाता है।

(ज) और (झ) मनरेगा मजदूरी दरों के लिए पृथक सूचकांक का सृजन करने हेतु ढांचा तैयार करने के संबंध में प्रक्रिया विधि विकसित करने के लिए भारत सरकार ने डॉ. प्रणव सेन भारत के तत्कालीन मुख्य सांख्यिकीयविद और सचिव (सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन) की अध्यक्षता में पूर्व में एक समिति का गठन किया था। समिति ने अभी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। उसके बाद की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए दिनांक 15.10.2013 को प्रोफेसर एस. महेन्द्रा देव, निदेशक (उप कुलपति) इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान, मुंबई की अध्यक्षता में (i) मजदूरी दरों को महंगाई के विपरीत संरक्षित करते हुए प्रत्येक वर्ष मनरेगा मजदूरी दरों में वृद्धि करने के लिए एक उपयुक्त सूचकांक तथा (ii) 2014 में तथा उसके बाद प्रत्येक 5 वर्षों में बेसलाइन पुनः निर्धारित करने की प्रक्रिया पर सुझाव देने हेतु एक नई समिति का गठन किया गया।

[अनुवाद]

क्रू प्रबंधन प्रणाली

1298. श्री प्रदीप माझी : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एअर इंडिया ने नई क्रू प्रबंधन प्रणाली आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नई प्रणाली की मुख्य विशेषताओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) नई प्रणाली किस स्तर तक पारदर्शी होगी?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) जी हां। एअर इंडिया ने शियोरे डिजिटल सिस्टम द्वारा एआरएमएस (एविएशन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम) नाम का नई क्रू प्रबंधन प्रणाली आरंभ की है। वाईड बॉडी (डब्ल्यूबी) और नेरो बॉडी (एनबी) के केबिन क्रू के लिए ऑटो रोस्टर परीक्षण क्रमश: नवंबर/दिसंबर, 2012 एवं जनवरी, 2013 में आरंभ हो गए हैं। वाईड बॉडी (डब्ल्यूबी) एवं नैरो बॉडी (एनबी) के लिए पूर्ण ऑटो रोस्टर क्रमश: फरवरी और मई, 2013 में कार्यान्वित किया गया था।

(ग) नई प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:—

(i) रोस्टर केवल एआरएमएस क्रू पोर्टल पर प्रकाशित होता है; जबकि क्रू को अपनी ड्यूटीज/संस्वीकृत छुट्टी/कंपनी परिपत्रों/नागर विमानन महानिदेशालय के परिपत्रों को देखने के लिए लॉग-इन करना पड़ता है;

(ii) सभी छुट्टी के आवेदन क्रू-पोर्टल के माध्यम से किए जाते हैं;

(iii) प्रणाली केवन नागर विमानन महानिदेशालय की नियमावली के अनुसार बनाई गई है;

(iv) 6 से 12 महीने की अवधि से अधिक उड़ान घंटों की जानकारी देती है;

(v) 6 से 12 महीने की अवधि से अधिक सेक्टर्स/ट्रिप्स के वितरण की जानकारी देती है;

(vi) ड्यूटियों का स्वत: निर्धारण;

(vii) क्रू-लीव की ट्रैकिंग;

(viii) ऑफिस ड्यूटीज/अन्य ड्यूटीज की ट्रैकिंग;

(ix) क्रू प्रशिक्षण की प्लानिंग और ट्रैकिंग;

(x) एसएमएस/ई-मेल द्वारा क्रू को दी गई ड्यूटीज में बदलाव; और

(xi) एआरएमएस के माध्यम से उड़ान के पश्चात पायलट सेक्टर रिपोर्ट का अद्यतन।

(घ) यह प्रणाली पूर्णत: पारदर्शी है क्योंकि प्रत्येक प्रविष्टि और प्रत्येक प्रयोगकर्त्ता की पहचान की जा सकती है।

[हिन्दी]

ग्राम विद्युतीकरण

1299. श्री हरीश चौधरी :
श्री बद्रीराम जाखड़ :
श्री अनुराग सिंह ठाकुर :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत गांवों के विद्युतीकरण के लिए क्या मानदंड हैं तथा क्या ये अपर्याप्त हैं क्योंकि यह लोगों की आवश्यकता को पूरा नहीं करती;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त मानदंड में संशोधन करने के लिए यदि कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लंबित है, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार एक गांव को तभी विद्युतीकृत घोषित करने का है जब ऐसे गांव में विशिष्ट प्रकार से बिजली प्रदान की जाती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश विशेषकर राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर में विद्युतीकरण के लिए अभी भी बचे गांवों का ब्यौरा क्या है तथा चालू वर्ष के दौरान देश में गांवों के विद्युतीकरण के लिए राज्य-वार क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) वर्ष 2004-05 से प्रभावी राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) दिशा निर्देशों के अनुसार, गांव विद्युतीकृत माना जाता है यदि:—

(i) आवासीय क्षेत्र और दलित बस्ती/पुरवे जहां ये मौजूद हैं, में मूलभूत संरचनाएं जैसे वितरण ट्रांसफार्मर और वितरण लाइनें उपलब्ध कराई जाती हैं।

(ii) सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूलों, पंचायत कार्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, औषधालयों, सामुदायिक केन्द्रों इत्यादि को बिजली उपलब्ध कराई जाती है; और

(iii) विद्युतकृत घरों की संख्या गांव में कुल घरों की संख्या कम से कम 10% होनी चाहिए।

(ङ) आरजीजीवीवाई के अंतर्गत, 648 परियोजनाएं (10वीं योजना

के दौरान 235 परियोजनाएं, 11वीं योजना के दौरान 341 परियोजनाएं और 11वीं योजना के चरण-II के दौरान 72 परियोजनाएं) संस्वीकृत की गई थीं जिनमें देश में 1,12,225 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों (यूईवी) का विद्युतीकरण और 3,83,372 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों (पीईवी) का गहन विद्युतीकरण शामिल था। संचयी रूप से दिनांक 15.11.2013 की स्थिति के अनुसार स्कीम के अंतर्गत 1,07,752 यूई गांवों, 3,03,406 पीई गांवों में विद्युतीकरण कार्य पूरे कर लिए गए हैं। यूई गांवों और पीई गांवों की राज्य-वार कवरेज और उपलब्धि संलग्न विवरण-I पर है।

648 परियोजनाओं के अतिरिक्त, 93 यूई गांवों और 28576 पीई गांवों के विद्युतीकरण को शामिल करते हुए 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरजीजीवीवाई के अंतर्गत 39 परियोजनाएं (5-मध्य प्रदेश, 6-उत्तर प्रदेश और 28 राजस्थान) संस्वीकृत की गई हैं।

जिला जैसलमेर और बाड़मेर की आरजीजीवीवाई परियोजनाएं क्रमश: 22.02.2006 और 27.05.2009 को संस्वीकृत की गई थीं। दिनांक 15.11.2013 की स्थिति के अनुसार, जैसलमेर और बाडमेर जिलों के संबंध में यूई गांवों और पीई गांवों की कवरेज और उपलब्धि निम्नानुसार है:—

जिला	गैर-विद्युतीकृत गांव		आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांव	
	कवरेज	उपलब्धि	कवरेज	उपलब्धि
जैसलमेर (10वीं योजना)	98	98 (100%)	348	322 (93%)
बाडमेर (10वीं योजना)	647	647 (100%)	1200	1200 (100%)

उपर्युक्त के अतिरिक्त, दिनांक 24.09.2013 को 12वीं योजना में आरजीजीवीवाई के अंतर्गत जिला जैसलमेर के लिए एक परियोजना भी संस्वीकृत की गई है जिसमें 171.93 करोड़ रुपए की परियोजना लागत से 543 पीई गांवों का विद्युतीकरण शामिल है।

चालू वर्ष अर्थात् वर्ष 2013-14 के दौरान आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गैर/निर्विद्युतीकृत गांव के राज्य-वार लक्ष्य और उपलब्धि संलग्न विवरण-II पर है।

विवरण-I

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गैर-विद्युतीकृत गांवों और आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों की राज्य-वार कवरेज और उपलब्धि

15.11.2013 के अनुसार

क्र. सं.	राज्य	गैर-विद्युतीकृत गांव		आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांव	
		कवरेज	उपलब्धि	कवरेज	उपलब्धि
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	0	0	26628	26628
2.	अरुणाचल प्रदेश	2081	1855	1526	1134
3.	असम	8241	8069	12907	12502
4.	बिहार	24295	22917	18639	5373
5.	छत्तीसगढ़	1736	1143	16099	13102
6.	गुजरात	0	0	16350	16280
7.	हरियाणा	0	0	6593	4676
8.	हिमाचल प्रदेश	95	83	12734	10534
9.	जम्मू और कश्मीर	234	192	3247	3018
10.	झारखंड	18747	18117	6099	5758

1	2	3	4	5	6
11.	कर्नाटक	62	62	25349	24740
12.	केरल	0	0	1272	473
13.	मध्य प्रदेश	886	627	49327	26593
14.	महाराष्ट्र	0	0	41921	36763
15.	मणिपुर	882	616	1378	585
16.	मेघालय	1866	1705	3239	2484
17.	मिज़ोरम	137	109	570	346
18.	नागालैंड	105	91	1169	1078
19.	ओडिशा	14728	14397	29329	25742
20.	पंजाब	0	0	6580	6030
21.	राजस्थान	4237	4155	34449	33422
22.	सिक्किम	25	25	413	383
23.	तमिलनाडु	0	0	10402	9673
24.	त्रिपुरा	148	143	658	623
25.	उत्तर प्रदेश	28006	27750	22973	2982
26.	उत्तराखंड	1512	1511	9263	9221
27.	पश्चिम बंगाल	4202	4185	24258	23263
	कुल	112225	107752	383372	303406

विवरण-II

चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों के राज्य-वार लक्ष्य और उपलब्धि

क्र. सं.	राज्य	लक्ष्य	उपलब्धि (15.11.2013 के अनुसार)
1	2	3	4
1.	अरुणाचल प्रदेश	406	155
2.	असम	219	50
3.	बिहार	826	187
4.	छत्तीसगढ़	525	72
5.	हिमाचल प्रदेश	12	0
6.	जम्मू और कश्मीर	61	16
7.	झारखंड	362	31
8.	मध्य प्रदेश	45	31
9.	मणिपुर	264	0

1	2	3	4
10.	मेघालय	212	51
11.	मिज़ोरम	43	15
12.	नागालैंड	17	3
13.	ओडिशा	204	52
14.	राजस्थान	99	18
15.	त्रिपुरा	1	0
16.	पश्चिम बंगाल	4	0
	कुल	3300	681

पेयजल

1300. श्री मनसुखभाई डी. वसावा :
श्री रतन सिंह :

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार जनप्रतिनिधियों से राज्य सरकारों को पेयजल की आपूर्ति कराने के संबंध में प्राप्त शिकायतों को अग्रेषित करती है;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य सरकारों से उक्त अभ्यावेदनों के संबंध में कोई रिपोर्ट मांगी गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या प्रक्रिया अपनाई गई है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) जन-प्रतिनिधियों से बसावटों में हैंडपम्प लगाने/ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं को लागू करने के लिए प्राप्त प्रस्तावों को उच्च प्राथमिकता दी जाती है। इन प्रस्तावों को संबंधित राज्य सरकारों को भेजा जाता है, क्योंकि राज्यों को योजनाओं की रूपरेखा बनाने, अनुमोदित करने और कार्यान्वित करने के लिए शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्लूपी) के दिशा-निर्देशों के पैरा 15.3 में निहित प्रावधानों के अनुसार, संसद सदस्य से उनके चुनाव क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली बसावटों में हैंडपम्प लगाने/ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं को लागू करने के लिए प्राप्त प्रस्तावों को उच्च प्राथमिकता दी जाती है। संसद सदस्यों से प्राप्त ऐसे प्रस्ताव, राज्यों की वार्षिक परियोजनाओं में सम्मिलित किए जाने के लिए राज्य ग्रामीण पेयजल विभाग को अग्रेषित किए जाते हैं।

इस संबंध में मंत्रालय द्वारा संसद सदस्यों को भी सूचित किया जाता है।

सतर्कता और निगरानी समितियां

1301. श्री रतन सिंह :
डॉ. संजय सिंह :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान जिला सतर्कता और निगरानी समिति द्वारा शिकायतों की जांच के दौरान जवाबदेह पाए गए किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान शिकायत पाने पर किन-किन व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है;

(घ) कोई कार्रवाई न किए जाने की दशा में, उक्त समितियों के गठन का क्या औचित्य है; और

(ङ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) से (ग) सतर्कता एवं निगरानी समितियों के दिशा-निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी प्रावधान किया गया है कि जिला-स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति किसी भी मामले को जांच-पड़ताल हेतु डीसी/सीईओ/पीडी को भेज सकती है या उसे नियम के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई करने का सुझाव दे सकती है जिस पर वह 30 दिनों के भीतर कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही दिशा-निर्देशों में यह भी प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकार से संबंधित किसी भी मुद्दे पर कार्रवाई हेतु समिति अपनी टिप्पणी/सिफारिश उसे भेजेगी और किसी भी प्रकार का घोर उल्लंघन पाए जाने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय को इसके बारे में सूचित किया जाएगा। तथापि, मंत्रालय को इस प्रकार के किसी भी घोर उल्लंघन की जानकारी नहीं मिली है।

(घ) और (ङ) जैसा कि ऊपर बताया गया है, दिशा-निर्देशों में की गई व्यवस्था के अनुसार संबंधित जिला/राज्य प्राधिकरण उपयुक्त कार्रवाई करेंगे।

मोतीपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म सुविधाओं और रेल उपरिपुल की अनुपलब्धता

1302. डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य-पूर्व रेल के अंतर्गत मोतीपुर स्टेशन पर यात्री आवागमन के लिहाज से प्लेटफॉर्मों, जल सेवा, शौचालयों, विद्युत सेवा और रेल उपरिपुल-सुविधा की अनुपलब्धता;

(ख) क्या रेल यात्री संघ ने उक्त रेलवे स्टेशन पर इन बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और स्टेशन के विकास की मांग की है; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में की गई कार्रवाई/की जा रही कार्रवाई ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) पूर्व मध्य रेलवे में मोतीपुर एक "ई" कोटि का स्टेशन है जहां एक निचली सतह का प्लेटफार्म, पीने के पानी की सुविधाएं, दो शौचालय आदि पहले से ही मुहैया करा दिए गए हैं। यह स्टेशन पहले से ही विद्युतीकृत है।

(ख) जी, हां।

(ग) दूसरा प्लेटफार्म निर्माणाधीन है। इस समय स्टेशन पर कोई उपरि पैदल पुल मुहैया नहीं कराया गया है क्योंकि यहां केवल एक ही प्लेटफार्म है।

भारतीय विमानपत्तन अधिकरण की भूमि पर अतिक्रमण

1303. श्री निखिल कुमार चौधरी : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश के विभिन्न भागों में भारतीय विमानपत्तन अधिकरण (एएआई) के अधीन क्षेत्र में अतिक्रमण के बारे में सूचना प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस अतिक्रमण के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार इन अतिक्रमणों को हटाने में कठिनाई का सामना कर रही है;

(ङ) पिछले तीन वर्षों में और आज की तिथि तक, विमानपत्तनों के अधीनस्थ कुल कितनी भूमि से अतिक्रमण हटाए गए हैं; और

(च) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) जी, हां। विमानपत्तन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण पर है।

(ग) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा भूमि/अतिक्रमण के उचित रिकॉर्ड के बगैर ही भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को सौंप दी गई थी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को भूमि सौंपने के समय ही अधिकांश अतिक्रमण पहले से ही अस्तित्व में थे।

(घ) जी, हां।

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान हटाए गए अतिक्रमणों का ब्यौरा विमानपत्तन-वार सूची दर्शाते हुए संलग्न विवरण-II पर हैं।

(च) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अतिक्रमणों से अपनी भूमि के बचाव के लिए पहले से ही घेराबन्दी/चारदीवारी का निर्माण आरंभ कर दिया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने संबंधित राज्य सरकारों के समन्वयन से अतिक्रमणों को हटाने के लिए अतिक्रांताओं के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही भी आरंभ कर दी है। तथापि, अधिकांश अतिक्रमण के मामले मुकदमेबाजी/न्यायाधीन के तहत हैं।

विवरण-I

28.11.2013 तक विमानपत्तन/संचार स्टेशनों पर अतिक्रमण

क्र. सं.	विमानपत्तन के नाम	राज्य	अतिक्रमण (एकड़ में)	विमानपत्तन/क्षेत्र
1	2	3	4	5
1.	अहमदाबाद	गुजरात	11.660	पश्चिमी क्षेत्र
2.	इलाहाबाद	उत्तर प्रदेश	3.690	उत्तरी क्षेत्र
3.	भोपाल	मध्य प्रदेश	127.410	पश्चिमी क्षेत्र
4.	दहीसर	महाराष्ट्र	12.000	पश्चिमी क्षेत्र

1	2	3	4	5
5.	गया	बिहार	30.230	पूर्वी क्षेत्र
6.	गुवाहाटी	असम	0.030	पूर्वी क्षेत्र
7.	हैदराबाद	आंध्र प्रदेश	119.820	दक्षिणी क्षेत्र
8.	जूहू	महाराष्ट्र	38.150	पश्चिमी क्षेत्र
9.	खजुराहो	मध्य प्रदेश	0.247	उत्तरी क्षेत्र
10.	कोलकाता	पश्चिम बंगाल	11.070	कोलकाता
11.	कोटा	राजस्थान	49.250	उत्तरी क्षेत्र
12.	लखनऊ	उत्तर प्रदेश	1.650	उत्तरी क्षेत्र
13.	मालदा	पश्चिम बंगाल	1.330	पूर्वी क्षेत्र
14.	नादिरगुल	आंध्र प्रदेश	5.790	दक्षिणी क्षेत्र
15.	नीलगुंज	पश्चिम बंगाल	8.500	पूर्वी क्षेत्र
16.	पुद्दुचेरी	यूटी	2.035	दक्षिणी क्षेत्र
17.	पोर्टब्लेयर	यूटी	0.140	पूर्वी क्षेत्र
18.	रिंगुस	राजस्थान	0.440	उत्तरी क्षेत्र
19.	सफदरजंग	दिल्ली	0.000	उत्तरी क्षेत्र
20.	सतना	मध्य प्रदेश	40.000	उत्तरी क्षेत्र
21.	शिमला	हिमाचल प्रदेश	0.005	उत्तरी क्षेत्र
22.	सिल्चर	असम	0.300	पूर्वोत्तर क्षेत्र
23.	त्रिची	तमिलनाडु	1.530	दक्षिणी क्षेत्र
24.	विशाखापत्तनम	आंध्र प्रदेश	1.920	दक्षिणी क्षेत्र
25.	वारंगल	आंध्र प्रदेश	11.000	दक्षिणी क्षेत्र
			478.197	
26.	सीएसआई, हवाईअड्डा, मुंबई	महाराष्ट्र	308.000	मुंबई*
		कुल	786.197	

*पुनर्संरचना पर, दिनांक 03.05.06 को सीएसआई विमानपत्तन मैसर्स मुंबई अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्रा. लिमिटेड को सौंप दी गई हैं।

विवरण-II

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण विमानपत्तनों पर पिछले तीन वर्षों के दौरान हटाए गए अतिक्रमण

क्र.सं.	एयरपोर्ट	वर्ष	अतिक्रमण हटाना
1.	कोटा	2011-12	2.471
2.	सिल्चर	2011-12	0.333
3.	उदयपुर	2012-13	1.74
4.	सफदरजंग	2012-13	0.925

राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का डिजिटलीकरण

1304. **श्री पूर्णमासी राम : क्या अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सभी राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का डिजिटलीकरण कराने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने अभिलेखों का क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटलीकरण करने में सक्षम कंपनियों की पहचान की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) जी, हां। वक्फ संबंधी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 9वीं रिपोर्ट की सिफारिश के आधार पर, केंद्र सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वक्फ बोर्डों को केंद्रीय वित्तीय सहायता देते हुए दिसम्बर, 2009 में राज्य वक्फ बोर्डों के रिकार्डों के कम्प्यूटरीकरण की योजना आरंभ की है।

(ख) योजना का मुख्य उद्देश्य अभिलेखों के रख-रखाव को सुप्रवाही बनाना, पारदर्शिता लाना तथा वक्फ बोर्डों के विभिन्न कार्यों/प्रक्रियाओं का कम्प्यूटरीकरण करना है। इसमें भारत की वक्फ प्रबंधन प्रणाली (डब्ल्यूएएमएसआई) नामक वेब-आधारित सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन तैयार करने की परिकल्पना की गई है। वामसी एक केंद्रीयकृत डाटाबेस है, जिसमें निम्नलिखित चार मॉड्यूल शामिल किए गए हैं:—

(i) औकाफ का पंजीकरण (वक्फ संपत्तियां)

(ii) मुतावल्ली विवरणी मूल्यांकन

(iii) औकाफ की पट्टेदारी का ब्यौरा; तथा

(iv) औकाफ के मुकद्दमों का पता लगाना।

इस योजना में सभी 30 राज्य वक्फ बोर्डों को केंद्रीय संगणक सुविधा-केंद्र (सीसीएफ) की स्थापना हेतु एकबारगी सहायता अनुदान देने की व्यवस्था है, जिसकी सूचना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार को दे दी जाती है। इसमें कम्प्यूटर कार्मिकों की सेवायें किराये पर लेने तथा हैंडहोल्डिंग प्रभार के लिए सहायता शामिल है। आदिनांक, 27 राज्य वक्फ बोर्डों को 13.68 करोड़ रुपए की रकम जारी की गई है। 26 राज्य वक्फ बोर्डों में सीसीएफ की स्थापना की गई है तथा 3,13,786 में से 2,61,112 वक्फ संपत्तियों की प्रविष्टि वामसी पंजीकरण मॉड्यूलों में की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों की डाटा एंट्री तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की वक्फ संपत्तियों के रिकार्डों के अंकीकरण के लिए भारत की वक्फ प्रबंधन प्रणाली (वामसी) नामक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करने का कार्य राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी), सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सौंपा है। एनआईसी का पैन इंडिया है जो क्षेत्रीय स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के वक्फ बोर्डों की सहायता करता है।

विवरण-I

31 अक्तूबर, 2013 की स्थिति के अनुसार वक्फ रिकॉर्ड कम्प्यूटरीकरण परियोजना की प्रगति

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के वक्फ बोर्डों का नाम	वक्फ सपंदा/ संपत्तियां	वामसी पंजीकरण मॉड्यूल			वामसी विवरण मॉड्यूल	वामसी पट्टेदारी मॉड्यूल	वामसी मुकद्दमेबाजी मॉड्यूल	
			वक्फ संपदा	अचल संपत्तियां	चल संपत्तियां			बाह्य	आंतरिक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	84	46	54					

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.	आंध्र प्रदेश	35703	1404	467					
3.	असम	300	300	338		994	11	7	
4.	बिहार (शिया)	227	220	572	16	20			
5.	बिहार (सुन्नी)	2418	2418	3304	18	41	7		
6.	चंडीगढ़	33	33	34					
7.	छत्तीसगढ़	800	800	1986		31		79	272
8.	दिल्ली	1962	1962	8					
9.	गुजरात	11592	—						
10.	हरियाणा	12510	12510	12601			93		
11.	हिमाचल प्रदेश	1099	945	2025					
12.	जम्मू और कश्मीर	214	1	1					
13.	कर्नाटक	27548	23030	20116					
14.	केरल	8291	8291	34340		156		294	260
15.	लक्षद्वीप	340	340	364		520		4	10
16.	मध्य प्रदेश	14827	14827	20081	140	645	142	377	2834
17.	महाराष्ट्र	6658	6658	17512	65	3041	1	7	
18.	मणिपुर	854	610	627					
19.	मेघालय	43	43	53	51	56			
20.	ओडिशा	3729	2730	4681					
21.	पुदुचेरी	45	45	586	254	201			
22.	पंजाब	24540	24540	34088			470		
23.	राजस्थान	18950	18111	22745		65			19
24.	तमिलनाडु	7237	7237	41027	5665	4105	1141	234	51
25.	त्रिपुरा	1869	1673	2354	50	14	2	2	
26.	उत्तराखंड	2054	2033	4239		12		1	
27.	उत्तर प्रदेश (सुन्नी)	123115	13637	13209	2				

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
28.	पश्चिम बंगाल	6744	4165	17438	1		6	2	
29.	दादरा और नगर हवेली	—	संपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण सहायता अनुदान जारी नहीं किया।						
30.	उत्तर प्रदेश (शिया)	—	संपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण सहायता अनुदान जारी नहीं किया।						
	योग	313786	148609	254850	6262	9301	1873	1007	3446

[अनुवाद]

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा मुद्दों पर पुनर्विचार

1305. श्री एस. अलागिरी :
डॉ. संजय सिंह :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने लोगों को सेवा प्रदान करने में उचित प्रतिस्पर्धा, सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्ध सेवाओं में समानता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा की गई सिफारिशों में से कुछ सिफारिशों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में 'ट्राई' से कोई सूचना प्राप्त हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने प्रस्तावित हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) से (ङ) मंत्रालय ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को प्रसारण क्षेत्र में मीडिया स्वामित्व के मुद्दों पर दिनांक 25 फरवरी, 2009 की उसकी पूर्व सिफारिशों पर पुनर्विचार करने के लिए 16 मई, 2012 को एक पत्र लिखा है। ट्राइ से मीडिया स्वामित्व के समस्त मुद्दों की जांच करने और निम्नलिखित बिंदुओं पर सिफारिशें मुहैया कराने के लिए अनुरोध किया गया है:—

- प्रसारण क्षेत्र के निष्पक्ष विकास का सुनिश्चियन करने के उद्देश्य से ऊर्ध्वाधर एकीकरण की समस्या का निदान करने वाले उपायों के बारे में सुझाव देना।
- किसी कंपनी द्वारा रेडियो, टेलीविजन और प्रिंट मीडिया पर स्वाामित्व, जिससे समाचारों व विचारों की बहुलता पर रोक लग सकती है, के बारे में प्रतिबंध लगाने संबंधी मुद्दों की जांच करना और उपाय सुझाना जिससे उचित कीमतों पर स्तरीय सेवाओं का सुनिश्चयन किया जा सके।

ट्राइ ने एक परामर्श-दस्तावेज जारी किया है जोकि उनकी वेबसाइट http://trai.gov.in पर उपलब्ध है। ट्राइ ने अपनी सिफारिशें प्रस्तुत नहीं की हैं।

[हिन्दी]

रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण

1306. राजकुमारी रत्ना सिंह :
श्री लक्ष्मण टुडु :
श्री हमदुल्लाह सईद :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में रेलवे के अंतर्गत भूमि का कुल कितना क्षेत्र है और क्या रेलवे ने कोई तत्संबंधी मूल्यांकन कराया है;

(ख) देश में रेलवे की भूमि/सम्पत्ति पर अतिक्रमण का जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे के पास ऐसे अतिक्रमणों की निगरानी और उनको रोकने के लिए कोई नीति/प्रावधान है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं,

(घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रेलवे द्वारा हटाए गए ऐसे अतिक्रमणों का जोन और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) रेलवे द्वारा इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) भारतीय रेल नेटवर्क में लगभग 11.25 लाख एकड़ भूमि क्षेत्र है।

(ख) 31.03.2013 तक, कुल 2316.84 एकड़ भूमि क्षेत्र पर अतिक्रमण था जिसका जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:—

रेलवे	क्षेत्र (एकड़ में)
1	2
मध्य	145.73
पूर्व	52.71
पूर्व मध्य	9.10
पूर्व तट	45.18
उत्तर	530.06
उत्तर मध्य	102.26
पूर्वोत्तर	64.00
पूर्वोत्तर सीमा	396.06
उत्तर पश्चिम	44.11
दक्षिण	152.25
दक्षिण मध्य	28.80
दक्षिण पूर्व	394.66
दक्षिण पूर्व मध्य	106.37
दक्षिण पश्चिम	40.15
पश्चिम	105.00
पश्चिम मध्य	100.38
कुल	2316.84

(ग) भारतीय रेल निर्माण नियामवली रेलवे भूमि पर अतिक्रमण का पता लगाने, उसकी रोकथाम करने और उसे हटाने से संबंधित है। भूमि की चाहरदीवारी की संपूर्णता तथा अतिक्रमण का पता लगाने के लिए नामित पदाधिकारियों द्वारा आवधिक निरीक्षण/सत्यापन किए जाते हैं। रेलवे भूमि/संपत्ति को अतिक्रमण से बचाने के लिए नियमित उपाय किए जाते हैं जिनमें संवेदनशील स्थानों पर चाहरदीवारी की व्यवस्था, बाड़ लगाना, वृक्षारोपण आदि शामिल हैं।

(घ) पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष (अक्टूबर, 2013 तक) के दौरान अतिक्रमणों को हटाने के बाद प्राप्त किए गए क्षेत्र का जोन-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

रेलवे	2010-11 क्षेत्रफल एकड़ में	2011-12 क्षेत्रफल एकड़ में	2012-13 क्षेत्रफल एकड़ में	2013-14 क्षेत्रफल एकड़ में
1	2	3	4	5
मध्य	0.71	5.15	6.11	0.00
पूर्व	0.00	0.29	0.00	0.00
पूर्व मध्य	12.79	1.69	0.20	0.08
पूर्व तट	7.71	34.43	0.00	0.00
उत्तर	1.05	12.04	1.90	10.69
उत्तर मध्य	0.00	0.66	20.08	0.00
पूर्वोत्तर	0.37	10.92	0.00	0.20
पूर्वोत्तर सीमा	2.37	15.37	2.57	5.87

1	2	3	4	5
उत्तर पश्चिम	0.88	0.00	1.95	9.93
दक्षिण	1.75	0.11	0.64	0.00
दक्षिण मध्य	1.80	2.92	1.28	0.62
दक्षिण पूर्व	0.91	3.74	3.60	0.97
दक्षिण पूर्व मध्य	0.00	14.51	0.12	0.00
दक्षिण पश्चिम	0.26	0.00	0.00	0.00
पश्चिम	1.98	0.00	13.12	0.10
पश्चिम मध्य	0.64	0.17	0.45	0.00

(ङ) अनाधिकृत अधिभोगियों को हटाने के लिए सार्वजनिक स्थल (अनाधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा, रेलवे द्वारा आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की सहायता से मामूली अतिक्रमण को भी हटाया जाता है।

[अनुवाद]

समर्पित माल-भाड़ा गलियारा परियोजनाएं

1307. श्री भक्त चरण दास :
श्री अर्जुन राम मेघवाल :
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समर्पित माल-भाड़ा गलियारा परियोजनाओं के विकास में हुई वृद्धि की गलियारा-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) तत्संबंधी अनुमानित लागत कितनी है और उक्त परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बनाए गए वित्तीय मॉड्यूल का गलियारा-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु गलियारा-वार क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(घ) रेलवे द्वारा उक्त परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का गलियारा-वार ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) दो डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर यथा पूर्वी कॉरिडोर (दानकुनी-लुधियाना, 1839 किलोमीटर) और पश्चिमी कॉरिडोर (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (जेएनपीटी) से दादरी, 1499 किलोमीटर) को स्वीकृति दी गई है। इन दो कॉरीडोरों के निर्माण की अनुमानित लागत, भूमि अधिग्रहण को छोड़कर और पूर्वी डीएफसी के सोनानगर-दानकुनी खंड को छोड़कर, 73,392 करोड़ रुपए है, (पूर्वी डीएफसी : 26,674 करोड़ रुपए और पश्चिमी डीएफसी: 46,718 करोड़ रुपए)। भूमि की अनुमानित लागत 8067 करोड़ रुपए है (पूर्वी डीएफसी: 3684 करोड़ रुपए और पश्चिमी डीएफसी: 4383 करोड़ रुपए)।

पश्चिमी डीएफसी को जापान इंटरनेशनल कोआपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। जेआईसीए वित्त पोषण 38,722 करोड़ रुपए आंका गया है (जापानी येन (जेपीवाई) 550 बिलियन) (विनिमय दर 1 रुपए = 1.42 जेपीवाई) जो परियोजना लागत का 77% है। जेआईसीए दो चरणों यथा चरण 1- रेवाड़ी-वडोदरा (930 किलोमीटर) और चरण 2- जेएनपीटी-वडोदरा और रेवाड़ी-दादरी (569 किलोमीटर) में वित्त पोषण कर रहा है। दोनों चरणों के वित्त पोषण के लिए समझौता हो गया है और चरण-1 के लिए 90 बिलियन जेपीवाई (6,300 करोड़ रुपए) और चरण-2 के लिए 136 बिलियन जेपीवाई (9,580 करोड़ रुपए) के पहले अंश के ऋण करार पर हस्ताक्षर हो गए हैं।

पूर्वी डीएफसी के 1183 किलोमीटर लंबे लुधियाना से मुगलसराय खंड का वित्तपोषण विश्व बैंक कर रहा है। विश्व बैंक का ऋण लगभग 13,625 करोड़ रुपए है (यूएस डालर 2.725 बिलियन) (विनिमय दर 1 यूएस डालर = 50 रुपए) जो परियोजना लागत का 66% है। विश्व बैंक तीन चरणों यथा चरण 1 — खुर्जा कानपुर (343 किलोमीटर), चरण 2 — कानपुर-मुगलसराय (393 किलोमीटर) और चरण-3 लुधियाना-खुर्जा-दादरी (440 किलोमीटर) में वित्त पोषण कर रहा है।

चरण-1 के लिए 975 मिलियन यूएस डालर (4,875 करोड़ रुपए) के ऋण करार पर हस्ताक्षर हो गए हैं। बजटीय संसाधनों के द्वारा काउंटरपार्ट वित्त पोषण किया जाना है। पूर्वी डीएफसी के मुगलसराय-सोननगर खंड 122 किमी का निर्माण और वैतरणा और भरुच के बीच 54 बड़े प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण रेलवे के संसाधनों द्वारा शुरू किया जा रहा है। पूर्वी डीएफसी के सोननगर-दानकुनी खंड के 534 किमी को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाना है और इसकी अनुमानित लागत 10,022 करोड़ रुपए आंकी गई है।

डीएफसी के लिए भूमि रेलवे संशोधन अधिनियम (आरएए) 2008 के तहत अधिग्रहित की जा रही है। परियोजना के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली 10,667 हैक्टेयर भूमि में से 9,180 हैक्टेयर भूमि (पश्चिमी डीएफसी : 5,444 हैक्टेयर और पूर्वी डीएफसी: 3,736 हैक्टेयर) के लिए आरएए 2008 की धारा 20 एफ के अंतर्गत प्रदान करने की घोषणा कर दी गई है।

पूर्वी डीएफसी पर रेल संसाधनों के माध्यम से मुगलसराय-सोननगर खंड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित 343 किमी. खुर्जा-कानपुर खंड का सिविल ठेका भी प्रदान कर दिया गया है। पश्चिमी डीएफसी पर जेआईसीए द्वारा वित्तपोषित चरण-1 के 625 किमी रेवाड़ी-पालनपुर खंड का सिविल ठेका प्रदान कर दिया गया है। रेलवे संसाधनों के माध्यम से वैतरणा और भरूच के बीच 54 बड़े और महत्त्वपूर्ण पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

(ग) पश्चिमी डीएफसी को 2018 में और पूर्वी डीएफसी को 2019 में चालू किए जाने का लक्ष्य है।

(घ) परियोजना को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ अलग संगठन यथा इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिा डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया निगम लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) स्थापित करना, निर्माण शुरू होने से पहले वित्तपोषण के लिए टाइ-अप करना और समय पर भूमि अधिग्रहण करना, परियोजना कार्यान्वयन की नियमित निगरानी करना और परियोजना के लिए अपेक्षित क्लीयरेंस प्राप्त करने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ सक्रिय समन्वय करने सहित कदम उठाए गए हैं।

[हिन्दी]

रेलगाड़ियों का पटरी से उतरना

1308. श्री अरविन्द कुमार चौधरी :
श्रीमती सुस्मिता बाउरी :
श्रीमती सारिका देवेन्द्र सिंह बघेल :
श्रीमती पुतुल कुमारी :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने हाल ही में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं में हुई अत्यधिक वृद्धि पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो जोन-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में रेलवे की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या रेलवे पटरियों में दरारें आने के कारण ऐसी घटनाओं में वृद्धि हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और रेलवे द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गयी है;

(ङ) ऐसी घटनाओं में कितने लोगों की जानें गईं और जोन-वार उनको कितनी क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है; और

(च) रेलवे द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) चालू वर्ष के अप्रैल से नवंबर, 2013 के दौरान, रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की परिणामी रेल दुर्घटनाओं की संख्या पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में 33 से बढ़कर 37 हो गई है। पटरी से उतरने की इन घटनाओं की जोन-वार संख्या का निम्नानुसार है।

अप्रैल से नवम्बर, 2013 के दौरान रेलगाड़ी के पटरी से उतरने का जोन-वार ब्यौरा

रेलव	रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की संख्या
1	2
मध्य	3
पूर्व मध्य	3
पूर्व तट	2
पूर्व	3
कोंकण	1
पूर्वोत्तर सीमा	2
उत्तर	7
उत्तर पश्चिम	2
दक्षिण मध्य	3

1	2
दक्षिण पूर्व	1
दक्षिण पूर्व मध्य	5
दक्षिण	2
पश्चिम मध्य	1
पश्चिम	2
कुल	37

जांच समितियों की अंतिम रिपोर्ट और प्रथम-दृष्यता के कारणों के आधार पर, उपरोक्त 37 रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की परिणामी दुर्घटनाओं में से, 28 रेल कर्मचारियों की विफलता से हुई थी, 2 रेल कर्मचारियों से अन्य की विफलता के कारण, 3 आकस्मिक कारकों के कारण, 2 तोड़फोड़ के कारण और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की घटनाओं की जांच की जा रही है।

(ग) और (घ) जी, नहीं। रेल की पटरी में दरार और जोड़ में विफलता के कारण पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल से नवंबर 2013 के दौरा रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की परिणामी दुर्घटनाओं में 10 से 8 तक की कमी आई है।

(ङ) अप्रैल से नवंबर, 2013 के दौरान, 5 व्यक्तियों (सभी यात्रियों ने) रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की परिणामी दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई है। इन 5 व्यक्तियों में से, 1 व्यक्ति ने दक्षिण रेलवे में गाड़ी संख्या 15228 (मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस) के पटरी से उतरने के कारण जान गंवाई है, 1 व्यक्ति ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर गाड़ी सं. 58804 डाउन पैसेन्जर के पटरी से उतरने में जान गंवाई है और 3 व्यक्तियों ने मध्य रेल पर गाड़ी सं. 12618 (मंगला-लक्षद्वीप एक्सप्रेस) के पटरी से उतरने में जान गंवाई है।

रेलवे द्वारा गाड़ी दुर्घटनाओं के पीड़ितों में लिए मुआवजा का भुगतान रेल दावा प्राधिकरण में दावाकर्ता द्वारा दायर किए गए दावे और पीड़ित व्यक्ति के पक्ष में प्राधिकरण द्वारा निर्णय दिए जाने के बाद किया जाता है तथा रेलवे द्वारा संतुष्ट होने पर ही डिक्री प्रदान की जाती है। अभी तक, रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की उपर्युक्त घटनाओं में प्राधिकरण द्वारा किसी भी दावे में डिक्री नहीं दी गई।

(च) रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय रेल द्वारा किए उपाय निम्नानुसार हैं:—

(i) प्री स्ट्रेसड कंक्रीट (पीएससी) स्लीपरों वाली रेलपथ संरचना का अपग्रेडेशन, उच्च धुरा भारों और उच्च घनत्व मार्गों के लिए 52 किग्रा/60 किग्रा की उच्च शक्ति वाली पटरियां, नया निर्माण और बदलाव केवल पीएससी स्लीपरों के साथ ही किया जाता है।

(ii) वेल्डिंग जोड़ों को कम करने के लिए 260 मी/130 मी लंबाई वाली लंबी पटरियों के पैनल को लगाना ताकि पटरियों की दरार से बचा जा सके।

(iii) एलुमिनों थर्मिट वेल्डिंग का उन्नयन और मोबाइल फ्लैश बट्ट वेल्डिंग का उपयोग बढ़ाना।

(iv) दोष का पता लगाने के लिए पटरियों की टेस्टिंग हेतु आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों जैसे अल्ट्रासोनिक रेल फ्ला डिटेक्टर (यूएसएफडी) का उपयोग।

(v) पटरियों की दरारों के लिए सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेल ग्राइडिंग मशीन का उपयोग।

(vi) साफिस्टिकेटिड मशीनों का उपयोग करके रेलपथ अनुरक्षण का उत्तरोत्तर मशीनीकरण ताकि सुरक्षित और कुशल आउटपुट मुहैया हो।

(vii) रेलपथ पर फ्लैट व्हीलों के असुरक्षित संचलन का पता लगाने के लिए रेलपथ के दोनों ओर व्हील इंपैक्ट लोड डिटेक्टर (डब्ल्यूआईएलडी)।

(viii) रात में और सर्दियों में गश्त सहित भेद्य स्थलों पर रेलपथों पर नियमित रूप से गश्त लगाना।

(xi) नियमित अंतरालों पर विशेष संरक्षा निरीक्षण अभियान।

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत ग्रामीण सड़कें

1309. श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकर :
श्रीमती भावना पाटील गवली :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी किसी संगठन/एजेंसी को सौंप दी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या यह संगठन अपना कार्य ठीक प्रकार से कर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इन संगठनों/एजेंसियों द्वारा मरम्मत की गई उक्त सड़कों के बारे में आंकड़े प्राप्त करने की प्रक्रिया कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य-तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचंद कटारिया) : (क) से (घ) ग्रामीण सड़क राज्य का विषय है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सड़कों के निर्माण के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार की एकबारगी पहल है। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों के निष्पादन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है और पीएमजीएसवाई के अनुसार मार्गदर्शिका के अनुसार, कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित सड़कों के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार की है। मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) के अनुसार पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित सभी सड़कें निर्माण कार्य के ठेके सहित उसी ठेकेदार के साथ किए जाने वाले शुरुआती पंचवर्षीय रख-रखाव ठेके में शामिल होती हैं। इस ठेके की पूर्ति के लिए रख-रखाव निधि प्रदान करने हेतु बजटीय प्रावधान राज्य करते हैं और ये निधियां एसआरआरडी एजेंसियों के पृथक रख-रखाव खाते में रखी जाती हैं। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत किए गए रख-रखाव कार्य की स्थिति का नियमित निरीक्षण राज्य गुणवत्ता निगरानीकर्ता (एसक्यूएम) और राष्ट्रीय गुणवत्ता निगरानीकर्ता (एनक्यूएम) द्वारा किया जाता है।

[अनुवाद]

इम्फाल हवाई अड्डा

1310. डॉ. थोकचोम मैन्या : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इम्फाल (तुलिहाल) हवाई अड्डे को पूर्ण रूप से प्रचालनात्मक अंतर्राष्ट्रीय इम्फाल हवाई अड्डे के रूप में परिवर्तित करने की कार्रवाई पूरी हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आप्रवास, सुरक्षा और सीमा-शुल्क क्लियरेंस हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, हां।

(ख) भारत सरकार के निर्णय के परिणामस्वरूप, दिनांक 18.11.2013 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा इम्फाल हवाईअड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा घोषित कर दिया गया है।

(ग) और (घ) आप्रवास, सुरक्षा और सीमा-शुल्क क्लियरेंस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं घोषणा के पूर्व ही कर ली गई हैं।

[हिन्दी]

उड़ानों को रद्द करना

1311. श्री वीरेन्द्र कुमार : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तकनीकी कारणों से उड़ानें रद्द करने में लगातार वृद्धि हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा तकनीकी कारणों से उड़ानें रद्द न हों यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाने प्रस्तावित हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) जी, नहीं। यह नहीं कहा जा सकता है कि तकनीकी कारणों से उड़ानें रद्द होने में लगातार वृद्धि हो रही है। तकनीकी कारणों से अक्टूबर, 2013 तक रद्द हुई उड़ानों का प्रतिशत विवरण इस प्रकार है:—

वर्ष	महीना	रद्द उड़ानें (तकनीकी कारणों के कारण) (प्रतिशतता)
2013	जनवरी	0.700
	फरवरी	0.548
	मार्च	0.345
	अप्रैल	0.242
	मई	0.238
	जून	0.455
	जुलाई	0.407
	अगस्त	0.416
	सितंबर	0.485
	अक्तूबर	0.454

यदि किसी विमान को तकनीकी कारणों से ग्राउंड किया जाता है, तो सामान्य पद्धति के अनुसार संबंधी प्रचालक समस्या के निवारण के लिए विमान विनिर्माता से सम्पर्क करता है।

तथापि, विमान की उड़नयोग्यता के अनुरक्षण के लिए यह मॉनिटरिंग की जाती है कि प्रचालक द्वारा विनियामक प्राधिकरण अथवा विनिर्माता द्वारा जारी किए गए उड़न योग्यता निदेश (एडी), सेवा बुलेटिन (एसबीएस) शामिल किए गए हैं अथवा नहीं।

महिला ग्रामीण समन्वयक

1312. श्री रवीन्द्र कुमार पांडेय : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए महिला ग्रामीण समन्वयक नियुक्त करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त कार्य योजना से महिलाओं को किस प्रकार लाभान्वित होने की संभावना है;

(घ) क्या ऐसी परियोजनाओं को जन-जातीय क्षेत्रों से शुरू किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) और (ख) जी, हां। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन (एनएमईडब्ल्यू) ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए तालमेल के मॉडल वाली परियोजना को बढ़ावा दे रहा है। इस मॉडल का मुख्य घटक ग्राम स्तर पर स्थापित किए जाने वाले महिला केन्द्र हैं। महिलाओं के लिए प्रथम संपर्क सूत्र का कार्य करने वाले इन केन्द्रों का नाम 'पूर्ण शक्ति केन्द्र' (पीएसके) है। ये केन्द्र जमीनी स्तर पर मुख्य कार्रवाई केन्द्र हैं, जिनके माध्यम से जमीनी स्तर पर महिलाओं को सेवाएं सुलभ कराई जाएंगी। इन केन्द्रों में कार्यरत महिला ग्रामीण समन्वयकर्ता (ग्राम समन्वयक) महिलाओं के पास "हम सुनेंगे नारी की बात" नारे के साथ जाएंगी। पीएसके परियोजना के प्रमुख घटक के तहत उन प्रक्रियाओं की जानकारी देने पर जोर दिया जाएगा, जिनसे जमीनी स्तर पर तालमेल की विभिन्न कार्यनीतियों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण करने में मदद मिलती है। ये पीएसके प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 ग्रामीण महिला समन्वयकर्ताओं (ग्राम समन्वयकों) की मदद से कार्य कर रहे हैं।

(ग) इन ग्राम समन्वयकों ने गांवों के परिवारों के साथ वैयक्तिक और पारिवारिक संबंध स्थापित कर लिए हैं। इन संबंधों से गांववासियों में भरोसे और अपनत्व की भावना उत्पन्न हुई। महिलाओं के लाभार्थ इन ग्राम समन्वयकों के प्रमुख योगदान इस प्रकार हैं:—

(i) विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांगता पेंशन, निर्मल भारत अभियान, दूसरी बेटी के जन्म पर सहायता, जननी सुरक्षा योजना योजना, स्व-सहायता समूह के गठन और इस कार्य में सहायता, पैन कार्ड/वोटर पहचान कार्ड/राशन कार्ड/आधार कार्ड इत्यादि जैसी सेवाएं/अधिकार पाने में महिलाओं की सहायता करना।

(ii) बेटियों के जन्म दिवस के सामुदायिक समारोह की योजना बनाना और ऐसे समारोहों का आयोजन करना।

(iii) यौन हिंसा और घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद करना।

(iv) स्कूल में बच्चों का दाखिला कराना तथा शिक्षा बीच में छोड़ चुके बच्चों को भी स्कूल में दाखिला कराना।

(v) महिलाओं के लिए लाभ के आवेदनों पर कार्रवाई करने तथा ये लाभ स्वीकृत करने में ग्राम सेवकों की सहायता करना।

(घ) और (ङ) जी, हां। यह परियोजना तीन जनजातीय ब्लॉकों वाले राजस्थान के पाली जिले सहित विभिन्न राज्यों के 21 जिलों में शुरू की गई है। अन्य जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में भी पीएसके चलाए जा रहे हैं।

ब्रह्मपुत्र पर बांध

1313. श्री दानवे साहेब पाटील :
डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :
श्री रमेन डेका :
श्री राजेन्द्र अग्रवाल :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे बांधों के अलावा अन्य और बांधों के निर्माण की स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसका हमारे देश पर क्या प्रभाव पड़ने की आशंका है;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले को चीन के साथ उठाया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर चीन की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) इस सिलसिले में देश के हित रक्षण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) से (ङ) हाल ही में जारी "चीन जनतांत्रिक गणराज्य के राष्ट्रीय आर्थिक एवं सामाजिक विकास संबंधी 12वीं पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा" से पता चलता है कि चीन प्राधिकारियों ने तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी की प्रमुख धारा पर कार्यान्वयन के लिए 3 और जल विद्युत परियोजनाएं अनुमोदित की हैं। जांगमु पर एक जल विद्युत परियोजना निर्माणाधीन है। भारत सरकार ब्रह्मपुत्र नदी पर होने वाले घटनाक्रमों की निगरानी करती है। निचला तटवर्ती राज्य होने के नाते भारत सरकार उच्च स्तरों समेत चीन के प्राधिकारियों को अपने विचारों और चिंताओं से अवगत करा दिया है। भारत ने चीन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि प्रति प्रवाह क्षेत्र में किसी कार्य से अनुप्रवाह वाले राज्यों के हितों को कोई नुकसान न पहुंचे। अक्टूबर, 2013 में माननीय प्रधान मंत्री की चीन यात्रा के दौरान दोनों सरकारों ने सीमा पार नदियों के विषय में सहयोग को मजबूत करने संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

[अनुवाद]

छत पर जल संचयन

1314. श्री अवतार सिंह भडाना :
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी :
श्री जे.एम. आरुन रशीद :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में छत पर वर्षा जल संचयन करना अनिवार्य बना दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस समय प्रत्येक वर्ष राज्य-वार कितने प्रतिशत वर्षा जल का संचयन किया जा रहा है और विभिन्न राज्यों द्वारा भवनों में वर्षा जल का संचयन सुनिश्चित करने हेतु राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार क्या तंत्र स्थापित किया गया है;

(ग) क्या कुछ राज्यों ने अपने क्षेत्रों में छत पर वर्षा जल संचयन को नहीं अपनाया है;

(घ) यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) क्या सरकार बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्षा जल संचयन हेतु आधुनिक प्रौद्योगिकी शुरू करने पर विचार कर रही है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) कई राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों ने कानून बनाकर अथवा नियम तथा विनियम तैयार कर अथवा भवन संबंधी उप नियमों में प्रावधान शामिल करके अथवा उपयुक्त सरकारी आदेशों से वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया गया है, जिसका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। राज्यों में संचित/बचाए गए वर्षा जल की मात्रा संबंधी आंकड़े किसी एक एजेंसी द्वारा नहीं रखे जाते हैं।

(ग) और (घ) चार राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों अर्थात जम्मू और कश्मीर, मणिपुर, मिज़ोरम और लक्षद्वीप में छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। जम्मू और कश्मीर में चूंकि जल विकास का स्तर बहुत निम्न है, राज्य इसके लिए किसी ऐसे विनियमन को अपनाने की आवश्यकता महसूस नहीं करता है। मिज़ोरम में, वर्षा जल संचयन पहले ही एक आम बात है, तथापि, राज्य सरकार ने इसे अनिवार्य बनाने के लिए कोई विनियमन लागू नहीं किया है। मणिपुर में, छत के वर्षा जल संचयन की प्रदर्शनात्मक परियोजनाएं राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही हैं। लक्षद्वीप में, जल विज्ञानीय स्थितियों के कारण, वर्षा जल संचयन की आवश्यकता को महसूस नहीं किया जाता है। इसके अलावा, पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के अधीन केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) गठित किया गया है और इस प्राधिकरण ने भूमि जल के कृत्रिम पुनर्भरण/वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने/अपनाने के उपायों को शुरू करने के लिए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और सभी संघ शासित प्रदेशों के प्रशासकों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। सीजीडब्ल्यूए ने भी वर्षा जल संचयन को अपनाने और भू-जल के पुनर्भरण के लिए केन्द्रीय और राज्य सरकार के कई संगठनों के साथ इस मामले को उठाया है। सभी राज्य/संघ शासित प्रदेशों को एक मॉडल विधेयक परिचालित किया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, वर्षा जल संचयन के प्रावधान हैं; ताकि वे भू जल के विनियमन तथा प्रबंधन हेतु भू जल विधान अधिनियमित कर सकें।

(ङ) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूए) ने "भारत में भूमि जल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए मास्टर योजना" शीर्षक से एक अवधारणात्मक दस्तावेज तैयार किया है जो भूमि जल संसाधन संवर्धन के लिए अतिरिक्त मानसून अपवाह का उपयोग करके देश में विभिन्न प्रकार के कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के ढांचों के निर्माण की परिकल्पना करता है। यह मास्टर योजना सभी राज्य सरकारों को परिचालित की गई थी और सार्वजानिक क्षेत्र में भी उपलब्ध है।

विवरण

छत पर जल संचयन से संबंधित विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से सांविधि/नियम/विनियम

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	की गई कार्रवाई
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश जलभूमि एवं वृक्ष अधिनियम, 2002 के अध्याय 3, धारा 17 (1) के अंतर्गत सभी आवासी, व्यवसायिक तथा अन्य परिसरों में निर्माण किए गए सभी नए और मौजूद भवनों तथा 200 वर्गमीटर से अधिक खुले क्षेत्र में निर्धारित समय में वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण करना अनिवार्य किया गया है, जिसमें असफल होने पर प्राधिकरण ऐसी वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण करा कर व्यय की गई लागत के साथ निर्धारित जुर्माना वसूल कर सकता है। नगरपालिका प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग ने अधिसूचित किया है कि सभी ग्रुप हाऊसिंग स्कीमों को वर्षा जल के संरक्षण तथा संचयन हेतु अपेक्षित सुविधाएं और अवसंरचना प्रदान की जाएगी। नगरपालिका प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग को जी.ओ. सं.185 दिनांक 5 मई, 2001 के तहत जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं तथा शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाओं द्वारा वर्षा जल संचयन संरचनाओं द्वारा वर्षा जल के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास करने का उल्लेख किया गया है। हैदराबाद के नगर निगम तथा आस पास की नगरपालिका और पंचायतों को वर्षा जल संचयन हेतु कुएँ खोदने का दायित्व सौंपा गया है।
2.	अरुणाचल प्रदेश	भवन उप-नियम में संशोधन के द्वारा छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया गया है।
3.	असम	गुवाहाटी विकास प्राधिकरण द्वारा भवन उप-नियमों में प्रावधान शामिल करने के माध्यम से 100 वर्गमीटर और इससे ऊपर के क्षेत्र के लिए छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया गया है।
4.	बिहार	बिहार भूमि जल (विकास एवं प्रबंधन का विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम 2006 को अधिनियमित किया गया है। अधिनियम के अध्याय III (खंड 18) में 1000 वर्ग मीटर या इससे अधिक क्षेत्र में भवन निर्माण की योजना को नगर-निगम/अन्य स्थानीय निकायों द्वारा अनुमति देने के लिए छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किए जाने का प्रावधान निर्धारित किया गया है।
5.	छत्तीसगढ़	500 वर्गफीट से अधिक के छत वाले क्षेत्र पर वर्षा जल संचयन को अपनाने हेतु नगरपालिका निगम रायपुर ने इसे अनिवार्य बनाया है।
6.	गोवा	द्वारा 2000 वर्ग मीटर, या अधिक भूमि के प्लाट क्षेत्र के अपार्टमेंटों सहित के आवासीय कांप्लैक्सों तथा गोवा सरकार 10,000 वर्ग मीटर या इससे अधिक भूमि के प्लाट पर बनी औद्योगिक इकाइयों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बना दिया गया है। पीडब्ल्यूडी गोवा से सरकारी भवनों के लिए वर्षा जल संचयन संरचनाएं आरंभ करने का अनुरोध किया गया है।
7.	गुजरात	मेट्रोपॉलीटन क्षेत्रों में अधिसूचित नियम हैं जिनके अंतर्गत वर्षा जल संचयन संरचनाओं के बिना कोई नई भवन योजना अनुमोदित नहीं की जाती है।

1	2	3
8.	हरियाणा	दिनांक 31 अक्तूबर, 2001 और 13 दिसंबर, 2002 की अधिसूचना के जरिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बना दिया गया है।
9.	हिमाचल प्रदेश	राज्य के शहरी क्षेत्र में निर्माण किए जाने वाले सभी भवनों के लिए वर्षा जल संचयन की प्रणाली की संस्थापना को अनिवार्य बना दिया गया हैं और वर्षा जल संचयन प्रणाली के बिना किसी भी भवन योजना को अनुमोदित नहीं किया जा सकता है। वर्षा जल संचयन प्रणाली के निर्माण को सभी विद्यालयों, सरकारी भवनों और विश्रामगृहों, भावी उद्योगों, बस स्टैंड इत्यादि के लिए अनिवार्य बना दिया गया है।
10.	झारखंड	रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने नवंबर, 2006 में नगर उप विधि में संशोधन किया और बहुआवासीय तथा वाणिज्यिक इकाइयों के लिए वर्षा जल संचयन और पुनर्भरण कुओं को अनिवार्य बना दिया।
11.	कर्नाटक	बंगलौर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के संशोधित नियमों के अनुसार 2400 वर्ग फीट या इससे अधिक भूमि के स्वामियों अथवा 1200 वर्ग फीट या इससे अधिक भूमि पर बनाई जाने वाली नई इमारत के प्रत्येक स्वामी के लिए वर्षा जल संचयन संरचनाओं को अनिवार्य किया गया है।
12.	केरल	केरल नगरपालिका भवन निर्माण नियम 1999 में वर्षा जल संचयन व्यवस्था को शामिल करके संशोधन किया गया है।
13.	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम (1984), नियम 78 (4) में वर्षा जल संचयन के अनिवार्य प्रावधान को शामिल किया गया है, जिसमें 140 वर्ग मीटर से अधिक भूमि पर बने घरों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया गया है।
14.	महाराष्ट्र	2002 से राज्य में "शिवकालीन पानी सथावन योजना" (शिवकालीन जल पुनर्भरण स्कीम) नामक वर्षा जल पुनर्भरण योजना आरंभ की गई। इस स्कीम के अंतर्गत, विभिन्न जल संचयन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल के पुनर्भरण के माध्यम से पेय जल स्रोतों को सुदृढ़ बनाया जाता है। इस स्कीम का कार्यान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है। शहरी क्षेत्रों में, उपलब्ध स्थान की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए विकास नियंत्रण नियमों में ग्रेटर मुंबई नगर पालिका क्षेत्र तथा राज्य के अन्य नगर पालिका क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन स्कीम का प्रावधान करने के लिए व्यवस्था की गई है।
15.	मेघालय	100 वर्गमीटर क्षेत्र से ऊपर के भवनों के लिए छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया गया है।
16.	नागालैंड	राज्य सरकार ने सभी नए सरकारी भवनों के लिए छत के वर्षा जल संचयन की व्यवस्था को आवश्यक बना दिया है।
17.	ओडिशा	ओडिशा विधान सभा ने ओडिशा राज्य के लिए "भूमि जल (विनियमन, विकास एवं प्रबंधन)" के संबंध में वर्ष 2012 के दौरान पहले ही एक विधेयक पारित किया है। विधेयक में राज्य के शहरी और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में भवनों के लिए छत के वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण संबंधी प्रावधान शामिल हैं।

1	2	3
18.	पंजाब	• स्थानीय सरकार के विभाग ने भवन उप-विधि को संशोधित और अधिसूचित किया है तथा 200 वर्ग यार्ड से अधिक के सभी भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली को अनिवार्य बना दिया है। राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा इसी व्यवस्था को अपनाया गया है। • पंजाब शहरी विकास प्राधिकरण ने भी भवन योजनाओं तथा निजी प्रोत्साहकों द्वारा विकसित लाइसेंस युक्त कॉलोनियों का अनुमोदन करते समय सभी संस्थागत भवनों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाने के लिए प्रावधान किए हैं।
19.	राजस्थान	नगर-निगम/नगर-परिषद्/नगरपालिका क्षेत्र में 300 वर्गमीटर क्षेत्र से अधिक वाले प्लाटों के संबंध में वर्षा जल संचयन के प्रावधान को अनिवार्य बनाया गया है और इस संबंध में अधिसूचना संबंधित लोकल सेल्फ विभाग द्वारा दिनांक 16.01.2006 के पत्र के माध्यम से जारी की गई है।
20.	सिक्किम	ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के संवर्द्धन हेतु ग्रामीण विकास विभाग, सिक्किम द्वारा स्प्रिंग शेड विकास किया गया है।
21.	तमिलनाडु	नगरपालिका कानूनों के तहत सभी वर्तमान तथा नए भवनों के लिए वर्षा जल संचयन सुविधाओं को अनिवार्य किया गया है। संबंधित सक्षम प्राधिकारी से मंजूर कराने के लिए भवन निर्माण की योजना में छत की वर्षा जल संचयन संरचना को शामिल करना भी अनिवार्य किया है।
22.	त्रिपुरा	त्रिपुरा भवन नियमावली, 2004 के अनुसार सभी प्रकार के उपयोगों के लिए तथा किसी भी आकार के ग्रुप हाउसिंग में 300 वर्ग मी. से अधिक के प्लिंथ क्षेत्र वाले सभी नए भवनों में जल संचयन अनिवार्य है।
23.	उत्तर प्रदेश	• संयुक्त वर्षा जल संचयन/पुनर्भरण प्रणाली के लिए पाइपों के पृथक नेटवर्क से युक्त नई सभी नई हाउसिंग स्कीमों/प्लाटों/भवनों/ग्रुप हाउसिंग स्कीमों के लिए वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बना दिया है। • सरकारी भवनों (नये तथा पुराने दोनों) में वर्षा जल संचयन की संस्थापना को अनिवार्य बना दिया गया है। • 20 एकड़ अथवा उससे अधिक की हाउसिंग स्कीमों के लिए कुल प्रस्तावित क्षेत्र के 5 प्रतिशत में जलाशयों/जल निकायों का निर्माण करना अनिवार्य बना दिया गया है।
24.	उत्तराखंड	सरकार (आवास एवं शहरी विकास) ने वर्षा जल संचयन प्रणाली की अनिवार्य संस्थापना के लिए नियम बनाये तथा दिनांक 15.11.2003 के आदेश के जरिए भवन उपविधि में नियमों को अपनाने के लिए निदेश दिए। तदनुसार, सभी विकास प्राधिकरणों ने प्रचलित भवन निर्माण और विकास उप नियम/विनियम में आंशिक संशोधन किए हैं।
25.	पश्चिम बंगाल	सरकार ने 'पश्चिम बंगाल नगरपालिका (भवन निर्माण) नियम, 2007' जारी किए हैं तथा नियम सं.168 (13) भाग-XII के तहत सभी भवनों के लिए वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया गया है।
26.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह संघ राज्य क्षेत्र में पोर्ट ब्लेयर शहर में छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बना दिया गया है।

1	2	3
27.	चंडीगढ़	संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन ने एक कैनाल या इससे अधिक बड़े प्लाट में स्थित (वर्तमान एवं नए) सभी भवनों के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली की संस्थापना करना अनिवार्य किया गया है।
28.	दादरा और नगर हवेली	सभी प्रकार के भवनों, जिसका निर्माण 1000 वर्गमीटर और अधिक के क्षेत्र में किया जाता है, में विकास और नियंत्रण नियम (संशोधित नियम, 2009) के अनुसार छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया गया है।
29.	दमन और दीव	दमन नगरपालिका भवन मॉडल उपनियम और जोनिंग विनियम, 2002 मौजूद है, जिसमें भूमि जल के पुनर्भरण के लिए संप-वेल के निर्माण की व्यवस्था है। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने छत के वर्षा जल संचयन की संरचना के निर्माण के लिए स्थानीय पीडब्ल्यूडी को अनुदेश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्थानीय निकायों जैसे नगरपालिका तथा जिला पंचायतों को भी छत के वर्षा जल के संचयन की संरचनाओं के निर्माण के लिए व्यवस्था करने की सलाह दी है।
30.	दिल्ली	• भवन उप विधि नियमों में संशोधन करके 100 वर्ग मी. और उससे अधिक क्षेत्र वाले भवनों के लिए छत के वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बना दिया गया है। • रजिस्ट्रार, कोआपरेटिव सोसाइटियां ने सभी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों को उनके परिसरों में वर्षा जल संचयन को अपनाने की सलाह दी है। • सभी सरकारी विभागों से वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल पुन:चक्रण प्रणाली को अपनाने का अनुरोध किया गया है। • एनडीएमसी, एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी अपने भवनों में वर्षा जल संचयन को शामिल करके योजना को मंजूर कर रही हैं।
31.	पुदुचेरी	दिनांक 19.3.2010 के सरकारी आदेश द्वारा आवासीय, कार्यालयों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक भवनों, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थानों तथा औद्योगिक इमारतों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य करने का प्रावधान किया गया है।

महाराष्ट्र में रेल परियोजनाएं

1315. श्री रमेश जिगजिणगी :
श्री समीर भुजबल :
श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव :
श्री गोपीनाथ मुंडे :
श्री निलेश नारायण राणे :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र राज्य में वर्ष 2013 में घोषणा की गई परियोजनाओं सहित चालू/लंबित रेलवे परियोजनाओं की परियोजना-वार वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार को आज की तिथि तक सोलापुर-गडग खंड को दोहरा करने और कोंकण रेलवे द्वारा शुरू की जाने वाली परियोजनाओं सहित रेलवे परियोजनाओं के लिए महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य में नई लाइनों के लिए नासिक-पुणे क्षेत्र सहित चालू/लंबित सर्वेक्षणों का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) इनके लिए आवंटित और व्यय की गई निधियों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है और रेलवे द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (घ) महाराष्ट्र राज्य में आंशिक/पूर्णरूप से पड़ने वाली चल रही रेल परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

क्र. सं.	परियोजना का नाम (लंबाई)	प्रत्याशित लागत 2013-14	31.03.2013 तक व्यय	परिव्यय 2013-14	मौजूदा स्थिति के साथ लक्ष्य तिथि, जहां कहीं निर्धारित की गई है
1	2	3	4	5	6
नई लाइन					
1.	अहमदाबाद-बीड-वैजनाथ (250 कि.मी.)	2820	110.05	50.00	कुल वास्तविक प्रगति प्रगति : 5%
2.	बारामती-लोनाड (54 कि.मी.)	138.48	120.67	2.00	लोनाड-फालटन पूरा हो गया है। बारामती-फालटन का अंतिम स्थल सर्वेक्षण हाथ में ले लिया गया है।
3.	वडसा-गढ़चिरोली (49 कि.मी.)	232.4	0.03	1.00	अंतिम स्थल सर्वेक्षण हाथ में ले लिया गया है।
4.	वरधा-नांदेड (वारास्ता यवतमल-पुसाड) (270 कि.मी.)	1604.94	11.36	15.00	पहले चरण में वर्धा-यवतमल खंड का कार्य आरंभ किया गया है। कुल वास्तविक प्रगति: 3.7%
5.	छिन्दवाडा-नागपुर (149.52 कि.मी.)	585.93	277.51	200.00	प्रगति : 6% मार्च, 2014 तक छिंदवाडा-सौसार (70 कि.मी.) को पूरा करने की योजना है। मार्च, 2014 तक कुल वास्तविक प्रगति : 61%
आमान परिवर्तन					
6.	वालाघाट-कटंगी (285 कि.मी.) सहित जबलपुर-गोंडिया	1038.00	650.42	70.00	वालघाट-कटंगी (46.80 कि.मी.) और गोंडिया-वालघाट (42 कि.मी.): पूरा हो गया और चालू कर दिया है। शेष खंडों पर मिट्टी संबंधी कार्य और पुल कार्य हाथ में ले लिए गए हैं। बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर पर कार्य वन विभाग की क्लियरेंस न मिलने के कारण रोका गया है। कुल प्रगति : 66%
7.	नागपुर-नगभीड़ (106 कि.मी.)	401	0	0.50	2013-14 में कार्य शामिल कार्य को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की स्वीकृति और योजना आयोग का सैद्धांतिक अनुमोदन मिलने के बाद शुरू किया जाएगा।
8.	रतलाम-खंडवा-अकोला (472.64 कि.मी.)	1421.25	195.04	119.83	2012-13 में रतलाम-फतेहबाद (80 कि.मी.) खंड पूरा दिया गया है। फतेहाबाद-इंदौर (40 कि.मी.) मिट्टी संबंधी कार्य और पुल कार्य हाथ में ले लिए गए हैं। खंडों को मार्च, 2014 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अकोला-खंडवा खंड के लिए वन विभाग की स्वीकृति की प्रतीक्षा है। फतेहबाद-इंदौर: मार्च, 2014

1	2	3	4	5	6
दोहरीकरण					
9.	भुसावल-जलगांव तीसरी लाइन (24.13 कि.मी.)	184.06	0.05	10.00	अंतिम स्थल सर्वे हाथ में लिया गया है।
10.	बुधनी-बरखैडा तीसरी लाइन (33 कि.मी.)	287.35	0.22	10.00	अंतिम स्थल सर्वे हाथ में लिया गया है।
11.	दौंड-गुलबर्गा दोहरीकरण (224.90 कि.मी.) और पुणे-गुंतकल विद्युतीकरण (641.37 कि.मी.)	1514.45	58.06	0.00	पुल तथा मिट्टी संबंधी कार्य शुरू कर दिए गए हैं। कुल वास्तविक प्रगति: 9%
12.	गोधनी-कालुमना कोर्ड (13.7 कि.मी.)	59.13	8.76	10.00	स्थान सर्वे पूरा कर लिया गया है। मिट्टी संबंधी एवं पुलों का काम हाथ में ले लिया गया है।
13.	कालुमना-नागपुर (6.16 कि.मी.)	24.78	18.47	3.00	अतिक्रमण के कारण कार्य रोक दिया गया है। कुल वास्तविक प्रगति: 75%
14.	कल्याण-कसारा तीसरी लाइन (67.62 कि.मी.)	279.7	1.64	7.00	अंतिम स्थल सर्वे पूरा कर लिया गया है।
15.	पनवेल-पेन (35 कि.मी.)	190.99	185.41	15.00	परियोजना को 2013-14 में पूरा करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल वास्तविक प्रगति: 78%
16.	पेन-रोहा (40 कि.मी.)	203.00	143.7	30.00	परियोजना को 2013-14 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल वास्तविक प्रगति: 60%
17.	विद्युतीकरण के साथ उधना जलगांव (306.93 कि.मी.)	1389.62	526.01	270.00	बरडोली-व्यारा 29 किमी तथा चिंचपाड़ा-नंदूबार-41 किमी - 2013-14 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल वास्तविक प्रगति: 32%
18.	वर्धा (सेवाग्राम)-नागपुर उरी लाइन (76.3 कि.मी.)	297.85	0.5	10.00	अंतिम स्थल सर्वेक्षण हाथ में लिया गया है।

(ख) विभिन्न स्तरों से आवेदन प्राप्त होते हैं और इसका संकलन नहीं किया जाता है, बहरहाल राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, वर्तमान में कोंकण रेलवे पर कोई भी परियोजना लंबित/चालू नहीं है, सोलापुर-गडेग खंड(284 कि.मी) के दोहरीकरण के लिए सर्वे हाथ में ले लिया गया है।

(ग) 2009-10 में पुणे-नासिक (265 कि.मी) के बीच नई लाइन के लिए 1899 करोड़ रुपए की लागत पर एक सर्वेक्षण 4.11% के आरओआर सहित पूरा किया गया है जिसकी जांच की जा रही है, इस संबंध में, हाल ही में महाराष्ट्र सरकार से नि:शुल्क भूमि मुहैया करवाने के साथ-साथ परियोजना की लागत का 50% हिस्से की भागीदारी के लिए अनुरोध किया गया है जिसकी प्रतीक्षा है, राज्य में नई लाइन के लिए चालू/लंबित सर्वेक्षण की वर्तमान स्थिति एवं ब्यौरा निम्नानुसार है:—

क्र. सं.	परियोजना का नाम	किमी	स्वीकृति का वर्ष	स्थति
1	2	3	4	5
1.	कल्याण-अहमदनगर	240	2006-07	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
2.	नासिक-दहानु रोड	168	2010-11	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
3.	वर्धा-कटोल	80	2010-11	रिपोर्ट की जांच की जा रही है।
4.	वरोरा-उमरेर	106	2010-11	रिपोर्ट की जांच की जा रही है।
5.	विधान-बीदर	60	2010-11	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
6.	बेलगाम-सामंतवाडी	80	2010-11	रिपोर्ट की जांच की जा रही है।
7.	कोल्हापुर-धारवाड़	186	2011-12	रिपोर्ट की जांच की जा रही है।
8.	दमन-नासिक	160	2011-12	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
9.	विरार-दीवा-पनवेल	65	2011-12	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
10.	चुदावा-बासमत	24	2011-12	प्रारंभिक कार्य प्रगति पर हैं।
11.	सीएसटीएम-पनवेल फास्ट कॉरीडोर (हारबर लाइन पर फास्ट कॉरीडोर)	60	2011-12	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
12.	करद-बेलगाम बारास्ता निपानी	180	2011-12	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
13.	कोल्हापुर-राजपुर	120	2011-12	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
14.	मालेगांव-सतना-साकी-चिंचपाड़ा	100	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
15.	मलकापुर-चिकाली	80	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
16.	बेलापुर-बीद	165	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
17.	नासिक-सिन्नर	30	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
18.	नासिक-सूरत	184	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
19.	शनी सिघनापुर-अहमदनगर	40	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
20.	शिरडी-शाहपुर-घोटी	540	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
21.	शिरडी-शनि सिघनापुर	80	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
22.	नांदेड़-लातूर रोड	155	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
23.	चंद्रपूर तक राजनंदगांव और डोंगरागांव (महाराष्ट्र) बारास्ता मनपुर गांव	203	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
24.	पुणे-मुंबई-अहमदाबाद के बीच उच्च गति रेल कारीडोर (एचएसआरसी)	700	2012-13	सर्वेक्षण प्रगति पर है।

1	2	3	4	5
25.	पंढरपुर-बीजापुर बारास्ता मंगालवेधा	20	2013-14	सर्वेक्षण प्रगति पर है।
26.	सूरजगढ़-बीजापुर बरास्ता भोपालपट्टम	300	2013-14	2013-14 में नया सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है।
27.	वासिम-महूर-आदिलाबाद	189	2013-14	2013-14 में नया सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। प्रारंभिक कार्य प्रगति पर हैं।
28.	वसई रोड — नयागांव और दीवा (जूचंद्र) के बीच बाई पास लाइन	2	2013-14	2013-14 में नया सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। प्रारंभिक कार्य प्रगति पर हैं।

(ङ) परियोजनाओं को पूरा करने के लिए संशाधनों की उपलब्धता के अनुसार वार्षिक निधि मुहैया की गई है। राज्य की भागीदारी, सार्वजनिक निजी भागीदारी, रक्षा निधि, कुछ परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजनाओं के रूप में घोषित करने और रेल विकास निगम लि. (आरवीएनएल) के द्वारा विश्वसनीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से अतिरिक्त बजट संसाधन सृजित करने के लिए उपाय किए गए हैं।

रेलवे की वित्तीय स्थिति

1316. श्री अधलराव पाटील शिवाजी :
श्री पी. करुणाकरन :
श्री आनंदराव अडसूल :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान यात्री, मालभाड़ा और पार्सल क्षेत्रक सहित रेलवे की वित्तीय स्थिति का वर्ष और जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान मुख्य शीर्षों के अंतर्गत व्यय का जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान आय और व्यय का जोन और मंडल-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पिछले कुछ वर्षों में रेलवे के प्रचालनात्मक व्यय में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) रेलवे द्वारा संरक्षा और सुरक्षा उपायों से समझौता किए बिना अपने प्रचालनात्मक व्यय को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान यात्री, माल यातायात और पार्सल सेगमेटों से आमदनी सहित रेलवे की वित्तीय स्थिति का जोन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और नवम्बर 2013 तक चालू वर्ष के दौरान प्रमुख शीर्षों के अंतर्गत परिचालनिक व्यय का जोन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) उक्त अवधि के दौरान आमदनी और परिचालनिक व्यय का का जोन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया है। बहरहाल, भारतीय रेलों पर मंडल-वार लागत और लाभ अवधारणा पर मौजूद नहीं है।

(घ) जी हां, यातायात के स्तर, कर्मचारियों की लागत, मूल्य में वृद्धि आदि में बढ़ोतरी के कारण पिछले कुछ वर्षों में परिचालनिक व्यय वृद्धि हुई है। वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 के दौरान क्रमशः 3.54 प्रतिशत, 9.39 प्रतिशत और 12.71 प्रतिशत की वृद्धि मुख्यतः छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के बाद कर्मचारी लागत में बढ़ोतरी, एचएसडी तेल की कीमतों के डी-रेगुलेशन और सामान्य मूल्य बढ़ोतरी के कारण हुई है।

(ङ) परिचालनिक खर्चों को नियंत्रित करने के कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें सीमित संसाधनों के ईष्टतम उपयोग के लिए कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करना, बेहतर जनशक्ति योजना के जरिए कर्मचारी उत्पादकता में सुधार, बेहतर रूप से संपत्ति का उपयोग, मालसूची प्रबंधन के सुधार, ईंधन खपत का ईष्टतमीकरण, संविदात्मक भुगतान, समयोपरि भत्ते, सामग्री की खरीद जैसे क्षेत्रों में खर्च पर कड़ा नियंत्रण, आतिथ्य-सत्कार, प्रचार, विज्ञापन, उद्घाटन समारोह, सेमिनार, कार्यशाला, आकस्मिक कार्यालय व्यय, जैसे क्षेत्रों में मितव्ययिता और किफायती उपाय, वित्त मंत्रालय द्वारा परिपत्रित नियंत्रण और प्रबंधन व्यय पर दिशानिर्देशों का कड़ाई से कार्यान्वयन, मासिक बजट अनुपात के संबंध में खर्चों पर कड़ी निगरानी आदि शामिल हैं।

विवरण-I

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान यात्री, माल यातायात और पार्सल से आमदनी सहित रेलवे की जोन-वार वित्तीय स्थिति

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

जोत	2010-11					2011-12				
	यात्री	अन्य कोचिंग (पार्सल सहित)	माल	विविध	कुल	यात्री	अन्य कोचिंग (पार्सल सहित)	माल	विविध	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
मध्य	3079.25	317.68	3889.56	179.95	7466.44	3348.00	353.92	4437.15	191.54	8330.61
पूर्व	1245.33	144.87	2364.77	85.10	3840.07	1355.30	163.31	2554.37	96.34	4169.32
पूर्व मध्य	1290.00	46.64	4059.14	53.92	5449.70	1481.10	48.78	4618.83	70.38	6219.09
पूर्व तट	648.40	58.49	8119.51	61.41	8887.81	747.43	59.34	8124.59	81.15	9012.51
उत्तर	3516.29	507.20	4695.49	1056.52	9775.50	3764.81	556.44	5299.73	877.47	10498.45
उत्तर मध्य	2532.46	123.93	5231.69	77.67	7965.75	2741.63	129.38	6067.19	95.14	9033.34
पूर्वोत्तर	841.28	61.23	720.68	59.74	1682.93	916.87	57.32	877.94	67.15	1919.28
पूर्वोत्तर सीमा	586.74	104.69	1307.09	617.54	2616.06	659.66	105.36	1490.87	627.03	2882.92
उत्तर पश्चिम	862.07	109.21	2317.35	91.09	3379.72	1015.72	158.88	2630.24	167.25	3972.09
दक्षिण	2317.69	257.71	1952.91	261.97	4790.28	2565.97	269.58	2234.08	538.45	5608.08
दक्षिण मध्य	2409.44	224.30	5764.51	133.66	8531.91	2600.96	253.41	6437.43	148.34	9440.14
दक्षिण पूर्व	831.60	92.42	6643.74	184.59	7752.35	899.16	122.97	6727.33	109.55	7859.01
दक्षिण पूर्व मध्य	565.29	34.79	5159.18	40.58	5799.84	627.79	38.59	5831.90	50.48	6548.76
दक्षिण पश्चिम	809.53	127.28	1820.42	109.36	2866.59	869.07	130.51	1868.28	89.13	2956.99
पश्चिम	2565.12	209.91	4716.62	329.19	7820.84	2788.04	218.22	5547.40	357.95	8911.61
पश्चिम मध्य	1605.16	49.49	4082.06	59.81	5796.52	1773.56	50.52	4800.26	59.87	6684.21
मेट्रो	86.98	0.00	0.00	16.17	103.15	91.36	0.00	0.00	15.78	107.14
भारतीय रेल	25792.63	2469.84	62844.72	3418.27	94525.46	28246.43	2716.53	69547.59	3643.00	104153.55

—जारी

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान यात्री, माल यातायात और पार्सल से आमदनी सहित रेलवे की जोन-वार वित्तीय स्थिति

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

जोत	2011-12					2012-132013-14 (नवंबर, 2013 तक)				
	यात्री	अन्य कोचिंग (पार्सल सहित)	माल	विविध	कुल	यात्री	अन्य कोचिंग (पार्सल सहित)	माल	विविध	कुल
1	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
मध्य	3669.88	396.80	5911.36	256.65	10231.68	2650.57	290.78	3826.16	6919.07	10231.68
पूर्व	1482.72	174.11	3070.90	114.04	4841.76	1159.55	173.04	1956.04	3354.65	4841.76
पूर्व मध्य	1608.50	55.93	6115.85	90.22	7870.50	1235.39	39.82	4257.70	5593.36	7870.50
पूर्व तट	846.05	68.45	9460.99	137.07	10512.57	638.43	55.53	7004.31	7746.55	10512.57
उत्तर	4097.40	608.65	6243.12	1383.90	12333.07	3089.59	489.08	4315.75	8494.50	12333.07
उत्तर मध्य	3051.30	135.25	7430.15	135.24	10751.94	2277.56	91.30	5064.56	7507.19	10751.94
पूर्वोत्तर	977.21	61.33	1060.27	82.55	2181.36	788.64	43.91	763.92	1649.52	2181.36
पूर्वोत्तर सीमा	782.89	128.73	1541.47	614.78	3067.87	601.97	97.38	1004.51	1930.78	3067.87
उत्तर पश्चिम	1174.33	177.41	3617.34	100.33	5069.40	933.37	142.69	2492.48	3648.45	5069.40
दक्षिण	2823.61	320.03	2536.75	348.36	6028.75	2161.85	254.97	1761.38	4422.76	6028.75
दक्षिण मध्य	2867.84	282.63	8272.12	175.75	11598.33	2257.20	214.93	5650.14	8249.56	11598.33
दक्षिण पूर्व	1006.48	143.83	7986.17	131.33	9267.82	779.47	110.04	5589.72	6572.12	9267.82
दक्षिण पूर्व मध्य	716.20	46.37	7466.54	76.92	8306.03	560.42	36.25	5251.09	5906.10	8306.03
दक्षिण पश्चिम	947.05	121.95	2280.92	109.43	3459.35	760.93	93.09	15221.12	2428.12	3459.35
पश्चिम	3156.66	262.71	6550.14	394.97	10364.48	2313.79	197.06	4425.61	7156.76	10364.48
पश्चिम मध्य	2017.80	73.04	5718.49	93.18	7902.52	1509.74	80.35	3664.45	5311.05	7902.52
मेट्रो	96.93	0.00	0.00	16.64	113.57	75.62	0.00	0.00	82.52	113.57
भारतीय रेल	3054.23	3054.23	85262.58	4261.36	123901.01	23794.09	2410.22	58548.94	86973.06	123901.01

विवरण-II

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष नवंबर, 2013 तक के दौरान प्रमुख शीर्षों के अंतर्गत जोन-वार परिचालनिक व्यय

2010-11

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	मरे	पूरे	पूमरे	पूतरे	उरे	उमरे	पूर्वोरे	पूसीरे	उपरे
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मांग-3	357.23	456.08	225.67	124.64	453.71	191.01	230.31	233.55	206.49
मांग-4	610.22	381.38	391.51	299.01	872.62	462.45	266.71	513.27	331.37
मांग-5	289.83	298.11	168.50	126.70	422.86	160.39	100.34	136.46	99.79
मांग-6	713.86	909.56	479.46	235.31	950.00	158.11	250.00	374.64	235.40
मांग-7	392.47	338.54	315.48	158.53	483.13	268.01	153.40	188.95	143.64
मांग-8	622.86	507.53	465.14	235.99	737.50	347.91	194.69	211.32	206.98
मांग-9	1088.45	608.37	1136.77	669.71	1582.26	938.21	387.45	381.66	501.75
मांग-10	1618.91	862.56	1035.50	948.91	1750.24	1051.10	519.75	634.56	406.47
मांग-11	326.98	276.77	135.80	130.82	417.68	135.07	154.23	268.74	127.45
मांग-12	204.42	346.08	184.17	83.37	574.41	129.12	160.55	181.92	84.42
मांग-13	25.24	30.05	15.10	14.21	39.55	13.56	2.69	11.44	12.25
कुल	6250.47	5015.03	4553.10	3027.20	8283.96	3854.94	2420.12	3136.51	2656.01
उचंत	-41.51	-11.45	6.35	3.57	164.86	-4.58	-7.23	-23.78	-2.81
कुल सामान्य संचालन व्यय	6208.96	5003.58	4559.45	3030.77	8448.82	3850.36	2412.89	3112.73	2653.20

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।
मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।
मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।
मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।
मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।
मांग-12 विविध संचालन व्यय।
मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

—जारी

2010-11

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	दरे	दमरे	दपूरे	दपूमरे	दपरे	परे	पमरे	मेट्रो	कुल
1	11	12	13	14	15	16	17	18	19
मांग-3	377.92	321.81	361.61	128.91	121.33	361.67	157.81	12.94	4322.69
मांग-4	487.62	774.41	404.69	228.13	205.52	648.82	407.31	21.53	7306.57
मांग-5	231.54	320.48	231.79	80.77	129.14	254.34	299.08	0.00	3350.12
मांग-6	649.36	530.30	608.81	211.72	254.25	805.68	196.13	24.61	7587.20
मांग-7	285.07	311.50	241.69	131.87	78.27	387.74	221.47	30.57	4130.33
मांग-8	406.14	389.47	413.88	266.97	165.41	466.76	297.53	39.40	5975.48
मांग-9	828.59	874.74	386.70	815.17	267.77	751.71	495.90	24.38	11739.59
मांग-10	1025.45	1747.88	759.26	583.34	777.63	1605.52	1102.46	18.13	16747.67
मांग-11	299.14	341.77	252.64	112.47	101.46	319.29	145.89	6.45	3552.65
मांग-12	200.85	198.59	233.24	70.41	67.70	242.25	83.23	10.63	3055.36
मांग-13	28.79	24.37	22.81	17.32	10.93	29.09	14.12	0.57	312.09
कुल	4820.47	5835.32	3917.12	2647.08	2179.41	5872.87	3420.93	189.21	68079.75
उचंत	-25.24	-15.05	-8.73	2.90	-0.12	-21.71	-15.53	-1.63	59.47
कुल सामान्य संचालन व्यय	4795.23	5850.37	3908.39	2649.98	2179.29	5851.16	3436.46	187.58	68139.22

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।

मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।

मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात

मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।

मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।

मांग-12 विविध संचालन व्यय।

मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

2011-12

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	मरे	पूरे	पूमरे	पूतरे	उरे	उमरे	पूर्वोरे	पूसीरे	उपरे
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मांग-3	371.50	465.62	252.58	135.56	481.87	202.98	250.72	263.22	222.64
मांग-4	634.83	406.48	420.69	327.68	949.77	510.38	305.17	555.79	355.55
मांग-5	293.79	324.61	224.14	134.76	469.96	158.03	85.97	128.99	105.64
मांग-6	785.65	1013.54	501.31	270.83	1043.47	183.57	296.69	388.74	302.15
मांग-7	391.58	380.23	329.08	170.99	498.56	280.35	163.80	190.53	163.58
मांग-8	695.79	567.43	486.90	273.65	837.26	363.37	210.09	222.47	230.84
मांग-9	1122.56	811.95	1031.39	625.21	1859.31	1040.00	494.03	397.71	505.45
मांग-10	1873.17	888.10	1162.37	976.98	1949.13	1193.62	668.25	743.51	783.35
मांग-11	339.33	301.41	162.25	141.44	481.95	142.88	172.09	296.74	151.84
मांग-12	253.38	370.00	247.48	102.75	763.88	210.30	143.59	213.97	97.84
मांग-13	31.15	37.99	22.21	17.09	50.61	16.33	3.72	14.96	14.99
कुल	6792.73	5567.37	4840.40	3176.94	9385.77	4301.81	2794.12	3416.63	2933.87
उचंत	-20.17	-12.20	-19.08	-9.95	-3.98	7.11	1.04	-27.96	-5.73
कुल सामान्य संचालन व्यय	6772.56	5555.17	4821.32	3186.89	9381.79	4308.92	2795.16	3388.67	2928.14

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।
मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।
मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।
मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।
मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।
मांग-12 विविध संचालन व्यय।
मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

—जारी

2011-12

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	दरे	दमरे	दपूरे	दपूमरे	दपरे	परे	पमरे	मेट्रो	कुल
1	11	12	13	14	15	16	17	18	19
मांग-3	400.24	340.00	383.45	139.92	130.78	384.21	171.47	13.72	4610.48
मांग-4	479.74	791.47	434.68	246.78	208.03	684.80	390.17	21.05	7723.06
मांग-5	234.23	304.68	234.94	93.49	141.56	235.33	321.22	0.00	3491.35
मांग-6	626.26	549.40	695.21	205.69	271.78	768.19	225.11	27.34	8154.93
मांग-7	301.34	340.47	274.74	135.06	90.27	403.78	232.06	34.30	4380.72
मांग-8	443.93	448.99	443.62	313.44	192.28	568.44	330.40	41.11	667001
मांग-9	773.47	1090.45	450.26	820.99	420.57	896.81	595.26	25.69	12961.11
मांग-10	1170.33	2008.74	846.25	659.24	838.09	1918.76	1104.47	24.72	18809.08
मांग-11	322.69	339.64	263.58	122.36	116.79	333.41	146.47	7.21	3842.08
मांग-12	257.87	206.92	243.21	71.42	77.84	268.87	85.73	11.25	3626.30
मांग-13	30.23	31.86	28.17	22.35	14.66	36.39	17.29	1.21	391.21
कुल	5040.33	6452.62	4298.11	2830.74	2502.65	6498.99	3619.65	207.60	74660.33
उचंत	22.36	-23.54	-21.55	-19.10	-16.36	17.60	-10.13	-1.18	-122.92
कुल सामान्य संचालन व्यय	5062.69	6429.08	4276.56	2811.64	2486.29	6516.59	3609.52	206.42	74537.41

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।

मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।

मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।

मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।

मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।

मांग-12 विविध संचालन व्यय।

मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

2012-13

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	मरे	पूरे	पूमरे	पूतरे	उरे	उमरे	पूर्वोरे	पूसीरे	उपरे
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मांग-3	409.65	520.64	288.32	152.62	545.60	226.02	280.23	294.04	250.50
मांग-4	68470	434.49	444.00	355.67	944.92	527.83	322.75	617.79	373.36
मांग-5	330.91	328.09	208.43	129.31	485.46	208.93	115.35	136.57	100.20
मांग-6	868.22	1128.09	556.48	305.22	1106.00	234.15	319.63	446.05	319.46
मांग-7	420.52	417.89	352.47	190.07	484.27	360.24	181.03	215.36	181.04
मांग-8	775.55	637.13	534.60	313.15	976.43	409.80	237.34	260.10	293.05
मांग-9	1285.32	907.43	1290.97	824.42	1957.94	1203.91	512.44	443.90	553.46
मांग-10	2263.69	1141.28	1351.71	1167.71	2306.78	1402.48	824.32	857.3	978.02
मांग-11	343.88	316.86	163.11	152.12	492.23	152.12	176.81	307.28	160.52
मांग-12	297.51	427.25	291.51	116.56	749.71	217.82	152.90	245.43	107.90
मांग-13	40.89	48.88	26.27	20.51	62.25	28.97	2.05	30.19	17.76
कुल	7720.83	6308.02	5507.86	3727.36	10111.59	4972.28	3124.86	3853.84	3335.27
उचंत	-24.01	-2.04	-22.50	6.36	-43.62	-3.06	10.32	-28.18	-52.23
कुल सामान्य संचालन व्यय	7696.82	6305.98	5485.35	3733.72	10067.97	4969.22	3135.19	3825.66	3283.04

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।
मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।
मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।
मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।
मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।
मांग-12 विविध संचालन व्यय।
मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

—जारी

2012-13

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	दरे	दमरे	दपूरे	दपूमरे	दपरे	परे	पमरे	मेट्रो	कुल
1	11	12	13	14	15	16	17	18	19
मांग-3	446.43	375.55	429.97	159.32	149.63	437.03	190.92	15.77	5172.23
मांग-4	541.86	756.28	465.37	260.43	254.69	726.37	430.06	23.87	8164.45
मांग-5	267.22	374.41	293.12	101.94	141.83	268.82	347.42	0.00	3837.99
मांग-6	708.68	618.77	766.20	231.16	336.93	803.61	251.01	31.45	9031.12
मांग-7	321.08	385.07	293.31	147.34	87.90	431.16	261.11	36.54	4766.41
मांग-8	517.81	524.46	524.73	346.31	223.79	675.12	379.51	46.92	7675.81
मांग-9	970.90	1249.94	473.73	943.46	430.54	827.61	707.49	27.25	14610.70
मांग-10	1363.71	2407.37	1061.38	761.09	946.47	2146.86	1312.69	34.25	22326.94
मांग-11	342.01	375.28	292.50	137.90	122.52	365.70	155.65	7.84	4064.35
मांग-12	276.19	239.92	257.15	71.73	102.35	350.52	106.94	15.92	4027.30
मांग-13	42.32	42.34	34.74	25.65	19.32	42.87	23.97	2.01	511.01
कुल	5798.20	7349.38	4892.22	3186.34	2815.99	7075.68	4166.76	241.82	84188.31
उचंत	-45.37	36.95	-33.21	-11.42	14.87	0.19	22.73	-2.04	-176.27
कुल सामान्य संचालन व्यय	5752.83	7386.33	4859.01	3174.92	2830.86	7075.86	4189.50	239.77	84012.04

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।

मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।

मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।

मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।

मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।

मांग-12 विविध संचालन व्यय।

मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

2013-14 (नवम्बर, 2013 तक)

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	मरे	पूरे	पूमरे	पूतरे	उरे	उमरे	पूर्वोरे	पूसीरे	उपरे
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मांग-3	290.46	387.90	215.07	112.81	384.70	183.19	202.20	206.27	179.01
मांग-4	493.21	323.65	377.46	314.26	691.42	385.71	235.52	389.16	265.38
मांग-5	243.97	233.24	176.99	112.78	326.24	118.31	83.15	108.39	79.75
मांग-6	626.72	832.45	417.61	253.32	807.03	210.66	218.59	303.29	233.07
मांग-7	306.09	288.01	287.55	141.92	391.15	264.61	123.44	140.57	125.49
मांग-8	580.88	482.40	478.18	260.36	741.69	311.64	170.57	191.07	238.48
मांग-9	1121.01	721.59	1115.48	818.09	1704.63	1094.51	433.49	325.41	473.76
मांग-10	1724.22	972.10	1148.33	1074.19	2077.55	1059.20	705.84	822.27	1133.79
मांग-11	257.73	214.63	131.88	131.13	380.54	131.78	130.97	203.80	114.10
मांग-12	201.32	278.90	146.27	84.10	526.69	155.16	112.17	165.65	89.10
मांग-13	39.06	41.99	28.89	20.68	55.81	25.74	19.80	30.86	21.31
कुल	5884.67	4776.86	4523.71	3323.64	8087.45	3940.51	2435.74	2886.74	2953.24
उचंत	214.90	62.48	7.11	108.94	71.58	39.67	43.84	188.53	141.10
कुल सामान्य संचालन व्यय	6099.57	4839.34	4516.60	3432.58	8159.03	3980.18	2479.58	3075.27	3094.34

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।
मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।
मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।
मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।
मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।
मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।
मांग-12 विविध संचालन व्यय।
मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

—जारी

2013-14 (नवम्बर, 2013 तक)

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

साधारण संचालन व्यय	दरे	दमरे	दपूरे	दपूमरे	दपरे	परे	पमरे	मेट्रो	कुल
1	11	12	13	14	15	16	17	18	19
मांग-3	320.51	266.91	310.90	118.28	111.70	304.39	140.50	11.07	3745.87
मांग-4	383.30	572.68	330.76	201.79	189.15	533.26	335.71	13.38	6035.80
मांग-5	202.79	255.20	217.05	81.53	94.76	191.94	255.88	0.00	2781.97
मांग-6	515.02	460.16	499.55	157.51	233.05	585.83	187.52	21.24	6562.62
मांग-7	237.74	265.49	220.26	108.09	68.06	335.50	199.77	20.51	3524.25
मांग-8	333.71	404.58	400.03	261.18	165.80	492.77	278.61	38.47	5830.42
मांग-9	864.54	1067.77	505.88	866.86	393.04	675.24	638.30	20.04	12839.64
मांग-10	1195.12	2067.34	893.24	62.60	892.20	1679.20	1085.95	25.23	19176.37
मांग-11	250.23	273.09	204.79	103.80	89.53	269.67	120.13	4.52	3012.32
मांग-12	168.75	150.72	168.55	52.66	59.00	201.00	86.48	11.61	2658.13
मांग-13	43.28	40.50	31.56	22.84	18.79	35.37	21.57	1.68	499.73
कुल	4514.99	5824.44	3782.57	2595.14	2315.08	5304.17	3350.42	167.75	66667.12
उचंत	245.10	270.64	201.34	113.99	117.53	282.36	98.57	11.88	2205.34
कुल सामान्य संचालन व्यय	4760.09	6095.08	3983.91	2709.13	2432.61	5586.53	3448.99	179.63	68872.46

मांग-3 सामान्य सुपरिटेंडेंट और सेवाएं।

मांग-4 रेलपथ और निर्माण कार्य का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-5 मोटिव पॉवर का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-6 कैरिज और वैगनों का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-7 प्लांट और संयंत्र का रख-रखाव और अनुरक्षण।

मांग-8 परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर।

मांग-9 परिचालन व्यय-यातायात।

मांग-10 परिचालनिक व्यय-यातायात- ईंधन।

मांग-11 कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं।

मांग-12 विविध संचालन व्यय।

मांग-13 भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त लाभ।

विवरण-III

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान जोन-वार आमदनी और व्यय

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

जोन	2010-11		2011-12		2012-13		2013-14 (नवंबर, 2013 तक)	
	आमदनी	व्यय	आमदनी	व्यय	आमदनी	व्यय	आमदनी	व्यय
मध्य	7466.44	6208.96	8330.61	6772.56	10231.68	7696.82	6919.07	6099.57
पूर्व	3840.07	5003.58	4169.32	5555.17	4841.76	6305.98	3354.65	4839.34
पूर्व मध्य	5449.70	4559.45	6219.09	4821.32	7870.50	5485.35	5593.36	4516.60
पूर्व तट	8887.81	3030.77	9012.51	3186.89	10512.57	3733.72	7746.55	3432.58
उत्तर	9775.50	8448.82	10498.45	9381.79	12333.07	10067.97	8494.50	8159.03
उत्तर मध्य	7965.75	3850.36	9033.34	4308.92	10751.94	4969.22	7507.19	3980.18
पूर्वोत्तर	1682.93	2412.89	1919.28	2795.16	2181.36	3135.19	1649.52	2479.58
पूर्वोत्तर सीमा	2616.06	3112.73	2882.92	3388.67	3067.87	3825.66	1930.78	3075.27
उत्तर पश्चिम	3379.72	2653.20	3972.09	2928.14	5069.40	3283.04	3648.45	3094.34
दक्षिण	4790.28	4795.23	5608.08	5062.69	6028.75	5752.83	4422.76	4760.09
दक्षिण मध्य	8531.91	5850.37	9440.14	6429.08	11598.33	7386.33	8249.56	6095.08
दक्षिण पूर्व	7752.35	3908.39	7859.01	4276.56	9267.82	4859.01	6572.12	3983.91
दक्षिण पूर्व मध्य	5799.84	2649.98	6548.76	2811.64	8306.03	3174.92	5906.10	2709.13
दक्षिण पश्चिम	2866.59	2179.29	2956.99	2486.29	3459.35	2830.86	2428.12	2432.61
पश्चिम	7820.84	5851.16	8911.61	6516.59	10364.48	7075.86	7156.76	5586.53
20.	केरल	सेंटर फोर ओवररोल डेवलपमेंट	500850
21.	मध्य प्रदेश	ग्रेट इंडियन ड्रीम फाउंडेशन (अरबिंदो चौधरी मेमोरियल ग्रेट इंडियन ड्रीम फाउंडेशन)	250425
22.	मध्य प्रदेश	नेटिव एजुकेशन एंड इम्पलोयमेंट डेवलपिंग सोसाइटी	450765
23.	मध्य प्रदेश	स्वयं सिद्ध सिद्धांत सेवा एवं शिक्षा समिति	400680
24.	मणिपुर	रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी	250425
25.	पंजाब	रामेश्वर वेलफेयर ट्रस्ट	2504250
26.	तमिलनाडु	सोशल अवेयरनेश एंड डेवलपमेंट	250425
27.	तमिलनाडु	मादुरे नोन-फोरमल एजुकेशन सेंटर (एमएनईसी)	901530
28.	तमिलनाडु	सेंटर फोर रुरल एजुकेशन एंड डेवलपमेंट	250425
29.	उत्तर प्रदेश	प्रेमा ग्राम्य विकास संस्थान	4053000
30.	उत्तर प्रदेश	शोभाग्य श्री सहारा संस्थान	2021880
31.	उत्तर प्रदेश	नवादा ग्रामोद्योग विकास समिति	1470945
32.	उत्तर प्रदेश	नव सृजन	2071965

1	2	3	4
33.	उत्तर प्रदेश	खारदा पब्लिक कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन	1252125
34.	पश्चिम बंगाल	अम्बेसडरस सर्विस सोसाइटी	1151955
35.	पश्चिम बंगाल	अमानत फाउंडेशन ट्रस्ट	1252125
		योग	27389460

प्रधानमंत्री का नया 15-सूत्री कार्यक्रम

1327. श्री सोमेन मित्रा :
श्री सैयद शाहनवाज हुसैन :

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधानमंत्री के नए 15-सूत्री कार्यक्रमों को देश में हूबहू कार्यान्वित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देशभर में उक्त कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या उक्त कार्यक्रमों में 15 प्रतिशत कार्यक्रम अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित है;

(ङ) यदि हां, तो विशेषकर पश्चिम बंगाल में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या इस संबंध में पश्चिम बंगाल में लक्षित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोई नीति तैयार की गई है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) से (ङ) अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम एम महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है जो या तो अल्पसंख्यकों के लिए लक्ष्यों/परिव्ययों का 15% निर्धारित करके अथवा अल्पसंख्यकों या अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले क्षेत्रों के लिए लाभों/निधियों के प्रवाह की विशेष निगरानी करके विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की तमाम योजनाओं और पहलुओं को कवर करता है। यह कार्यक्रम अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने, अल्पसंख्यकों की रहन-सहन की दशा में सुधार लाने और सांप्रदायिक असामंजस्य के निवारण और नियंत्रण करने के उद्देश्य से कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में केन्द्र, राज्य और जिला स्तरों पर ढांचागत निरानी प्रणाली की व्यवस्था है। वर्ष 2012-13 के दौरान प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम/योजनाओं का निष्पादन संलग्न विवरण-I पर है। वर्ष 2012-13 के दौरान प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य में योजनाओं का निष्पादन संलग्न विवरण-II पर है।

(च) और (छ) पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रमों/योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अलग से कोई रणनीति नहीं है। अलग-अलग योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा योजनाएं कार्यान्वित की जाती हैं।

विवरण-I

वर्ष 2012-13 के दौरान प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल योजनाओं का निष्पादन

योजनाएं जहां अल्पसंख्यकों के लिए 15% निर्धारित किया जाता है।

वास्तविक उपलब्धियां

क्र.सं.	योजना का नाम	लक्ष्य	उपलब्धि
1	2	3	4
I.	**सर्व शिक्षा अभियान (मानव संसाधन विकास मंत्रालय)**		
(i)	निर्मित प्राथमिक विद्यालय	231	176

1	2	3	4
(ii)	निर्मित उच्च प्राथमिक विद्यालय	361	98
(iii)	निर्मित अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	45117	34158
(iv)	खोले गए नए प्राथमिक स्कूल	258	175
(v)	खोले गए नए उच्च प्राथमिक स्कूल	256	216
(vi)	स्वीकृत अध्यापक	27542	10072
(vii)	स्वीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय	3	3
2.	एसजीएसवाई (आजीविका के रूप में पुनः नामित) के अंतर्गत सहायता प्राप्त स्वरोजगारी (ग्रामीण विकास मंत्रालय)	283189	106207
3.	इंदिरा आवास योजना में सहायता प्राप्त बीपीएल परिवार (ग्रामीण विकास मंत्रालय)	447911	361912
4.	स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)	12750	16926
(i)	व्यक्तिगत उद्यम स्थापित करने के लिए सहायता प्राप्त शहरी गरीब	12750	16926
(ii)	शहरी गरीबों में रोजगार संवर्धन हेतु प्रदान किया गया कौशल प्रशिक्षण	75000	91028
5.	आईसीडीएस के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों का प्रचालन (महिला और बाल विकास मंत्रालय)	5138	3804
वित्तीय उपलब्धियां			
1.	आईएवाई (ग्रामीण विकास मंत्रालय)	2049.24	1533.62
2.	एसजेएसआरवाई (आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)	46.66	55.11
3.	आईटीआई का उत्कृष्टता केन्द्रों में उन्नयन (श्रम और रोजगार मंत्रालय)	18.42	8.82
4.	प्राथमिक क्षेत्र ऋण (वित्तीय सेवाएं विभाग)	222287.66	185233.35

यह योजनाएं जहां अल्पसंख्यकों के लिए निधियों/लाभों की निगरानी की जाती है

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	योजना का नाम	कुल परियोजना लागत	अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले नगरों/शहरों में संस्वीकृत परियोजना लागत
1	2	3	4
1.	शहरी गरीबों को बुनियादी सेवा (आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)*	29770.39	7254.82

1	2	3	4
2.	एकीकृत मलिन आवास का विकास कार्यक्रम (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)*	11936·14	2235·83
3.	शहरी अवसंरचना और शासन (शहरी विकास मंत्रालय)*	61806·52	9097·24
4.	लघु एवं मझौले नगरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजन (शहरी विकास मंत्रालय)*	14020·96	2642·19
5.	राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय)*	आवासों का कवरेज 16692	योजना की लागत 1443·79

*संचयी आंकड़े।

अल्पसंख्यकों के लिए अन्य मंत्रालयों/विभागों की विशेष पहलें

क्र.सं.	योजनाओं का नाम	उपलब्धि
1.	मदरसों में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने की योजना	23146 शिक्षकों को सहायता के लिए 9905 मदरसों को कवर करते हुए 182·49 करोड़ रुपए जारी किए गए।
2.	अल्पसंख्यक संस्थानों हेतु अवसंरचना (आईडीएमआई) (मानव संसाधन विकास मंत्रालय)	184 संस्थानों को कवर करते हुए 28·38 करोड़ रुपए जारी किए गए।
3.	सरकारी विभागों/संगठनों में अल्पसंख्यकों की भर्ती? (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)	वर्ष 2012-13 के दौरान अल्पसंख्यकों की केन्द्रीय सरकारी/संगठनों में भर्ती 6·86% अनंतिम थी।
4.	सांप्रदायिक असमांजस्य और हिंसा निवारण तथा नियंत्रण (गृह मंत्रालय)	वर्ष 2012 के दौरान, देश में कुल 668 सांप्रदायिक घटनाओं की सूचना मिली थी जिनमें 94 व्यक्ति मारे गए थे और 2117 व्यक्ति घायल हुए थे। वर्ष 2013 की प्रथम तिमाही (जनवरी से मार्च) के दौरान देश में 171 सांप्रदायिक घटनाओं की सूचना मिली जिनमें 16 व्यक्ति मारे गए थे और 613 व्यक्ति घायल हुए थे।

प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल अल्पसंख्यकों के लिए अनन्य रूप से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की योजनाएं

क्र. सं.	योजनाओं का नाम	लक्ष्य	लाभार्थी	जारी की गई राशि (करोड़ रुपए में)
1.	मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति	4000000	6436984	786·19
2.	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	500000	755643	326·55
3.	मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति	60000	68096	181·21
4.	मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	756	3020	66·00
5.	मेधावी छात्राओं के लिए मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान छात्रवृत्ति	25000	25156	30·19
6.	निशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना	—	6716	13·99
7.	एनएमडीएफसी आवधिक एवं सूक्ष्म वित्त ऋण	—	102336	371·09

विवरण-II

वर्ष 2012-13 के दौरान पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल योजनाओं का निष्पादन

योजनाएं जहां अल्पसंख्यकों के लिए 15% निर्धारित किया जाता है

वास्तविक उपलब्धियां

क्र.सं.	योजना का नाम	लक्ष्य	उपलब्धि
1	2	3	4
I.	**सर्व शिक्षा अभियान (मानव संसाधन विकास मंत्रालय)**		
(i)	निर्मित प्राथमिक विद्यालय	100	59
(ii)	निर्मित उच्च प्राथमिक विद्यालय	166	14
(iii)	निर्मित अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	30334	21600
(iv)	खोले गए नए प्राथमिक स्कूल	100	19
(v)	खोले गए नए उच्च प्राथमिक स्कूल	166	128
(vi)	स्वीकृत अध्यापक	698	12
(vii)	स्वीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय	0	0
2.	एसजीएसवाई (आजीविका के रूप में पुन: नामित) के अंतर्गत सहायता प्राप्त स्वरोजगारी (ग्रामीण विकास मंत्रालय)	19381	18507
3.	इंदिरा आवास योजना में सहायता प्राप्त बीपीएल परिवार (ग्रामीण विकास मंत्रालय)	32933	45047
4.	स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)		
(i)	व्यक्तिगत उद्यम स्थापित करने के लिए सहायता प्राप्त शहरी गरीब	920	1376
(ii)	शहरी गरीबों में रोजगार संवर्धन हेतु प्रदान किया गया कौशल प्रशिक्षण	5483	11971
वित्तीय उपलब्धियां			
1.	आईएवाई (ग्रामीण विकास मंत्रालय)	150.26	191.66
2.	एसजेएसआरवाई (आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)	1.69	4.20
3.	आईटीआई का उत्कृष्टता केन्द्रों में उन्नयन (श्रम और रोजगार मंत्रालय)	2.06	1.05
4.	प्राथमिक क्षेत्र ऋण (वित्तीय सेवाएं विभाग)	9851.90	9428.52

यह योजनाएं जहां अल्पसंख्यकों के लिए निधियों/लाभों की निगरानी की जाती है

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	योजना का नाम	कुल परियोजना लागत	अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले नगरों/शहरों में संस्वीकृत परियोजना लागत
1.	शहरी गरीबों को बुनियादी सेवा (आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)*	4177.04	483.13
2.	एकीकृत मलिन आवास का विकास कार्यक्रम (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)*	944.37	52.6
3.	शहरी अवसंरचना और शासन (शहरी विकास मंत्रालय)*	उपलब्ध नहीं	841.83
4.	लघु एवं मझौले नगरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजन (शहरी विकास मंत्रालय)*	उपलब्ध नहीं	20.63
5.	राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय)*	आवासों का कवरेज 2411	योजना की लागत 400.51

*संचयी आंकड़े।

प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल अल्पसंख्यकों के लिए अनन्य रूप से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की योजनाएं

क्र. सं.	योजनाओं का नाम	लक्ष्य	लाभार्थी	जारी की गई राशि (करोड़ रुपए में)
1.	मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति	444617	1165386	111.87
2.	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	54790	125909	56.95
3.	मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति	6669	8440	22.28
4.	मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	81	लागू नहीं	लागू नहीं
5.	मेघावी छात्राओं के लिए मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान छात्रवृत्ति	2779	2010	2.41
6.	निशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना	—	500	1.55
7.	एनएमडीएफसी आवधिक एवं सूक्ष्म वित्त ऋण	—	51942	168.00

मनरेगा के अंतर्गत कवरेज

1328. श्री बसुदेव आचार्य :
श्री राजय्या सिरिसिल्ला :
श्री सुरेश कुमार शेटकर :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) कार्यक्रम में विशेषकर उच्च गरीबी रेखा वाले उन राज्यों की आवश्यकता को कम शामिल किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने देशभर में विशेषकर पश्चिम बंगाल में मनरेगा के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या और परिणाम क्या हैं; और

(ङ) विभिन्न राज्यों विशेषकर पश्चिम बंगाल में इस स्कीम के कार्यनिष्पादन में सुधार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) और (ख) जी, नहीं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को देश भर में मांग आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम के रूप में क्रियान्वित किया जाता है। इस मंत्रालय ने प्रत्येक गांव में हर महीने कम-से-कम एक बार रोजगार दिवस के आयोजन के दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि काम के लिए आवेदन एकत्र किए जा सकें। विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान अधिनियम के अंतर्गत रोजगार की मांग करने वाले और रोजगार पाने वाले परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या संलग्न विवरण में दर्शाई गई है।

(ग) से (ङ) जी, हां। ग्रामीण विकास मंत्रालय पश्चिम बंगाल सहित सभी राज्यों/सं.रा.क्षेत्रों में मनरेगा के कार्य निष्पादन की आवधिक रूप से समीक्षा करता है। पिछली बार 2.12.2013 को संबंधित राज्यों के प्रधान सचिवों/सचिवों/आयुक्तों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मनरेगा के अंतर्गत कार्य निष्पादन की ऐसी समीक्षा की गई थी। विभिन्न राज्यों में मनरेगा के कार्य निष्पादन को बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए उपाय नीचे दर्शाए गए हैं:—

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम-से-कम एक कार्य शुरू किया जाना चाहिए और जारी रहना चाहिए।
- राज्यों/सं.रा.क्षेत्रों को यह सलाह दी गई है कि यदि मस्टर रोल के बंद होने के 15 दिनों के भीतर मजूदरी नहीं दी जाती है तो ऐसी स्थिति में वे विलंब से किए गए मजदूरी के भुगतान के लिए मुआवजे से संबंधित प्रावधानों को लागू करें।
- समय पर भुगतान करने, पारदर्शिता बरतने और मजदूरी के भुगतान में ईमानदारी को बढ़ाने के प्रयोजनार्थ मनरेगा श्रमिकों को बैंकों या डाकघरों में खोले गए संस्थागत खातों के माध्यम से मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मनरेगा अधिनियम की अनुसूची-II में संशोधन किया गया (जब तक कि विशेष छूट नहीं दे दी जाती)।
- मजदूरी संवितरण हेतु संस्थागत पहुंच को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकारों को बिजनेस कॉरेस्पॉडेंट मॉडल शुरू करने के निदेश दिए गए ताकि ग्राम पंचायत/ग्राम स्तर पर बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन के साथ बैंकों के माध्यम से मजदूरी का भुगतान किया जा सके।
- मजूदरों को मजदूरी का शीघ्र भुगतान करने के लिए राज्य सरकारों को इलेक्ट्रानिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम (ई-एफएमएस) शुरू करने के निदेश दिए गए हैं। 18 राज्यों ने ई-एफएमएस शुरू कर दी है। राज्यों में ई-एफएमएस शुरू करने की अंतिम समय सीमा मार्च, 2014 निर्धारित की गई है।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से मनरेगा योजना की लेखा परीक्षा नियमावली, 2011 की अधिसूचना जारी की गई है।
- मनरेगा के लिए लगनशील स्टाफ तैनात करने, सामाजिक लेखा परीक्षा के लिए प्रबंधन और प्रशासनिक सहायता संरचनाओं को सुदृढ़ करने, शिकायत निवारण और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अवसंरचना के लिए प्रशासनिक व्यय की अनुमेय सीमा को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया गया।
- सार्वजनिक जांच हेतु जॉब कार्ड, मस्टर रोल, मांगे गए रोजगार तथा किए गए कार्य दिवसों की संख्या, कार्यों की सूची, उपलब्ध तथा उपयोग की गई राशि, सामाजिक लेखा परीक्षा के निष्कर्ष, शिकायतों का पंजीयन इत्यादि सहित अन्य सभी आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए आईसीटी आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली शुरू की गई कार्यों के फोटोग्राफ को अपलोड करने के निदेश दिए गए हैं।
- मौजूदा जॉबकार्डों पर फोटोग्राफ लगाने के निदेश दिए गए हैं।
- मस्टर रोल से छेड़-छाड़ और उनके दुरूपयोग के मामलों को रोकने के लिए राज्यों को ई-मस्टर रोल शुरू करने के निदेश दिए गए हैं।
- शिकायतों का प्रभावी ढंग से निवारण करने के लिए सभी राज्यों को जिला स्तर पर ओम्बड्समैन तैनात करने के निदेश दिए गए।
- योजना की निगरानी के लिए राज्य और जिला-स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समितियां बनाई गईं।

विवरण

रोजगार की मांग करने वाले/पाने वाले परिवारों की संख्या

क्र. सं.	राज्य	रोजगार की मांग करने वाले परिवार			रोजगार पाने वाले परिवार		
		2011-12	2012-13	2013-14 03.12.2013 तक	2011-12	2012-13	2013-14 03.12.2013 तक
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	आंध्र प्रदेश	4998016	5816077	5067891	4998016	5816077	5067891
2.	अरुणाचल प्रदेश	14979	144953	108546	4443	115869	63556
3.	असम	1355103	1247499	919641	1349078	1234827	845018
4.	बिहार	1805317	2178864	1592427	1769469	2086394	1254838
5.	छत्तीसगढ़	2739202	2732188	2175820	2725027	2637498	1871396
6.	गुजरात	836971	749838	423925	822080	681028	347306
7.	हरियाणा	278471	302187	259758	277748	294142	214262
8.	हिमाचल प्रदेश	529187	546065	449495	505467	514461	374428
9.	जम्मू और कश्मीर	440254	658689	349842	431152	646516	197958
10.	झारखंड	1582171	1434313	926279	1574657	1418470	853525
11.	कर्नाटक	1663498	1470564	832101	1652116	1337800	534276
12.	केरल	1418062	1693879	1498778	1416441	1526283	1234223
13.	मध्य प्रदेश	3895759	3520343	1706488	3879959	3497940	1329934
14.	महाराष्ट्र	1520457	1643859	969116	1504521	1624237	845930
15.	मणिपुर	380571	457895	330066	356264	456910	320287
16.	मेघालय	335781	332268	299578	335182	330044	249271
17.	मिजोरम	175664	175679	169288	168711	174884	167928
18.	नागालैंड	372956	386906	374177	372849	386520	371731
19.	ओडिशा	1391497	1766512	1435260	1378597	1599276	1221291
20.	पंजाब	246104	247315	270707	245453	240191	216598
21.	राजस्थान	4705748	4535876	3206869	4522234	4217342	2854295

1	2	3	4	5	6	7	8
22.	सिक्किम	55839	57194	49463	54684	56634	38963
23.	तमिलनाडु	6375637	7104701	5716285	6343339	7061409	5674444
24.	त्रिपुरा	567101	597436	586316	566770	596530	571947
25.	उत्तर प्रदेश	7363574	5233492	4744253	7327738	4947416	4080583
26.	उत्तराखंड	471192	443684	196151	469285	439791	181457
27.	पश्चिम बंगाल	5532363	5844809	3892029	5516968	5817122	3025503
28.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	19912	18212	10633	19300	12602	9475
29.	दादरा और नगर हवेली	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित
30.	दमन और दीव	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित
31.	गोवा	11174	5064	2362	11167	5056	2302
32.	लक्षद्वीप	3891	1963	791	3871	1851	415
33.	पुदुचेरी	42554	41448	39875	42546	41286	34767
34.	चंडीगढ़	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित	असूचित
	कुल	51128994	51389772	38604210	50645132	49816406	34055798

द्रुत गति यात्री कॉरिडोर

1329. श्रीमती सुप्रिया सुले :
श्री संजय दिना पाटिल :
श्री के. जयप्रकाश हेगड़े :
डॉ. संजीव गणेश नाईक :
श्रीमती जयश्रीबेन पटेल :
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी :
श्री सी.आर. पाटिल :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण कॉरिडोर सहित देशभर में द्रुत गति यात्री कॉरिडोरों के विकास में हुई प्रगति की वर्तमान स्थिति का कॉरिडोर-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रेलवे द्वारा की गई वित्तीय गणना के ब्यौरे सहित तत्संबंधी कॉरिडोर-वार अनुमानित लागत क्या है;

(ग) उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कॉरिडोर-वार समय-सीमा क्या है; और

(घ) गत दो दशकों में देशभर में ट्रेनों की गति में वृद्धि करने में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इस उद्देश्य के लिए कितनी निधि खर्च की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) भारत में उच्च गति पर यात्री गाड़ियां चलाने के लिए रेल मंत्रालय ने राज्य सरकारों के परामर्श से प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययन के लिए सात गलियारों का चयन किया है। चुने गए सात गलियारों में से दो गलियारे (नीचे क्रम सं. IV और V) दक्षिण भारत के राज्यों में हैं। गलियारा-वार प्रगति की वर्तमान स्थिति नीचे दी गई है:—

I. पुणे -मुंबई-अहमदाबाद- 650 किमी- प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर लिया गया है और परामर्शदाता द्वारा प्रस्तुत की गई अंतिम रिपोर्ट रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकार कर ली गई है।

II. दिल्ली-आगरा-लखनऊ-वाराणसी-पटना-991 किमी-पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर लिया गया है। परामर्शदाता ने अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और बोर्ड द्वारा इसकी जांच की जा रही है तथा अनुमोदनाधीन है।

III. हावड़ा-हल्दिया-135 किमी-प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर लिया गया है। परामर्शदाता ने अंतिम रिपोर्ट रेल मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी है और यह बोर्ड की जांच एवं अनुमोदन के अधीन है।

IV. हैदराबद-द्रोणाकल-विजयवाड़ा-चैन्ने-664 किमी-अध्ययन प्रगति पर है। परामर्शदाता ने शुरुआती रिपोर्ट, अंतरिम रिपोर्ट I और II और अंतिम रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत कर दिया है।

V. चैन्ने-बंगलोर-कोयम्बटूर-एर्णाकुल्लम- तिरुवन्नतपुरम-850 किमी-अध्ययन प्रगति पर है। परामर्शदाता ने शुरुआती रिपोर्ट, अंतरिम रिपोर्ट संख्या I और II और अंतिम रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत कर दिया है।

VI. दिल्ली-जयपुर-अजमेर-जोधपुर-591 किमी-कोई परामर्शदाता नियुक्त नहीं किया गया है।

VII. दिल्ली-चंडीगढ़-अमृतसर-450 किमी-इस गलियारे का प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययन करने का कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को सौंप दिया गया है।

(ख) सात गलियारों में से रेल मंत्रालय द्वारा केवल पुणे-मुंबई-अहमदाबाद की प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट ही स्वीकार की गई है।

मुंबई-अहमदाबाद गलियारा आगे की कार्रवाई के लिए हाथ में ले लिया गया है। राइटस द्वारा मुंबई-अहमदाबाद गलियारे की अंतरिम लागत 63,000 करोड़ रुपए आंकी गई है।

मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल गलियारे का जापान सरकार और भारत सरकार द्वारा संयुक्त व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। यह अध्ययन दिसम्बर, 2013 में शुरू होगा और इसमें 18 माह का समय लगेगा।

(ग) चूंकि कोई भी उच्च गति रेल गलियारा रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजना नहीं है इसलिए इसके कार्यन्वयन की कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

(घ) गत दो दशकों में यात्री गाड़ियों की औसत गति में वृद्धि नीचे दी गई है:—

गाड़ी की किस्म	1991-92		2011-12	
	बीजी	एमजी	बीजी	एमजी
मेल/एक्सप्रेस	47.3	36.4	50.3	30.2
इएमयू	33.9	37.1	40.5	—
साधारण यात्री	28.4	25.5	36.2	25.1

रेल पथ स्ट्रक्चर, चल स्टॉक और अन्य अवसंरचना के आधार पर 2005 में निजामुद्दीन से आगरा के बीच भोपाल शताब्दी की गति क्षमता 150 किमी प्रति घंटा तक बढ़ा दी गई थी।

देश में गाड़ियों की गति को बढ़ाने के उद्देश्य में विशेष रूप से खर्च की गई निधि के संबंध में कोई आंकड़े नहीं रखे जाते।

मजदूरी दर

1330. श्री एम.आई. शानवास :
श्रीमती प्रतिभा सिंह :
श्री पी.सी. मोहन :
श्री नलिन कुमार कटील :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दैनिक मजदूरी और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कामगारों को दी जा रही मजदूरी दर का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कतिपय राज्यों में कामगार मनरेगा स्कीम के तहत न्यूनतम मजदूरी नहीं दिए जाने के कारण रोजगार छोड़ रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या सरकार को इस संबंध में सामाजिक संगठनों अथवा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से कोई सुझाव प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम (एमडब्ल्यूए), 1948 के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम दैनिक मजदूरी दर गैर-अनुसूचित क्षेत्रों में 150 रुपए तथा अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों

में 187.50 रुपए है और ये दरें 1.9.2012 से लागू हैं। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत अधिसूचित दैनिक मजदूरी दर हिमाचल प्रदेश के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों में 138 रुपए तथा अनुसूचित क्षेत्रों में 171 रुपए है और ये दरें 1.4.2013 से लागू हैं।

(ख) और (ग) जी, नहीं। पिछले वर्ष की तुलना में 2012-13 के दौरान प्रति परिवार औसत श्रम दिवसों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। तथापि, कार्य की मांग मनरेगा के बाहर रोजगार के वैकल्पिक एवं पारिश्रमिक वाले अवसरों की उपलब्धता, बारिश में कमोबेशी, अर्द्ध-शहरी/शहरी क्षेत्रों में मौजूदा अकुशल मजदूरी दर, अर्द्ध-शहरी/पेरी-अर्बन/शहरी क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क इत्यादि जैसे कारकों से प्रभावित होती है।

(घ) और (ङ) मनरेगा के अंतर्गत दी जाने वाली मजदूरी को राज्य सरकारों द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अकुशल कृषि श्रमिकों के लिए अधिसूचित की गई न्यूनतम मजदूरी के समान बनाने के संबंध में मंत्रालय को राज्यों और सामाजिक संगठनों इत्यादि से सुझाव मिले हैं। यह मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीन है।

ग्रामीण कारोबार केन्द्र योजना

1331. श्री नृपेन्द्र नाथ राय :
श्री नरहरि महतो :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कच्चे मालों से उत्पादों के निर्माण की क्षमता तथा इन उत्पादों के निर्यात की क्षमता का दोहन करने के लिए कोई स्कीम तैयार की थी ताकि ग्रामीण कारोबार केन्द्र स्कीम के तहत ग्रामीण लोगों को रोजगार मुहैया हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों से सामानों के निर्यात के लिए किसी अन्य एजेंसी/संगठन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त योजना के तहत पंचायत स्तर पर ग्रामीण लोगों की अर्थव्यवस्था में सुधार करने के लिए इन्हें प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा अन्य क्या उठाए गए हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) से (ङ) 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के दौरान पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) द्वारा ग्रामीण व्यवसाय केन्द्र (आरबीएच) नामक योजना का कार्यान्वयन किया गया। इस योजना के अंतर्गत 4पी, अर्थात सार्वजनिक-निजी-पंचायत-भागीदारी के प्लेटफॉर्म के आधार पर देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भागीदारी विकास मॉडल लागू किया गया था। पंचायती राज मंत्रालय इस केन्द्रीय क्षेत्र योजना के कार्यान्वयन के लिए व्यवसायों को बढ़ावा देने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कच्चे माल/कौशल का उपयोग कर रहा था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों/कौशलों का दोहन कर तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का लाभ लेने तथा उद्योग की प्रौद्योगिकी विपणन कौशलों का लाभ लेने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। इस समस्त प्रक्रिया में अधिकार प्राप्त पंचायती राज संस्थाओं द्वारा समन्वयन/सहायता दी गई। इस योजना के अंतर्गत पंचायती राज मंत्रालय ने लाभप्रद आरबीएच परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता (प्रति परियोजना 25 लाख रुपए तक) में बढ़ोतरी की थी। परियोजना की शेष लागत की पूर्ति अन्य केन्द्रीय/राज्य सरकार योजनाओं/वित्तीय संस्थाओं/कार्यान्वयन संगठनों इत्यादि से की जानी थी।

आरबीएच के माध्यम से उत्पादों के निर्यात संभावनाओं को बढ़ावा देने हेतु पंचायती राज मंत्रालय ने एग्जिम (EXIM) बैंक के साथ एक सहयोग ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए थे। एमओसी के अंतर्गत शामिल किए गए मुख्य क्रियाकलाप निम्न थे:—

(i) ऐसे उपयुक्त निर्यातकों की पहचान करने में सहायता करना जो ग्रामीण क्षेत्रों में अपने उत्पादन क्रियाकलाप स्थापित करने के इच्छुक हैं;

(ii) पंचायतों की सहायता और सुविधा का लाभ लेते हुए उक्त निर्यातकों और ग्रामीण उत्पादकों के बीच, दोनों के हित में, लाभकारी व्यावसायिक संबंध स्थापित करना;

(iii) आरबीएच के चिन्हित उत्पादों को एग्जिम (EXIM) बैंक के ग्रामीण पोर्टल से लिंक कर तथा एग्जिम (EXIM) बैंक के विदेशी कार्यालयों में उक्त उत्पादों का प्रदर्शन दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में इन उत्पादों का व्यापक प्रसार करना तथा उन्हें बढ़ावा देने के लिए सहायता करना; और

(iv) चुनिंदा आरबीएच को नीतिगत ट्रेडिंग, उचित व्यापार, जैविक प्रमाणन इत्यादि प्राप्त करने से संबंधित प्रक्रिया को समझने में सहायता देना ताकि बाजार से बेहतर आय प्राप्त की जा सके।

12वीं पंचवर्षीय योजना से इस योजना को समाप्त कर दिया गया। तथापि 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं की प्रतिबद्ध देयताओं के भुगतान के लिए वर्ष 2012-13 के दौरान केवल 25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था, जिसमें से 10.97 लाख रुपए जारी किए गए थे।

ताजे जल की निकासी

1332. श्री मनोहर तिरकी :
श्री नरहरि महतो :
श्री पी. विश्वनाथन :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृषि उपयोग के लिए ताजे जल की वार्षिक निकासी की मात्रा इसके औद्योगिक और घरेलू क्षेत्र में उपयोग की तुलना में बहुत अधिक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भूजल के निष्कर्षण के संबंध में कोई विनियम है और परस्पर होड़ लेते प्रयोक्ताओं के बीच कोई समन्वय नहीं है तथा इसका अपर्याप्त और इष्टतम से कम मूल्य निर्धारण भूजल के दुरुपयोग को बढ़ावा दे रहा है;

(घ) यदि हां, तो इस मुद्दे पर राज्य सरकारों में जागरूकता लाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और तत्संबंधी आदतन उल्लंघन कर्ताओं पर की गई दंडात्मक कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का भूजल को सार्वजनिक संपदा घोषित करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) जी, हां। बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) प्रलेख में, अन्य बातों के साथ-साथ, यह उल्लेख है कि वर्तमान में देश में उपलब्ध जल संसाधनों का लगभग 80% जल कृषि में उपयोग होता है। राष्ट्रीय एकीकृत जल संसाधन विकास आयोग (एनसीआईडब्ल्यूआरडी) ने अपनी रिपोर्ट (1999) में वर्ष 2010, 2025 और 2050 के लिए कुल जल की आवश्यकता में से सिंचाई हेतु जल की आवश्यकता क्रमश: 78%, 72% और 68% आकलित की थी। एनसीआईडब्ल्यूआरडी द्वारा वर्ष 2010, 2025 और 2050 के लिए विभिन्न उपयोगों के लिए आकलित जल की आवश्यकता संलग्न विवरण में दी गई है।

(ग) और (घ) पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत स्थापित केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) देश में भूमि जल का विनियमन, नियंत्रण और प्रबंधन करता है। सीजीडब्ल्यूए ने देश में भूमि जल विकास के विनियमन हेतु 162 प्रखंड/तालुका/क्षेत्र अधिसूचित किए हैं जिनमें नए ट्यूबवैलों का निर्माण प्रतिबंधित है और केवल पीने के पानी के उद्देश्य हेतु, प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा इसकी अनुमति दी जाती है। तथापि, उद्योगों द्वारा भूमि जल के आहरण को विनियमित करने के लिए, उन्हें सीजीडब्ल्यूए के दिशा निर्देशों में निर्धारित शर्तों के अनुसार, भूमि जल के आहरण के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' लेना अपेक्षित होता है। इसके अतिरिक्त, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को भूमि जल के विनियमन और विकास के लिए भूमि जल विधान अधिनियमित करने के लिए एक मॉडल विधेयक परिचालित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, जल संसाधन मंत्रालय जल जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रदर्शनियों एवं मेलों में मॉडलों का प्रदर्शन, मेघदूत कार्डों का मुद्रण, मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग लगाने आदि जैसे कार्य नियमित आधार पर कर रहा है। भारत सरकार ने वर्ष 2013 को जल संरक्षण वर्ष घोषित किया है, जिसके तहत जल संरक्षण और इसके स्थायी प्रबंधन के विषय में कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रिंट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रचार-प्रसार, टॉक शो प्रतियोगिता आदि जैसे कई जागरूकता संबंधी कार्यकलाप आयोजित किए जा रहे हैं।

(ङ) और (च) राष्ट्रीय जल नीति, 2012 में अन्य बातों के साथ-साथ, सिफारिश की गई है कि 'राज्य को जल, विशेषकर भूमि जल, का प्रबंधन-खाद्य सुरक्षा, जीविका और सबके लिए सामान और स्थायी विकास को प्राप्त करने के लोक विश्वासी सिद्धांत के तहत करने की आवश्यकता है।'

विवरण

वर्ष 2010, 2025 और 2050 के लिए विभिन्न उपयोगों हेतु जल अपेक्षा (उच्च मांग परिदृश्य)

(एनसीआईडबल्यूआईडी द्वारा आकलित)

(बिलियन घन मीटर में मात्रा)

क्र. सं.	उपयोग	वर्ष 2010		वर्ष 2025		वर्ष 2050	
	कुल जल उपयोग	आवश्यकता	%	आवश्यकता	%	आवश्यकता	%
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	सिंचाई	557	78	611	72	807	68

1	2	3	4	5	6	7	8
2.	घरेलू	43	6	62	7	111	9
3.	उद्योग	37	5	67	8	81	7
4.	विद्युत	19	3	33	4	70	6
5.	अन्तरदेशीय नौवहन	7	1	10	1	15	1
6.	बाढ़ नियंत्रण	0	0	0	0	0	0
7.	पर्यावरण (1) वृक्षारोपण	0	0	0	0	0	0
8.	पर्यावरण (2) पारिस्थितिकी	5	1	10	1	20	2
9.	वाष्पीकरण से होने वाली हानि	42	6	50	6	76	7
	कुल	710	100	843	100	1180	100

[हिन्दी]

टी.वी. चैनलों पर विज्ञापन दिखाया जाना

1333. श्री अनंत कुमार :
प्रो. सौगत राय :
श्री अर्जुन राय :
श्री एम. कृष्णास्वामी :
श्री आर. ध्रुवनारायण :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने टी.वी. चैनलों को प्रति घंटे 12 मिनट से अधिक विज्ञापन नहीं दिखाने का निर्देश दिया था;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उपर्युक्त निर्देशों का उल्लंघन देश में उपभोक्ताओं के हितों को प्रभावित कर रहा है; और

(च) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) से (च) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राइ) ने दिनांक 22.03.2013 को "सेवा गुणवत्ता मानक (टेलीविजन चैनलों में विज्ञापन अवधि) (संशोधन) विनियम, 2013" नामक विनियम को अधिसूचित किया था। उक्त विनियमन के विनियम 3 में प्रावधान है कि कोई भी प्रसारक अपने किसी कार्यक्रम के प्रसारण में प्रति घंटे बारह मिनट से अधिक अवधि के विज्ञापन प्रसारित नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त, विनियम 5 में प्रावधान है कि प्रत्येक प्रसारक तिमाही समाप्त होने से पंद्रह दिन के भीतर अपने चैनल में प्रसारित विज्ञापनों का ब्यौरा ट्राइ को प्रस्तुत करेगा। इन विनियमों का कार्यान्वयन ट्राइ के कार्य-क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पूर्वोक्त विनियमों को कुछ प्रसारकों द्वारा दूरसंचार विवाद निपटान अपीलीय अधिकरण ने दिनांक 30.08.2013 के अपने आदेश के तहत, अन्य के साथ-साथ, यह निदेश दिया है कि ट्राइ अगले आदेश होने तक प्रसारकों से उक्त विनियमों का अनुपालन करवाने के लिए उनके विरुद्ध कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाएगा। यह मामला न्यायाधीन है।

निजी एयरलाइनों द्वारा उड़ान परिचालन

1334. श्री लक्ष्मण टुडु :
श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निजी एयरलाइनें देश में किसी एक स्थान से दूसरे स्थान तक उड़ान परिचालित करने के लिए स्वतंत्र हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके प्रभाव सहित कारण क्या हैं;

(ग) क्या उक्त प्रावधान से इस देश में पिछड़े क्षेत्रों के विकास में बाधा आ रही है;

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) जी, हां। घरेलू सेक्टरों के लिए प्रचालन अविनियमित कर दिए गए हैं तथा मार्ग संवितरण दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए यातायात मांग एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखकर किसी स्थान विशेष के लिए वायु सेवाएं उपलब्ध कराना एयरलाइनों पर निर्भर करता है।

(ग) से (ङ) पूर्वोत्तर (एनई), क्षेत्र, जम्मू एवं कश्मीर, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों की वायु परिवहन सेवाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर हवाई परिवहन सेवाओं के बेहतर विनियमन के लिए सरकार द्वारा मार्ग संवितरण दिशा निर्देश निर्धारित किए गए हैं। इन मार्ग संवितरण दिशा निर्देशों के अनुसार श्रेणी-I (मेट्रो) मार्गों पर प्रचालन करने वाली प्रत्येक अनुसूचित एयरलाइन से यह अपेक्षित है कि वह श्रेणी-I मार्गों पर लगाई गई अपनी क्षमता का 10% श्रेणी-II मार्गों के लिए प्रयोग करे। श्रेणी-II के अंतर्गत वे मार्ग आते हैं जिनके कनेक्टिंग स्टेशन पूर्वोत्तर क्षेत्र, जम्मू एवं कश्मीर, अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप में हैं। ऑपरेटरों से यह भी अपेक्षित है कि वे श्रेणी-I मार्ग के लिए लगाई गई अपनी क्षमता का कम से कम 50% प्रयोग श्रेणी-III (छोटे शहर) मार्गों के लिए करे।

मीडिया में स्व विनियमन

1335. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :
श्री अर्जुन राय :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मीडिया में स्व विनियमन के सिद्धांत से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने स्व विनियमन तंत्र के विद्यमान होने के बावजूद देश में संस्कृति और सभ्यता को चोट पहुंचाने वाले अश्लील, अभद्र कार्यक्रमों और विज्ञापनों के प्रसारण के लिए किसी दंड का प्रावधान किया है; और

(घ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस उद्देश्य के लिए लगाए गए तंत्र और उसके माध्यम से की गई सजा का ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) और (ख) सरकार मीडिया में स्वविनियमन को प्रोत्साहित करती रही है। प्रिंट मीडिया के संबंध में प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 के अंतर्गत भारत में समाचारपत्रों और समाचार अभिकरणों के मानकों को बनाए रखने और उनमें सुधार करने के लिए और प्रेस के बीच स्व-विनियमन के सिद्धान्तों के संचार के लिए भी भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) की स्थापना एक सांविधिक स्वायत्तशासी निकाय के रूप में की गई है। पीसीआई को अधिनियम 13(2) के अधीन अपने उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए समाचारपत्रों, समाचार अभिकरणों और पत्रकारों के लिए उच्च पेशेवर मानकों के अनुसार आचरण संहिता तैयार करने के लिए अधिदेशित किया गया है। तदनुसार, प्रेस परिषद ने मीडिया के अनुपालनार्थ "पत्रकारिता आचरण के मानदंड" तैयार किए हैं। ये मानदंड उनकी वेबसाइट *www.presscouncil.nic.in* पर उपलब्ध हैं।

उद्योग ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए स्व-विनियामक निकायों का भी गठन किया है। समाचार प्रसारक संघ (एनबीए), जो समाचार प्रसारकों का संघ है, ने नैतिक संहिता और प्रसारण मानक तैयार किए हैं जिसके दायरे में समाचार प्रसारण के स्वविनियमन हेतु अनेक सिद्धान्तों को शामिल किया गया है। उन्होंने एक दो-स्तरीय स्व-विनियमन तंत्र की स्थापना की है, जिसमें समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण (एनबीएसए) प्रसारकों के खिलाफ या उनके संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों की जहां तक वे अपने सदस्य चैनलों के प्रसारण की विषयवस्तु से संबंधित हों, सुनवाई करने और निर्णय लेने के लिए द्वितीय स्तर पर है। प्राधिकरण के मुखिया सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं और इसके आठ अन्य सदस्य होते हैं।

भारतीय प्रसारण प्रतिष्ठान (आईबीएफ), जो गैर-समाचार प्रसारकों का संघ है, ने भी एक दो-स्तरीय स्वविनियामक तंत्र का गठन किया है जिसके सदस्य प्रसारक प्रथम स्तर पर हैं और प्रसारण विषयवस्तु शिकायत परिषद (बीसीसीसी) द्वितीय स्तर पर है। आईबीएफ ने विषयवस्तु संहिता और प्रमाणन नियम, 2011 विनिर्धारित किया है जिसके दायरे में सदस्य चैनलों द्वारा टेलीविजन प्रसारण के विनियमन हेतु व्यापक विषयवस्तु संबंधी सिद्धान्तों और मानदंडों को शामिल किया गया है।

भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) विज्ञापनदाताओं का स्वविनियामक निकाय है। एएससीआई ने भी टीवी चैनलों और प्रिंट मीडिया पर विज्ञापनों के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर विचार करने के लिए उपभोक्ता शिकायत परिषद (सीसीसी) की स्थापना की है।

(ग) और (घ) टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले और केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से प्रसारित/पुनर्प्रसारित होने वाले सभी कार्यक्रमों और विज्ञापनों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विनिर्धारित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं का अनुपालन करना होता है। सरकार ने कार्यक्रम और

विज्ञापन संहिता के अतिक्रमण के शिकायतों, जिन्हें इस मंत्रालय की जानकारी में लाया जाता है, की जांच के लिए एक अंतर्मंत्रालयीय समिति (आईएमसी) का गठन किया है। आईएमसी में विभिन्न मंत्रालयों से नौ सदस्य रखे गए हैं और एक सदस्य एएससीआई से भी शामिल किया गया है। आईएमसी की सिफारिशों के आधार पर मंत्रालय नियमानुसार समुचित कर्रावाई करता है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के ब्यौरे संलग्न विवरण-I में दिए गए हैं।

विवरण

क्र. सं.	चैनलों के नाम	कारण बताओ नोटिस की तारीख	कारण बताओ नोटिस जारी करने का कारण	की गई कार्रवाई
1	2	3	4	5
1.	एसएस म्यूजिक (अब एसएस टीवी)	13.05.2010	'सिज़लिंग हिट्स' नामक कार्यक्रम का प्रसारण जो अभद्र और अश्लील था।	चैनल को दिनांक 08.02.2012 के आदेश के तहत 15 से 22 फरवरी, 2012 तक चैनल का प्रसारण बंद करने के आदेश दिए गए।
2.	सोनी टीवी	20.04.2011	'कॉमेडी सर्कस महासंग्राम' रियलिटी शो में असभ्य और बच्चों की छवि खराब करती विषय वस्तु का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 25.07.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
3.	चैनल [वी]	05.05.2011	'फुल टॉस वेला ब्वायज़' रियलिटी शो अश्लील और असभ्य विषय वस्तु का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 25.07.2011 को चेतावनी जारी की गई।
4.	बिंदास	22.02.2011	'इमोशनल अत्याचार सीजन-2' कार्यक्रम में अभद्र दृश्यों, असभ्य और अश्लील भाषा का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 26.07.2011 को सात दिन तक क्षमा याचना स्क्रोल चलाने के निदेश देते हुए आदेश दिए गए।
5.	बिंदास	19.04.2011	'दादागीरी-रिवेंज ऑफ सेक्सेस' कार्यक्रम में असभ्य विषय वस्तु का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 03.08.2011 को चेतावनी जारी की गई।
6.	टीएलसी	19.04.2011	'गेट आउट', 'ब्रिजेट्स', 'सैक्सिएस्ट', 'बीचिस' जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अश्लीलता का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 09.08.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
7.	पीपल टीवी	19.05.2011	'अझाता कझचा' कार्यक्रम में अश्लील विषय वस्तु का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 19.08.2011 को चेतावनी जारी की गई।
8.	बिंदास	27.05.2011	'मेरी तो लग गई नौकरी' कार्यक्रम में अभद्रता एवं अश्लीलता और असभ्यता का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 20.09.2011 को चेतावनी जारी की गई।
9.	न्यूज9	01.06.2011	'शीला साइज प्रोब्लम्स' कार्यक्रम जो अभद्र एवं अश्लील प्रतीत हुआ। इसके दृश्य महिलाओं की छवि को विकृत करते प्रतीत होते हैं।	दिनांक 23.09.2011 के आदेश के तहत चैनल को क्षमा याचना स्क्रोल चलाने का निदेश दिया गया।

1	2	3	4	5
10.	स्टार वर्ल्ड	27.07.2011	विभिन्न कार्यक्रमों 'डेक्स्टर', 'द बोल्ड एंड द ब्यूटीफुल', 'लॉस वेगास', 'टू एंड ए हॉफ मैन' और हाउ आई मैट यूअर मदर में अश्लील दृश्यों का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 14.12.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
11.	एफएक्स चैनल	18.07.2011	विभिन्न कार्यक्रमों हार्पर आइलैंड, क्रैश, 'मैड मैन सूत्र', फ्राजियर', सेविंग ग्रेस और 'स्काउंड्रेल्स' में अश्लील दृश्यों का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 18.04.2012 को चेतावनी जारी की गई।
12.	फाक्स क्राइम	28.07.2011	'स्लीपर सैल एंड 1000 वेज टू डाई' कार्यक्रमों में अश्लील दृश्यों का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 08.05.2012 को चेतावनी जारी की गई।
13.	सोनी पिक्स	11.07.2011	कुछ अंग्रेजी फिल्मों में अभद्र एवं असभ्य विषय वस्तु का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 16.05.2012 को चेतावनी जारी की गई।
14.	चैनल [वी]	12.09.2011	'लव नेट 2' कार्यक्रम में अभद्र, अश्लील और असभ्य विषय वस्तु का प्रसारण	चैनल को दिनांक 28.05.2012 को चेतावनी जारी की गई।
15.	जी ट्रेंड्स	12.09.2011	'बिकिनी डेस्टीनेशन' कार्यक्रम में अभद्र, अश्लील और असभ्य दृश्यों का प्रसारण	चैनल को दिनांक 05.11.2012 को सलाहपत्र जारी किया गया।
16.	एफटीवी	03.09.11 और 05.06.2012	11.9.11 को "डिजाइनर्स इन हाई डेफिनेशन", 12.9.11 को "शान्तेली लिंगरी पेरिस", 15.09.11 को "लिंगरी" तथा 19.4.12 को "फिफ्टींथ एनिवर्सरी टाप डिजाइनर्स" कार्यक्रमों का प्रसारण।	28.02.13 को चैनल को 10 दिन तक बंद रखने के आदेश दिए गए।
17.	एनडीटीवी गुड टाइम्स	26.07.11	अप्रैल, मई, 2011 के दौरान "लाइफ ए बीच" कार्यक्रम का प्रसारण।	02.04.13 को सलाहपत्र जारी किया गया।
18.	आईबीएन7	28.05.12	'एक्स शावर जैल' के विज्ञापन का प्रसारण।	दिनांक 29.05.13 के आदेश के तहत चैनल को लिखित में यह घोषणा पत्र दायर करने के आदेश दिए कि विज्ञापन की विषय-वस्तु का अनुमोदन करते समय भविष्य में वे अधिक सावधानी बरतेंगे तथा भविष्य में ऐसे विज्ञापनों का प्रसारण नहीं करेंगे।
19.	एमटीवी	24.04.2012	"एक्स शावर जैल" के विज्ञापन का प्रसारण।	दिनांक 17.06.13 के आदेश के तहत चैनल को लिखित में यह घोषणा पत्र दायर करने के आदेश

1	2	3	4	5
				दिए कि विज्ञापन की विषय-वस्तु का अनुमोदन करते समय भविष्य में वे अधिक सावधानी बरतेंगे तथा भविष्य में ऐसे विज्ञापनों का प्रसारण नहीं करेंगे।
20.	वीएच-1	28.05.2012	"एक्स शावर जैल" के विज्ञापन का प्रसारण।	दिनांक 17.06.13 के आदेश के तहत चैनल को लिखित में यह घोषणा पत्र दायर करने के आदेश दिए कि विज्ञापन की विषय-वस्तु का अनुमोदन करते समय भविष्य में वे अधिक सावधानी बरतेंगे तथा भविष्य में ऐसे विज्ञापनों का प्रसारण नहीं करेंगे।
21.	कलर्स	28.05.2012	"एक्स शावर जैल" के विज्ञापन का प्रसारण।	दिनांक 17.06.13 के आदेश के तहत चैनल को लिखित में यह घोषणा पत्र दायर करने के आदेश दिए कि विज्ञापन की विषय-वस्तु का अनुमोदन करते समय भविष्य में वे अधिक सावधानी बरतेंगे तथा भविष्य में ऐसे विज्ञापनों का प्रसारण नहीं करेंगे।
22.	एबीएन आन्ध्र ज्योति	08.04.2013	'इदे मालेया वेलावनी' पर आधारित गाने का प्रसारण।	01.10.2013 के आदेश के तहत 7 अक्तूबर, 2013 के 00.00 बजे से 14 अक्तूबर, 2013 के 00.01 बजे तक संपूर्ण देश में सात दिन तक किसी भी प्लेटफार्म पर "एबीएन आंध्र ज्योति" टीवी चैनल का प्रसारण अथवा पुन: प्रसारण नहीं किया जाएगा।
23.	एनटीवी	27.05.2013	भारतीय पुरुष संभोग की अपनी इच्छा धीरे-धीरे खो रहे हैं, पर न्यूज रिपोर्ट का प्रसारण जिसकी विषय-वस्तु शिष्ट और सभ्य नहीं थी।	दिनांक 18.09.2013 को एक आदेश के तहत चैनल पर तीन दिन तक क्षमा याचना स्क्रोल चलाने का दंड लगाया गया।
24.	यूटीवी बिंदास	30.05.2013	"इमोशनल अत्याचार-3" कार्यक्रम का प्रसारण।	दिनांक 06.11.13 को दिन तक चैनल का प्रसारण बंद।

एनएचपीसी विद्युत परियोजनाएं

1336. श्री नरेनभाई काछादिया :
श्री बालकृष्ण खांडेराव शुक्ल :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) की विभिन्न विद्युत परियोजनाएं अनुमति हेतु लंबित पड़ी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन परियोजनाओं के समय से पूरे होने से देश में बिजली की कमी को पूरा करने और मंद अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) एनएचपीसी लिमिटेड की 8531 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली दस जल-विद्युत परियोजनाएं (एचईपी), जिस पर केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की सहमति हो चुकी है, की पर्यावरण एवं वन स्वीकृति जैसे विभिन्न अन्य स्वीकृतियों की प्रतीक्षा है। राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। ये परियोजनाएं प्रतिवर्ष 32.1 बिलियन यूनिट तक का योगदान करेगी, जिससे देश में विद्युत की मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी। विद्युत मंत्रालय ने संबंधित मंत्रालयों, विशेषकर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से शीघ्र स्वीकृतियों की आवश्यकता पर जोर दिया है।

विवरण

विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों सहित सीईए द्वारा सहमत एनएचपीसी लि. की जल विद्युत स्कीम

क्र. सं.	स्कीम/क्षेत्र	एजेंसी	आईसी (मेगावाट)	डिजाइन एनर्जी (जीडब्ल्यूएच)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
जम्मू और कश्मीर					
1.	पकल दुल संयुक्त उद्यम	सीवीपीपी*	1000	3330.18	29.2.2008 को पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) प्राप्त की गई। 16.5.2005 और 6.12.2010 को वन स्वीकृति (एफसी) प्राप्त की गई। निवेश संबंधी अनुमोदन अभी दिया जाना है।
उत्तराखंड					
2.	कोटलीभेल स्टेज-I क केन्द्रीय	एनएचपीसी	195	1025.50	9.5.2007 को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त की गई। 13.10.2011 को वन स्वीकृति स्टेज-I प्राप्त की गई। वन स्वीकृति स्टेज-II प्रतीक्षित है।
3.	कोटलीभेल स्टेज-I ख केन्द्रीय	एनएचपीसी	320	1278.30	पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा वन स्वीकृति को अस्वीकृत कर दिया गया। पूर्व में 14.08.2007 को पर्यावरण स्वीकृति दी गई जिसे 22.11.2010 से वापस ले लिया गया।
4.	कोटलीभेल स्टेज-II केन्द्रीय	एनएचपीसी	530	2031.00	23.08.2007 को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त की गई। पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा वन स्वीकृति को अस्वीकृत कर दिया गया।
सिक्किम					
5.	तीस्ता स्टेज-IV केन्द्रीय	एनएचपीसी	520	2373.00	पर्यावरण स्वीकृति प्रतीक्षित है। 26.02.2013 को वन स्वीकृति-I प्राप्त की गई।
मणिपुर					
6.	तिपाईमुख केन्द्रीय	एनएचपीसी	1500	3805.70	24.10.2008 को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त की गई।**
7.	लोकटल डी/एस संयुक्त उद्यम	एलडीएचसीएल***	66	342.00	16.01.2013 को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त की गई। 03.03.11 को वन स्वीकृति स्टेज-I प्राप्त की गई। वन स्वीकृति स्टेज-II प्रतीक्षित है।

1	2	3	4	5	6
अरुणाचल प्रदेश					
8.	दिबांग केन्द्रीय	एनएचपीसी	3000	11330.00	पर्यावरण स्वीकृति और वन स्वीकृति प्रतीक्षित है।
9.	तवांग स्टेज.-I केन्द्रीय	एनएचपीसी	600	2963.00	10.06.11 को वन स्वीकृति स्टेज-I प्राप्त की गई। वन स्वीकृति प्रतीक्षित है।
10.	तवांग स्टेज.-II केन्द्रीय	एनएचपीसी	800	3622.00	10.06.11 को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त की गई। वन स्वीकृति प्रतीक्षित है।
	कुल		8531	32100.61	

* : सीवीपी, एनएचपीसी, जेकेएसपीडीसी और पीटीसी का संयुक्त उद्यम कंपनी है।

** : वन स्वीकृति प्रतीक्षित है। परियोजना संयुक्त उद्यम कंपनी (एमएचपीसी 69% एसजेवीएनएल 26% और मणिपुर सरकार – 5%) के माध्यम से शुरू किया जाना प्रस्तावित है।

*** : एलडीएचसीएल एनएचपीसी और मणिपुर सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी है।

नवी मुम्बई में हेलीपेड

1337. श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को मुम्बई और नवी मुंबई में हेलीपेडों की स्थापना करने के लिए महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) इस प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है और इस संबंध में देरी के क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (घ) ग्रीनफील्ड विमानपत्तन नीति, 2008 के अंतर्गत मुंबई तथा नवी मुंबई में हेलीपैडों की स्थापना के संबंध में भारत सरकार को महाराष्ट्र सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

[अनुवाद]

रेल दुर्घटनाओं के कारण हानि

1338. श्री एस. पक्कीरप्पा : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे को रेल दुर्घटनाओं और पीड़ितों को इंश्योरेंस कंपनियों के बजाय अपने स्रोतों से मुआवजा देने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 2010 से रेलवे द्वारा पीड़ितों को भुगतान किए गए मुआवजे का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में रेलवे द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी, हां। 2012-13 में परिणामी रेल दुर्घटनाओं के कारण रेल संपत्ति को 74.93 (लगभग) करोड़ रुपए की हानि होने का अनुमान लगाया गया है और 2012-13 के दौरान रेल दुर्घटनाओं में रेलवे द्वारा मुआवजे के रूप 3.20 करोड़ रुपए की राशि (लगभग) भुगतान करने का अनुमान लगाया गया। बीमा कंपनियों से ऐसी हानियों को चार्ज करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ग) रेलवे द्वारा 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के दौरान रेल दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा के रूप में राशि का लगभग 3.77 करोड़ (लगभग), 5.11 करोड़ (लगभग) और 3.20 करोड़ (लगभग) भुगतान किये जाने का अनुमान लगाया गया है।

(घ) दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और दुर्घटनाओं के कारण हुई हानि की पूर्ति के लिए नियमित तौर पर सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें अधिक पुरानी संपत्तियों का समय पर बदलाव, रेल पथ के अपग्रेडेशन और अनुरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को अपनाना, चल स्टॉक, सिगनल एवं इंटरलॉकिंग प्रणाली, संरक्षा ड्राइवरों, और सुरक्षा प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए कर्मचारियों को शिक्षित करने एवं उनकी निगरानी के लिए नियमित अंतराल पर निरीक्षण शामिल हैं। दुर्घटनाओं

को रोकने के लिए संरक्षा उपकरणों/प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है जिनमें ब्लॉक प्रूविंग धुरा काउंटर (बीपीएसी), सहायक चेतावनी प्रणाली (एडब्ल्यूएस), सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी), गाड़ी सुरक्षा चेतावनी प्रणाली (टीपीडब्ल्यूएस), गाड़ी टक्कर बचाव प्रणाली/टक्कर रोधी उपकरण (एसीडी), आदि शामिल हैं।

कोच्चि में एयर इंडिया का मुख्यालय

1339. श्री एंटो एंटोनी : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कोच्चि में एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्ण सज्जित मुख्यालयों के स्वतंत्र कार्यकरण की मांग करते हुए केरल राज्य सरकार से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) जी, नहीं, तथापि एअर इंडिया एक्सप्रेस के मुख्यालय द्वारा कोच्चि से बाहर आंशिक तौर पर कार्य प्रारम्भ कर दिए गए हैं। कोच्चि के लिए प्रचालन उप प्रमुख, उड़ान संरक्षा उप प्रमुख, विपणन प्रबंधन तथा ग्राहक सेवा प्रबंधक की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जनवरी, 2013 से कोच्चि में 3 अधिकारियों से युक्त एक हैल्प डैस्क भी स्थापित की गई है। इसके साथ-साथ कोच्चि से कार्य प्रचालन के लिए एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति किए जाने के संबंध में कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा शीघ्र ही कर्मचारी/अधिकारी नियुक्त कर लिए जाएंगे। विस्तार योजना के एक भाग के रूप में समग्र कार्य शक्ति को एक ही स्थान पर तैनात करने के उद्देश्य से कार्यालय स्थल के लिए सम्पतियां सूचीबद्ध कर ली गई हैं।

बांग्लादेश को बिजली का निर्यात

1340. श्री मानिक टैगोर : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का बांग्लादेश को उसकी बिजली मांग को पूरा करने के लिए उसे बिजली देने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इससे संबंधित निबंधन और शर्तों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन देशों के देश-वार क्या नाम हैं जिन्हें हमारे देश द्वारा विद्युत की आपूर्ति की जाती है/की जा रही है तथा उन्हें कितनी विद्युत की आपूर्ति की जा रही है;

(घ) क्या सरकार के पास निर्यात के लिए अधिशेष बिजली है; और

(ङ) यदि नहीं, तो बिजली के निर्यात के क्या कारण हैं जबकि देश बिजली की भारी कमी का सामना कर रहा है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) जी हां, विद्युत का निर्यात वैद्युत ग्रिड इंटरकनेक्शन के माध्यम से किया जाता है जिसे भारत-बांग्लादेश विद्युत संचालन केंद्र कहा जाता है जिसका उद्घाटन 05.10.2013 को किया गया था। भारत सरकार दोनों देशों के बीच जनवरी, 2010 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की शर्तों के अधीन बांग्लादेश को विद्युत आपूर्ति कर रही है।

(ग) नेपाल और बांग्लादेश को आपूर्ति की गई विद्युत की मात्रा क्रमश: लगभग 150 मेगावाट और 475 मेगावाट है।

(घ) और (ङ) भारत दोनों देशों के बीच विद्युत क्षेत्र में पारस्परिक लाभ और सहयोग के लिए उपर्युक्त मात्रा की आपूर्ति कर रहा है।

एफएम रेडियो चैनलों की ई-नीलामी

1341. श्री जी.एस. सिद्देश्वर :
श्री एस.एस. रामासुब्बू :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एफएम रेडियो चैनलों की नीलामी के तीसरे चरण में 294 शहरों में 839 एफएम रेडियो चैनलों की ई-नीलामी की घोषणा की थी

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन चैनलों की ई-नीलामी में असाधारण विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) उक्त परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है और नए एफएम रेडियो चैनलों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है;

(घ) सरकार द्वारा एफएम रेडियो चैनलों की ई-नीलामी हेतु स्पष्ट नीति तैयार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या देश के सभी सीमावर्ती जिलों में उच्चशक्ति ट्रांसमीटरों की स्थापना करके सीमाक्षेत्र पर होने वाले दुष्प्रचार का विरोध करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) जी, हां।

(ख) मंत्रिमंडल द्वारा 7 जुलाई, 2011 को प्राइवेट एजेंसियों के जरिए एफएम रेडियो प्रसारण सेवाओं का विस्तार संबंधी नीति का अनुमोदन किया गया था। चरण-III की नीति कार्यान्वित किए जाने के फलस्वरूप एक लाख व उससे अधिक आबादी (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) वाले सभी शहरों/कस्बों को कवर किया जा सकेगा।

चरण-III की नीति कार्यान्वित करते समय, मौजूदा अनुमतिधारकों से अंतरण शुल्क का प्रभारण, प्रस्ताव, अनुरोध (आरएफपी) में विनिर्दिष्ट विचलनों, अंतर-चैनल स्पेसिंग में कटौती आदि जैसे कुछेक मुद्दे उठे जिनके बारे में 6 मार्च, 2013 को ईजीओएम द्वारा निर्णय लिया गया।

(ग) एफएम रेडियो स्टेशन की स्थापना/प्रचालन के व्यय को प्राइवेट एफएम ऑपरेटरों द्वारा वहन किया जाता है। नए एफएम रेडियो चैनलों को नीलामी प्रक्रिया के पश्चात स्थापित किए जाने की संभावना है।

(घ) मुख्य सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के अनुमोदन से सरकार ने समस्त निविदा प्रक्रिया में सत्यनिष्ठा व पारदर्शिता का सुनिश्चयन करने के लिए एक स्वतंत्र बाह्य मॉनीटर (आईईएम) की नियुक्ति की है।

(ङ) और (च) सीमावर्ती क्षेत्रों सहित देश की संचार अवसंरचना के आवर्धन की नीति को लागू करना संसाधनों की उपलब्धता के मद्देनजर, एक गतिशील व सतत प्रक्रिया है।

सुविधा प्रभार

1342. श्री सुरेश कुमार शेटकर : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे का एनसीआर रैपिड रेल संपर्क परियोजनाओं के व्यवहार्यता-अंतर को पाटने हेतु वित्त जुटाने के लिए सुविधा-प्रभार वसूलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसका उद्देश्य क्या है; और

(ग) इसे कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (ग) जी नहीं, रेल मंत्रालय के पास राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) रैपिड रेल कनेक्टिविटी परियोजना में निधि व्यवहार्यता अंतर के लिए सुधारात्मक शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, क्योंकि एनसीआर क्षेत्र में रीज़नल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) से संबंधित मामला शहरी विकास मंत्रालय द्वारा समन्वित किया जा रहा है।

भूमि कानून

1343. श्री सुरेश कलमाड़ी :
श्री पन्ना लाल पुनिया :

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूमि-अर्जन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 में भूमि-अर्जन के मामले में संबंधित भूमि के बाजार-मूल्य का चार गुना मुआवजा देने की बात कही गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या भूमि-प्रयोग की पद्धति में बदलाव के संबंध में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के उद्योगों और अन्य अंशधारकों से प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार किया गया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार का विचार उक्त अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु किसी प्राधिकरण को स्थापित करने का है, और

(च) यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और उक्त प्राधिकरण को किन-किन राज्यों में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) और (ख) भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 में भूमि के बाजार मूल्य का आकलन करने तथा उसे निर्धारित करने के मानदंड विहित हैं। इसके अलावा, उक्त अधिनियम की धारा 30 में मुआवजे की राशि के 100 प्रतिशत के बराबर एक 'सांत्वना' राशि का उपबंध है।

(ग) और (घ) निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भू अर्जन, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापना विधेयक, 2011 लोक सभा में पुर:स्थापित करने से पहले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा अन्य हितधारकों से परामर्श किया गया था। उपरोक्त विधेयक को माननीय अध्यक्ष, लोक सभा द्वारा ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति को जांच करने तथा उसकी रिपोर्ट देने के लिए भेजा गया था। उक्त स्थायी समिति ने उक्त विधेयक पर अपनी रिपोर्ट तैयार करने के दौरान विभिन्न राज्यों तथा अन्य हितधारकों से व्यापक परामर्श किया।

(ङ) और (च) उपरोक्त अधिनियम की धारा 51 में उचित सरकार द्वारा भू अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण की स्थापना करने की परिकल्पना की गई है जिसका उद्देश्य भूमि अधिग्रहण, मुआवजे, पुनर्वास व पुनर्स्थापन से संबंधित विवादों के त्वरित निपटान की व्यवस्था करना है।

आंध्र प्रदेश में एमएमटीएस परियोजनाएं

1344. श्री असादुद्दीन ओवेसी : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश विशेषकर हैदराबाद में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) के द्वितीय चरण की परियोजनाओं का ब्यौरा और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इन पर आवंटित/व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे का विचार उक्त परियोजनाओं में निजी क्षेत्र और राज्य सरकार को शामिल करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त परियोजनाओं के पूरा होने की क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) आंध्र प्रदेश मे मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट प्रणाली (एमएमटीएस) चरण-II परियोजना को अवसंरचना संबंधी कैबिनेट समिति द्वारा 01.03.2013 को स्वीकृत कर दिया गया है। रेलवे की ओर से रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) इस कार्य का निष्पादन कर रही है। उम्दानगर-एयरपोर्ट नई लाइन को छोड़कर बाकी सभी परियोजना के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं। इस परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

(I) फलकनुमा-उम्दानगर दोहरीकरण और उम्दानगर-एयरपोर्ट नई लाइन।

(II) सिकंदराबाद-बोलारम मौजूदा खंड का विद्युतीकरण।

(III) बोलाराम-मेदचल (14 किमी)-विद्युतीकरण सहित दोहरीकरण।

(IV) मौला अली-घटकेसर- विद्युतीकरण सहित चौहरीकरण।

(V) मौला अली-सनथनगर कोर्ड लाइन (22.10 किमी.)-विद्युतीकरण सहित दोहरीकरण।

(VI) मौलाई-मल्काजगीरी-सीताफलमंड (10 किमी.)-विद्युतीकरण सहित दोहरीकरण।

(VII) तेलपुर-रामचन्द्रपुरम (5.75 किमी)-विद्युतीकरण सहित पुनःस्थापन।

(ख) रेलवे ने 2013-14 के दौरान 30 करोड़ रुपए आवंटित किए और राज्य सरकार द्वारा तदनुरूपी दी गई शेयर की राशि 60 करोड़ रुपए है। अक्तूबर, 2013 तक बुक किया गया खर्च 0.21 करोड़ है।

(ग) और (घ) यह परियाजना आंध्र प्रदेश सरकार की भागेदारी से रेलवे द्वारा कार्यन्वित की जा रही है। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार इस परियोजना में 2/3 लागत की राशि का अंशदान करने के लिए सहमत हो गई है।

(ङ) इस परियोजना के पूरा होने के लिए कोई लक्ष्य तिथि निर्धारित नहीं की गयी है।

[हिन्दी]

आरक्षण/निरस्तीकरण संबंधी नीति

1345. श्री ए.टी. नाना पाटील :
श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने रेल टिकटों के आरक्षण और निरस्तीकरण संबंधी कोई नीति बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नई नीति के अंतर्गत टिकटों को निरस्त करने के लिए काफी कम समयावधि निर्धारित हाने के कारण जनता को नुकसान होने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) भारतीय रेलों पर टिकटों के आरक्षण और निरस्तीकरण पर एक सुस्थापित नीति निर्धारित है जिसे समय-समय पर संशोधित किया जाता है।

आरक्षित टिकटों पर आरक्षण शुल्क 01.04.2013 से नीचे दिए अनुसार संशोधित किया गया है:—

श्रेणी	आरक्षण शुल्क (रुपए में)	
	01.04.2013 से पहले	01.04.2013 से लागू
सेकेंड	15	15 (कोई परिवर्तन नहीं)
स्लीपर	20	20 (कोई परिवर्तन नहीं)
एसी चेयर कार	25	40
एसी-3 इकोनोमी	25	40
एसी-3 टियर	25	40
प्रथम श्रेणी	25	50
एसी-2 टियर	25	50
एसी प्रथम	35	60
एग्जीक्यूटीव	35	60

निरस्तीकरण के संबंध में, 01.07.2013 से प्रभावी रेलवे यात्री (टिकट का निरस्तीकरण और किराए की धन वापसी) नियम को दिनांक 06.06.2013 के राजपत्र अधिसूचना सं. जीआरएस 362(ई) के माध्यम से संशोधित किया गया है:—

(i) धन वापसी नियम का पिछला महत्त्वपूर्ण संशोधन वर्ष 1988 में किया गया था। पिछले 15 वर्षों के दौरान भारतीय रेलों की टिकट प्रणाली में नीचे दिए अनुसार प्रमुख बदलाव किए गए:—

- कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली और कंप्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली का बड़े पैमाने पर प्रसार।

  इंटरनेट आधारित टिकट प्रणाली का विस्तार।

- एकीकृत गाड़ी पूछताछ प्रणाली की उपलब्धता जो गाड़ियों की चलने और टेलीफोन, एसएमएस और इंटरनेट के माध्यम से आरक्षण स्थिति की तत्काल सूचना की सुविधा देती है।

धन वापसी नियमों को टिकट/पूछताछ प्रणालियों में हुए विकास के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

(ii) सरलीकरण, धन वापसी प्रक्रिया में दक्षता लाने, अंतिम समय में निरस्तीकरण की गुंजाइश को कम करने, धन वापसी के फर्जी दावों की जांच करने और धन वापसी प्रक्रिया के दुरूपयोग को कम करने के उद्देश्य से भी संशोधन किए गए थे।

(ग) उपर्युक्त विकासों को देखते हए टिकटों के निरस्तीकरण की समय सीमा को युक्तिसंगत बनाया गया है। यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर टिकटें रद्द हेतु प्रस्तुत कर दी जाती हैं तो जनता को कोई नुकसान नहीं होता है।

(घ) और (ङ) संशोधित धन वापसी नियमों के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें सुझाव/गुण-दोष विवेचना शामिल हैं। धन वापसी से संबंधित नीति दिशा-निर्देशों सहित (प्राप्त फीडबैक के आधार पर) नीति संबंधी दिशा-निर्देशों का आशोधन/संशोधन करना एक सतत और चालू प्रक्रिया है।

[अनुवाद]

अप्रयुक्त विमानपत्तन

1346. श्री एस.एस. रामासुब्बू : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा निर्मित और अनुरक्षित 32 विमानपत्तन अप्रयुक्त पड़े हैं; 6 विमानपत्तनों से प्रतिदिन केवल 1 उड़ान संचालित होती है और 9 अन्य विमानपत्तनों से केवल 2 उड़ानें तथा 6 विमानपत्तनों से मात्र 3 से 4 उड़ानें प्रतिदिन हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विमानपत्तनों के अप्रयुक्त रहने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का घरेलू विमान सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने का विचार है और ऐसी विमान-कंपनियों की सहायता के लिए एक कोष बनाने की भी योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वार देश में अपेक्षाकृत छोटे विमानपत्तनों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (घ) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से सम्बद्ध 44 हवाई अड्डे ऐसे हैं जहां से वर्तमान में कोई अनुसूचित प्रचालन नहीं किया जा रहा है। इन 44 हवाई अड्डों की सूची संलग्न विवरण-I पर दी गई है। इसके अतिरिक्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षित एवं प्रबंधन किए जा रहे 26 हवाई अड्डे/सिविल एन्कलेव ऐसे हैं जहां से प्रतिदिन 1 से 6 उड़ानों का प्रचालन किया जा रहा है। इन 26 हवाई अड्डों/सिविल एन्कलेवों की सूची संलग्न विवरण-II पर दी गई है। घरेलू सेक्टर के लिए उड़ानों

का प्रचालन अविनियमित कर दिया गया है तथा दूरस्थ क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में हवाई परिवहन सेवाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखकर इन सेवाओं के बेहतर विनियमन की उपलब्धि के आशय से सरकार द्वारा निर्धारित मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए एयरलाइनें अब देश में कहीं भी प्रचालन के लिए स्वतंत्र हैं। तथापि मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए यातायात मांग एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखकर किसी विशिष्ट स्थान के लिए वायु सेवाएं प्रारम्भ करना एयरलाइनों पर निर्भर है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए नागर विमानन के कार्य दल की रिपोर्ट में आवश्यक हवाई सेवा निधि (ईएएसएफ) की स्थावना किए जाने का प्रस्ताव सम्मिलित है।

विवरण-I

ऐसे हवाई अड्डे, जहां से कोई अनुसूचित उड़ान नहीं है

क्र. सं.	हवाई अड्डे का नाम
1	2
1.	आईजल (तुरियल)
2.	आसनसोल
3.	बालुरघाट
4.	बिलासपुर
5.	चाकुलिया
6.	कूच बिहार
7.	कुड्डापा
8.	डपारिजो
9.	दीसा (पालनपुर)
10.	दोनाकोंडा
11.	जलगांव
12.	झारसुगुडा
13.	जोगबानी
14.	कैलाशहर
15.	कमलपुर
16.	खांडवा
17.	खोवाई
18.	ललितपुर
19.	माल्दा
20.	मुजफ्फरपुर
21.	नादिरगुल
22.	पन्ना
23.	पास्सीघाट
24.	रक्सौल
25.	रूपसी
26.	सतना
27.	शैला
28.	तेजू
29.	वैल्लौर
30.	वारंगल
31.	देवगढ़
32.	जैसलमेर
33.	बीकानेर
34.	भटिंडा
35.	अकोला
36.	बेहला
37.	कांडला
38.	केशोड (जूनागढ़)
39.	कोल्हापुर
40.	कोटा
41.	पंतनगर
42.	शोलापुर
43.	पठानकोट
44.	लीलाबारी

विवरण-II

26 हवाईअड्डे/सिविल एक्सप्रेस की सूची

क्र. सं.	हवाई अड्डा	एयरलाइनों की संख्या	उड़ानों की संख्या (आगमन + प्रस्थान) प्रति सप्ताह	प्रतिदिन उड़ानें (अनुमानत:)
1	2	3	4	5
1.	आगरा	2	10	1
2.	अगाती	1	12	2
3.	आइजल	2	44	6
4.	इलाहाबाद	2	36	5
5.	बेलगाम	1	14	2
6.	भावनगर	1	14	2
7.	भुज	1	28	4
8.	धर्मशाला	2	28	4
9.	दीमापुर	1	10	1
10.	गोरखपुर	1	12	2
11.	ग्वालियर	1	4	1
12.	हुबली	1	28	4
13.	जबलपुर	2	38	5
14.	जामनगर	1	14	2
15.	जोरहाट	1	20	3
16.	कानपुर	1	4	1
17.	खजुराहो	3	34	5
18.	कुल्लु	1	12	2
19.	लुधियाना	1	6	1
20.	मैसूर	1	14	2
21.	पुदुचेरी	1	12	2
22.	पोरबंदर	1	14	2
23.	राजामुन्दरी	2	42	6
24.	शिलांग	1	10	1
25.	सूरत	2	36	5
26.	तूतीकोरीन	1	28	4

[अनुवाद]

वायुमार्ग-प्रसार संबंधी मार्गनिदेश

1347. श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार दूर-दराज के और दुर्गम क्षेत्रों के लिए हवाई सेवाओं में सुधार हेतु वायुमार्ग प्रसार संबंधी मार्गनिदेशों की समीक्षा करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने छोटे नगरों और शहरों तक कम लागत आधार पर हवाई-संपर्क का विस्तार करने हेतु नीतिगत ढांचा तैयार करने के लिए किसी परामर्शक फर्म की सेवाएं ली हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परामर्शक फर्म द्वारा क्या सुझाव दिए गए हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना-अवधि के दौरान देश में कम लागत वाली विमान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए/प्रस्तावित हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) जी, हां। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी एवं ऐसी कनेक्टिविटी की प्रोन्नति हेतु अपेक्षित उपायों के मुद्दे की जांच हेतु अध्ययन करने का कार्य मंत्रालय द्वारा मैसर्स डेलॉट्टी टॅच तोह्मात्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। परामर्शदाता द्वारा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। परामर्शदाता द्वारा प्रस्तुत की गई कुछ महत्त्वपूर्ण अनुशंसाएं/सुझाव नीचे दिए गए हैं:—

(i) मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों में संशोधन

(ii) क्षेत्रीय एवं दूरस्थ हवाई कनेक्टिविटी की प्रोन्नति के लिए क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी निधि का निर्माण

(iii) एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर वैट में कमी लाना

(iv) एविएशन टर्बाइन फ्यूल को घोषित सामग्री के रूप में पुन: वर्गीकृत किया जाना

(ङ) किफायती वाहक (लो कॉस्ट कैरियर-एलसीसी) मूलत: कुछ एयरलाइनों द्वारा अपनाई गई व्यवसायिक प्रक्रिया है। चूंकि किसी एयरलाइन को किफायती वाहन (एनसीसी) के रूप में वर्गीकृत किए जाने के संबंध में कोई मानदंड निर्धारित नहीं हैं इसलिए डीजीसीए द्वारा किसी एयरलाइन को किफायती वाहक के रूप में वर्गीकृत नहीं किया है। भारतीय वाहकों को वास्तविक प्रयोक्ता के रूप में एविएशन टर्बाइन फ्यूल का सीधे आयात करने, किसी अनुसूचित हवाई परिवहन उपक्रम में किसी विदेशी एयरलाइन द्वारा 49 प्रतिशत तक के इक्विटी निवेश की अनुमति देने, 1 मिलियन अमरीकी डालर की अधिकतम सीमा सहित एयरलाइन उद्योग की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए ईसीबी की अनुमति देने तथा नागरिक विमान के पूर्जों एवं नागरिक विमान के लिए थर्ड पार्टी अनुरक्षण, मरम्मत तथा ओवरहॉल के लिए कर छूट प्रदान करने जैसे उपाय करते हुए सरकार द्वारा एयरलाइनों को प्रोत्साहित किया गया है।

[हिन्दी]

एसजीएसवाई के अंतर्गत वित्तीय सहायता

1348. श्री बद्रीराम जाखड़ : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में, विशेषकर राजस्थान में, स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एजीएसवाई) के अंतर्गत कुल कितने व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित/जारी/प्रयुक्त निधियों का ब्यौरा क्या है और बीपीएल जनसंख्या हेतु प्रत्येक राज्य को दी गई कुल वित्तीय सहायता कितनी है; और

(ग) पुरानी ग्रेडिंग पद्धति की तुलना में नई पद्धति से होने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) से (ग) वर्ष 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के दौरान, स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) के अंतर्गत जिन कुल व्यक्तियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी, उनका ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। वर्ष 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के दौरान एसजीएसवाई के अंतर्गत निधियों का केन्द्रीय आवंटन, जारी की गई केन्द्रीय निधियां, उपयोग की गई निधियां और खर्च न की गई शेष राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है। एसजीएसवाई को दिनांक 1.4.2013 से बंद कर दिया गया है।

विवरण-I

(संख्या में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	सहायता प्राप्त कुल स्वरोजगारी		
		2010-11	2011-12	2012-13
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	165205	108814	328064
2.	अरुणाचल प्रदेश	1036	308	0
3.	असम	143941	143888	1329
4.	बिहार	162009	135426	3065
5.	छत्तीसगढ़	53564	44885	44103
6.	गोवा	768	184	0
7.	गुजरात	46820	30267	23194
8.	हरियाणा	30199	24435	10715
9.	हिमाचल प्रदेश	11615	10828	9486

1	2	3	4	5
10.	जम्मू और कश्मीर	4271	5236	0
11.	झारखंड	113903	57019	24054
12.	कर्नाटक	107283	80754	72291
13.	केरल	47046	40311	0
14.	मध्य प्रदेश	97761	88860	57953
15.	महाराष्ट्र	159855	152429	32958
16.	मणिपुर	603	363	0
17.	मेघालय	40552	5182	941
18.	मिजोरम	3565	3010	0
19.	नागालैंड	4993	5519	0
20.	ओडिशा	138595	129363	30760
21.	पंजाब	15657	10287	3291
22.	राजस्थान	74853	76149	66397
23.	सिक्किम	1294	1337	0
24.	तमिलनाडु	138916	72095	201323
25.	त्रिपुरा	63890	13456	4797
26.	उत्तर प्रदेश	391700	341935	151584
27.	उत्तराखंड	20789	17673	9649
28.	पश्चिम बंगाल	66942	74494	68245
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	448	359	0
30.	चंडीगढ़	0	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0
32.	लक्षद्वीप	0	0	0
33.	पुदुचेरी	1913	2256	0
	कुल	2109986	1677117	1144199

विवरण-II

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2010-11				2011-12				2012-13			
		केन्द्रीय आवंटन	केन्द्रीय रिलीज	व्यय*	खर्च न की गई राशि**	केन्द्रीय आवंटन	केन्द्रीय रिलीज	व्यय	खर्च न की गई राशि**	केन्द्रीय आवंटन	केन्द्रीय रिलीज	व्यय	खर्च न की गई राशि**
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आंध्र प्रदेश	12557.00	12545.33	18460.59	407.84	11472.00	5736.00	8928.52	7037.69				
2.	बिहार	29872.00	13874.71	27337.28	28360.87	27291.00	6733.98	14639.25	40305.88				
3.	छत्तीसगढ़	6635.00	6584.38	7736.15	1785.87	6062.00	5815.41	700.18	1334.53				
4.	गोवा	200.00	70.60	77.89	189.01	176.00	25.87	61.59	389.78	175.00	25.72	0.00	25.72
5.	गुजरात	4727.00	4614.50	6949.44	269.74	4318.00	3734.97	5316.70	674.69	4375.00	2095.52	5511.26	1247.73
6.	हरियाणा	2781.00	2725.43	3907.13	145.06	2541.00	2499.56	3494.49	37.20	2574.00	2452.09	1844.59	3367.61
7.	हिमाचल प्रदेश	1171.00	1096.00	1460.85	667.29	1070.00	777.60	1419.78	256.29	1084.00	552.50	1110.24	280.17
8.	जम्मू और कश्मीर	1449.00	759.05	734.12	800.35	1324.00	576.72	525.25	635.57	1342.00	451.89	0.00	451.89
9.	झारखंड	11264.00	10979.00	12369.65	9200.70	10290.00	6670.04	9041.79	4898.29				
10.	कर्नाटक	9482.00	9369.50	12646.39	2339.58	8663.00	6775.01	11798.34	642.38	8777.00	5591.69	9246.29	1275.06
11.	केरल	4255.00	4146.55	5851.54	170.38	3887.00	3792.71	5232.60	187.38				
12.	मध्य प्रदेश	14214.00	13844.63	17926.16	3406.36	12986.00	11254.29	14810.33	3448.43				
13.	महाराष्ट्र	18744.00	18560.25	22067.39	3421.95	17125.00	16979.23	23080.34	1129.86				
14.	ओडिशा	14363.00	14061.13	17282.97	2550.97	13122.00	12119.13	17134.89	157.94				
15.	पंजाब	1351.00	1247.66	1748.22	111.34	1235.00	988.96	1200.86	227.87	1251.00	276.32	363.40	1233.79
16.	राजस्थान	7200.00	7183.13	9954.67	3394.95	6578.00	5936.96	10108.88	1936.40	6664.00	3332.00	8968.07	2321.67
17.	तमिलनाडु	11103.00	11068.05	14835.21	470.35	10144.00	10134.27	9366.49	3628.70				

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
18.	उत्तर प्रदेश	43006.00	42389.13	49220.95	24685.86	39290.00	28340.26	42832.96	17042.68	39827.00	22257.61	18353.13	25070.38
19.	उत्तराखंड	2264.00	2155.25	3182.68	242.31	2069.00	2067.88	2646.01	326.14	2096.00	1811.94	1417.29	994.26
20.	पश्चिम बंगाल	15962.00	15812.00	18897.82	2963.64	14582.00	13175.61	17000.05	4110.25	14773.00	12314.42	12559.07	4836.18
21.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	25.00	10.84	25.64	18.82	25.00	12.48	20.06	7.00	25.00	8.47	0.00	8.47
22.	दमन और दीव	25.00	0.00	0.00	25.00	25.00	0.00	0.00		25.00	0.00	0.00	
23.	दादरा और नगर हवेली	25.00	0.00	0.00	0.00	25.00	0.00	0.00	25.00	25.00	0.00	0.00	
24.	लक्षद्वीप	25.00	0.00	0.00	25.00	25.00	12.50	0.00	12.50	25.00	0.00	0.00	
25.	पुदुचेरी	300.00	250.00	148.52	218.74	275.00	137.50	210.88	1.82	275.00	0.00	0.00	
	कुल	213000.00	193347.09	1252818.26	85871.98	194600.00	144296.94	205871.24	88454.27	83313.00	51170.17	59373.34	41312.93
	पूर्वोत्तर राज्य												
1.	अरुणाचल प्रदेश	692.00	518.87	135.87	587.92	678.00	343.26	86.09	403.12	623.00	219.70	0.00	219.70
2.	असम	17988.00	20301.85	21924.00	4963.40	17628.00	10836.74	19553.00	7.36			0.00	10590.29
3.	मणिपुर	1206.00	1187.18	360.69	949.41	1182.00	618.82	364.46	400.02	1086.00	594.24	0.00	594.74
4.	मेघालय	1351.00	836.70	818.23	687.66	1324.00	391.85	787.53	181.63	1216.00	253.07	115.92	149.16
5.	मिजोरम	313.00	443.85	493.21	93.30	306.00	306.03	347.45	5.65	281.00	140.52	0.00	281.00
6.	नागालैंड	927.00	872.14	399.91	490.34	908.00	697.14	518.92	351.55	834.00	497.83	0.00	497.83
7.	सिक्किम	346.00	483.80	373.35	470.35	340.00	170.00	451.46	56.61	313.00	0.00	0.00	
8.	त्रिपुरा	2177.00	2490.10	3080.41	26.08	2134.00	2134.01	1743.98	674.29	1960.00	1528.53	275.77	1303.86
	कुल	25000.00	27134.49	27585.67	8268.46	24500.00	15497.85	23852.89	2060.23	6313.00	3233.89	391.69	13636.58
	कुल योग	238000.00	220481.58	280403.93	94140.44	219100.00	159794.79	229724.13	90514.50	89626.00	54404.06	59765.03	54949.51

*व्यय, कुल उपलब्ध निधियों जिसमें राज्य हिस्सेदारी, अथशेष, विविध प्राप्तियां शामिल हैं, में से किया गया।

**खर्च न की गई राशि, कुल उपलब्ध निधियों जिसमें राज्य हिस्सेदारी, अथशेष और विविध प्राप्तियां शामिल हैं, में से है।

रेलवे स्टेशन

1349. श्री एम.बी. राजेश :
श्री एम. राजामोहन रेड्डी :

क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे का केरल के पालक्कड़ में स्थित मानकरा स्टेशन सहित कुछ रेलवे स्टेशनों को बंद करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से कतिपय रेलवे स्टेशनों को विकसित करने का भी विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ चिन्हित स्टेशनों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त प्रस्ताव के कार्यान्वयन हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) भारतीय रेल ने पर्यटन मंत्रालय की भागीदारी से 24 चिन्हित रेलवे स्टेशनों को स्टेशनों/गंतव्यों की विरासत और पर्यटन संबंधी मायनों को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं में सुधार करने की योजना बनाई है। अपग्रेडेशन और आधुनिकीकरण का कार्य लागत में 50:50 की भागीदारी के आधार पर किया जाएगा। सुख-सुविधाओं में सुधार के लिए कार्यों की प्राथमिकता के लिए रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा संयुक्त निर्णय लिया गया है। चिन्हित स्टेशन हैं—हैदराबाद, तिरुपति, हॉस्पेट, आगरा कैंट, रायबरेली, वाराणसी, दिल्ली सफदरजंग, कामाख्या, गुवाहाटी, हरिद्वार, कुरुक्षेत्र, गया, मदुरै, रामेश्वरम, तारापीठ, तारकेश्वर, न्यू जलपाईगुड़ी, तिरुवनंतपुरम, अमृतसर, औरंगाबाद, नांदेड़, पुरी, जयपुर और अजमेर।

(ङ) कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

डीडीपी और डीपीएपी क्षेत्र

1350. श्री सी.आर. पाटिल :
श्री भरत राम मेघवाल :

क्या **जल संसाधन मंत्री** डीपीपी एवं डीपीएपी क्षेत्र के बारे में 21 मार्च, 2013 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3958 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि, क्या संशोधित त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) योजना को कैबिनेट द्वारा स्वीकृत किया गया है; और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा देश में सरदार सरोवर परियोजना और डीडीपी क्षेत्र योजना के अंतर्गत आने वाली अन्य पात्र परियोजनाओं को एआईबीपी के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाने का प्रस्ताव है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : आर्थिक मामला संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने सितम्बर, 2013 में 12वीं योजना के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम स्कीम को जारी रखने का अनुमोदन किया। अनुमोदन के अनुसार सहायता की मात्रा का निर्धारण करने के उद्देश्य हेतु मरूस्थल विकास कार्यक्रम (डीडीपी) क्षेत्र/मरूस्थल प्रवण क्षेत्र (डीपीए) को लाभ पहुंचाने वाली परियोजना को डीपीएपी क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाओं के समान समझा जायेगा और विशेष श्रेणी राज्यों में परियोजनाओं के लिए नई परियोजनाएं 90 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता की पात्र होंगी जबकि गैर-विशेष श्रेणी राज्यों में परियोजनाओं के लिए ये 75 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता की पात्र होंगी। पहले ही एआईबीपी के तहत चल रही और मरूस्थल विकास कार्यक्रम/सूखा प्रवण क्षेत्र को लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाएं 25% की दर से केन्द्रीय सहायता प्राप्त करती रहेंगी। इस प्रकार सरदार सरोवर परियोजना, जो कि पहले से ही एआईबीपी के तहत चल रही हैं और मरूस्थल विकास कार्यक्रम/मरूस्थल प्रवण क्षेत्र को लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाएं 25% की दर से केन्द्रीय सहायता हेतु पात्र होंगी। देश में अन्य राज्यों के डीडीपी क्षेत्रों की अन्य पात्र परियोजनाओं को भी उपर्युक्त के अनुसार एआईबीपी के तहत केन्द्रीय सहायता मुहैया कराई जाएगी।

डबल-डैकर रेलगाड़ियां

1351. श्री पोन्नम प्रभाकर : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे दिल्ली से जयपुर के बीच डबल-डैकर रेलगाड़ियां चला रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोन में ऐसी डबल-डैकर रेलगाड़ियां चलाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (ग) वर्तमान में, जयपुर और दिल्ली एक दैनिक डबल-डेकर सर्विस यथा 12985/12986 से जुड़े हुए हैं, फिलहाल, दिल्ली और जयपुर के बीच एक अतिरिक्त डबल-डेकर गाड़ी शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, बहरहाल, डबल-डेकर गाड़ी सहित नई गाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना

एक सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

रेल-यात्री निवास

1352. श्री जोस.के. मणि : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे का देश में सरकारी-निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति के अंतर्गत रेल-यात्री निवास का निर्माण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और स्थल-वार वर्तमान अवस्थिति क्या है;

(ग) क्या रेलवे का बड़ी संख्या में सबरीमाला तीर्थ स्थान आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए केरल के कोट्टायम में रेल-यात्री निवास का निर्माण करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ङ) रेलवे द्वारा इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

दिल्ली-देहरादून रेलमार्ग पर अतिरिक्त रेलगाड़ियां

1353. श्री कादिर राणा : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे का दिल्ली-देहरादून वाया मेरठ रेलमार्ग पर अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या रेलवे इस रेलमार्ग राजधानी एक्सप्रैस ट्रेन चलाने और उसे मुजफ्फरनगर पर ठहराव देने का विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) से (ग) इस समय, दिल्ली-मेरठ-देहरादून सेक्टर में मेरठ सिटी और मुजफ्फरनगर पर ठहराव के साथ 12017/12018 नई दिल्ली-शताब्दी एक्सप्रेस (दैनिक), 12205/12206 नई दिल्ली-देहरादून एसी एक्सप्रेस (दैनिक) और 12055/12056 नई दिल्ली-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस (दैनिक) सहित 09 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली-मेरठ-देहरादून सेक्टर में यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रेल बजट 2013-14 में 12687/12688 मदुरै-देहरादून एक्सप्रेस के फेरों को सप्ताह में एक दिन से बढ़ाकर सप्ताह में दो दिन करने घोषणा की गई है। बहरहाल इस समय, परिचालनिक और संसाधनों की कमियों के कारण राजधानी एक्सप्रेस सहित (मुजफ्फरनगर पर ठहराव सहित) अतिरिक्त गाड़ियों को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

[अनुवाद]

महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन

1354. श्री सी. राजेन्द्रन : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु पर्याप्त संख्या में केन्द्र-प्रायोजित योजनाएं नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) महिला उद्यमियों के प्रोत्साहनार्थ ऐसी कुछ पहलें शुरू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम प्रस्तावित हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रदीप जैन) : (क) से (ग) सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) चला रहा है, जिसमें चरणबद्ध तरीके से सभी ग्रामीण गरीब परिवारों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण गरीब महिलाओं की मजबूत और स्थायी जमीनी संस्थाओं का निर्माण करना तथा उन्हें लाभदायक स्वरोजगार और कुशल मजदूरी रोजगार के अवसर पाने हेतु सामाजिक नेटवर्कों, संसाधनों और जानकारी का लाभ उपलब्ध कराकर उनकी आजीविकाओं में स्थानीय आधार पर पर्याप्त सुधार लाना है। एनआरएलएम के तहत स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) के गठन और इन समूहों के संघों के निर्माण के माध्यम से सभी के सामाजिक अवप्रेरण से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक ग्रामीण गरीब परिवार के कम से कम एक सदस्य, यथासंभव महिला सदस्य को स्व-सहायता समूह में शामिल करके व्यापक सामाजिक नेटवर्क का हिस्सा बनाया जाए। एनआरएलएम में सभी स्व-सहायता समूहों के बचत खाते खोलने में सहायता करके, उनके बचत एवं ऋण कार्यकलाप को एक साथ बढ़ावा देकर तथा बैंकों की ऋण एवं अन्य वित्तीय सेवाएं सुलभ कराकर सभी का वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किए जाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम में इच्छुक सदस्यों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास का प्रावधान है, ताकि वे अपनी आय बढ़ाने के लिए छोटे उद्यम शुरू कर सकें। एनआरएलएम में स्व-रोजगार के अतिरिक्त रोजगार संबंधी कौशल विकास परियोजना के माध्यम से कुशल मजदूरी रोजगार पाने में भी ग्रामीण

गरीब युवाओं की मदद की जाती है। एनआरएलएम मांग प्रेरित कार्यक्रम है और राज्य स्वयं अपनी गरीबी उपशमन कार्य योजनाएं तैयार करते हैं।

एनआरएलएम के तहत देश के प्रत्येक जिले में एक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है। प्रत्येक आरएसईटीआई का यह लक्ष्य होगा कि कम से कम 750 बीपीएल प्रत्याशियों को स्व-रोजगार शुरू करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। वर्ष 2012-13 के दौरान 3,06,345 प्रत्याशियों को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 2,15,935 प्रत्याशी महिलाएं थीं।

[हिन्दी]

बापूधाम-मोतीहारी रेललाइन

1355. श्रीमती रमा देवी : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बापूधाम से मोतीहारी वाया शिवहर नई रेललाइन परियोजना का वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) इस हेतु आवंटित और व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) रेलवे द्वारा इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) शिवहर के रास्ते बापूधाम-मोतीहारी की कोई नई रेल लाइन परियोजना स्वीकृत नहीं है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

[अनुवाद]

विमान-यातायात

1356. श्री सी. शिवासामी :
श्री बदरुद्दीन अजमल :
श्री राजय्या सिरिसिल्ला :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विमान-यातायात बढ़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान विमान-यातायात की वृद्धि-दर कितनी रही है;

(ग) क्या विमान-यातायात में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में अभी भी काफी कमी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विमान-यातायात बढ़ाने के लिए इस संबंध में प्रस्तावित कदम, जिनमें संबंधित करों जोकि वर्तमान में काफी अधिक हैं, में कटौती करना भी शामिल होगा, क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, हां। वर्ष 2012 को छोड़कर पिछले तीन वर्षों में विमान यातायात में नियमित बढ़ोतरी हुई है।

(ख) पिछले तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष में अनुसूचित घरेलू वाहकों द्वारा वहन किए गए यात्रियों का ब्यौरा निम्नलिखित है:—

वर्ष	वहन किए गए (मिलियन में)	विकास प्रतिशत
2010*	52.00	+18.70
2011	60.70	+16.60
2012	58.80	+03.04
2013	50.70	+04.77

2013 का डाटा जनवरी — अक्तूबर की अवधि के लिए है। वृद्धि के प्रतिशत का विश्लेषण वर्ष के दौरान एयरलाइन द्वारा वहन किए गए यात्रियों का पिछले वर्ष दौरान तत्समान अवधि में एयरलाइनों द्वारा वहन किए गए यात्रियों से किया गया है।

(ग) जी नहीं। नागर विमानन में विश्व के शीर्ष 10 देशों के साथ तुलना में विमान यातायात में खासी वृद्धि हुई है। हवाई यातायात में चीन के बाद भारत दूसरा सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश है।

(घ) सरकार राज्य सरकारों के साथ एटीएफ पर वैट कम करने के लिए कार्रवाई कर रही है। सरकार ने भारतीय वाहनों द्वारा विमानन टर्बाइन ईंधन का वास्तविक प्रयोक्ता के रूप में इसका सीधे निर्यात किए जाने की अनुमति दे दी है। नागर विमानन को बढ़ावा देने के लिए सिविल विमानों की तृतीय पक्षकार द्वारा अनुरक्षण, मरम्मत तथा ओवरहॉल के लिए जांच उपकरणों तथा विमानों के पुर्जों के लिए कर में छूट।

ए.सी. प्रथम और द्वितीय श्रेणी के रेलडिब्बों की संख्या में कमी

1357. श्री अमरनाथ प्रधान : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने राजधानी एक्सप्रेस और अन्य रेलगाड़ियों में एसी प्रथम और द्वितीय श्रेणी के डिब्बों की संख्या में कमी कर दी है, जबकि इस श्रेणी के डिब्बों की मांग लगातार रहती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त प्रत्येक रेलगाड़ी में प्राथमिकता के आधार पर ए.सी प्रथम और द्वितीय श्रेणी के डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिए रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) एसी-I और एसी-II श्रेणी के यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न गाड़ियों में 01-04-2013 से 30.09.2013 तक स्थायी आधार पर 12 प्रथम सह द्वितीय एसी श्रेणी सवारीडिब्बे और 39 एसी-II श्रेणी के सवारी डिब्बे लगाए गए हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलों में एसी-I और एसी-II श्रेणी के सवारी डिब्बों को लगाने सहित गाड़ियों की संख्या में वृद्धि करना एक सतत प्रक्रिया है बशर्ते परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक अर्थक्षमता हो और संसाधन उपलब्ध हों।

[हिन्दी]

उत्तर प्रदेश में जल-प्रबंधन

1358. श्री रामकिशुन : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में जल-प्रबंधन हेतु कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ आवंटित निधि कितनी है;

(ग) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) जल राज्य का विषय होने के कारण जल प्रबंधन संबंधी योजना तैयार करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। तथापि, कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (सीएडीडब्ल्यूएम) कार्यक्रम को एक राज्य क्षेत्र स्कीम के रूप में कार्यक्रम के विभिन्न घटकों के माध्यम से प्रभावी जल प्रबंधन हेतु कार्यान्वित किया जा रहा है, जो कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र पर भी लागू होता है। संरेखित फील्ड चैनल, भूमि को समतल करना, सूक्ष्म-सिंचाई, फील्ड ड्रेनों का निर्माण, जल-जमाव क्षेत्रों का सुधार, प्रणाली की कमियों को दूर करना, प्रशिक्षण, अनुकूली परीक्षण और प्रदर्शन, जल प्रयोक्ता संघों को एकमुश्त अनुदान और जल तथा भूमि प्रबंधन संस्थान आदि जैसे खेत विकास कार्य घटक हैं।

(ख) सीएडी एवं डब्ल्यूएम कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए XIIवीं योजना के दौरान 15,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

(ग) और (घ) संलग्न विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश में सीएडीडब्ल्यूएम कार्यक्रम के तहत 15 चालू परियोजनाएं हैं। दिनांक 06.12.2013 को XIIवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सीएडीडब्ल्यूएम कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं और तदनुसार राज्य सरकार से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध किया गया है।

विवरण

सीएडीडब्ल्यूएम कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में चालू परियोजना

(क्षेत्र हजार हैक्टेयर में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लाभान्वित जिल	शामिल करने का वर्ष	कृष्य कमान क्षेत्र
1	2	3	4	5
1.	शारदा सहायक नहर प्रणाली चरण-II	लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, फैजाबाद, अम्बेडकर नगर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया	2009-10	330

1	2	3	4	5
2.	तुमरिया बांध नहर प्रणाली	इलाहाबाद	2000-01	64.01
3.	शारदा नहर परियोजना	बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, खीरी, सीतापुर, लखनऊ और बाराबंकी,	1989-90	1613
4.	पूर्वी गंगा नहर	बिजनौर, ज्योतिबाफूले नगर	1990-91	233
5.	निचली राजघाट	ललितपुर	2009-10	43.21
6.	बेतवा एवं गुरसराय नहर	झांसी, जालौन, हमीरपुर	1990-91	422
7.	केन नहर प्रणाली	बांदा	1990-91	222
8.	बेलान पंप नहर प्रणाली	इलाहाबाद	1997-98	71.05
9.	टोंस पंप नहर प्रणाली	इलाहाबाद	1997-98	34
10.	झखलऊं पप नहर प्रणाली	ललितपुर	2009-10	29.87
11.	सोन पंप नहर प्रणाली	सोनभद्र	1997-98	93.65
12.	सरयू नहर प्रणाली चरण-II	बहराइच, गोंडा, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती	2009-10	280
13.	ऊपरी गंगा नहर	मांडा, मेजा, कोरावन, ऊरुआ	1990-91	457
14.	मध्य गंगा नहर	इलाहाबाद	1990-91	229
15.	सिरसी बांध परियोजना	इलाहाबाद, मिर्जापुर	2010-11	44.88

राजस्थान के कोटा में ट्रांसमीटर की स्थापना

1359. श्री इज्यराज सिंह : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के कोटा में एक किलोवाट क्षमता के एफ. एम. ट्रांसमीटर की स्थापना की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त एफएम ट्रांसमीटर को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) और (ख) जी, हां। प्रसार भारतीय ने सूचित किया है कि कोटा, राजस्थान में 1 किवा एफएम ट्रांसमीटर की स्थापना करने संबंधी स्कीम का अनुमोदन 11वीं योजना की नई स्कीमों के अंतर्गत किया गया था।

(ग) आकाशवाणी (एआईआर) स्टूडियो-स्थल पर एफएम ट्रांसमीटर पहले ही अधिष्ठापित कर दिया गया है।

[अनुवाद]

राज्य विद्युत बोर्डों के ऋण का पुनर्गठन

1360. श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में विभिन्न राज्य विद्युत बोर्डों के ऋण-पुनर्गठन की स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या विद्युत-वितरण के कार्य में संलग्न निजी कंपनियां भी इसके अंतर्गत सम्मिलित होंगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) जी हां, सरकार द्वारा देश की विद्युत वितरण कंपनियों की अल्पावधि देयताओं के पुनर्गठन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राज्य वितरण कंपनियों (डिस्कामों) का वित्तीय पुनर्गठन करने हेतु योजना तैयार की गई है। यह योजना संचयी हानियों सहित और प्रचालनात्मक हानियों का वित्तपोषण करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे राज्य स्वामित्व वाले सभी सहभागी डिस्कामों के लिए उपलब्ध है। योजना का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) जी नहीं, प्रश्न नहीं उठते।

विवरण

राज्य विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) के वित्तीय पुनर्गठन

सरकार द्वारा राज्य के स्वामित्व वाले डिस्काम्स के वित्तीय पुनर्गठन हेतु योजना को राज्य डिस्काम्स घटते हुए प्रचालनात्मक निष्पादन तथा वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए डिस्काम्स के प्रत्यावर्तन (टर्न अराउंड) तथा उनकी दीर्घावधिक व्यवहार्यता को सुनिश्चित करने के लिए बनाया और अनुमोदन प्रदान किया गया था यह योजना ऐसी कंपनियों के लिए थी जिनके पास संचित भारी हानियां और अस्थाई ऋण हैं। इस योजना में राज्य डिस्काम्स तथा राज्य सरकारों द्वारा केन्द्रीय सरकार के सहयोग से ट्रांजिशनल फाइनेंस मकैनिज्म के माध्यम से अपने ऋण का पुनर्गठन करके वित्तीय प्रत्यावर्तन (टर्न अराउंड) प्राप्त करने के उपाय दिए गए हैं:—

- राज्य सरकार 31 मार्च, 2012 की स्थिति के अनुसार डिस्कॉम्स की बकाया अल्प अवधि देयताओं (एसटीएल) के 50% भाग को अपने हाथ में ले लेगी। इसे पहले डिस्कॉम्स द्वारा प्रतिभागी ऋण दाताओं को जारी किए जाने वाले बांड्स में परिवर्तित किया जाएगा, जोकि राज्य सरकार की गारंटी द्वारा विधिवत समर्थित होगा। इसके बाद राज्य सरकार अगले 2-5 वर्षों में इन देयताओं को डिस्कॉम्स के एफआरबीएम स्पेस के अनुसार विशेष प्रतिभूतियां जारी करके अपने हाथ में लेगी। विशेष प्रतिभूतियां जारी कर इसे अपने हाथ में लेने की तिथि तक राज्य सरकार ब्याज के भुगतान और मूलधन के पुनर्भुगतान में सहयोग देगी।

- शेष 50% अल्प अवधि देयताओं को ऋणदाताओं द्वारा बेहतर संभव शर्तों पर मूलधन पुनर्भुगतान पर अधिस्थगन के साथ पुनः निर्धारित किया जाएगा।

- टर्न अराउंड प्लान की प्रगति की निगरानी करने के लिए इस योजना में केन्द्र और राज्य स्तर पर समितियों द्वारा द्विस्तरीय निगरानी प्रणाली विद्यमान है।

- केन्द्र सरकार आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत विनिर्धारित ट्रैजेक्टरी हानि से अधिक त्वरित एटी एंड सी हानियों में कमी करने के माध्यम से बचाई गई अतिरिक्त ऊर्जा के मूल्य के समान राशि का अनुदान प्रोत्साहन प्रदान करेगी तथा इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा अपने ऊपर ली गई देयताओं का राज्य सरकार द्वारा मूलधन के 25% पुनर्भुगतान की प्रतिपूर्ति सहायता देगी।

- इस योजना में राज्य के स्वामित्व वाले डिस्कॉम्स की दीर्घावधि वित्तीय और वाणिज्यिक व्यवहार्यता को सुनिश्चित करने हेतु डिस्कॉम्स तथा राज्य सरकारों द्वारा समयबद्ध तरीके से किए जाने वाले अपेक्षित तत्काल/जारी रहने वाले तथा अन्य उपाय समाविष्ट हैं। इन उपायों में वित्तीय पुनर्गठन, टैरिफ सेटिंग तथा राजस्व वसूली, सब्सिडी, मीटरिंग, लेखा-परीक्षा और लेखे तथा निगरानी शामिल हैं।

भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम

1361. श्री कपिल मुनि करवारिया : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एजेंटों और वैयक्तिक ग्राहकों द्वारा भारतीय रेलवे की खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के माध्यम से बुक की गई रेल टिकटों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आईआरसीटीसी के पास आधिकारिक रूप से पंजीकृत यात्रा एजेंटों और ग्राहकों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के समय वेबसाइट के लगातार हैंग होने, जिसके कारण टिकट बुक करने और अन्य लेन-देन में अत्यधिक विलंब होता है, की रोकथाम के लिए कोई पहल की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आईआरसीटीसी वेबसाइट को उपभोक्ता-अनुकूल बनाने के लिए रेलवे द्वारा किए गए उपायों/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एजेंटों और व्यक्तिगत ग्राहकों द्वारा भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) वेबसाइट के माध्यम से बुक किए गए टिकटों की संख्या निम्नानुसार है:—

वित्तीय वर्ष	एजेंटों/सब एजेंटों द्वारा बुक किए गए टिकटों की संख्या (करोड़ रुपए में)	व्यक्तिगत उपयोगकर्त्ताओं द्वारा बुक किए गए टिकटों की संख्या (करोड़ रुपए में)
2010-2011	3.14	6.55
2011-2012	2.99	8.63
2012-2013	2.61	11.46
2013-2014 (नवंबर, 2013 तक)	1.60	8.65

(ख) उक्त अवधि के दौरान आईआरसीटीसी के साथ पंजीकृत यात्रा एजेंटों/सब एजेंटों की संख्या और ग्राहकों/व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं की संख्या नीचे दिए गए अनुसार है:—

वित्तीय वर्ष	आईआरसीटीसी के साथ पंजीकृत ट्रैवल एजेंटों/सबएजेंटों की संख्या (करोड़ रुपए में)	आईआरसीटीसी के साथ पंजीकृत ग्राहकों/व्यक्तिगत उपयोगकर्त्ताओं की संख्या (करोड़ रुपए में)
2010-2011	1.54	1.87
2011-2012	1.35	2.32
2012-2013	1.06	2.89
2013-2014 (नवंबर, 2013 तक)	0.78	3.19

(ग) से (ङ) तत्काल बुकिंग के दौरान आईआरसीटीसी वेबसाइट पर हिट्स की संख्या अनुपातहीन रूप से बहुत अधिक होती है जो कई बार 6-7 लाख के सामान्य हिटों की तुलना में 20 लाख का आंकड़ा पार कर जाती है, भारी लोड के परिणामस्वरूप पूरे सिस्टम पर बोझ पड़ जाता है जिससे धीमी प्रतिक्रिया होती है। आईआरसीटीसी वेबसाइट की कार्यप्रणाली को सुधारने और वेबसाइट को ग्राहक अनुकूल बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

- कुल प्रतिबद्ध इंटरनेट बैंडविड्थ को 450 एमबीपीएस से 755 एमबीपीएस तक बढ़ा दिया गया है।
- उच्च क्षमता डाटा आधारित सर्वर और फायरवाल प्रणाली स्थापित की गई है।
- अतिरिक्त साफ्टवेयर लॉच किया गया है और सर्वर का भार कम करने और इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए नया सर्वर लगाया गया है।
- व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के एक्सेस को बढ़ाने के उद्देश्य से एजेंटों को 0800 बजे से 1200 बजे के बीच किसी भी प्रकार की टिकटों को बुक करने की अनुमति नहीं है। केवल व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं को ही 0800 बजे से 1200 बजे के बीच *www.irctc.co.in* पर टिकट बुक करने की अनुमति है।
- प्रणाली के भार को संतुलित करने के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) और तत्काल आरक्षण के अनुसार सामान्य आरक्षण की बुकिंग खुलने के समयक्रम अलग किए गए हैं।

जैव अभियांत्रिकी

1362. श्री एन. धरम सिंह : क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक सहित देश के जैव अभियांत्रिकी के अनुसंधान और विकास को पर्याप्त प्रोत्साहन देने के लिए कोई योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) जी नहीं। अनुसंधान और विकास एवं आनुवंशिक अभियांत्रिकी हेतु कर्नाटक राज्य सहित राज्यवार कोई विशिष्ट योजना तैयार नहीं की गई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैवप्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा वैज्ञानिक और औद्योगिकी अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर); भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों और संस्थानों में आनुवंशिक अभियांत्रिकी में अनुसंधान और विकास हेतु विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं और कार्यक्रमों को समर्थन दिया जाता है। तथापि, कर्नाटक राज्य में 39 निजी क्षेत्र की एजेंसियां और 20 सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान/विश्वविद्यालय आनुवंशिक अभियांत्रिकी के संबंध में अनुसंधान और विकास के काम में लगे हुए हैं, जो 45 औषधि और 20 कृषि से संबंधित प्रमुख परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहे हैं। कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (जीकेवीके), बैंगलुरू; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (धारवाड़)धारवाड़; भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलुरु; मैसूर विश्वविद्यालय; राष्ट्रीय जैविक विज्ञान केन्द्र, बैंगलुरु; और मंगलौर विश्वविद्यालय, मंगलौर में जैवप्रौद्योगिकी

विभाग द्वारा कुछ प्रमुख केन्द्रों/कार्यक्रमों/सुविधाओं का वित्त पोषण किया जाता है और इसके साथ-साथ 10 फिनिसिंग स्कूलों और 5 पूर्व स्नातक स्तर के शिक्षण कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की जाती है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

ट्रांसमीटरों का स्थापन

1363. श्री ए.के.एस. विजयन : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 'प्रसार भारती' के गठन के पश्चात देश में उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों/निम्न शक्ति ट्रांसमीटरों/अतिनिम्न शक्ति ट्रांसमीटरों के स्थापन के संबंध में प्रगति धीमी रही है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) देश भर में दूरदर्शन/आकाशवाणी कार्यक्रमों का प्रसारण करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) जी, नहीं।

(ख) अनुप्रयोज्य नहीं।

(ग) प्रसार भारती द्वारा दी सूचना के अनुसार, देश में 578 एएम/एफएम रेडियो ट्रांसमीटरों के जरिए आकशवाणी (एआईआर) की स्थलीय प्रसारण कवरेज 92.00 प्रतिशत क्षेत्रफल व 99.20 प्रतिशत आबादी के लिए उपलब्ध है। देश की केवल 0.80 प्रतिशत आबादी को स्थलीय रेडियो नेटवर्क के जरिए आकाशवाणी के कार्यक्रम प्राप्त नहीं हो रहे हैं। तथापि, आकाशवाणी के 21 रेडियो चैनल (कार्यक्रम) डीडी डाइरेक्ट प्लस डीटीएच प्लेटफॉर्म (क्रू-बैंड) के जरिए उपलब्ध हैं और इन्हें कवर न किए गए क्षेत्रों सहित पूरे देश में सेट टॉप बॉक्स के जरिए प्राप्त किया जा सकता है।

जहां तक दूरदर्शन का संबंध है, नवंबर, 1997 में प्रसार भारती की स्थापना होने के समय से लेकर अब तक दूरदर्शन द्वारा 493 अतिरिक्त टीवी ट्रांसमीटर (123 उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, 172 अल्प शक्ति ट्रांसमीटरों एवं 198 अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर) प्रचालित किए गए हैं। स्थलीय ट्रांसमीटरों द्वारा कवर न किए गए सभी क्षेत्रों और साथ ही, देश के शेष भाग को दूरदर्शन की फ्री-टु-एयर डीटीएच सेवा, "डीडी फ्री डिश" के जरिए बहु-चैनल टीवी कवरेज मुहैया करायी गई है।

पक्षियों के विमानों से टकराने की घटनाएं

1364. श्री के. सुगुमार : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोयम्बटूर विमानपत्तन पर उतरने वाले और वहां से उड़ान भरने वाले विमानों की उड़ानों के लिए पक्षियों से टकराने का खतरा बना हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) चालू वर्ष के दौरान पक्षियों के विमान से टकराने की माह-वार कितनी घटनाएं हुई हैं; और

(घ) इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं/क्या कदम उठाए जाने प्रस्तावित हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (ग) जी नहीं। कोयम्बटूर हवाईअड्डे पर उतरने तथा उड़ानें भरने वाले विमानों को पक्षियों के टकराने का कोई खतरा नहीं है। तथापि, कोयम्बूर हवाईअड्डे पर इस वर्ष नवंबर, 2013 तक पक्षियों के टकराने की छह घटनाएं हुई थीं। महीने वार पक्षियों के टकराने की घटनाएं निम्नलिखित हैं:—

महीना	घटनाओं की संख्या
जनवरी से जुलाई	शून्य
अगस्त	01
सितंबर	01
अक्टूबर	02
नवंबर	02

(घ) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इस संबंध में निम्नलिखित कदम उठाए हैं:—

(i) पक्षी भगाने के लिए अधिक संख्या में नियोजन।

(ii) जॉन बंदूकों का इस्तेमाल।

(iii) प्रचालन क्षेत्रों में बार-बार निरीक्षण एवं वनस्पतियों की सफाई करना।

सर्वाधिक असुरक्षित एअरलाइनें

1365. श्री ई.जी. सुगावनम : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जर्मनी के 'जेट एअरलाइन क्रैश डाटा इवॉल्यूशन सेंटर' द्वारा एअर इंडिया को तीसरी सर्वाधिक असुरक्षित वाणिज्यिक विमान सेवा माना गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एअर इंडिया ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था और वैश्विक छवि को सुधारने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी हां। तथापि, इस संबंध में लगातार प्रयास के कारण, एअर इंडिया देश में पहले और विश्व में उन एयरलाइनों में दसवें स्थान पर है जो आईएटीए प्रचालनात्मक सुरक्षा ऑडिट प्रमाणीकरण, को पूरा करती है। जो कि संरक्षा मानकों के लिए एक बेंचमार्क है।

(ख) जर्मन के जेट एयरलाइनर के कैश डाटा इवॉल्यूशन सेंटर (जेएसीडीईसी) ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बेंचमार्कों को स्थापित करने के बाद पिछले 30 वर्षों में हुई विमान दुर्घटनाओं तथा हुई हानि के आंकड़ों को संकलित किया है। महत्त्वपूर्ण यह है कि सर्वेक्षण में दुर्घटनाओं का कारण ज्ञात नहीं होता। इस अवधि के दौरान, एअर इंडिया में 7 विनाशक दुर्घटनाएं हुई हैं तथा जिनमें एक एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान शामिल था। चूंकि एअर इंडिया एक्सप्रेस एअर इंडिया के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, इसलिए एअर इंडिया को श्रेणीबद्ध करने के लिए इसकी गणना नहीं की जानी चाहिए थी। अत:, जेएसीडीईसी द्वारा श्रेणीबद्ध करने के लिए आंकड़ों का प्रयोग तथ्यरूप से गलत है।

(ग) जी, हां।

(घ) एफओक्यूए/सीवीआर/डीएफडीआर मॉनीटरिंग, पायलट परामर्श, पीआईबी तथा डीजीसीए विमान संरक्षा निदेशालय के परामर्श से किसी दुर्घटना/घटना में शामिल पायलटों को आवश्यक सुरक्षा वृद्धि प्रशिक्षण (एसईटी) प्रदान कर एअर इंडिया ने लगातार सुधार के लिए उपाय किए हैं। एअर इंडिया ने विमान संरक्षा, जो विमान सुरक्षा जागरूकता एवं दुर्घटना/घटना रोकथाम कार्यक्रम, जिसे एयरलाइनों द्वारा अपनाना आवश्यक है, पर डीजीसीए के सीएआर, धारा 5 का अनुपालन करते हुए अपने संरक्षा मानकों में वृद्धि करने के लिए सभी संगत विभागों में सफलतापूर्वक सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) को कार्यान्वित किया है। एअर इंडिया द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन किया जा रहा है।

(ङ) उपर्युक्त (ग) एवं (घ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

तालाबों का सुधार कार्य

1366. श्री हंसराज ग. अहीर : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित ब्रिटिश शासनकालीन तालाबों (मामा तालाब) के सुधार कार्य और अनुरक्षण के लिए कोई निधि आबंटित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार ने सिंचाई क्षमता में बढ़ोतरी और इन तालाबों के रख-रखाव हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए केन्द्र सरकार कोई कोई प्रस्ताव भेजा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केन्द्र सरकार सुधार, नवीयन और पुनरुद्धार (आर.आर. आर.) पद्धति की परियोजना और अन्य परियोजनाओं के माध्यम से इन ब्रिटिश शासनकालीन तालाबों के रख-रखाव और सुधार हेतु आवश्यक निधियों के आवंटन हेतु कदम उठा रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) XIवीं योजना के दौरान कार्यान्वित घरेलू सहायता से जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार की स्कीम के अंतर्गत विदर्भ क्षेत्र के 36 जल निकायों सहित महाराष्ट्र के 258 जल निकायों को पुनरुद्धार हेतु लिया गया था। इन जल निकायों के लिए अब तक महाराष्ट्र सरकार को 80.53 करोड़ रुपए की धनराशि का कुल अनुदान जारी किया गया।

(ग) से (च) XIवीं योजना के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने पहले कुछ प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे। जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार संबंधी स्कीम को XIIवीं योजना में जारी रखने के लिए 20.09.2013 को अनुमोदित किया गया है तथा विस्तृत दिशानिर्देश 28.10.2013 को परिचालित किए गए। इन दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य सरकार को संशोधित प्रस्ताव अभी प्रस्तुत करने हैं।

[अनुवाद]

एयरोसिटी

1367. श्री हमदुल्लाह सईद : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली-स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के निकट 'एयरो सिटी' का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त विमानपत्तन की संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) में केवल वैमानिकी मद में उपयोग के लिए उसे दी गई 190.91 एकड़ भूमि में से

45 एकड़ भूमि होटल और अन्य व्यावसायिक परिसंपत्तियों के निर्माणार्थ पट्टे पर दी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और 'डायल' द्वारा तथ्यों को छुपाने पर उसके विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी हां।

(ख) प्रचालनों को प्रारंभ करने से पूर्व मेजबान जिला पर संबंधित विकासकों के अनुपालनार्थ भारतीय नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने हवाईअड्डे की संरक्षा तथा सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

कियोस्कों का आवंटन

1368. श्री जगदीश ठाकोर : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे स्टेशनों पर कियोस्कों के आवंटन हेतु रेलवे द्वारा क्या मानदंड/मानक और शर्तें निर्धारित की गई हैं;

(ख) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान रेलवे स्टेशनों पर कियोस्कों के आवंटन के संबंध में रेलवे को शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) निबंधन और शर्तों का उल्लंघन करने वाले कियोस्क मालिकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या इसमें सहकारी समितियों के लिए कोई विशेष कोटा है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) खानपान नीति 2010 के अनुसार, ए, बी और सी कोटि के स्टेशनों पर 75% सामान्य लघु स्थैतिक खानपान इकाइयों का आवंटन मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) दिशा-निर्देश जिसमें पात्रता मापदंड निर्धारित किया गया है, के आधार पर खुली, प्रतिस्पर्धात्मक, दो पैकेट निविदा प्रणाली के माध्यम से किया जाता है जबकि ए, बी और सी कोटि के स्टेशनों पर विशेष लघु इकाइयों (आरक्षित कोटियों) और डी, ई और एफ कोटि स्टेशनों पर सभी स्थैतिक लघु खानपान इकाइयों का शेष 25% का आवंटन निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर प्रेस अधिसूचना के माध्यम से आवेदन मंगाकर किया जाता है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) नियम और शर्तों के उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर जुर्माना लगाने, चेतावनी देने आदि जैसी दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।

(ङ) जी, नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

दूरदर्शन केन्द्रों में उपस्करों की स्थापना

1369. श्री महेन्द्र सिंह पी. चौहाण : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन केन्द्रों में स्थापित और उपयोग किए जा रहे अनेक उपस्कर पुराने हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन उपस्करों के स्थान पर नए उपस्करों की स्थापना हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) इस संबंध में किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप अभी तक क्या उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) से (घ) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि दूरदर्शन केन्द्रों के आधुनिकीकरण (नई प्रौद्योगिकियों का समावेशन, पुराने हो रहे उपस्करों का प्रतिस्थापन एवं सुविधाओं का आवर्धन/स्तरोन्नयन) का कार्य एक सतत प्रक्रिया है।

दूरदर्शन नेटवर्क के कुल 67 दूरदर्शन केन्द्रों (स्टूडियो केन्द्रों) में से 23 स्टूडियो केन्द्र पूर्ण रूपेण डिजिटल हैं और 31 स्टूडियो केन्द्र आंशिक रूप से डिजिटल हैं। एचडी कैमकॉर्डर्स, रिकॉर्डस/डेक्स, डिजिटल प्रोडक्शन स्विचर्स, एनएलई प्रणालियां, डिजिटल फ्रेम सिंक्रोनाइज़र्स, उच्च गुणवत्ता वाले जनरेटर्स, लोगो जेनरेटर्स, डिजिटल सामग्री आदि (कैमरा श्रृंखला को छोड़कर) जैसे सभी प्रमुख उपस्करों का अधिप्रापण व अधिष्ठापन कर लिया गया है।

[अनुवाद]

सकल सिंचित क्षेत्र

1370. श्री हरिभाऊ जावले : क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 'लैंड यूज स्टैस्टिक्स एट ए ग्लांस' शीर्षक वाली एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सकल बुआई क्षेत्र में से सकल सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत वर्ष 2009-10 में 45.2 प्रतिशत था जो वर्ष 2010-11 में गिर कर 44.9 प्रतिशत हो गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) पृथ्वी तल पर विद्यमान जल और भूजल के द्वारा सिंचाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अधिकाधिक भूमि को सिंचित करने की तेज प्रक्रिया से भूजल-मात्रा में असुधार्य कमी आने की आशंका है; और

(ङ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : (क) और (ख) कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2009-10 और 2010-11 में सकल बुआई क्षेत्र की तुलना में सकल सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत क्रमशः 44.5 और 44.9 है।

(ग) राज्यवार प्रतिशत परिदृश्य और सतही जल तथा भूमि जल द्वारा सिंचित क्षेत्र का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) भूमि जल पुनर्भरणीय संसाधन है, जिसका प्रतिवर्ष वर्षा और अन्य संसाधनों द्वारा प्राकृतिक तौर पर पुनर्भरण होता है। तथापि, जब वार्षिक भूमि जल आहरण प्राकृतिक पुनर्भरण से अधिक हो जाता है तो भूमि जल स्तर घटता है। प्राकृतिक पुनर्भरण की अपेक्षा भूमि जल का अधिक आहरण होने और भूमि जल संसाधनों के संवर्धन, संरक्षण और अनुकूलतम उपयोग जैसे उपाय न करने से भूमि-जल स्तर घट सकता है।

(ङ) केन्द्र सरकार विभिन्न स्कीमों के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके जल संसाधनों के संवर्धन, संरक्षण और कुशल प्रबंधन के लिए राज्य सरकारों द्वारा किए गए प्रयासों में सहयोग करके देश में जल संरक्षण उपायों को बढ़ावा देती है। भूमि जल के घटते स्तर की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:—

- देश में जल संसाधन के संरक्षण के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी); कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (सीएडब्ल्यूएम), जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण एवं पुनरुद्धार (आरआरआर) जैसी स्कीमों के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग देना।
- जल संरक्षण को एक लक्ष्य के रूप में रखते हुए राष्ट्रीय जल मिशन की स्थापना।
- सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भूजल के विनियमन, विकास एवं संरक्षण के लिए भूजल विधान अधिनियमित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए जल संसाधन मंत्रालय द्वारा उन्हें मॉडल बिल परिचालित किया जाना।
- केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) द्वारा 'अति-दोहित' ब्लॉकों वाले राज्यों के मुख्य सचिवों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों को भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण/वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहन देने/अपनाने के लिए उपाय करने के लिए सलाह जारी करना।
- भारत सरकार ने वर्ष 2013 को "जल संरक्षण वर्ष" घोषित किया है जिसमें जल संरक्षण और इसके स्थायी प्रबंधन आदि के विषय में कार्यशालाएं, प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया द्वारा प्रचार-प्रसार, प्रतियोगिताओं के आयोजन आदि जैसे कई जन-जागरूकता कार्यकलाप किए जा रहे हैं।

विवरण

वर्ष 2010-11 सकल बुआई क्षेत्र तथा सतही और भूमि जल द्वारा सिंचित क्षेत्र की तुलना में राज्य-वार/ स्रोतवार सकल सिंचित क्षेत्र और प्रतिशत

(हजार हैक्टेयर)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश/वर्ष	निम्नलिखित से निवल संचित क्षेत्र							निवल सिंचित क्षेत्र (कॉलम 4 से)	निवल सिंचित बुआई क्षेत्र	निवल बुआई क्षेत्र की तुलना में निवल सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत
	नहरें			कुएं						
	सरकारी	प्राइवेट	कुल	टैंक	ट्यूबवैल	अन्य कुएं	अन्य स्रोत			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
आंध्र प्रदेश	1747	0	1747	650	1845	616	176	5034	11186	45.0

1	2	3	4	5	6	8	9	10	11	12
अरुणाचल प्रदेश		0	0	0	0	0	56	56	213	26.4
असम	127	0	127	2	7	0	26	162	2811	5.8
बिहार	891	0	891	65	1946	21	107	3030	5259	57.6
छत्तीसगढ़	896	0	896	46	300	26	89	1356	4697	28.9
गोवा	8	0	8	18	5	3	2	36	131	27.8
गुजरात	771	0	771	45	1122	2181	114	4233	10302	41.1
हरियाणा	1236	0	1236		1650	0	1	2887	3518	82.1
हिमाचल प्रदेश	4	0	4	0	16	2	86	108	539	20.0
जम्मू और कश्मीर	180	108	288	6	5	7	14	321	732	43.8
झारखंड	4	0	4	24	24	40	33	125	1085	11.5
कर्नाटक	1157	0	1157	197	1281	437	418	3490	10523	33.2
केरल	86	6	91	51	20	138	115	415	2072	20.0
मध्य प्रदेश	1136	0	1136	82	2140	2666	1015	7140	15119	47.2
महाराष्ट्र	1084	0	1084		2172	0	0	3256	17406	18.7
मणिपुर	0	0	0	0	0	0	73	73	348	21.0
मेघालय	22	41	63	0	0	0	0	63	284	22.1
मिज़ोरम	3	10	12	0	0	0	0	12	130	9.3
नागालैंड	0	0	0	0	0	0	83	83	362	23.0
ओडिशा	0	0	0	0	0	0	1284	1284	4682	27.4
पंजाब	1113	3	1116		2954	0	0	4070	4158	97.9
राजस्थान	1669		1629	56	2792	2106	79	6661	18349	36.3
सिक्किम	0	0	0	0	0	0	14	14	77	18.7
तमिलनाडु	247	0	747	533	403	1219	9	2912	4954	58.8
त्रिपुरा	9	0	9	2	6	2	41	60	256	23.3
उत्तराखंड	81	2	25	0	2016	12	25	336	723	46.5
उत्तर प्रदेश	2559	0	2559	126	9617	1032	53	13386	16593	80.7

1	2	3	4	5	6	8	9	10	11	12
पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0	0	2955	2955	4991	59.2
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	0	0	0	15	1.1
चंडीगढ़	0	0	0	0	1	0	0	1	1	73.9
दादरा और नगर हवेली	1	0	0	0	0	1	2	4	17	23.7
दमन और दीव	0	0	0	0	0	0	0	0	3	0.0
दिल्ली	2	0	0	0	19	0	1	22	22	100.0
लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	1	0	1	3	29.1
पुदुचेरी	5	0	0	0	10	0	0	15	19	79.6
अखिल भारत	15496	171	15667	2004	28550	10510	6871	63601	141579	44.9

टिप्पणी: '0' का संबंध 500 हैक्टेयर से कम क्षेत्र से है।

टिप्पणी: कॉलम संख्या 2, 3, 4, 5 और 8। सतही जल द्वारा सिंचित भूमि और कॉलम 6 और 7 भूमि जल द्वारा संचित।

स्रोत: अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि मंत्रालय।

एमएफडीसीएस की स्थापना

1371. श्री अशोक तंवर : क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगमों (एमएफडीसीएस) की स्थापना की गई है और किन-किन राज्यों में इन निगमों की स्थापना अभी तक नहीं की गई है;

(ख) क्या हरियाणा में उक्त निगम की स्थापना की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) जहां ये निगम विद्यमान नहीं हैं वहां इनकी स्थापना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और इसका क्या परिणाम हुआ है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निनोंग ईरींग) : (क) अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगमों की स्थापना संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा की जाती है। उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सूची जहां एमएफडीसीएस की स्थापना की गई है, संलग्न विवरण-I पर है। ये एमडीएफसीएस राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम की ऋण योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के रूप में कार्य करते हैं। शेष राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जहां एमएफडीसीएस की स्थापना नहीं की गई है, वहां एनएमडीएफसी की योजनाएं संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों क्षरा राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के रूप में नामित अन्य निगमों/निकायों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती हैं। ऐसी राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों की सूची संलग्न विवरण-II पर है।

(ख) से (घ) हरियाणा सरकार द्वारा किसी विशेष एमडीएफसी की स्थापना नहीं की गई है। तथापि, हरियाणा सरकार ने हरियाणा पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप में कमजोर वर्ग कल्याण निगम (एचबीसीकेएन) को तथा मेवात विकास एजेंसी (एमडीए) को हरियाणा में एनएमडीएफसी हेतु एससीए की तरह कार्य करने के लिए नामित किया है।

(ङ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और एनएमडीएफसी संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगमों की स्थापना करने का मामला उठाते रहे हैं, और इसके परिणामस्वरूप, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, उत्तराखंड, तमिलनाडु और केरल राज्यों ने अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगमों की स्थापना कर ली है।

विवरण-I

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जहां एनएमडीएफसी की चैनेलाइजिंग एजेंसियों के रूप में एमएफडीसीएस की स्थापना की गयी है

क्र. सं.	राज्य	राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी के नाम	
1.	आंध्र प्रदेश	एपीएसएमएफसी	आंध्र प्रदेश स्टेट माइनोरिटी फाइनेंस कॉरपोरेशन
2.	असम	एएमडीएफसी	असम माइनोरिटी डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
3.	बिहार	बीएसएमएफसी	बिहार स्टेट माइनोरिटी फाइनेंस कॉरपोरेशन
4.	गुजरात	जीएमएफडीसी	गुजरात माइनोरिटिज फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
5.	हिमाचल प्रदेश	एचपीएमएफडीसी	एच.पी. माइनोरिटी फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
6.	कर्नाटक	केएमडीसी	कर्नाटक माइनोरिटीज डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
7.	महाराष्ट्र	एमएएमएफडीसी	मौलाना आजाद माइनोरिटिज फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
8.	राजस्थान	आरएमडीएफसी	राजस्थान माइनोरिटिज फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
9.	तमिलनाडु	टीएएमसीओ	तमिलनाडु माइनोरिटिज एकोनोमिक डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
10.	त्रिपुरा	टीएमसीडीसी	त्रिपुरा माइनोरिटिज कोऑपरेटिव डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
11.	उत्तर प्रदेश	यूपीएमएफडीसी	यूपी माइनोरिटिज फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
12.	पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीएमडीएफसी	वेस्ट बंगाल माइनोरिटिज डेवलेपमेंट एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन
13.	उत्तराखंड	यूएमडब्ल्यूडब्ल्यूडीसी	उत्तराखंड माइनोरिटी वेलफेयर एंड वक्फ डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
14.	केरल	केएसएमएफडीसी	केरल स्टेट माइनोरिटिज डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन

विवरण-II

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जहां एनएमडीएफसी की राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के रूप में अन्य निगम कार्य करते हैं

क्र. सं.	राज्य	राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी के नाम	
1	2	3	
1.	चंडीगढ़	सीएससीएसटीएफडीसी	चंडीगढ़ एसी/एसटी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन
2.	छत्तीसगढ़	सीएसएसीएफडीसी	छत्तीसगढ़ स्टेट अंत्यवसायी कॉपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
3.	दिल्ली	डीएससीएफडीसी	दिल्ली एससी/एसटी फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
4.	जम्मू और कश्मीर	जेकेएससीएसटीएफडीसी	जे एंड के. एससी/एसटी एंड बेकवर्ड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
		जेकेएफडीसी	जे. एंड के. विमेन्स डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
		जेकेईडीआई	जे. एंड के. इंटरप्रेनयोरशिप डेवलेपमेंट इंस्ट्टीयूट (जेकेईडीआई)
5.	झारखंड	जेएसएसटीसीडीसी	झारखंड स्टेट शीड्यूल्ड ट्राइब्स डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन

1	2	3	
6.	केरल	केएसबीसीडीसी	केरल स्टेट बैकवर्ड क्लासेस डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
		केएसडब्ल्यूडीसी	केरल स्टेट वूमन डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
		केएससीएफएफडीसी	केरल स्टेट कोऑपरेटिव फेडरेशन फॉर फिसरीज डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
7.	मध्य प्रदेश	एमपीबीसीडीएफसी	एमपी बैकवर्ड क्लासेस एंड माइनोरिटिज फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन
		एमपीएचएसवीएन	मध्य प्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम
8.	मणिपुर	एमओबीईडीसी	मणिपुर माइनोरिटिस एंड अदर बैकवर्ड क्लासेस इकोनोमिक डेवलेपमेंट सोसाइटी
9.	हरियाणा	एचबीसीकेएन	हरियाणा बैकवर्ड क्लासेस एंड एकोनोमिकली वीकर सेक्सन कल्याण निगम
		एमडीए	मेवात डेवलेपमेंट एजेंसी
10.	पुदुचेरी	पीबीसीडीसी	पुदुचेरी बैकवर्ड क्लासेस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
11.	पंजाब	बीएसीकेएफआईएनसीओ	पंजाब बैकवर्ड क्लासेस लेंड डेवलेपमेंट एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन
12.	ओडिशा	ओबीसीएफडीसी	ओडिशा बेकवर्ड क्लासेस फाइनेंस एंड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
13.	नागालैंड	एनएचएचडीसी	नागालैंड हैंडलूम एंड हैंडिक्रॉफ्ट डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
		एनआईडीसी	नागालैंड इंडस्ट्रियल डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन
		एनएसएसडब्ल्यूबी	नागालैंड स्टेट सोसल वेलफेयर बोर्ड
14.	मिजोरम	एमसीएबी	मिजोरम कोऑपरेटिव अपेक्स बैंक
		जेडआईडीसीओ	जोरम इंडस्ट्रियल डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन

सामुदायिक रेडियो स्टेशन

1372. श्री पी.टी. थॉमस : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की संख्या कितनी है;

(ख) सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के बेहतर कार्यकरण के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए लंबित आवेदन-पत्रों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इन लंबित आवेदन-पत्रों का निपटान कब तक किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनीष तिवारी) : (क) इस समय, देश में 161 सामुदायिक रेडियो स्टेशन कार्यशील हैं।

(ख) भारत में सामुदायिक रेडियो क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक पहलें की गई हैं। कुछ महत्त्वपूर्ण पहलों का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

(i) **जागरूकता उत्पन्न करना एवं क्षमता निर्माण करना :** मौजूदा सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के तकनीकी ज्ञान और विषय-वस्तु-सृजन कौशलों में वृद्धि करने के लिए वर्ष 2007 से देश भर में 47 कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान ऐसी 8 और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना तय है। इसके अतिरिक्त, विचार-विनिमय व चर्चाओं के लिए सामुदायिक रेडियो ऑपरेटरों, सरकारी

मंत्रालयों व विभागों, संयुक्त राष्ट्र संगठनों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों को एक मंच पर लाने हेतु सामुदायिक रेडियो ऑपरेटरों के तीन राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया गया है।

(ii) **वित्तीय सहायता व संपोषणीयता :** मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना में 100 करोड़ रुपए की लागत से "भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहायता देना" नामक एक योजनागत स्कीम शुरू की है। इस स्कीम में स्टूडियो की स्थापना, उपस्करों के क्रय, क्षमता-निर्माण एवं प्रौद्योगिकी के स्तरोन्नयन आदि के लिए नए और साथ ही, मौजूदा सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को सहायता दिए जाने की परिकल्पना है।

नीतिगत दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) को सीआरएस के प्रचालनात्मक व्यय एवं पूंजीगत व्यय के लिए निधियां अर्जित करने हेतु प्रति घंटे के प्रसारण में 5 (पांच) मिनट के विज्ञापन प्रसारित करने की अनुमति दी गई है। इस तंत्र के जरिए राजस्व अर्जित करने हेतु सीआरएस को सक्षम बनाने के लिए मंत्रालय ने सीआरएस को डीएवीपी के पैनल में शामिल करने संबंधी दिशा-निर्देशों को सरल बनाया है। मंत्रालय ने सीआरएस पर विज्ञापन हेतु डीएवीपी की दरों को 1 रुपए प्रति सेकंड से बढ़ाकर 4 रुपए प्रति सेकंड भी कर दिया है।

(iii) **विभिन्न मंत्रालयों से सीआरएस की हिमायत :** स्वास्थ्य मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, उपभोक्ता मामले मंत्रालय तथा महिला और बाल विकास मंत्रालय आदि सहित विभिन्न मंत्रालयों से सीआरएस की हिमायत भी की जा रही है ताकि वे अपने संचार अभियानों के लिए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की सेवाएं ले सकें।

(iv) **राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार :** मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए बेहतर कार्यक्रम-निर्माण हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने की बाबत राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कारों की संस्थापना की है।

(ग) और (घ) सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना करने के लिए विभिन्न संगठनों से प्राप्त हुए 223 आवेदनों पर अंतर-मंत्रालयीय अनापत्तियां प्राप्त की जा रही हैं और उनकी जांच की जा रही है। लंबित आवेदनों की राज्य-वार सूची मंत्रालय की वेबसाइट: www.mib.nic.in पर उपलब्ध है। इन सभी प्रस्तावों को अनुमोदित करने की कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती क्योंकि सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना करने की अनुमति देने हेतु गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की बेतार आयोजना एवं समन्वयन स्कंध से अंतर-मंत्रालयीय अनापत्तियां प्राप्त करना आवश्यक होता है।

[हिन्दी]

क्लाउड एरोसोल इंटरक्शन एंड प्रेसिपिटेशन इनहैंसमेंट एक्सपेरिमेंट

1373. श्री अनुराग सिंह ठाकुर : क्या **पृथ्वी विज्ञान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में क्लाउड एरोसोल इंटरक्शन एंड प्रेसिपिटेशन इनहैंसमेंट एक्सपेरिमेंट (सीएआईपीईईएक्स) कार्यक्रम संचालित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है जहां यह कार्यक्रम आरंभ किया गया है और क्या इसका दूसरा चरण भी आरंभ हो गया है;

(ग) यदि हां, तो क्या हिमाचल प्रदेश अथवा अन्य पर्वतीय राज्यों को भी इसमें शामिल किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री एस. जयपाल रेड्डी) : (क) जी, हां।

(ख) 2009-2011 के दौरान दो अनुसंधान अभियानों में कैपीक्स कार्यक्रम को पूरा किया गया तथा तीसरा चरण चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान सूचीबद्ध है। प्रथम चरण को देश के विभिन्न भागों (पुणे, हैदराबाद, बंगलुरू, पठानकोट, बरेली और गुवाहाटी) में ऐरोसोल और बादल परस्पर क्रिया की जांच करने के लिए तथा कृत्रिम बादल अध्ययनों के लिए उपयुक्त स्थल के चयन के लिए डिजाइन किया गया था, जो कि कैपीक्स का दूसरा उद्देश्य था। चरण-दो को बाद में पूरा किया गया जिसमें दो वर्षों (2010-2011) के लिए हैदराबाद को बेस बनाया गया।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) विगत 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कैपीक्स उपलब्धियों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

कैपीक्स उपलब्धियां

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धियां
2009	उपकरण युक्त वायुयान का प्रयोग करते हुए देश के विभिन्न भागों में बादल-ऐरोसोल प्रेक्षण	भारत में भौगोलिक रूप से विभिन्न-स्थानों पर बादल बूंद आकार वितरण जैसी बादल सूक्ष्मभौतिकी विशेषताओं में परिवर्तन पर अध्ययन शुरू किए गए।
2010	कृत्रिम बादल वाले क्षेत्र/उत्तर भारत के उष्णदेशीय अभिसरण जोन क्षेत्र के ऊपर बादल ऐरोसाल प्रेक्षण तथा शोलापुर (रेडार स्थान से 200 किमी व्यास का क्षेत्र जो कृत्रिम बादल बनाने संबंधी प्रचालन का लक्षित क्षेत्र था।) से डीडब्ल्यूआर प्रचालन के साथ यादृच्छिक कृत्रिम बादल बनाने संबंधी प्रचालन	• मिश्रित बादल अंशों में होने वाली वर्षा बूंदों का निर्माण, विभिन्न ऐरोसोल संवेन्द्रणों की पृष्ठभूमि में सजीवता प्रभाावों पर अध्ययन शुरू किया गया। • महबूब नगर स्थित केन्द्रीय स्थान से पूर्ण एकीकृत भू प्रेक्षणात्मक अभियान (आईजीओसी) के लिए सीमा-परत पैरामीटरों, ऐरोसोल, बादल सकेन्द्रित केन्द्रक, ट्रैस गैसों और वायुमंडलीय तापीय गतिकीय को मापने के लिए संवर्धित सतह उपकरणों की तैनाती आईजीओसी स्थल पर की गई। टीआईएफआर बैलून सुविधा, हैदराबाद अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), त्रिवेन्द्रम और पुणे विश्वविद्यालय (यूओपी) ने आईजीओसी में भाग लिया ताकि सतह और सीमा-परत प्रक्रियाओं की भूमिका तथा बादल के साथ उनकी अनोन्यक्रिया को समझा जा सके। • बादल अपड्रॉफ्टों में अंतरालीय ऐरोसोल कणों के बादल सक्रिय के परिणामस्वरूप बूंद आकार वितरण और संबंधित बूंद आकार वृद्धि से संबंधित अध्ययन शुरू किया।
2011	कृत्रिम बादल वाले क्षेत्र/उत्तर भारत के उष्णदेशीय अभिसरण जोन क्षेत्र के ऊपर बादल ऐरोसाल प्रेक्षण तथा महबूब नगर (रेडार स्थान से 200 किमी व्यास का क्षेत्र जो कृत्रिम बादल बनाने संबंधी प्रचालन का लक्षित क्षेत्र था।) से डीडब्ल्यूआर प्रचालन के साथ यादृच्छिक कृत्रिम बादल बनाने संबंधी प्रचालन	महबूब नगर में स्थापित सी बैंड डीडब्ल्यूआर तथा आईएमडी-ईएसएसओ, हैदराबाद के एस-बैंड डीडब्ल्यूआर का उपयोग करते हुए कृत्रिम बादल बनाने वाले तथा अकृत्रिम बादल बनाने वाले दोनों में पर्यावरणों में बादल विकास प्रक्रियाओं के विकास का अध्ययन किया गया। आर्द्रताग्राही भभूका और नमक पाऊडर दोनों को कृत्रिम बादल बनाने वाले कारक के तौर पर प्रयोग करते हुए एक पूर्ण यादृच्छिक कृत्रिम बादल बनाने संबंधी प्रयोग किया गया। कुछ अनुकूल स्थितियों के तहत ऐरोसोल में वृद्धि के साथ गर्म वर्षा गहराई में वृद्धि से संबंधित प्रक्रियाओं का अध्ययन किया गया और इस संबंध में आगे अनुसंधान किए जा रहे हैं।
2012-13	वर्षा प्रक्रियाओं को समझने के लिए कैपीक्स के चरण-I और चरण-II के डेटा का विश्लेषण	प्रेक्षणों का उपयोग करते हुए मौसम और जलवायु मॉडलों में ऐरोसॉल, बादल बूंदें, प्रभावी व्यास, वर्षा बूंदों का निर्माण, हिम केन्द्र आदि के अप्रत्यक्ष प्रभावों के पैरामीटराइजेशन के जरिए बादल सूक्ष्म भौतिकी प्रक्रियाओं के विवेचन का काम शुरू किया गया है। अब तक इस अध्ययन के बारे में विभिन्न समीक्षागत राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व वाले जर्नलों में लगभग 20 अनुसंधान प्रकाशित हुए हैं।

[अनुवाद]

बुनियादी शौचालय सुविधा

1374. श्री नरहरि महतो : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डीजल इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट (डीएमयू) और मेनलाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिटों (एमईएमयू) में शौचालय सुविधा प्रदान करने हेतु वर्तमान में मार्गनिर्देशों का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में चल रही उन डीईएमयू और एमईएमयू ट्रेनों का ब्यौरा क्या है जिनमें यात्रियों के लिए बुनियादी शौचालय सुविधा उपलब्ध नहीं है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या रेलवे का इन रेलगाड़ियों में शौचालय सुविधा प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो इसे कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अधीर चौधरी) : (क) वर्तमान नीति निर्देशों के अनुसार, डीजल इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट (डेमू) और मेनलाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट (मेमू) गाड़ियों जिनका यात्रा समय 2 घंटे से अधिक हो, में शौचालय सुविधाएं प्रदान की जानी है। शौचालय सुविधाओं वाले नए डेमू और मेमू डिब्बों का उत्पादन 2009-10 से शुरू कर दिया गया है।

(ख) 2009-10 से पहले निर्मित किए गए डेमू और मेमू डिब्बों में शौचालय सुविधाएं नहीं हैं क्योंकि इन डिब्बों में शौचालयों की व्यवस्था के लिए ऐसी कोई नीति नहीं थी।

(ग) जी, नहीं। 2009-10 से पहले निर्मित हुए डेमू/मेमू डिब्बों में शौचालय लगाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है क्योंकि इसके लिए डिब्बे के ढांचे में काफी परिवर्तन करने पड़ेंगे।

[हिन्दी]

बिल्हौर विद्युत परियोजना

1375. श्री अशोक कुमार रावत : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) की बिल्हौर विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस परियोजना को कब तक चालू किए जाने की सम्भावना है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) बिल्हौर परियोजना के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट एनटीपीसी द्वारा अनुमोदित की गई है तथा इसके लिए ईंधन की व्यवस्था कर ली गई है। निर्माण कार्य सक्षम प्राधिकारी से परियोजना हेतु निवेश के लिए अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही शुरू किया जा सकता है, जिस सभी सांविधिक अनुमोदनों/मंजूरियों के मिलने और परियोजना के लिए भूमि और जल उपलब्ध होने के बाद ही किया जा सकता है।

[अनुवाद]

बीएचईएल को सीधे ऋण का अंतरण

1376. श्री राजय्या सिरिसिल्ला :
श्री एम. कृष्णास्वामी :

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विद्युत परियोजना विकासकर्ताओं से भारत हैवी इलेक्ट्रिक लिमिटेड (बीएचईएल) के बकाये की वसूली में इसकी सहायता के लिए उसे सीधे ऋण के अंतरण का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : (क) जी, नहीं। वर्तमान में भारी उद्योग विभाग में इस प्रकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) उपर्युक्त 'क' को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

तूतीकोरिन विमानपत्तन की धावन-पट्टी हेतु भूमि अर्जन

1377. श्री एस.आर. जेयदुरई : क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तूतीकोरिन विमानपत्तन की धावन-पट्टी के विस्तार के लिए भूमि अर्जन का कार्य पूरा नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस प्रयोजनार्थ कुल कितनी भूमि का अर्जन किया जाना था और अभी तक कितनी भूमि का अर्जन किया गया है; और

(घ) इस हेतु लक्षित पूर्ण भूमि का अर्जन नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लालचन्द कटारिया) : (क) जी, हां। तूतीकोरिन विमानपत्तन की धावन-पट्टी के विस्तार के लिए भूमि अर्जन का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है।

(ख) से (घ) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने तूतीकोरिन विमानपत्तन के उन्नयन के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार से सभी दृष्टि से भार मुक्त कुल 586 एकड़ अतिरिक्त भूमि निःशुल्क दिए जाने का अनुरोध किया है। तमिलनाडु सरकार के अनुसार, 296 एकड़ भूमि के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। 198 एकड़ भूमि के लिए आदेश शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा, 92 एकड़ भूमि के लिए प्रस्ताव जिला कलेक्टरों/आयुक्त, भूमि प्रशासन से प्रतीक्षित हैं।

कॉर्पोरेट क्षेत्र की धोखाधड़ी

1378. श्री पी. करुणाकरन : क्या **कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कॉर्पोरेट क्षेत्र की धोखाधड़ी बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कॉर्पोरेट क्षेत्र में सामने आई धोखाधड़ी का ब्यौरा क्या है और इनका प्रकार और स्तर क्या था; और

(ग) ऐसी धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (अब तक) के दौरान, मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 235 और 237 के तहत, मंत्रालय के गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) के माध्यम से कथित कॉर्पोरेट धोखाधड़ियों के 139 मामलों की जांच के आदेश दिए हैं। इन मामलों में शामिल आरोप ये हैं— प्रवर्तकों/निदेशकों द्वारा कंपनी की निधियां बेईमानी से निकालना/उनका अन्यत्र उपयोग करना, लेखाबहियों और अन्य अभिलेखों में छेड़छाड़ करना और कंपनियों द्वारा जनता से पैसा वसूलने के लिए पिरामिडल स्कीमें चलाना तथा सामूहिक निवेश योजनाओं का दुरुपयोग करना, आदि। वर्ष-वार ब्यौरा निम्नलिखित है:—

वर्ष	जिन कंपनियों के जांच आदेश दिए गए उनकी संख्या
1	2
2010-11	05
2011-12	12
2012-13	46
2013-14 (अब तक)	76*
योग	139

*(इसमें उन पांच समूहों की वे 58 कंपनियां भी शामिल हैं जिनके विरुद्ध पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में चिट फंड गतिविधियों के लिए जांच की जा रही है)।

तथापि, उपर्युक्त के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है कि कॉर्पोरेट धोखाधड़ियों में कोई वृद्धि हुई है।

(ग) सरकार ने कंपनियों में धोखाधड़ियों को रोकने और उनसे निपटने के लिए अनेक उपाय शुरू किए हैं। ये उपाय निम्नलिखित हैं:—

- हाल ही में अधिनियमित कंपनी अधिनियम, 2013 में मूल अपराध के रूप में "धोखाधड़ी" की परिभाषा;
- नए कंपनी अधिनियम के तहत कॉर्पोरेट संचालन के सख्त मानदंड और उसका सख्ती से कार्यान्वयन;
- एसएफआईओ को सांविधिक दर्जा प्रदान करना;
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) अधिनियम, प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियमन (एससीआरए) और निक्षेपण अधिनियम में संशोधन करके प्रतिभूति कानून (संशोधन) अध्यादेश के माध्यम से प्रतिभूति कानूनों का संशोधन, ताकि 'सेबी' पोंजी स्कीमों को चलाने वाली कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा कानूनों के उल्लंघन संबंधी मामलों को कारगर ढंग से निपटा सके; और
- डेटा माइनिंग और अपराध विज्ञान लेखा-परीक्षा तकनीक के जरिए संभाव्य धोखाधड़ियों का पता लगाने में मदद के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक प्रयोग।

पेयजल परियोजनाएं

1379. श्री सैयद शाहनवाज हुसैन :
श्री अर्जुन राम मेघवाल :

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत निधि के आवंटन/जारीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड अपनाए गए हैं और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जारी की गई और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या निधियों के अनुपयोग और अल्प-उपयोग के मामले केन्द्र सरकार के संज्ञान में आए हैं;

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में चूककर्ता राज्यों के लिए कोई दंडात्मक प्रावधान विद्यमान है; और

(ङ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसे राज्यों के विरुद्ध राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार क्या कार्रवाई की गई है?

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : (क) राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अन्तर्गत राज्यों को निधियों का आवंटन अनुमोदित मानदंडों के अनुसार किया जाता है। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अन्तर्गत राज्यों को निधियों का आवंटन के लिए ग्रामीण आबादी एक मानदंड रहता है। एनआरडीडब्ल्यूपी के दिशानिर्देशों के अंतर्गत राज्यों को निधि के आवंटन के लिए मानदंड इस प्रकार हैं: राज्य की कुल ग्रामीण आबादी को 40 प्रतिशत अधिमानता दी जाती है, राज्य की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित ग्रामीण आबादी को 10 प्रतिशत अधिमानता, राज्यों में मरुभूमि विकास कार्यक्रम, सूखा उन्नमूख क्षेत्र कार्यक्रम, पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम एवं विशिष्ट श्रेणी के पर्वतीय राज्यों के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों को 40 प्रतिशत अधिमानता दी जाती है तथा प्रबंधन अंतरण सूचकांक द्वारा दी गई अधिमानता वाली ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की योजनाओं का प्रबंधन करने वाली ग्रामीण आबादी के लिए 10 प्रतिशत अधिमानता है। पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान जारी की गई एवं उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर है।

(ख) और (ग) जी हां। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने यह पाया है कि राज्यों को अवमुक्त की गई निधियों का उपयोग कम किया जाता है। जो राज्य निधियों को खर्च नहीं कर पाए तथा अगले वर्ष आरंभिक शेष के रूप में निधि को आगे ले गए ऐसे राज्यों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर है। कुछ राज्य जो उन्हें दी गई राशि को खर्च नहीं कर पाए, उसके कारण प्रक्रियागत प्रावधानों में विलंब, बहु ग्राम्य योजनाओं को शुरू करना, जिन्हें पूरा करने के लिए 2-3 वर्ष अपेक्षित होते हैं, चुनावों/उप-चुनावों की घोषणा के कारण आदर्श आचार संहिता को लागू करना हो सकते हैं। एक वर्ष में इन योजनाओं के लिए आवंटित निधियां प्राय: अगले वित्तीय वर्ष में अंतरित हो जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के अंत में खर्च न किया गया अधिशेष रह जाता है।

एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत ये निधियां राज्यों को 2 किस्तों में जारी की जाती हैं। दूसरी किस्त राज्यों को तब जारी की जाती है जब वे लेखा परीक्षित लेखा विवरण (एएसए) एवं उपयोग प्रमाण पत्र (यूसी) प्रस्तुत करते हैं जिससे यह पता चले कि उपलब्ध निधियों का कम से कम 60 प्रतिशत उपयोग हुआ है। अधिकांश राज्य ये प्रमाण पत्र नवम्बर/दिसम्बर तक ही प्रस्तुत करते हैं, अत: दूसरी किस्त जो कुल आवंटन की लगभग 50 प्रतिशत होती है, दिसम्बर/जनवरी के महीने तक ही जारी की जाती है। यही कारण है कि राज्यों के पास खर्च न की गई अधिशेष राशि इतनी बड़ी मात्रा में रह जाती है।

वर्ष की समाप्ति पर खर्च न की गई अधिशेष राशि कम से कम रहे, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों से कहा जाता है कि वे अगले वित्त वर्ष के लिए फरवरी/मार्च में अपनी वार्षिक कार्रवाई योजना तैयार करें तथा वर्ष के दौरान कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए उनकी क्षमता के अनुरूप अपने वास्तविक एवं वित्तीय लक्ष्यों को निर्धारित करें और इन गतिविधियों पर खर्च की जाने वाली राशि तथा पर्वतीय गतिविधियों के लिए वित्तीय योजना तैयार करें। मंत्रालय भी राज्यों के सचिवों के साथ समीक्षा बैठकें करके, तथा सचिव, (डीडब्ल्यूएस)/संयुक्त सचिव (डीडब्ल्यूएस) के स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिग करके एवं राज्य की विशिष्ट गतिविधियों की समीक्षा करके राज्यों को निधियों की उपलब्धता के बारे में निरंतर रूप से विचार विमर्श करता रहता है। राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे उपलब्ध निधियों की दुगुनी से तिगुनी राशि तक की अनुमानित लागत सहित परियोजनाएं तैयार करें तथा उन्हें अनुमोदित करें ताकि स्कीमों की अपर्याप्त संख्या के कारण उपयोग में न लाई गई बकाया निधियों का कोई प्रश्न न उठे।

(घ) और (ङ) एनआरडीडब्ल्यूपी के अन्तर्गत राज्यों पर दंड लगाया जाता है जिनका खर्च न की गई बकाया राशि का आरंभिक शेष अधिक हो तथा उनकी पहली किस्त में से अधिक आरंभिक शेष की कटौती कर ली जाती है। इस कार्यक्रम की निधि के अन्तर्गत आवंटन की 50 प्रतिशत राशि की पहली किस्त, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से कोई प्रस्ताव प्राप्त न होने पर राज्य के पास उपलब्ध अधिक आरंभिक शेष उपलब्ध होने पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को पहली किस्त जारी की जाती है, यदि संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ने पिछले वर्ष दूसरी किस्त प्राप्त न की हो। वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 13 मई, 2012 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, राज्यों को वित्तीय अंतरण में अनुशासन बरतने की अपेक्षाओं के अनुरूप पहली किस्त जारी करते समय राज्यों को पिछले वर्ष की 10 प्रतिशत अधिक आरंभिक शेष राशि, प्रथम किस्त के रूप में सम्मिलित मानी जाएगी। पहली किस्त की बकाया राशि, उपलब्ध निधि की 60 प्रतिशत राशि के उपयोग होने पर जारी की जा सकती है।

विवरण-I

पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत आरंभिक अधिशेष, आवंटन रिलीज एवं व्यय

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य	2010-11				2011-12			
		आरंभिक शेष	आवंटन	जारी	व्यय	आरंभिक शेष	आवंटन	जारी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	149.79	491.02	558.74	423.38	285.20	546.32	462.47	446.37
2.	बिहार	578.10	341.46	170.73	425.91	322.92	374.98	330.02	367.30
3.	छत्तीसगढ़	56.36	130.27	122.01	97.77	82.13	143.57	139.06	141.12
4.	गोवा	3.08	5.34	0.00	1.16	1.92	5.20	5.01	1.16
5.	गुजरात	70.10	542.67	609.10	527.29	180.09	478.89	571.05	467.70
6.	हरियाणा	75.62	233.69	276.90	201.57	150.95	210.51	237.74	344.71
7.	हिमाचल प्रदेश	31.60	133.71	194.37	165.59	60.38	131.47	146.03	145.97
8.	जम्मू और कश्मीर	258.66	449.22	468.91	506.52	233.69	436.21	420.42	507.07
9.	झारखंड	89.82	165.93	129.95	128.19	91.63	162.52	148.17	169.84
10.	कर्नाटक	191.39	644.92	703.80	573.93	328.21	687.11	667.78	782.85
11.	केरल	4.15	144.28	159.83	137.97	27.84	144.43	113.39	126.98
12.	मध्य प्रदेश	58.95	399.04	388.33	324.94	122.34	371.97	292.78	379.30
13.	महाराष्ट्र	232.44	733.27	718.42	713.79	237.06	728.35	718.35	642.20
14.	ओडिशा	61.62	204.88	294.76	211.11	148.71	206.55	171.05	239.60
15.	पंजाब	4.02	82.21	106.59	108.93	1.68	88.02	123.44	122.32
16.	राजस्थान	348.43	1165.44	1099.48	852.82	595.09	1083.57	1153.76	1429.18
17.	तमिलनाडु	5.93	316.91	393.53	303.41	96.05	330.04	429.55	287.60
18.	उत्तर प्रदेश	189.78	899.12	848.68	933.28	105.18	843.30	802.32	754.20
19.	उत्तराखंड	103.92	139.39	136.41	55.44	184.89	136.54	75.57	118.65
20.	पश्चिम बंगाल	375.75	418.03	499.19	363.31	444.85	343.60	342.51	521.41
21.	अरुणाचल प्रदेश	12.02	123.35	199.99	176.46	36.79	120.56	184.83	214.31
22.	असम	59.32	449.64	487.48	480.55	69.94	435.58	522.44	468.61

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
23.	मणिपुर	25.22	54.61	52.77	69.27	8.72	53.39	47.60	47.03
24.	मेघालय	11.56	63.48	84.88	70.47	26.11	61.67	95.89	85.44
25.	मिजोरम	21.38	46.00	61.58	58.02	24.94	39.67	38.83	54.03
26.	नागालैंड	5.10	79.51	77.52	80.63	1.99	81.68	80.91	81.82
27.	सिक्किम	0.59	26.24	23.20	19.27	4.78	28.10	69.19	24.49
28.	त्रिपुरा	19.18	57.17	74.66	67.20	27.53	56.20	83.86	108.39
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.00	1.01	0.00		0.00	0.00	0.00	
30.	चंडीगढ़	0.00	0.40	0.00		0.00	0.00	0.00	
31.	दादरा और नगर हवेली	0.00	1.09	0.00		0.00	0.00	0.00	
32.	दमन और दीव	0.00	0.61	0.00		0.00	0.00	0.00	
33.	दिल्ली	0.00	4.31	0.00		0.00	0.00	0.00	
34.	लक्षद्वीप	0.00	0.24	0.00		0.00	0.00	0.00	
35.	पुदुचेरी	0.00	1.54	0.00		0.00	0.00	0.00	
	योग	3043.88	8550.00	8941.81	8078.18	3901.61	8330.00	8474.02	9079.65

—जारी

पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत आरंभिक अधिशेष, आवंटन रिलीज एवं व्यय

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य	2012-13				2013-14*			
		आरंभिक शेष	आवंटन	जारी	व्यय	आरंभिक शेष	आवंटन	जारी	व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आंध्र प्रदेश	301.3	563.39	485.14	672.82	113.62	551.19	262.46	300.43
2.	बिहार	285.65	484.24	224.3	293.09	217.82	440.01	113.24	115.91
3.	छत्तीसगढ़	80.82	168.89	148.64	162.85	67.61	141.75	65.4	76.27
4.	गोवा	5.91	6.07	0.03	0	5.95	5.94	0	0
5.	गुजरात	327.59	578.29	717.47	797.93	247.13	526.96	267.57	207.8

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
6.	हरियाणा	43.98	250.24	313.41	275.54	85.59	241.80	119.56	152.13
7.	हिमाचल प्रदेश	61.94	153.59	129.9	124.06	67.78	148.69	0	23.16
8.	जम्मू और कश्मीर	147.04	510.76	474.5	488.09	141.95	499.44	234.63	184.86
9.	झारखंड	74.31	191.86	243.43	204.87	122.36	185.23	95.83	109.04
10.	कर्नाटक	213.14	922.67	869.24	874.78	256.64	668.60	327.83	250.9
11.	केरल	16.08	193.59	249.04	193.62	93.31	165.13	77.54	98.65
12.	मध्य प्रदेश	35.82	447.33	539.56	426.56	148.82	428.70	215.66	216.57
13.	महाराष्ट्र	320.1	897.96	846.48	614.32	552.26	766.32	26.8	169.45
14.	ओडिशा	84.34	243.91	210.58	249.39	67.61	233.25	106.69	89.56
15.	पंजाब	3	101.9	144.27	121.22	26.04	88.29	83.23	38.96
16.	राजस्थान	319.68	1352.54	1411.36	1314.18	416.86	1317.56	1237.92	674.22
17.	तमिलनाडु	240.27	394.82	570.17	625	185.44	287.80	181.12	257.55
18.	उत्तर प्रदेश	159.9	1060.87	980.06	600.77	539.18	860.55	410.42	434.44
19.	उत्तराखंड	141.74	159.74	74.28	139.62	76.41	154.82	86.49	8.65
20.	पश्चिम बंगाल	265.96	523.53	502.36	574.54	298.68	453.29	230.05	348.07
21.	अरुणाचल प्रदेश	9.21	145.32	223.22	220.98	11.46	142.18	91.83	49.36
22.	असम	127.51	525.71	659.21	594.02	199.82	506.21	243.28	368.79
23.	मणिपुर	9.29	69.99	66.21	59.11	16.38	63.12	16.27	4.54
24.	मेघालय	36.83	73.96	97.61	101.44	34.12	72.67	37.44	36.52
25.	मिजोरम	9.74	48.35	47.92	32.87	25.8	41.27	14.85	2.64
26.	नागालैंड	1.1	110.25	110.2	108.56	3.69	59.86	35.84	27.21
27.	सिक्किम	49.71	36.69	32.36	38.89	44.95	17.86	17.85	40.5
28.	त्रिपुरा	4.03	70.66	100.59	99.36	6.27	63.68	63.29	32.39
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	1.15	0.78	0	0.78	1.12	0.03	0
30.	चंडीगढ़	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
32.	दमन और दीव	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
33.	दिल्ली	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0
35.	पुदुचेरी	0	1.75	0.88	0	0.88	1.71	0.06	0
	योग	3375.99	10290.02	10473.2	10008.48	4075.21	9135.00	4660.18	4318.57

*30.11.2013 की स्थिति के अनुसार।

विवरण-II

वित्त वर्ष के प्रारंभ में एनआरडीडब्लूपी के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास पिछले 3 वर्षों का आरंभिक शेष

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2011-12 आरंभिक शेष 01.04.2011 की स्थिति के अनुसार	2012-13 आरंभिक शेष 01.04.2011 की स्थिति के अनुसार	2013-14 आरंभिक शेष 01.04.2011 की स्थिति के अनुसार
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	285.20	301.30	113.62
2.	बिहार	322.92	285.65	217.82
3.	छत्तीसगढ़	82.13	80.82	67.61
4.	गोवा	1.92	5.91	5.95
5.	गुजरात	180.09	327.59	247.13
6.	हरियाणा	150.95	43.98	85.59
7.	हिमाचल प्रदेश	60.38	61.94	67.78
8.	जम्मू और कश्मीर	233.69	147.04	141.95
9.	झारखंड	91.63	74.31	122.36
10.	कर्नाटक	328.21	213.14	256.64
11.	केरल	27.84	16.08	93.31
12.	मध्य प्रदेश	122.34	35.82	148.82
13.	महाराष्ट्र	237.06	320.10	552.26
14.	ओडिशा	148.71	84.34	67.61

1	2	3	4	5
14.	पंजाब	1.68	3.00	26.04
16.	राजस्थान	595.09	319.68	416.86
17.	तमिलनाडु	96.05	240.27	185.44
18.	उत्तर प्रदेश	105.18	159.90	539.18
19.	उत्तराखंड	184.89	141.74	76.41
20.	पश्चिम बंगाल	444.85	265.96	298.68
21.	अरुणाचल प्रदेश	37.27	9.21	11.46
22.	असम	69.94	127.51	199.82
23.	मणिपुर	8.72	9.29	16.38
24.	मेघालय	26.11	36.83	34.12
25.	मिजोरम	24.94	9.74	25.80
26.	नागालैंड	1.99	1.10	3.69
27.	सिक्किम	4.78	49.71	44.95
28.	त्रिपुरा	27.53	4.03	6.27
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.00	0.00	0.78
30.	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00
31.	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00
32.	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00
33.	दिल्ली	0.00	0.00	0.00
34.	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00
35.	पुदुचेरी	0.00	0.00	0.88
	योग	3902.09	3375.99	4075.21

[अनुवाद]

जैनियों को अल्पसंख्यक दर्जा

1380. श्री के.पी. धनपालन : क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश में जैन धर्म को अल्पसंख्यक दर्जे में रखने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) देश में जैन समुदाय को अल्पसंख्यक दर्जा कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री के रहमान खान) : (क) और (ख) यह विचाराधीन है।

(ग) जी, हां, सरकार को कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(घ) और (ङ) उन पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदया : सभा मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

पूर्वाह्न 11.02 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

मध्याह्न 12.00 बजे

लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई।

[**अध्यक्ष महोदया** *पीठासीन हुईं*]

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.0¼ बजे

इस समय, श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी, श्री अर्जुन राय, डॉ. बलीराम, श्री पी. लिंगम, श्री ओ.एस मणियन, श्री ए.के.एस. विजयन, श्री शैलेन्द्र कुमार और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट खड़े हो गए।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.0½ बजे

सभा पटल पर रखे गए पत्र

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया : अब सभा पटल पर पत्र रखे जाएं।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जेसुदासु सीलम) : महोदया, अपने सहयोगी श्री एस. जयपाल रेड्डी की ओर से मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:–

(1) (एक) इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशॅन इन्फार्मेशन सर्विसेज, हैदराबाद के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशॅन इन्फार्मेशन, हैदराबाद के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9885/15/13]

(2) (एक) इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटेरोलॉजी, पुणे के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटेरोलॉजी, पुणे के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9886/15/13]

(3) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशॅन टेक्नोलॉजी, चेन्नई के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशॅन टेक्नोलॉजी, चेन्नई के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9887/15/13]

(4) (एक) नेशनल सेंटर फॉर अंटार्कटिक एंड औशॅन रिसर्च, गोवा के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल सेंटर फॉर अंटार्कटिक एंड औशॅन रिसर्च, गोवा के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9888/15/13]

(5) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9889/15/13]

(6) (एक) ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट, गुड़गांव के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट, गुड़गांव के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9890/15/13]

(7) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9891/15/13]

(8) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जिनोमिक्स, कल्याणी के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जिनोमिक्स, कल्याणी के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9892/15/13]

(9) (एक) राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9893/15/13]

(10) (एक) नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट, मोहाली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट, मोहाली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट, मोहाली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9894/15/13]

(11) (एक) इंस्टिट्यूट ऑफ लाइफसाइंसेज, भुवनेश्वर के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) इंस्टिट्यूट ऑफ लाइफसाइंसेज, भुवनेश्वर के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) इंस्टिट्यूट ऑफ लाइफसाइंसेज, भुवनेश्वर के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9895/15/13]

[श्री जेसुदासु सीलम]

(12) (एक) इंस्टिट्यूट ऑफ स्टेम सेल बायोलॉजी एंड रिजनेटिव मेडिसिन, बंगलौर के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) इंस्टिट्यूट ऑफ स्टेम सेल बायोलॉजी एंड रिजनेटिव मेडिसिन, बंगलौर के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9896/15/13]

(13) (एक) इंस्टिट्यूट ऑफ बायोरिसोर्सेस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, इम्फाल के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षा लेखे।

(दो) इंस्टिट्यूट ऑफ बायोरिसोर्सेस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, इम्फाल के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9897/15/13]

(14) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, हैदराबाद के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षा लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, हैदराबाद के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9898/15/13]

(15) (एक) रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, गुड़गांव के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षा लेखे।

(दो) रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, गुड़गांव के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9899/15/13]

(16) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):—

(क) (एक) इंडियन वैक्सीन्स कारपोरेशन लिमिटेड, गुड़गांव के के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) इंडियन वैक्सीन्स कारपोरेशन लिमिटेड, गुड़गांव के का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षा लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9900/15/13]

(ख) (एक) भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, बुलंदशहर के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, बुलंदशहर का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरिक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिए* संख्या एल.टी. 9901/15/13]

(17) (एक) काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च, नई दिल्ली के वर्ष 2011-2012 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च, नई दिल्ली के वर्ष 2011-2012 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च, नई दिल्ली के वर्ष 2011-2012 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(18) उपर्युक्त (17) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने

में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9902/15/13]

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पुणे के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षा लेखे।

(2) ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पुणे के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9903/15/13]

जल संसाधन मंत्री (श्री हरीश रावत) : महोदया, मैं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) (एक) वैपकॉस लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) वैपकॉस लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9804/15/13]

(2) (एक) नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखो तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9905/15/13]

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया) : महोदया, मैं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं—

(1) (एक) एनएचडीसी लिमिटेड, दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एनएचडीसी लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9906/15/13]

(2) (एक) एनएचडीसी लिमिटेड, फरीदाबाद के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एनएचडीसी लिमिटेड, फरीदाबाद का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक- महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9907/15/13]

(3) (एक) एसजेवीएन लिमिटेड, शिमला के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एसजेवीएन लिमिटेड, शिमला का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9908/15/13]

(4) (एक) रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2012-2013 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9909/15/13]

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरत सिंह सोलंकी) : महोदया, मैं वर्ष 2013-2014 के लिए पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के परिणामी बजट* के शुद्धि पत्र की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9910/15/13]

---

*परिणामी बजट 21.03.2013 को सभा पटल पर रखा गया था।

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री भरतसिंह सोलंकी) : महोदया, अपने सहयोगी, श्री सचिन पायलट की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) (एक) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

[ग्रंथालय में रखे गये। *देखिए* संख्या एल.टी. 9911/15/13]

(2) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 64 की उप-धारा (3) के अंतर्गत भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सामान्य संशोधन विनियम, 2013 जो 1 नवंबर, 2013 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एल-3(2)/रेजिन.-जेन (अमेंड)/2013/ सीसीआई में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिए* संख्या एल.टी. 9908/15/13]

(3) चार्टड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 30ख के अंतर्गत भारतीय चार्टड अकाउंटेंट संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखे जो 30 सितंबर, 2013 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1-सीए(5)/64/2013 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया। *देखिए* संख्या एल.टी. 9913/15/13]

(4) कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 40 के अंतर्गत भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखे, जो 30 सितंबर, 2013 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 104/33/एकाउंट्स में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिए* संख्या एल.टी. 9914/15/13]

(5) लागत और संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 की धारा 40 के अंतर्गत भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखे, जो 26 सितंबर, 2013 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी/18-सीडब्ल्यूए/ 9/2013 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिए* संख्या एल.टी. 9915/15/13]

(6) कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 40 के अंतर्गत अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 564(अ) जो 21 अगस्त, 2013 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा 13 जुलाई, 2007 की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 490(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिए* संख्या एल.टी. 9916/15/13]

(7) लागत और संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 की धारा 40 के अंतर्गत जारी अधिसूचना संख्या बीवाई-ईएल 2013/28 जो 17 जुलाई, 2013 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो लागत और संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 यथासंशोधित लागत और संकर्म लेखाकार (परिषद के लिए निर्वाचन) नियम, 2006 के अनुसरण में दक्षिण भारतीय प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में मृत्यु के कारण उत्पन्न एक रिक्त स्थान के प्रति परिषद 2013 के लिए हुए नए निर्वाचन (उप-चुनाव) के बारे में है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिए* संख्या एल.टी. 9917/15/13]

